सत्यमेव जयते

विदेश मंत्रालय

वार्षिक रिपोर्ट । 2018-19

विदेश मंत्रालय

वार्षिक रिपोर्ट । 2018-19



प्रकाशितः
नीति नियोजन एवं अनुसंधान प्रभाग, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली

यह वार्षिक रिपोर्ट वेबसाइट www.mea.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

Designed and Produced by
creativEdge
ce@aravalifoundation.in
www.creativedge.in

विषय सूची

प्रस्तावना और सार-संक्षेप	6
1. भारत के पड़ोसी	36
2. दक्षिण-पूर्व एशिया और एशिया-प्रशांत	70
3. पूर्वी एशिया	102
4. यूरेशिया	108
5. खाड़ी और पश्चिम एशिया	122
6. अफ्रीका	136
7. यूरोप और यूरोपीय संघ	160
8. अमेरिका	196
9. संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय संगठन और कानूनी और संधियाँ प्रभाग	224
10. निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मामले	246
11. बहुपक्षीय आर्थिक संबंध	254
12. सार्क और बिम्सटेक	262
13. विकास सहयोग	268
14. आर्थिक कूटनीति	280
15. राष्ट्र	290
16. आतंकवाद का मुकाबला	296
17. वैश्विक साइबर मुद्दे	298
18. बाउंड्री सेल	299
19. नीति नियोजन और अनुसंधान	300
20. प्रोटोकॉल	304
21. कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीजा सेवाएं	318
22. प्रवासी भारतीय मामले	332
23. प्रशासन और स्थापना	346
24. सूचना का अधिकार और मुख्य लोक सूचना कार्यालय	350
25. ई-शासन और सूचना प्रौद्योगिकी	352
26. संसद और समन्वय प्रभाग	356
27. बाहरी प्रचार और लोक राजनय प्रभाग	360
28. विदेशी सेवा संस्थान	366

29.	नालंदा प्रभाग	372
30.	राजभाषा नीति का कार्यान्वयन और विदेशों में हिंदी का प्रचार	374
31.	भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद	376
32.	भारतीय विश्व मामलों की परिषद	380
33.	विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली	390
34.	पुस्तकालय और अभिलेखागार	404
35.	वित्त और बजट	408
36.	परिशिष्ट	417

प्रस्तावना और सार-संक्षेप

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विदेश मंत्रालय ने भारत की सुरक्षा में वृद्धि करने, अपनी प्रादेशिक एकता को बनाए रखने और भारत के आर्थिक रूपांतरण को सुकर बनाने संबंधी अपने व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी क्रियाकलापों को निष्पादित करना जारी रखा। ऐसा द्विपक्षीय, प्रादेशिक और बहुपक्षीय भागीदारियों को मज़बूत बनाकर तथा प्रमुख वैश्विक मंचों में प्रभाव निर्माण करने के प्रयासों को जारी रखते हुए अति-सक्रिय तरीके से किया गया। प्रवासी भारतीयों के साथ गहन संपर्क स्थापित करने के हमारे प्रयासों की गति भी बनी रही जिसके लिए विशिष्ट उत्साह और अभिनव तंत्रों का प्रयोग किया गया।

द्विपक्षीय रूप से, रूस और चीन के साथ प्रधानमंत्री के अनौपचारिक शिखर-सम्मेलनों, यूएस के साथ 2+2 वार्ताएं, अफ्रीका, मध्य एशियाई गणराज्यों, लातिन अमेरिका, कैरिबियाई देशों के उच्च स्तरीय दौरे, और प्रथम भारत-नोरडिक शिखर सम्मेलन भी भारत के राजनयिक संबंधों के विस्तार में नए चरण के द्योतक हैं। सामुद्रिक मामलों पर भारत के विस्तारित होते क्षितिज को छह-सूत्रीय भारत-प्रशांत नीति के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिबिंबित किया गया जिसने हमारी सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की अवधारणा को पुन:प्रबलित किया। भारत ने 2 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर संधि की प्रथम महासभा के आयोजन के साथ जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि के मुद्दों के संबंध में अग्रणी भूमिका निभाई। इसके साथ ही महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दो-वर्षीय समारोहों की श्रृंखला का भी शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और वैश्वीकरण पर विचार-विमर्श के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में भारत का अभ्युदय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के आयोजन के माध्यम से प्रदर्शित हुआ जिसमें भू-राजनीति, भू-अर्थव्यवस्था और भू-प्रौद्योगिकी जैसे तीनों स्तम्भों को शामिल किया गया था।

भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान किया जाना जारी रखा गया और स्थायित्व तथा समृद्धि के लिए पारस्परिक दृष्टि से लाभप्रद, लोक-केन्द्रित, क्षेत्रीय ढांचे का सृजन करने पर मुख्यत: ध्यान-केन्द्रित किया गया। द्विपक्षीय संबंधों की गति को कायम रखा गया तथा अवसंरचना और संपर्क परियोजनाओं के कार्य निष्पादन में प्रगति हासिल करने पर ध्यान-केंद्रित किया गया। पड़ोसी क्षेत्र में हमारे भागीदारों के साथ रेल, सड़क, पत्तनों, अंतर्देशीय जलमार्गों, पोत परिवहन तथा ऊर्जा और ईंधन पारेषण संबंधी

परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके साथ-साथ, लोगों-के-लोगों आपसी संबंधों को व्यापक बनाने के लिए अभिनव पहल भी जारी रखे गए।

नेपाल में, प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान मई में अरुण III जल-विद्युत परियोजना तथा नेपाल-भारत रामायण परिपथ का शुभारंभ किया गया था। भारत और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि यह द्विपक्षीय संबंधों का 'स्वर्णिम अध्याय' है जिसके अंतर्गत परिवहन और ऊर्जा के क्षेत्र में संपर्क परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। भारत ने बांग्लादेश को तीन लाइन ऑफ क्रेडिट प्रदान किए हैं जिनकी कुल राशि 8 बिलियन यूएस डॉलर है। म्यांमार में उत्तरी रखाईन राज्य से विस्थापित लोगो को राहत प्रदान करने के बांग्लादेश के प्रयासों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए भारत ने ऑपरेशन इंसानियत प्रारंभ किया तथा तीन किश्तों में पर्याप्त मात्रा में मानवीय सहायता प्रदान की।

भारत रखाईन राज्य विकास कार्यक्रम के माध्यम से विस्थापित लोगों की वापसी के लिए अनुकूल माहौल का सृजन करने में म्यांमार की सहायता भी कर रहा है। दोनों देशों ने भूमि सीमा क्रासिंग करार पर हस्ताक्षर किए है जिसके अनुसार वीजा-धारक यात्रियों की सामान्य आवाजाही के लिए निर्दिष्ट सीमा स्थलों को खोला गया है जिसमें तीसरे देशों से आने वाले यात्री भी शामिल हैं। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को गहन बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

मालदीव और भूटान के नव-निर्वाचित नेताओ ने भारत का चयन अपने प्रथम विदेशी दौरे के लिए किया। श्रीलंका के साथ भारत के संबंध सकारात्मक बने हुए हैं तथा वर्ष के दौरान इनमें और भी मजबूती आई है और यह उच्चतम राजनीतिक स्तर पर स्थापित घनिष्ठ संपर्कों, बढ़ते हुए व्यापार और निवेश तथा लोक-केन्द्रित विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन से स्पष्ट है।

वर्ष के दौरान भारत-अफगानिस्तान संबंधों में अनेक महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिले जिसमें भारत की ओर से अफगानिस्तान को गेहूं और दालों का वितरण, दोनों देशों के बीच हवाई माल-परिवहन गलियारे का विस्तार तथा वर्ष 2017 में घोषित नई विकास भागीदारी के अंतर्गत अफगानिस्तान में अनेक भारत-समर्थित सामाजिक-आर्थिक विकास परियोजनाओं के लिए कार्य प्रारंभ किया जाना शामिल है।

अपने क्रियाकलापों के केन्द्र में रणनीतिक स्वायत्तता के समावेश के साथ भारत ने विश्व की सभी प्रमुख शक्तियों के साथ अपने संबंधों में वृद्धि करना जारी रखा और राष्ट्रीय हित में स्वतंत्र निर्णय लिए गए। वूहान में चीन तथा सोची में रूस के साथ 'अनौपचारिक शिखर-सम्मेलन' तंत्र महत्वपूर्ण उपलब्धि थे। भारत और यूएस के विदेश और रक्षा मंत्रियों के मध्य अपनी प्रथम 2+2 वार्ता आयोजित की गई जिससे वैश्विक रणनीतिक भागीदारी मजबूत हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ 13वें भारत-जापान वार्षिक शिखर-सम्मेलन के लिए अक्टूबर, 2018 में की गई टोक्यो की यात्रा ने पिछले लगभग पांच वर्षों में भारत और जापान के विशेष रणनीतिक तथा वैश्विक भागीदारी में अभूतपूर्व रूपांतरण को और बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जिसमें सहयोग के अनेक क्षेत्रों को शामिल किया गया था और इससे दोनों देशों के साझे मूल्य और हित भी प्रदर्शित हुए। कुल मिलाकर, इन वार्ताओं ने घरेलू, प्रादेशिक और वैश्विक मुद्दों पर अग्रदर्शी रणनीतिक वार्ताएं प्रारंभ करने के लिए संबंधित नेताओं के मध्य विचारों के प्रत्यक्ष और निष्पक्ष आदान-प्रदान को सुकर बनाया।

एक्ट ईस्ट नीति ने भारत-प्रशांत क्षेत्र पर दिए गए नवीकृत वैश्विक बल से एक नई ऊर्जा प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शांग्री-ला वार्ता में आधार-व्याख्यान दिया, जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा दिया जाने वाला ऐसा प्रथम व्याख्यान है, जिसके दौरान उन्होंने भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की नीति का वर्णन किया। भारत-प्रशांत के बारे में भारत का दृष्टिकोण 'क्षेत्र में सभी के लिए समावेशी सुरक्षा और विकास (सागर)' संबंधी हमारी हिंद महासागर नीति को एक अंतर्वेशी भारत-प्रशांत ढांचे में एकीकृत करता है।

भारत-प्रशांत क्षेत्र के साथ भारत का अनवरत संबंध निरंतर उच्च स्तरीय दौरों; रक्षा और संरक्षा सहयोग, जिसमें आतंकवाद का विरोध और अन्य सीमापार अपराध शामिल हैं; व्यापक आर्थिक संबंधों; शिक्षा और कौशल विकास पर नियमित वार्ताओं; छात्रवृत्तियों तथा आईटीईसी कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण सांस्कृतिक सहयोग तथा भारतीय सांस्कृतिक केन्द्रों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का संवर्धन तथा प्रवासी भारतीयों के साथ निरंतर प्रगाढ़ होते संबंध से अत्यंत स्पष्ट प्रदर्शित होता है। भारत और आसियान ने सामुद्रिक सहयोग तथा भौतिक, डिजिटल और सांस्कृतिक संपर्क को बल प्रदान करने के लिए सहयोग में वृद्धि की है। आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा मुद्दों पर भी पारस्परिक सहयोग और भी गहन होता जा रहा है।

भारत की 'थिंक वेस्ट' नीति को आगे बढ़ाने तथा ऊर्जा और सुरक्षा हितों में समन्वय स्थापित करने के लिए विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने वर्ष के दौरान द्विपक्षीय करारों के लिए बहरीन, कुवैत, कतर और यूएई की यात्रा की। दिसम्बर में, इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कंपनी ने ईरान के चाबहार पत्तन में प्रचालन का उत्तरदायित्व ग्रहण किया जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया को समुद्री-भूमि संपर्क साधन प्रदान करेगा। यूएस से छूट प्राप्त कर ली गई है जिसने ईरानी तेल के आयातों को जारी रखने में सहायता प्रदान की तथा भुगतानों और सामुद्रिक बीमा के लिए पृथक तंत्र तैयार किए गए।

जुलाई में युगांडा की संसद में दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक संबोधन में रेखांकित किए गए 10 सिद्धांतों के साथ ही अफ्रीका के साथ हमारे संबंधों को एक नई गति मिली। जुलाई 2018 में, 'सहयोग न कि विरोध' की हिमायत करते हुए, भारत ने द्विपक्षीय सहयोग का प्रस्ताव किया जिसमें लाइन ऑफ केडिट्स, प्रौद्योगिकी के अंतरण के माध्यम से अफ्रीका के विकास के लिए वित्त-पोषण पर बल प्रदान किया जाएगा तथा विकास में तेजी लाने तथा अफ्रीका के मानव संसाधन के प्रशिक्षण का विस्तार करने के लिए डिजिटल परिक्षेत्र को भी शामिल किया जाएगा। भारत ने इस क्षेत्र में ज़िबूती, सोमालिया और अन्य देशों के साथ अपने सहयोग में वृद्धि की है ताकि समुद्री-डकैती को रोकने तथा सामुद्रिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के मामले में उनके हितों की रक्षा की जा सके। भारत एमओएनयूएससीओ (कांगो डोमेस्टिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र स्थायित्व मिशन) के लिए सैन्य टुकड़ियों के साथ-साथ सैन्य प्रेक्षकों और पुलिस कार्मिकों को भी भेजता रहा है।

कुल मिलाकर, भारत की राजनयिक पहुंच में तेजी और मजबूती समूचे वर्ष के दौरान बनी रही। राज्य और सरकार प्रमुखों के स्तर पर यह वर्ष, अन्य के साथ-साथ, रूस, मालदीव, शेशेल्स, कोरिया गणराज्य, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों, भूटान, नेपाल, नीदरलैंड्स, श्रीलंका, इटली, बांग्लादेश और नार्वे के प्रधानमंत्रियों की यात्राओं का साक्षी रहा है। इसी प्रकार, विदेशी दौरों में राष्ट्रपति की वियतनाम, आस्ट्रेलिया, ताजिकिस्तान, म्यांमार, इक्वेटोरियल गुयाना, स्वाजीलैंड, जाम्बिया, ग्रीस, सूरीनाम, क्यूबा, साइप्रस, बुल्गारिया

और चेक गणराज्य की यात्राएं शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, मलावी, फ्रांस, बेल्जियम, ग्वाटेमाला, पनामा, पेरू, सर्बिया, माल्टा, रोमानिया और यूएसए की यात्रा की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दौरों के माध्यम से चीन, स्वीडन, यूके, जर्मनी, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, नेपाल, रूस, रवांडा, युगांडा, दक्षिण अफ्रीका, जापान, अर्जेंटीना और मालदीव के साथ अपने संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान की। यह व्यापक राजनयिक पहुंच तेजी से बदलती हुई विश्व व्यवस्था में सक्रिय संबंध स्थापित करने की सरकार की नीति को प्रदर्शित करती है ताकि राष्ट्रीय हित का संवर्धन किया जा सके।

26/11 के हमलों की दसवीं बरसी के अवसर पर समूचा विश्व एकजुट होकर भारत के साथ खड़ा रहा। भारत ने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के संकट से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया तथा आतंकवाद के समस्त स्वरूपों और अभिव्यक्तियों में उसकी कड़ी भर्त्सना की। भारत ने आतंकवाद का सामना करने संबंधी संयुक्त कार्य दल के माध्यम से ठोस विचार-विमर्श आयोजित किया। वर्ष 2018 के दौरान, भारत ने आस्ट्रेलिया, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, इंडोनेशिया, रूस, ट्यूनीशिया, यूके, यूएस, उज्बेकिस्तान के साथ तथा ईयू, ब्रिक्स और बिम्स्टेक के साथ आतंकवाद-रोधी वार्ताएं आयोजित की।

बहुपक्षीय स्तर पर, भारत ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर वैश्विक एजेंडा निर्धारित करने के लिए अपना योगदान देना जारी रखा जैसे जलवायु परिवर्तन, परमाणु नि:शस्त्रीकरण और काला धन। आर्थिक अपराधियों की धर-पकड़ करने के बारे में प्रधानमंत्री का प्रस्ताव जी-20 के एजेंडे तथा ब्यूनर्स आयर्स में आयोजित जी-20 शिखर-सम्मेलन में परिणाम घोषणा का भाग बना। जी-20 शिखर-सम्मेलन में रूस-भारत-चीन (आरआईसी) त्रिपक्षीय वार्ता के साथ-साथ प्रथम जापान-अमेरिका-भारत (जेएआई) त्रिपक्षीय वार्ता संचालित की गई। भारत ने घोषणा की कि वह भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर वर्ष 2022 में जी-20 शिखर-सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

अंतर्राष्ट्रीय सौर संधि (आईएसए) की महासभा का उद्घाटन 2 अक्टूबर, 2018 को दिल्ली में किया गया जिसके साथ-साथ द्वितीय आईओआरए नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयी बैठक तथा द्वितीय ग्लोबल री-इंवेस्ट आयोजन भी प्रारंभ हुआ। आईएसए भारत में मुख्यालय बनाने वाला प्रथम संयुक्त राष्ट्र-संबद्ध अंतर-सरकारी संगठन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को 'वैश्विक मंच पर उनके निर्भीक पर्यावरणीय नेतृत्व' के लिए संयुक्त राष्ट्र चैंपियंस ऑफ दि अर्थ अवार्ड से सम्मानित किया गया।

भारत विभिन्न क्षेत्रों में भागीदार देशों के साथ विकास सहयोग कार्यक्रम संचालित करता रहा। इस वर्ष लगभग 1.03 बिलियन यूएस डॉलर के लाइंस ऑफ क्रेडिट (एलओसी) विभिन्न देशों को प्रदान किए गए तथा 101.13 मिलियन यूएस डॉलर की कुल राशि से नौ परियोजनाएं पूर्ण की गईं और भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत 161 भागीदार देशों को दस हजार से अधिक नागरिक प्रशिक्षण स्थान प्रदान किए गए। इसकी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए तथा समूचे विश्व में बदलती हुई आवश्यकताओं और प्रौद्योगिकीय प्रगति के अनुरुप आईटीईसी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला में ई-आईटीसी और आईटीईसी-ऑनसाइट जैसे नए मंचों को शामिल किया गया है।

भारत द्वारा आपदाओं से प्रभावित देशों को मानवीय सहायता प्रदान की गई। अन्य के साथ-साथ, मोजम्बिक, सीरिया, यमन, सोमालिया, युगांडा, तंजानिया, मेडागास्कर, स्वाजीलैंड और केन्या को औषधियां उपलब्ध कराई गई तथा बांग्लादेश और सीरिया को खाद्य तथा अन्य राहत सामग्री की आपूर्ति की गई। भारत ने इंडोनेशिया को भूकंप और सुनामी के लिए सहायता प्रदान करने के प्रयोजनार्थ 'समुद्र मैत्री' नामक अभियान संचालित किया।

स्वदेश रूपांतरण को भारत की विदेश नीति संबंधी कार्यनीति का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। हमारे भागीदार देशों के साथ स्थापित किए गए अत्यंत गहन संबंधों ने संवर्धित विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोगों के माध्यम से भारत के लोगों के लिए दृश्यमान आर्थिक लाभ प्रदान किए हैं जिनके परिणामस्वरूप कारखानों को स्थापित किया गया है और रोजगार सृजन हुआ है। विकास और समृद्धि के साथ राजनयिकता के सामंजस्य के फलस्वरूप राष्ट्रीय नवीकरण की योजनाओं के संवर्धन के लिए विदेशी सहयोग हासिल करने में सहायता प्राप्त हुई है जिनमें मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्मार्ट सिटीज़, डिजिटल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर भारत के सभ्यतामूलक मूल्यों का निरंतर बढ़ता हुआ प्रभाव, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के

चिरस्थायी अवधारणात्मक ढांचे पर आधारित है, उस समय अत्यंत सुस्पष्ट रूप से अभिव्यक्त हुआ जब 124 देशों के कलाकार महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक साथ सामने आए और उन्होंने गांधीजी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो' को अंतर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस के अवसर पर वैश्विक श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। जनवरी, 2019 में वाराणसी में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस समारोहों ने प्रवासी भारतीयों तथा उनकी मातृभूमि के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ किया।

सेवा परिदाय और नागरिक-केन्द्रित अभिशासन पर सरकार द्वारा प्रदान दिया बल ई-क्रांति (डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का चौथा स्तंभ) की चार मिशन मोड परियोजनाओं के क्रियावयन के लिए उठाए गए कदम से परिलक्षित होता है अर्थात् ई-आफिस, ई-अधिप्राप्ति, आप्रवासन, वीजा, विदेशी रजिस्ट्रीकरण और ट्रैकिंग प्रणाली (आईवीएफआरटी) तथा पासपोर्ट सेवा परियोजनएं (पीएसपी)। ये वर्तमान में विदेश मंत्रालय तथा विदेश स्थित मिशनों/पोस्टों में क्रियान्वित की जा रही हैं। डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुरूप विदेश मंत्रालय द्वारा अनेक ई-अभिशासन और स्वचालन परियोजनाएं भी कार्यान्वित की गई हैं जैसे विदेश सेवा संस्थान पूर्व-छात्र पोर्टल, ई-लेखापरीक्षा पोर्टल, नवीकृत 'भारत को जानें' कार्यक्रम तथा प्रवासी भारतीय दिवस पोर्टल, राजनयिक पहचान-पत्र रजिस्ट्रीकरण और निर्गम प्रणाली आदि।

आगामी पृष्ठों में वर्ष के दौरान भारत के विदेशी संबंधों से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की और जानकारी प्रदान की गई है।

भारत के पड़ोसी

अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के बीच बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी में लगातार मजबूती दिखाई दी। सितंबर 2018 में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद अशरफ गनी और जून 2018 और सितंबर 2018 में मुख्य कार्यकारी डॉ. अब्दुल्ला अब्दुल्ला की यात्राओं ने, उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय आदान-प्रदान की गति को बनाए रखा। 'एयर फ्रेट कॉरिडोर' सहित अन्य पहलों के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय व्यापार 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचा; अफगानिस्तान के लिए भारत की विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण कार्यक्रम में वृद्धि हुई; और सुरक्षा, कनेक्टिविटी के क्षेत्रों सहित सहयोग; और मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया गया। भारत ने अपनी एकरूप नीति के अनुसार समावेशी शांति और सुलह के ऐसे सभी प्रयासों को समर्थन दिया जो अफगान के नेतृत्व, स्वामित्व नियंत्रण में हो; और अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा, एकता, संप्रभुता, बहुलता और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अपना समर्थन देने की प्रतिबद्धता प्रकट की।

पाकिस्तान

भारत के खिलाफ सीमा-पार आतंकवाद को पाकिस्तान में निरंतर समर्थन; पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवाद को समर्थन करने वाले बुनियादी ढांचे पर किसी विश्वसनीय कार्रवाई के अभाव; नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर आतंकवादी घुसपैठ को समर्थन सहित, पाकिस्तानी सेना द्वारा अकारण संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं में वृद्धि के कारण द्विपक्षीय संबंध बाधित रहे। भारत ने अपनी सुसंगत नीति के तहत, पाकिस्तान के साथ आतंक और हिंसा-मुक्त वातावरण में सामान्य संबंध रखने की अपनी इच्छा व्यक्त की, और पाकिस्तान से इसके लिए अनुकूल वातावरण बनाने का आह्वान किया। कैदियों, मछुआरों और तीर्थयात्रियों सहित मानवीय और लोगों के पारस्परिक मुद्दों पर आगे बढ़ने के निरंतर प्रयास किए गए। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप, नवंबर 2018 में, भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए, वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पाकिस्तानी तरफ गुरुद्वारा करतारपुर साहिब तक अबाधित और आसान पहुंच के लिए कोरीडोर स्थापित करने के भारतीय प्रस्ताव पर पाकिस्तान द्वारा सहमति प्रकट की गई।

बांग्लादेश

समीक्षाधीन वर्ष में भारत-बांग्लादेश संबंधों की गहराई और जटिलता में विस्तार हुआ। शांतिनिकेतन में बांग्लादेश भवन खोलने और काजी नजरूल इस्लाम विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत (पश्चिम बंगाल) यात्रा के दौरान, दोनों प्रधानमंत्रियों ने इसपर सहमति व्यक्त की कि हमारे संबंध 'स्वर्ण युग' तक पहुंच गए हैं। पिछले चार वर्षों में, द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की अनिवार्यता रही तथा पूर्णतया सरकारी

स्तर पर बिजली, रक्षा और वाणिज्य विभाग से लेकर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नौवहन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तक द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए कार्यक्रम विकसित करते रहे।

इस परिप्रेक्ष्य में, दोनों पक्षों की सरकारों ने लगभग 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की भारत की तीन ऋण श्रृंखलाओं का उपयोग सुनिश्चित करने का काम तेज कर दिया है। ये ऋण श्रृंखलाएं अबतक की सर्वाधिक हैं और सबसे अच्छी शर्तों पर दी गई हैं। बांग्लादेश, पैंतीस पूर्ण लघु विकास परियोजनाओं और चालीस चालू परियोजनाओं सहित, अनुदान सहायता का एक प्रमुख प्राप्तकर्ता भी है।

म्यांमार

सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री के सफल राजकीय दौरे और भारत-आसियान संबंधों की 25वीं वर्षगांठ पर जनवरी 2018 में स्टेट काउंसलर दाव आंग सान सू की की भारत यात्रा के बाद, द्विपक्षीय संबंधों के सकारात्मक प्रक्षेप को कायम रखा गया। मई 2018 में विदेश मंत्री ने म्यांमार का दौरा करते हुए, अपनी यात्रा के दौरान पांच समझौता ज्ञापनों सहित भूमि सीमा पार समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत तीसरे देशों सहित वीजाधारक यात्रियों की सामान्य आवाजाही के लिए निर्दिष्ट सीमा बिंदु खोले गए। नई दिल्ली में जून 2018 में विदेश सचिव के स्तर पर विदेश कार्यालय परामर्श भी आयोजित किए गए।

कलादन मल्टी-मॉडल परिवहन परियोजना के तीन (बंदरगाह और अंतर्देशीय जलमार्ग) में से दो घटकों के निर्माण के पूरा होने के साथ, हमारी कुछ विरासत अवसंरचना परियोजनाओं को गति प्रदान करने में प्रगति दर्ज की गई। भारत, म्यांमार और थाईलैंड के बीच ट्रांस-एशियन (त्रिपक्षीय) राजमार्ग पर 69 पुलों के चौड़ीकरण और विस्तार और इस सड़क के कलेवा-यारगुई खंड सहित अन्य प्रमुख परियोजनाओं को पूरा करने का प्रयास चल रहा है। अक्टूबर 2018 में विदेश सचिव की म्यांमार यात्रा के दौरान, कलादन परियोजना के बंदरगाह और जलमार्ग दोनों के प्रचालन और रखरखाव के लिए निजी ऑपरेटर नियुक्त करने के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने से इस दिशा में और प्रगति हुई।

म्यांमार के लगभग 1000 अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और नागरिकों को भारतीय संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और इस प्रकार क्षमता निर्माण परियोजनाओं का विस्तार जारी रहा। वायु सेना प्रमुख और म्यांमार के सेना प्रमुख (नौसेना) के दौरे से म्यांमार के साथ रक्षा संबंधों का भी विस्तार हुआ। अब हमारे संबंधों का तटीय सुरक्षा प्रणालियों की आपूर्ति के लिए तकनीकी समझौते के साथ रक्षा अवसंरचना के निर्माण में भागीदारी के लिए विस्तार होगा।

समीक्षाधीन वर्ष में, हमने ऊर्जा क्षेत्र में रिफाइनरियों, बिजली उत्पादन और वितरण सहित डाउनस्ट्रीम उत्पाद विकास के लिए खोज शुरू करने के लिए तेल और गैस के पूर्वानुमान और गवेषण से आगे बढ़ते हुए, सहयोग को बढ़ाने के लिए संबंधों का विस्तार किया। म्यांमार को मदद करने के महत्व को स्वीकार किया गया क्योंकि इससे म्यांमार में रखाईन राज्य से विस्थापितों की वापसी के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित होगा, भारत ने दिसंबर 2017 में रखाईन राज्य विकास कार्यक्रम दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए और इसके तहत उस राज्य के सभी समुदायों के लिए 250 में से 50 प्रीफैब्रिकेटेड घरों का कार्य पूरा किया। इस वर्ष के अंत में भारत के राष्ट्रपति की म्यांमार की राजकीय यात्रा 2006 के बाद इस स्तर की पहली यात्रा होगी।

भूटान

भारत और भूटान में दोस्ती और सहयोग के असाधारण संबंध हैं जो आपसी समझ, सदभावना और आपसी हितों के लिए सम्मान पर आधारित हैं। दोनों देशों ने संयुक्त रूप से 2018 में औपचारिक राजनयिक संबंधों की स्थापना का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया और इस अवसर पर यादगार घटनाओं की श्रृंखला दिखाई गई जो दोनों देशों के बीच लोगों के मजबूत संबंधों को प्रदर्शित करता है। वर्ष 2018-19 में पनबिजली, संचार, रक्षा और सुरक्षा, अवसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, आईटी उद्योग और कृषि सहित सहकारिता के सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति देखी गई। उच्च-स्तरीय यात्राओं और कार्यकारी स्तर पर परस्पर संवाद की श्रृंखला के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों की गति को बनाए रखा गया। भूटान नरेश महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने अगस्त 2018 में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए भारत की यात्रा की।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, भूटान के प्रधान मंत्री डॉ. लोटे शेरिंग ने एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सहित, 27 से 29 दिसंबर 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा की। यह प्रधानमंत्री डॉ लोटे शेरिंग की नवंबर 2018 में पदभार संभालने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। यात्रा के दौरान, भारत सरकार द्वारा भूटान की 12वीं पंचवर्षीय योजना में 4500 करोड़ रुपये

की सहायता दिए जाने की घोषणा की गई। इस यात्रा ने जल-विद्युत, आर्थिक सहयोग और स्वर्ण जयंती समारोह सहित द्विपक्षीय सम्बद्धताओं के व्यापक स्पेक्ट्रम की समीक्षा करने का अवसर भी प्रदान किया। इससे पहले वर्ष के दौरान, भूटान के तत्कालीन प्रधानमंत्री दशो शेरिंग तोबगे ने 5 से 7 जुलाई 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा की।

भूटान की 11वीं पंचवर्षीय योजना (2013-18) के लिए 4500 करोड़ रुपये के भारत सरकार के सहायता पैकेज के तहत वर्ष 2018-19 में विकास परियोजनाओं पर काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपये के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज के अलावा, भारत सरकार ने भूटान की 11वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 5000 करोड़ रुपये की प्रतिबद्ध राशि में से 4975 करोड़ रुपये का संवितरण किया; भारत सरकार की समयबद्ध सहायता भूटान के लोगों के कल्याण संबंधी अनेक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सहायक बनी है।

नेपाल

भारत-नेपाल संबंध सदियों पुराने सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध, लोगों के घनिष्ठ संबंध, बहुआयामी आर्थिक और विकास भागीदारी से शक्ति व प्रमुखता प्राप्त करते हैं और खुली सीमाओं से यह और अधिक प्रबलित होता है। दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय यात्राओं सहित गहन द्विपक्षीय भागीदारियां 2018-19 में जारी रहीं। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 6 से 8 अप्रैल 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा की। इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की दो यात्राएं कीं - 11-12 मई 2018 तक राजकीय यात्रा और 30-31 अगस्त 2018 को काठमांडू में 4थे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए की गई यात्रा। उच्च-स्तरीय यात्राओं ने द्विपक्षीय साझेदारी के साथ ही कृषि, अंतर्देशीय जलमार्गों और रेलवे के क्षेत्रों में नई पहल शुरू करने का अवसर प्रदान किया। इस वर्ष भी गहन आधिकारिक और तकनीकी स्तर की द्विपक्षीय भागीदारी देखी गई। भारत और नेपाल के बीच व्यापक आर्थिक और विकासपरक सहयोग है। भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार और नेपाल में सबसे बड़ा निवेशक है। नेपाल में कई सामाजिक और भौतिक अवसंरचना परियोजनाएं और सीमा पार संपर्क परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। बीरगंज (नेपाल) में एक एकीकृत चेक पोस्ट और काठमांडू में 400-बिस्तरों वाला नेपाल-भारत मैत्री पशुपति धर्मशाला का उद्घाटन क्रमशः अप्रैल और अगस्त 2018 में किया गया। दो और सीमा पारीय पारेषण लाइनों के पूरा होने के साथ ही 900 मेगावाट की अरुण III जलविद्युत परियोजना पर काम शुरू करने के साथ विद्युत क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है। समुदाय संचालित लघु विकास परियोजनाओं जैसे स्कूलों, सड़कों, पुलों, सिंचाई सुविधाओं से नेपाल के विभिन्न जिलों में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर की चार ऋण श्रृंखलाओं के तहत, नेपाल में भूकंप-पश्चात पुनर्निर्माण परियोजनाओं सहित कई अवसंरचना परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। भारत और नेपाल का क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में मजबूत सहयोग है। भारत नेपाल और भारत में अध्ययन के अवसर देने के लिए नेपाली छात्रों को प्रति वर्ष लगभग 3000 छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। आईटीईसी कार्यक्रम के तहत, नेपाल के सरकारी और गैर-सरकारी कर्मचारियों को भारत में तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण के लिए प्रति वर्ष 250 से अधिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

चीन

अप्रैल 2018 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच वुहान में आयोजित पहले अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के जरिए भारत और चीन के बीच घनिष्ठ विकास साझेदारी 2018 में एक नए मुकाम पर पहुंची। अपने द्विपक्षीय संबंधों के स्तर को बढ़ाने की दोनों पक्षों की इच्छा को परिलक्षित करने वाले इस अनौपचारिक शिखर सम्मेलन, ने वर्ष भर उच्चस्तरीय नियोजनों के लिए मंच तैयार किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी ने वर्ष के दौरान बहुपक्षीय शिखर सम्मेलन के अवसर पर स्वयं तीन और द्विपक्षीय बैठकें कीं। भारत के एससीओ में एक पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने और चीन द्वारा 2018 में एससीओ की अध्यक्षता ग्रहण करने से दोनों पक्षों के बीच वरिष्ठ स्तरों पर अधिकाधिक वार्ताओं के लिए अधिक अवसर प्राप्त हुए हैं। चीन के रक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और विदेश मामलों के मंत्रियों की द्विपक्षीय यात्राओं से दोनों पक्षों के बीच सहयोग का दायरा और विस्तारित हुआ। लोगों के स्तर पर संपर्कों को और मजबूत करने के लिए, दोनों पक्षों द्वारा सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान पर एक उच्चस्तरीय तंत्र की भी शुरूआत की गई। कुल मिलाकर, इस वर्ष भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर सकारात्मक गति देखी गई।

हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर में छोटे द्वीप देशों के साथ संबंधों को घनिष्ठ बनाना और इस क्षेत्र में स्थिरता, शांति और विकास के माहौल का पोषण करना भारत की विदेश नीति के महत्वपूर्ण आधार हैं। हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत का दृष्टिकोण प्रधानमंत्री द्वारा अपने सागर सिद्धांत "क्षेत्र में सबके लिए सुरक्षा और विकास" में व्यक्त किया गया है।

श्रीलंका

भारत-श्रीलंका संबंध वर्ष भर फले-फूले। प्रधानमंत्री की श्रीलंका की ऐतिहासिक यात्रा की गति को लोक-केंद्रित विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन और आर्थिक भागीदारी के विस्तार के साथ कायम रखा गया। उच्च-स्तरीय राजनीतिक संबद्धताओं और लोगों के निकट संपर्क से द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए। मध्य और दक्षिणी श्रीलंका में अब तक अछूते क्षेत्रों में भारत की विकास सहायता परियोजनाओं के दायरे और प्रसार में विस्तार ने विश्वसनीय विकास भागीदार के रूप में भारत के प्रति धारणा बदलने में मदद की है। कुल मिलाकर, सुरक्षा और रक्षा सहयोग, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार और वाणिज्य, पर्यटन, अंतरिक्ष और संपर्क जैसे क्षेत्रों में संबंध परिपक्व हुए हैं और इन संबंधों को बहुआयामी कहा जा सकता है।

मालदीव

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, 2018 में मालदीव ने अपने राष्ट्रपति का चुनाव कराया, जिसमें विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह (इबू सोलिह) विजयी होकर उभरे। भारत इबू सोलिह को उनकी जीत पर बधाई देने और चुनाव परिणामों को मान्यता देने वाले पहले देशों में एक था। निर्वाचित राष्ट्रपति इबू सोलिह के आमंत्रण पर, प्रधानमंत्री मोदी ने 17 नवंबर 2018 को राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए विशेष अतिथि के तौर पर मालदीव की यात्रा की। नई सरकार ने अपनी भारत-प्रथम नीति को दोहराया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति सोलिह को भारत की राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया। राष्ट्रपति सोलिह की यात्रा की तैयारी के लिए, नवनियुक्त विदेश मंत्री श्री अब्दुल्ला शाहिद ने 24 से 27 नवंबर, 2018 तक भारत की यात्रा की।

रक्षा सहयोग हमारे संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा। भारत सरकार ने 1 अगस्त से 30 नवंबर, 2018 तक विशाखापत्तनम में मालदीव के तटरक्षक जलयान हुरावी की छोटी-मोटी मरम्मत की। भारत, श्रीलंका और मालदीव के बीच त्रिपक्षीय संयुक्त नौसेना अभ्यास, "दोस्ती-14" का 14वां आयोजन 25 से 29 नवंबर, 2018 तक मालदीव में किया गया। माले में 26-27 जून 2018 को तृतीय संयुक्त कर्मचारी वार्ता आयोजित की गई।

मॉरीशस

भारत और मॉरीशस के संबंधों में पारंपरिक घनिष्ठ राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रवासी संबंधों को ध्यान में रखते हुए जुड़ाव गहन हुआ। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 18 से 20 अगस्त 2018 तक मॉरीशस में आयोजित 11वें विश्व हिंदी सम्मेलन में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन में दुनिया भर के हिंदी प्रेमी लोगों ने भी भाग लिया। आर्थिक मोर्चे पर सीईसीपीए (व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते) के समापन के लिए कई दौर की वार्ता हुई, जिसके परिणामस्वरूप नवंबर 2018 में संयुक्त अध्ययन रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किए गए।

पुनः अनुप्राणित विकास साझेदारी में कई अनुदान सहायता परियोजनाओं जैसे मेट्रो एक्सप्रेस, ईएनटी अस्पताल, न्यू सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, 353 मिलियन अमरीकी डालर के विशेष आर्थिक पैकेज के तहत सामाजिक आवास और स्कूली बच्चों के लिए डिजिटल टैबलेट, सिविल सर्विस कॉलेज; और 500 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण श्रृंखला के तहत 18 अन्य प्राथमिकता वाली परियोजनाओं का कार्यान्वयन शामिल था। ओसीआई योजना में विशेष मेहनत भी मॉरीशस में लोकप्रिय बनी है और हमारे लोगों के बीच परस्पर संबंधों को मजबूत कर रही है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री महामहिम श्री प्रवीण जगन्नाथ को जनवरी 2019 में वाराणसी में प्रवासी भारतीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

सेशेल्स

भारत सरकार द्वारा प्रतिबद्ध बढ़ती विकास साझेदारी सहायता पर आरूढ़, भारत-सेशेल्स संबंधों ने द्विपक्षीय साझेदारी के नए चरण में प्रवेश किया। हमारे व्यावहारिक, परिणाम उन्मुख नियोजन को जून 2018 में राष्ट्रपति महामहिम श्री डैनी फॉरे की भारत यात्रा से और बल मिला। इस यात्रा में सहयोग के

विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 6 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और ईईजेड सर्विलांस बढ़ाने के लिए सेशेल्स को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर का डोर्नियर विमान उपहार में दिया गया। प्रधानमंत्री ने सेशेल्स को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रक्षा ऋण श्रृंखला की भी घोषणा की।

इससे पूर्व मई 2018 में, भारत के विदेश सचिव और सेशेल्स के विदेश मामलों के सचिव की अगुवाई में 9वें संयुक्त आयोग की बैठक माहे में 5 साल से अधिक अंतराल के बाद आयोजित की गई। भारत और सेशेल्स के मुख्य हाइड्रोग्राफर की अगुवाई वाली पहली हाइड्रोग्राफी बैठक ने भी हाइड्रोग्राफी क्षमता निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवधि के दौरान सेशेल्स के रक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, अक्षय ऊर्जा और सामुदायिक विकास क्षेत्रों में सहायता प्रदान करने के अलावा, विकास साझेदारी सहायता का विशेष ध्यान संस्था निर्माण पर रहा।

हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)

इस क्षेत्र में इस खाली आकांक्षा को साकार करने में आईओआरए तंत्र को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। सहयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत आईओआरए को एक महत्वपूर्ण माध्यम मानता है। भारत अक्षय ऊर्जा और ब्लू इकोनॉमी से लेकर समुद्री संरक्षा और सुरक्षा तक आईओआरए कार्यकलापों को और अधिक आगे बढ़ाने का समर्थन करता रहा है।

जकार्ता में 7 मार्च 2017 को आईओआरए नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान भारत द्वारा घोषित व्यापक पहलों के सफल क्रियान्वयन, और पूर्ववर्ती वर्षों में मंत्रिपरिषद और वरिष्ठ अधिकारियों की समिति की बैठकों के बाद भारत ने नवंबर 2018 में डरबन में 18वीं आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक में कुछ नई पहलों की घोषणा की।

दक्षिण पूर्व एशिया और एशिया प्रशांत

2014 में शुरू की गई भारत की एक्ट ईस्ट नीति (AEP) के अंतर्गत, भारत दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र, ओशिनिया, पूर्वोत्तर एशिया और पूर्वी एशिया के देशों के साथ मजबूती से जुड़ रहा है। आसियान एईपी के मूल में है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 1 जून 2018 को शांगरी-ला वार्ता में आधार व्याख्यान दिया, जिसके दौरान उन्होंने भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की नीति को स्पष्ट किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में आसियान केंद्रीयता की पुष्टि की। भारत-प्रशांत विचार के माध्यम से, भारत ने व्यापक क्षेत्र में अपने लिए एक बड़ी भूमिका की परिकल्पना की है। लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट में उन्नयन न केवल अधिक सक्रिय और व्यावहारिक दृष्टिकोण के माध्यम से क्षेत्र के महत्व को उजागर करता है, बल्कि प्रमुख सामरिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अवसरों को संबोधित करते ते हुए प्रवासियों की भूमिका को भी स्वीकार करता है।

राजनीतिक समझ, सुरक्षा और रक्षा सहयोग और आर्थिक जुड़ाव के माध्यम से भारत ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और प्रशांत द्वीप देशों (PICs) से भी सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत-प्रशांत क्षेत्र के साथ भारत का निरंतर जुड़ाव निरंतर उच्च-स्तरीय यात्राओं; मजबूत रक्षा सहयोग, जिसमें प्रशिक्षण, पोत यात्रा, संयुक्त समन्वित गशत, रक्षा बिक्री और रक्षा आपूर्ति शामिल हैं; विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी और अन्य अपराधिक अपराधों में घनिष्ठ सुरक्षा सहयोग; व्यापक आर्थिक जुड़ाव; शिक्षा और कौशल विकास पर नियमित संवाद; छात्रवृत्ति और आईटीईसी कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण; भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रवासी भारतीयों के साथ बढ़ते संबंधों सहित सांस्कृतिक सहयोग से स्पष्ट है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मई-जून 2018 में तीन दक्षिण पूर्व एशियाई देशों (इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर) की यात्रा की और 1 जून 2018 को शांगरी-ला वार्ता में मुख्य भाषण देने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। भारत के राष्ट्रपति ने नवंबर-दिसंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम और म्यांमार की यात्रा की। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने कंबोडिया, वियतनाम और लाओस की यात्रा की। भारत सरकार के अन्य मंत्रियों ने व्यापार और निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा की। पहली बार राज्यमंत्री स्तर पर विभिन्न प्रशांत द्वीप देशों की मंत्रिस्तरीय यात्रा की गई जिनमें समोआ, टोंगा, मार्शल आइलैंड्स, नाउरू, तिमोर लेस्ते और तुवालु शामिल थे।

भारत सरकार अपने विभिन्न विकास सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से कंबोडिया, लाओस और वियतनाम और प्रशांत द्वीप देशों के संपर्क में है।

दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों का संगठन (आसियान)

जनवरी 2018 में भारत-आसियान स्मारक शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी करने के बाद, भारत ने आसियान के साथ गतिशील और बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अपने सटीक प्रयासों को जारी रखा। अपनी 'एक्ट ईस्ट नीति' के अनुसार, भारत ने आसियान के सदस्य देशों के साथ राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा दिया है। नवंबर 2018 में आसियान-संबंधित शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री की सिंगापुर यात्रा हमारे पड़ोस में अति महत्वपूर्ण क्षेत्र से बढ़ते हमारे सामरिक जुड़ाव को और अधिक मजबूत करती है, जिसके साथ हमारे एक चिरकालिक सभ्यतामूलक संबंध हैं। आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और पर्यावरणीय खतरों जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिए भारत और आसियान दोनों ओर से जोर बढ़ता जा रहा है। समुद्री क्षेत्र में सहयोग को आसियान और अन्य क्षेत्रीय मंचों के साथ भारत की वार्ताओं में अधिक प्रमुखता मिली है। भारत ने आसियान देशों के साथ भौतिक, डिजिटल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में संयोजकता को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। कंबोडिया, लाओ पीडीआर, म्यांमार और वियतनाम में डिजिटल गांवों के सृजन के लिए ग्रामीण संयोजकता पर प्रमुखता से पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की भारत की पेशकश के साथ डिजिटल संयोजकता पर ध्यान केंद्रित किया गया। लोगों का निकट संपर्क बढ़ाने की दिशा में की जा रही पहलों में आसियान-भारत विश्वविद्यालय नेटवर्क; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पीएचडी करने के लिए आसियान छात्रों को 1000 फैलोशिप; और 2019 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के तौर पर घोषित किया जाना शामिल हैं।

पूर्वी एशिया

डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके)

2018 में डीपीआरके के साथ भारत के संबंधों में प्रमुख घटनाक्रमों में डीपीआरके सरकार के निमंत्रण पर मई 2018 में विदेश राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) की डीपीआरके की यात्रा शामिल रही। इसके अलावा, भारत ने पनमुनजोम (27 अप्रैल 2018) और प्योंगयांग (18 से 20 सितंबर 2018) में आयोजित अंतर-कोरियाई शिखर बैठकों और सिंगापुर में आयोजित यूएसए-डीपीआरके शिखर बैठक (12 जून 2018) का इस आशा से स्वागत किया कि ऐसे सम्मेलनों से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव कम करने और स्थायी शांति और सामंजस्य का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिलेगी।

जापान

भारत-जापान संबंध अधिक महत्व और उद्देश्य के साथ साझेदारी में बदल गया है और यह भारत की एक्ट ईस्ट नीति की आधारशिला है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा के दौरान निर्मित भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी, 2018 में महत्वपूर्ण प्रगति करती रही। 2018 में द्विपक्षीय संबंधों का मुख्य आकर्षण 28-29 अक्टूबर 2018 की प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा रही जिसने दो महत्वपूर्ण लोकतंत्रों के रूप में हमारे हितों और मूल्यों के बढ़ते अभिसरण को दर्शाया और विभिन्न क्षेत्रों में हमारी गहन साझेदारी के नए मार्ग प्रशस्त किए।

कोरियाई गणराज्य (ROK)

2015 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आरओके की यात्रा के दौरान विशेष सामरिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचे, भारत-आरओके द्विपक्षीय संबंधों को, राष्ट्रपति मून जे-इन की 8 से 11 जुलाई 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा के साथ और गति मिली। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोरिया गणराज्य की प्रथम महिला श्रीमती किम जुंग-सूक की यात्रा ने उच्च स्तरीय यात्राओं की गति को बनाए रखा। 2018 की अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं में क्रमशः मार्च और अगस्त 2018 में आरओके के नेशनल असेंबली के स्पीकर और आरओके के रक्षा मंत्री की भारत की यात्राएं शामिल रहीं।

मंगोलिया

मई 2015 में प्रधानमंत्री की मंगोलिया की ऐतिहासिक यात्रा जब द्विपक्षीय संबंधों को सामरिक भागीदारी में बदला गया, के बाद मंगोलिया के साथ भारत के पारंपरिक रूप से मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध पिछले कुछ वर्षों में लगातार बेहतर हुए हैं। 2018 में मार्च और दिसंबर 2018 में क्रमशः मंगोलियाई रक्षा

मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव की यात्राओं सहित दोनों देशों के बीच कई उच्च-स्तरीय यात्राएं हुईं। भारतीय पक्ष की ओर से, विदेश मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने क्रमशः अप्रैल और जून 2018 में मंगोलिया की यात्रा की।

यूरेशिया

रूस

भारत की विदेश नीति के एक महत्वपूर्ण आयाम, रूस के साथ 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त' सामरिक संबंधों ने, मई 2018 में सोची, रूस में रूसी राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बीच पहले ऐतिहासिक अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में एक नया मुकाम हासिल किया। इसे अक्टूबर 2018 में 19वें द्विपक्षीय वार्षिक शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के साथ पुन: मजबूती मिली। जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान सिंगापुर में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और ब्यूनस आयर्स में जी-20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति पुतिन की प्रधानमंत्री के साथ बैठकों और वर्ष के दौरान मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर नियमित यात्राओं से हमारे द्विपक्षीय जुड़ाव में और गहराई आई। दोनों पक्षों ने रक्षा, सिविल परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के सामरिक क्षेत्रों में सहयोग की विभिन्न परियोजनाओं को जारी रखा। राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा दौरान आयोजित पहले भारत-रूस व्यापार सम्मेलन और नवंबर 2018 में सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित पहली भारत-रूस सामरिक आर्थिक वार्ता के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

मध्य एशिया

मध्य एशिया के अपने विस्तारित पड़ोस के साथ भारत की पहुंच में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति की भारत यात्रा और अक्टूबर 2018 में हमारे राष्ट्रपति की ताजिकिस्तान यात्रा से और प्रगति हुई। अगस्त 2018 में अपने मध्य एशिया दौरे के दौरान तुर्कमेनिस्तान में संक्षिप्त विराम के बाद विदेश मंत्री ने कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य और उजबेकिस्तान की यात्रा की। वह 11-12 अक्टूबर, 2018 को एससीओ प्रमुखों की बैठक में भाग लेने ताजिकिस्तान भी गईं। मध्य एशिया में भारत की निरंतर पहुंच के फलस्वरूप, अफ़गानिस्तान की भागीदारी के साथ 13 जनवरी, 2019 को समरकंद में विदेश मंत्रियों के स्तर पर पहली ''भारत-मध्य एशिया वार्ता'' आयोजित करने की ऐतिहासिक पहल हुई। इस वार्ता से मध्य एशियाई क्षेत्र के साथ भारत का जुड़ाव गहरा हुआ।

यूक्रेन और बेलारूस

भारत ने यूक्रेन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को जारी रखा। दोनों देशों ने जून 2018 में रक्षा सहयोग पर एक संयुक्त कार्यकारी समूह की बैठक आयोजित की। भारत और बेलारूस के संबंधों में जून 2018 में लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल की मिन्स्क यात्रा से एक गुणात्मक अग्रसारण गति दिखाई दी। भारत और बेलारूस ने भी क्रमश: सितंबर और अक्टूबर 2018 में मिंस्क और नई दिल्ली में अंतर-सरकारी आयोग और विदेश कार्यालय परामर्श की बैठकें आयोजित कीं।

दक्षिण काकेशस

अज़रबैजान, जॉर्जिया और आर्मेनिया के साथ भारत के संबंध आगे बढ़ने जारी रहे। भारत और अजरबैजान ने अक्टूबर 2018 में नई दिल्ली में आयोजित अंतर-सरकारी आयोग की बैठक के लिए पारिस्थितिकी और प्राकृतिक संसाधन मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के साथ फलदायी आदान-प्रदान जारी रखा। इससे पहले, अप्रैल 2018 में गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की मध्यावधि मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री ने अज़रबैजान का दौरा किया। जॉर्जिया के साथ सांस्कृतिक संबंध जॉर्जिया में अत्यधिक सम्मानित, सेंट क्वीन केटेवन के भारत में पाए गए अवशेषों की प्रदर्शनी की विस्तारित अवधि से मजबूत हुए। शिक्षा के क्षेत्र में भारत-आर्मेनिया संबंधों को नवंबर 2018 में नई दिल्ली में फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अर्मेनियाई उप शिक्षा और विज्ञान मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा से मजबूती मिली।

शंघाई सहयोग संगठन

एस.सी.ओ. देशों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। ये संबंध आपसी विश्वास और सद्भावना पर टिके हैं जो हमारे बहुआयामी संबंधों का मुख्य स्तंभ हैं। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज 23-24 अप्रैल 2018 को बीजिंग में आयोजित विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद में सम्मिलित हुईं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9-10 जून 2018 को चीन

के किंगडाओ में एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों के शिखर सम्मेलन के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। शिखर सम्मेलन में कुल बाईस परिणामी दस्तावेजों जिसमें संयुक्त विज्ञप्ति और कट्टरपंथ के खिलाफ 'युवाओं से अपील' शामिल हैं, पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्री ने 11-12 अक्टूबर 2018 को ताजिकिस्तान के दुशांबे में एससीओ प्रमुखों की बैठक में भाग लिया।

खाड़ी क्षेत्र और पश्चिम एशिया

खाड़ी क्षेत्र

भारत के खाड़ी क्षेत्र के साथ घनिष्ठ और मजबूत संबंध हैं जो हमारे विस्तारित पड़ोस में प्रमुख महत्व का क्षेत्र बना रहा है। खाड़ी के प्रत्येक देश के साथ हमारे द्विपक्षीय मैत्रीपूर्ण संबंधों की गहरी जड़ों का एक साझा इतिहास है और बढ़ते बहुआयामी सहयोग और लोगों के परस्पर जीवंत जुड़ाव के माध्यम से इनका लगातार पोषण हुआ है।

यह क्षेत्र 2017-18 में 123 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार, हमारे देश की 50% से अधिक कच्चे तेल और 70% एलएनजी जरूरतों की ऊर्जा आपूर्ति के साथ, हमारा एक सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसके अलावा, भारत के साथ क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग के साथ बनाया जा रहा सामरिक तेल भंडार और हरित क्षेत्र की तेल रिफाइनरी परियोजना में निवेश हमारे ऊर्जा सुरक्षा आश्वासनों को बढ़ाते हैं। 9 मिलियन से अधिक भारतीय प्रवासियों का विशाल समूह 38 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2017 में) से अधिक के वार्षिक प्रेषण में अंशदान के अतिरिक्त, देशों के बीच सदभावना में योगदान करता है।

पिछले कुछ वर्षों में, गहन उच्च-स्तरीय आदान-प्रदानों के फलस्वरूप इस क्षेत्र के साथ जुड़ाव बढ़ा है और विविधीकरण हुआ है। खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ यह अभूतपूर्व ध्यान केंद्रित और लक्षित जुड़ाव स्पष्ट तौर पर चिन्हित विदेश नीति के उद्देश्यों का एक हिस्सा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण और ठोस परिणाम प्राप्त हुए हैं।

वर्ष 2018-19 में, फरवरी 2018 में प्रधानमंत्री की यूएई और ओमान की यात्रा के साथ शुरू होने वाले वर्ष के दौरान इस क्षेत्र के देशों के साथ घनिष्ठ और बढ़ती राजनीतिक व्यस्तता जारी रही। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने वर्ष के दौरान द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए बहरीन, कुवैत और कतर और यूएई की यात्रा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने भारत-ओमान जेसीएम के 8वें सत्र की सह-अध्यक्षता करने के लिए 15 से 18 जुलाई 2018 तक ओमान की यात्रा की।

ईरान

वर्ष के दौरान भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती दिखाई दी। उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय राजनीतिक आदान-प्रदानों में फरवरी 2018 में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. हसन रूहानी की राजकीय यात्रा और मई, 2018 और जनवरी 2019 में ईरान के विदेश मंत्री की भारत की दो यात्राएं शामिल थीं। आर्थिक, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, लोक संपर्क के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग को विस्तारित किया गया। चाबहार के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और पारगमन गलियारे की स्थापना के लिए भारत, अफगानिस्तान और ईरान के बीच त्रिपक्षीय समझौता जुलाई 2018 में प्रभावी हुआ और भारतीय कंपनी ने अपना कार्यालय खोलकर दिसंबर 2018 से चाबहार में शहीद बेहस्ती बंदरगाह पर प्रचालन शुरू किया।

पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका

पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (वाना) ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बना रहा है। संस्थागत संवाद तंत्र और यात्राओं के उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के नियमित नियोजन के माध्यम से, वाना क्षेत्र के सभी देशों के साथ संबंधों को सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ाया गया। यह क्षेत्र रॉक फॉस्फेट और इसके व्युत्पन्नों, और विभिन्न उर्वरकों के उत्पादन के लिए प्रमुख कच्चे माल पोटाश का एक प्राथमिक स्रोत है। इस क्षेत्र के देशों से रॉक फॉस्फेट की 80% से अधिक जरूरतों की पूर्ति की जाती हैं। यह क्षेत्र खनिजों में भी समृद्ध है। भारत ने इस क्षेत्र में अपने ऊर्जा हितों को और अधिक सुरक्षित करने के अपने प्रयासों को तेज किया। भारत ने औपचारिक और अनौपचारिक तंत्रों के माध्यम से इस क्षेत्र के अधिकांश देशों के साथ अधिक से अधिक रक्षा और सुरक्षा सहयोग किया है जिसमें आसूचना साझाकरण; आतंकवाद रोध; साइबरस्पेस आदि शामिल हैं। भारत ने इस क्षेत्र में जिबूती, सोमालिया और अन्य देशों के साथ अपने सहयोग में वृद्धि की है ताकि

जलदस्युता रोधी और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में उनके हितों को सुरक्षित किया जा सके। पिछले वर्ष कई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदानों द्वारा निर्मित गति को 2018 में मंत्रिस्तरीय/आधिकारिक यात्राओं की श्रृंखला के आदान-प्रदान सहित जारी रखा गया। हमारे आर्थिक और व्यापारिक हितों को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में कई वाणिज्यिक प्रतिनिधिमंडलों का भी आदान-प्रदान किया गया। यूएनआरडब्लूए के समक्ष आ रहे वित्तीय संकट की पृष्ठभूमि में, भारत ने 2018 से यूएनआरडब्लूए में अपना वार्षिक अंशदान 1.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया।

अफ्रीका

पूर्व और दक्षिण अफ्रीका

वर्ष 2018-19 के दौरान, भारत-अफ्रीका संबंधो में एक अभूतपूर्व प्रगति जारी रही। हमने अफ्रीकी देशों के साथ अपने राजनीतिक जुड़ाव को और बढ़ाया। इस वर्ष अप्रैल 2018 में पहली बार किसी भारतीय राष्ट्रपति ने स्वाज़ीलैंड (इस्वातिनी) और इक्वेटोरियल गिनी की यात्रा की और जुलाई 2018 में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री की रवांडा यात्रा हुई। राष्ट्रपति ने जाम्बिया (अप्रैल 2018) का भी दौरा किया और प्रधानमंत्री ने 21 वर्ष के अंतराल के बाद युगांडा और जुलाई 2018 में दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया। उपराष्ट्रपति ने बोत्सवाना (अक्टूबर-नवंबर 2018), जिम्बाब्वे (नवंबर 2018) और मलावी (नवंबर 2018) का दौरा किया। वर्ष के दौरान संसदीय आदान-प्रदान में युगांडा के संसदीय प्रतिनिधिमंडल के अतिरिक्त, ज़ाम्बिया के स्पीकर और उनके प्रतिनिधिमंडल की यात्रा भी शामिल थी।

उच्च-स्तरीय राजनीतिक विनियोजन के तहत मंत्री-स्तरीय सहित, संस्थागत तंत्रों की नियमित बैठकें आयोजित की गई। हमने तंजानिया के साथ 9वीं संयुक्त आयोग बैठक (JCM) (अक्टूबर 2018), इथियोपिया के साथ दूसरी जेसीएम (मई 2018) और मोज़ाम्बिक के साथ तीसरी जेसीएम (नवंबर 2018) की मेजबानी की। अगस्त 2018 में भारत-केन्या संयुक्त व्यापार समिति की 8वीं बैठक आयोजित की गई। विदेश मंत्री ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक और आईबीएसए विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया। विदेश राज्यमंत्री ने कोट दी आइवरी, लाइबेरिया, बुर्किना फासो, नाइजीरिया और इक्वेटोरियल गिनी का दौरा किया। आधिकारिक स्तर के विनियोजनों में युगांडा और रवांडा (अप्रैल और मई 2018) के साथ पहले विदेशी कार्यालय परामर्श और मलावी के साथ स्वास्थ्य पर पहला संयुक्त कार्य समूह शामिल थे।

रवांडा के राष्ट्रपति महामहिम पॉल कागमे ने मार्च 2018 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की। कोमोरो के राष्ट्रपति महामहिम अज़ाली असौमानी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के संस्थापक सम्मेलन के सिलसिले में 10 से 12 मार्च, 2018 तक भारत का दौरा किया। ज़िम्बाब्वे गणराज्य के उपराष्ट्रपति माननीय जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. कांस्टेंटिनो चिवेंगा, मलावी गणराज्य के उपराष्ट्रपति माननीय सैलोस क्लॉस चिलिमा, युगांडा के उपराष्ट्रपति माननीय एडवर्डकीवानुका सेकंडी ने 25-27 मार्च 2018 को आयोजित सीआईआई-एक्जिम बैंक कॉन्क्लेव के 13वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया। कॉन्क्लेव के अंत में उन्होंने भारत के उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति, जो जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति के विशेष दूत भी थे, ने 23 मार्च 2018 को भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से मुलाकात की।

अफ्रीका में अधिक सार्थक राजनयिक उपस्थिति बनाने के लिए, भारत सरकार ने अगले 4 वर्षों में अफ्रीका में 18 नए दूतावास/उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया है जिससे अफ्रीका में भारतीय मिशनों की संख्या 47 हो जाएगी। इस संदर्भ में, रवांडा और जिबूती में इस वर्ष पहले ही भारतीय मिशन खोले जा चुके हैं।

भारत द्वारा मंत्री/उच्च-स्तर पर आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी के साथ घटित वाकये के 120वें वर्ष का स्मरणोत्सव और नवंबर 2018 में नाइजीरिया में पश्चिम अफ्रीका क्षेत्रीय सीआईआई-एक्ज़िम बैंक कॉन्क्लेव और मलावी में भारत का मानवता कार्यक्रम का शुभारंभ शामिल था। भारत में, अफ्रीका के गणमान्य व्यक्तियों ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (अक्टूबर 2018) और महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन (सितंबर-अक्टूबर 2018) की पहली असेम्बली में भाग लिया।

भौगोलिक पहुंच और क्षेत्रीय कवरेज दोनों कार्यक्रमों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ। भारत ने अफ्रीकी देशों को अनुदान सहायता (दवाएं, किताबें, वाहन आदि), ऋण श्रृंखलाएं, तकनीकी परामर्श, आपदा राहत, मानवीय सहायता, उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति और अल्पकालिक नागरिक और सैन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की श्रृंखला को सहायता प्रदान करना जारी रखा। 1 अप्रैल 2018 से, स्वाज़ीलैंड (एस्वतिनी) में संसद भवन के निर्माण, बुरूंडी में संसद भवन, मलावी में आपदा रिकवरी केंद्र के निर्माण, कृषि परियोजनाओं और उत्पादों, डेयरी सहयोग, बिजली लाइनों और सबस्टेशनों, जल परियोजनाओं आदि के निर्माण के लिए 1038 मिलियन अमेरिकी डॉलर राशि के 11 नए ऋण प्रदान किए गए। मोज़ाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी ने मोजाम्बिक के सोफाला प्रांत में सड़क निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सड़क परियोजना की आधारशिला रखी। 2018-19 में कुल 101.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नौ परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं।

नए क्षमता निर्माण संस्थानों में दक्षिण अफ्रीका में गांधी-मंडेला कौशल केंद्र और जिम्बाब्वे में इंडो-ज़िम प्रौद्योगिकी केंद्र का उन्नयन शामिल है। क्षमता निर्माण और कौशल विकास कार्यक्रम भारत के विस्तार विकास साझेदारी के केंद्र में बने रहे। हमने आईटीईसी, आईसीसीआर, आईएएफएस कार्यक्रम और पीपीपी प्रशिक्षण पहलों के तहत अपने लोकप्रिय प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति कार्यक्रमों को जारी रखा। इस वर्ष के दौरान डेयरी सहयोग पर नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए।

आर्थिक मोर्चे पर, अफ्रीका के साथ हमारा व्यापार कई गुना और विविधतापूर्ण रहा। वर्तमान द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़े 62.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 22% अधिक है। एसएडीसी कारोबारी शिखर सम्मेलन का दक्षिण अफ्रीका और इन्वेस्ट इन इंडिया बिजनेस फोरम का जोहान्सबर्ग में नवंबर 2018 में आयोजन किया गया।

इस वर्ष संपन्न किए गए महत्वपूर्ण समझौतों में मलावी के साथ प्रत्यर्पण संधि, रवांडा के साथ डेयरी सहयोग पर समझौता ज्ञापन, मलावी के साथ असैन्य परमाणु सहयोग में क्षमता निर्माण, दक्षिण अफ्रीका के साथ अंतरिक्ष सहयोग, कई देशों के साथ राजनयिक वीजा छूट समझौते और युगांडा के साथ रक्षा सहयोग समझौता शामिल हैं।

रक्षा सहयोग के संबंध में, वर्ष 2018 में कोमोरोस में भारतीय नौसेना के जहाजों ने पहली बार सदभावना यात्रा की, मेडागास्कर (अक्टूबर 2018), मोजाम्बिक (सितंबर 2018) और दक्षिण अफ्रीका (अक्टूबर 2018) में सदभावना जहाज यात्रा संपन्न हुई। इस वर्ष सेना प्रमुख और सीओएससी ने केन्या और तंजानिया का दौरा किया। दक्षिण अफ्रीकी नौसेना प्रमुख ने नवंबर 2018 में भारत का दौरा किया।

लेसोथो, युगांडा, रवांडा, बुरुंडी, मेडागास्कर और जिम्बाब्वे सहित विभिन्न अफ्रीकी देशों को भाभाट्रोन और एंबुलेंसों सहित, दवाइयों और चिकित्सा उपस्करों का उपहार देने के साथ स्वास्थ्य और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सहयोग पर फोकस बनाए रखा गया। सार्वजनिक-निजी सहयोग के क्षेत्र में नई पहल इस साल जारी रही और अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अधिक अस्पतालों को शामिल करने के लिए इसका विस्तार किया गया।

भारतीय और अफ्रीकी लोगों के आवागमन को आसान बनाने के लिए, अफ्रीका से 33 देशों को कवर करने के लिए ईटीवी सुविधा का विस्तार किया गया। दिसंबर 2018 से एयर तंज़ानिया द्वारा दार एस सलाम से सीधी उड़ानों की घोषणा के साथ एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाया गया।

समान विचारधारा वाले देशों के साथ त्रिपक्षीय सहयोग की हमारी पहल के तहत, हमने अफ्रीका में संयुक्त परियोजनाओं के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ पहले दक्षिण-दक्षिण सहयोग समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया। 11 दिसंबर 2018 को फ्रांस के साथ वार्ता का दूसरा दौर आयोजित किया गया था। जापान के साथ, हमने केन्या में कैंसर अस्पताल की संयुक्त स्थापना की घोषणा की। जापान के साथ, हम एशिया और अफ्रीका में औद्योगिक गलियारों और औद्योगिक नेटवर्क विकसित करने की दिशा में भारतीय और जापानी व्यवसायों के साथ आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए एशिया-अफ्रीका क्षेत्र में जापान-भारत व्यापार सहयोग का एक मंच भी स्थापित कर रहे हैं।

भारत ने कुछ अफ्रीकी देशों में सकारात्मक आंतरिक राजनीतिक विकास में भाग लिया। भारत सरकार ने निरस्त्रीकरण, सैन्य विघटन और पुनर्घटन (डीडीआर) शांति प्रक्रिया के लिए मोजाम्बिक में मुख्य विपक्षी दल की सेना विंग के साथ एक शांति पर्यवेक्षक को प्रतिनियुक्त किया। भारत ने जुलाई 2018 में जिम्बाब्वे में होने वाले ऐतिहासिक चुनावों का अवलोकन करने के लिए 8 चुनाव पर्यवेक्षकों की एक टीम भी भेजी।

पश्चिम अफ्रीका

वर्ष के दौरान **पश्चिम अफ्रीका** क्षेत्र के देशों के साथ भारत के संबंधों का विस्तार और विविधीकरण जारी रहा। इस अवधि के दौरान अंतर्राष्ट्रीय/बहुपक्षीय सम्मेलनों के अवसर पर कई उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय यात्राएं हुई तथा बैठकें आयोजित की गई। हमारी सक्रिय भागीदारी ने राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, आर्थिक (व्यापार और निवेश) संबंधों को बढ़ाने और विकास साझेदारी को गहन बनाने में योगदान दिया।

यह क्षेत्र (पश्चिम, उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका के 25 देशों सहित) अफ्रीका की सबसे अधिक जनसंख्या और ऊर्जा संसाधनों तथा खनिजों के सबसे बड़े भंडारों वाला सबसे तीव्र अर्थव्यवस्थाओं का गढ़ है। यह क्षेत्र सभी ज्ञात खनिजों से समृद्ध है। भारत इस क्षेत्र से कच्चे तेल की लगभग 18% जरूरतें पूरी करता है (अकेले नाइजीरिया से 11-12%)। भारत प्रति वर्ष घाना से 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का सोना आयात करता है। भारत को इस क्षेत्र के कोट डी'आइवरी, गिनी बिसाऊ और सेनेगल सहित देशों से उल्लेखनीय मात्रा में कच्चा काजू प्राप्त करता है।

यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से स्थिर रहा। हालांकि, आतंकवाद और संगठित अपराधों से उत्पन्न चुनौतियों का खतरा कई देशों को प्रभावित करता रहा। आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए क्षेत्र के देशों के बीच प्रयासों का समन्वय और तालमेल बेहतर रहा है। इन प्रयासों में बुर्किना फासो, चाड, माली, मॉरिटानिया और नाइजर द्वारा स्थापित सहेल (जी5 सहेल) या एफसी-जी5एस के पांच के समूह की संयुक्त सेना शामिल है। भारत मॉनूसको (कांगो डोमेस्टिक रिपब्लिक में संयुक्त राष्ट्र स्थिरीकरण मिशन) को सैन्य पर्यवेक्षकों और पुलिसकर्मियों सहित सैनिक योगदान दे रहा है। वर्तमान में 2,930 भारतीय कार्मिक मॉनसको के साथ तैनात किए गए हैं।

अप्रैल 2018 से मार्च 2019 की अवधि के दौरान, माली (जुलाई 2018); कैमरून (अक्टूबर 2018); डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो [दिसंबर 2018]; नाइजीरिया [फरवरी 2019] और सेनेगल [फरवरी 2019], चाड, डीआरसी, गैबॉन, गिनी (जनवरी 2019) में राष्ट्रपति चुनाव हुए, माले, मॉरिटानिया, साओ टोम और प्रिंसिपे और टोगो ने भी संसदीय चुनाव देखे।

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने अप्रैल 2018 में इक्वेटोरियल गिनी का दौरा किया। वर्ष के दौरान, राज्यमंत्री श्री एम.जे. अकबर ने कोट डी'आइवरी, लाइबेरिया, बुर्किना फासो, नाइजीरिया और इक्वेटोरियल गिनी की यात्रा की। मार्च 2018 में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के संस्थापक सम्मेलन में पश्चिम अफ्रीका के देशों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और इसमें बुर्किना फासो, नाइजर के राष्ट्रपति, कोटे डी'आइवरी के उपराष्ट्रपति और कई मंत्री शामिल थे।

पश्चिम अफ्रीका के देशों के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 28.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर (वित्तीय वर्ष 2017-18) रहा। वित्त वर्ष 2016-17 की तुलने में इसमें 29% की वृद्धि हुई। यह वृद्धि निर्यात और आयात दोनों में हुई थी। क्षमता निर्माण, कौशल विकास और भौतिक और सामाजिक अवसंरचना को मजबूत करना इस क्षेत्र के साथ भारत की विस्तारित विकास साझेदारी के केंद्र में रहा है। 2017-18 के लिए, लगभग 1450 नागरिक आईटीईसी (भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम) स्लॉट; 200 से अधिक रक्षा स्लॉट (नाइजीरिया को 111 स्लॉट) और पश्चिम अफ्रीकी देशों को 300 आईसीसीआर छात्रवृत्तियां आवंटित की गईं। सभी 25 पश्चिम अफ्रीकी देशों ने संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय निकायों में विभिन्न चुनावों में भारत की उम्मीदवारी को समर्थन जारी रखा। 14 पश्चिम अफ्रीकी देशों ने आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर और पुष्टि की है।

यूरोप और यूरोपीय संघ

मध्य यूरोप

भारत ने मध्य यूरोप के देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की अपनी नीति जारी रखी। राजनीतिक मुद्दों पर, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों मंचों पर अच्छी समझ रही। बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, व्यापारिक आदान-प्रदान, शैक्षिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस क्षेत्र के साथ हमारे बढ़ते संबंधों में वृद्धि की। इस वर्ष नॉर्वे, माल्टा, चेक गणराज्य और डेनमार्क से उच्च-स्तरीय यात्राएं दिखाई दी। राष्ट्रपति ने ग्रीस, साइप्रस, बुल्गारिया और चेक गणराज्य और उपराष्ट्रपति ने सर्बिया, माल्टा और रोमानिया की यात्राएं कीं। प्रधानमंत्री ने पहली बार स्टॉकहोम

में भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया और स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड के नेताओं के साथ बातचीत की। वर्ष के दौरान कारोबार करने की आसानी के मापदंडों में प्रगति, माल एवं सेवा कर के माध्यम से एक एकीकृत बाजार बनाने, निवेश और लाइसेंसिंग नीतियों के उदारीकरण, दिवाला और दिवालियापन संहिता, उत्पादक विनिवेश उपायों, डिजिटल रोजगार कार्यालयों के शुभारंभ और सरकार की पहल अर्थात् मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप/स्टैंड-अप इंडिया, सबके लिए आवास, शहरी नवीकरण और कायाकल्प, डिजिटल अवसंरचना और औद्योगिक गलियारों, स्वच्छ भारत और कौशल भारत सहित अवसंरचना के बारे में जानकारी के प्रसार पर फोकस रहा। भारत और मध्य यूरोपीय देशों ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे को समर्थन देना जारी रखा, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में एक-दूसरे के उम्मीदवारों का समर्थन भी शामिल था।

पश्चिमी यूरोप

भारत ने बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, आयरलैंड, नीदरलैंड, आदि सहित पश्चिमी यूरोप के देशों के साथ अपना बहुमुखी जुड़ाव जारी रखा। भारत के उपराष्ट्रपति श्री एम. वैंकैया नायडू ने 18-19 अक्टूबर 2018 को यूरोपीय संघ की मेजबानी में आयोजित 12वीं एशिया-यूरोप बैठक (एएसईएम) के लिए ब्रुसेल्स का दौरा किया और बेल्जियम के राजा से मुलाकात की तथा बेल्जियम और भारत के बीच उत्कृष्ट द्विपक्षीय सहयोग के साथ ही साझा हित के समकालीन मुद्दों पर चर्चा की। उपराष्ट्रपति ने प्रथम विश्व युद्ध की आर्मिस्टिस शताब्दी के स्मारक समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 11 नवंबर 2018 को पेरिस में उद्घाटन पेरिस शांति मंच में भाग लिया। उन्होंने 10 नवंबर 2018 को विलियर्स गुइस्लान में मारे गए भारतीय सैनिकों के स्मारक का उदघाटन किया।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 17 से 23 जून 2018 तक इटली, फ्रांस, लक्ज़मबर्ग और ब्रुसेल्स की 4 देशों की आधिकारिक यात्रा की। चार यूरोपीय देशों की यात्रा ने राजनीतिक नेतृत्व के साथ वैश्विक, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय मुद्दों के व्यापक स्तर पर गहन विचार-विमर्श करने और यूरोपीय संघ के साथ हमारे बढ़ते सामरिक जुड़ाव को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

भारत और फ्रांस ने अपनी सामरिक साझेदारी के बीस वर्षों को चिन्हित किया जो 1998 में स्थापित की गई थी। यह संबंध एक करीबी और बढ़ते द्विपक्षीय संबंध और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों के अभिसरण द्वारा चिन्हित है। रक्षा और सुरक्षा सहयोग, अंतरिक्ष सहयोग और असैनिक परमाणु सहयोग के क्षेत्र सामरिक भागीदारी के प्रमुख आधार हैं। सहयोग के इन पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा, भारत और फ्रांस हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) सहित जलवायु परिवर्तन और अन्य बातों के बीच स्थायी विकास और विकास जैसे सहयोग के नए क्षेत्रों में तेजी से संलग्न हैं। रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपनी समकक्ष फ्रांस की सशस्त्र बलों की मंत्री सुश्री फ्लोरेंस पार्ली के साथ पहले द्विपक्षीय मंत्री स्तरीय वार्षिक रक्षा संवाद के लिए 11-12 अक्टूबर, 2018 को पेरिस का दौरा किया।

भारत और जर्मनी के बीच उच्च-स्तरीय यात्राओं ने 2018 में द्विपक्षीय संबंधों में गति बनाए रखने में मदद की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2018 में जर्मनी का दौरा किया। जर्मनी के संघीय राष्ट्रपति डॉ. फ्रैंक वाल्टर स्टीनमीयर ने मार्च 2018 में भारत की अपनी पहली यात्रा की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और चांसलर सुश्री एंजेला मर्केल द्वारा साझा किए गए विश्वास और समझ को वर्ष के दौरान आयोजित कई बैठकों और फोन वार्तालापों में प्रकट किया गया। दोनों पक्षों की ओर से, केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर नियमित रूप से द्विपक्षीय दौरे किए गए और व्यापार और निवेश, विनिर्माण, कौशल विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, अवसंरचना, नवोन्मेष, रक्षा सहयोग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में परस्पर संवाद और सहयोग जारी रहा।

भारत और इटली ने भारत और इटली में साल भर उत्सवों के साथ अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मनाई। पूर्व इतालवी प्रधानमंत्री श्री पाओलो जेंटिलोनी की यात्रा के ठीक एक साल बाद, अक्टूबर 2018 में प्रधानमंत्री श्री ग्यूसेप कोंटे की आधिकारिक यात्रा से संबंधों को और बढ़ावा मिला। जून 2018 में कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री श्री ग्यूसेप कोंटे की एशिया की यह पहली यात्रा थी। उसने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग-भारतीय उद्योग परिसंघ (डीएसटी)-(सीआईआई) प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन के 24वें संस्करण में इतालवी आधिकारिक-सह-व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जिसमें इटली साझेदार देश था। 17 जून 2018 को विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की इटली की यात्रा, इटली की नई सरकार के साथ पहला बड़ा राजनीतिक आदान-प्रदान था।

डच प्रधानमंत्री श्री मार्क रुटे ने 24 और 25 मई 2018 को भारत में एक व्यापार मिशन का नेतृत्व किया। यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा डच व्यापार मिशन था।

भारत और ब्रिटेन के बीच बहुआयामी सामरिक साझेदारी को 18 अप्रैल 2018 को प्रधानमंत्री की लंदन यात्रा, तीन साल की अवधि के भीतर प्रधानमंत्री स्तर पर तीसरी, से नई गति प्राप्त हुई। यात्रा के दौरान साइबर संबंध ढ़ांचे, गंगा नदी के कायाकल्प, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, सुरक्षित परमाणु ऊर्जा के उपयोग, पशुपालन, मत्स्यपालन और डेयरी सहयोग, आपराधिक रिकॉर्ड साझा करने, न्यूटन-भाभा कार्यक्रम के तहत मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान और आयुर्वेद और पारंपरिक भारतीय चिकित्सा में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दस समझौता ज्ञापनों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद, दोनों पक्षों की कई मंत्रिस्तरीय यात्राओं के साथ वर्ष भर द्विपक्षीय सहयोग में गति बनाए रखी गई।

यूरोपीय संघ: भारत और यूरोपीय संघ के बीच वर्ष 2000 से शिखर सम्मेलन स्तरीय बैठकों सहित सहयोग का बहु-स्तरीय संस्थागत स्थापत्य मौजूद है। 2004 में इस संबंध को 'सामरिक साझेदारी' में उन्नत किया गया। आज, भारत और यूरोपीय संघ के 30 से अधिक संवाद तंत्रों में आपसी हित के मुद्दों का एक विशाल सप्तक निहित है।

2018, सभी मानकों के अनुसार, भारत-यूरोपीय संघ की सामरिक साझेदारी में बहुत महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। हमारी गहन भागीदारी हमारे एजेंडा 2020 और 14वें भारत-यूरोपीय संघ संयुक्त वक्तव्य में हमारे द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में रचनात्मक और परिणामोन्मुखी रही है।

यूरोपीय संघ ने 20 नवंबर 2018 को भारत के लिए एक नया सामरिक पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें अगले 10-15 वर्षों में किए जाने वाले ठोस कार्रवाई बिंदुओं सहित व्यापक कैनवास को शामिल किया गया।

2018 में, विभिन्न मंत्रिस्तरीय यात्राओं के अलावा, हमने जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, नीदरलैंड और पुर्तगाल के साथ शिखर स्तर की बैठकें की हैं, जिनसे हमारे पहले से मजबूत संबंध और मजबूत हुए। अनुसरण के लिए यूरोपीय आयोग के आयुक्तों के भी दौरे आयोजित किए गए हैं और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए रोड मैप बनाए गए हैं।

2017-18 में यूरोपीय संघ के साथ भारत के 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के द्विपक्षीय व्यापार के साथ यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा क्षेत्रीय व्यापार साझेदार है।

अमेरिका

2018-19 में अमेरिका के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों और कनाडा के साथ संबंधों में निरंतर प्रगति के लिए महत्वपूर्ण अग्रगामी हलचल देखी गई। भारत, अमेरिका और जापान के नेताओं सहित पहला त्रिपक्षीय सम्मेलन नवंबर 2018 में ब्यूनस आयर्स में हुआ। सितंबर 2018 में भारत-अमेरिकी मंत्रिस्तरीय 2+2 वार्ता की उदघाटन बैठक ने विदेश नीति, रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों पर समृद्ध चर्चा और परिणामों के लिए मंच तैयार किया। दोहरे उपयोग की वस्तुओं में अमेरिकी व्यापार के उद्देश्य से एक सामरिक व्यापार प्राधिकरण टियर-I भागीदार देश के रूप में भारत का उन्नयन अमेरिकी आतंकरोधी सहयोग के एक प्रमुख रक्षा भागीदार के रूप में भारत का लाभ परिलक्षित किया और क्षेत्रीय आतंकवाद-प्रतिरोधी चुनौतियों पर अमेरिका के साथ समन्वय में काफी सुधार हुआ। फरवरी, 2018 में ही कनाडा के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा और दोनों विदेश मंत्रियों की भारत-कनाडा सामरिक वार्ता, ने आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ का सामना करने सहित कई क्षेत्रों में कार्यात्मक सहयोग को प्रोत्साहन प्रदान किया।

लैटिन अमेरिका

भारत लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। एक मिलियन से अधिक भारतीय प्रवासियों जो सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से भारत से जुड़े हुए हैं, की उपस्थिति इस संबंध को एक विशेष आयाम देती है।

2018 के दौरान, क्षेत्र के साथ भारत के संबंध हमारे राजनीतिक जुड़ाव के साथ ही हमारे व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों के संदर्भ में कई वीवीआईपी यात्राओं और परिसंवादों इंटरैक्शन द्वारा चिन्हित किए गए। भारत और एलएसी देशों के नेतृत्व के बीच संदेशों के नियमित आदान-प्रदान ने निकट संपर्क बनाए रखने में मदद की।

संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय संगठन और कानूनी और संधियां प्रभाग

2018 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यू एन), गुट निरपेक्ष आंदोलन (नैम) और राष्ट्रमण्डल सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ अपनी सक्रिय संलग्नता को जारी रखा। प्रधान मंत्री ने अप्रैल 2018 में लंदन में आयोजित राष्ट्रमण्डल शासन प्रमुखों की बैठक (चोगम) में भारतीय शिष्टमण्डल की अगुवाई की, जिसके दौरान उन्होंने अनेक घोषणाएं की जैसे तकनीकी सहयोग के लिए राष्ट्रमण्डल निधि और साथ ही न्यू यॉर्क और जेनेवा में राष्ट्रमण्डल लघु राष्ट्र कार्यालयों को भारत द्वारा वित्तीय योगदान को दोगुना किया जाना, भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास भागीदारी निधि के अंतर्गत राष्ट्रमण्डल उप-विंडो को शुरू किया जाना, भारत में राष्ट्रमण्डल देशों के 16 वर्ष से कम उम्र के लिए समुद्री विकास और क्रिकेट प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत क्षमता निर्माण कार्यक्रम। ये घोषणाएं राष्ट्रमण्डल में भारत द्वारा अपनी संलग्नता को बढ़ाने के प्रयासों का संकेत देती है।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने अप्रैल 2018 में बाकू में आयोजित नैम मध्यकालिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारतीय शिष्टमण्डल की अगुवाई की। विदेश मंत्री ने 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2018 को आयोजित 73वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्चस्तरीय सेगमेंट के दौरान भी भारतीय शिष्टमण्डल की अगुवाई की। यूएनजीए में अपने वक्तव्य में विदेश मंत्री ने यूएनजीसी के सुधार की तात्कालिक जरूरत पर जोर दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय (सीसीआईटी) को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उच्च स्तरीय आदान-प्रदान में अगस्त 2018 में यूएनजीए के 73वें सत्र की अध्यक्ष सुश्री मारिया फर्नाण्डा एस्पीनोसा और जून 2018 में यूएन शान्तिरक्षा ऑपरेशन हेतु अवर महासचिव श्री जीन पियरे लैक्रोइक्स द्वारा किए गए आदान-प्रदान शामिल थे।

भारत ने नवम्बर 2018 में सियरे लियोन के लिए रेजिडुअल विशेष न्यायालय को स्वैच्छिक योगदान के रूप में 100000 अमेरिकी डॉलर प्रदान किया। रेजिडुअल न्यायालय अन्य बातों के साथ-साथ गवाहों और पीड़ितों को संरक्षण और सहयोग प्रदान करने, सजा को लागू किए जाने की निगरानी करने; कानूनी सहायता प्रदान करने और अवमानना कार्यवाहियां आयोजित करने के लिए अधिदेशित है।

भारत और शांतिरक्षाः-

अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक 29 मार्च 2019 को न्यू यॉर्क में आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन 2017 के वैंकुअर और 2016 के लंदन मंत्रिस्तरीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सम्मेलनों के अनुक्रम में किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का 73वां सत्र, जिसका विषय "संयुक्त राष्ट्र को सभी देशों के लिए सुसंगत बनानाः शांति, समतामूलक और संधारणीय समाजों के लिए वैश्विक नेतृत्व और साझा जिम्मेदारी" था न्यूयॉर्क में 18 सितम्बर 2018 को प्रारंभ हुआ। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2018 को 73वें यूएनजीए सत्र के उच्च स्तरीय सेगमेंट के दौरान भारतीय शिष्टमण्डल की अगुवाई की और 29 सितम्बर 2018 को भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।

संयुक्त राष्ट्र में जी-4 और एल69 जैसे सुधारोन्मुख समूहों के साथ सक्रिय संलग्नता करते हुए भारत ने अवधि के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रखा। एल 69 समूह ने भारत सहित अपने सभी सदस्यों के सहयोग से "सुरक्षा परिषद सुधारः 25 वर्षों की वार्ताएं" पर हैण्डबुक तैयार किया जिसमें विगत 25 वर्षों के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार प्रक्रिया के अधीन तैयार किए गए सभी दस्तावेज़ों को संकलित किया गया है।

जी-4 विदेश मंत्री (जिसमें भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान शामिल हैं) ने यूएनएससी सुधार की प्रगति की समीक्षा के लिए 73वें यूएनजीए सत्र के दौरान 25 सितम्बर, 2018 को न्यू यॉर्क में अपनी वार्षिक बैठक आयोजित की।

भारत ने वैश्विक आतंकवाद-रोध प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के भीतर और अधिक प्राथमिकता दिए जान का प्रयास जारी रखा। यह बार-बार रेखांकित किया गया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अपने विधिक ढांचे को मजबूत बनाने की आवश्यकता है जो अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय पर करार द्वारा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद-रोध सहयोग का समर्थन करें और मौजूदा आतंकवाद-रोध ढांचे की और अधिक पारदर्शिता एवं प्रभाविकता सुनिश्चित करें।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव श्री एण्टोनियो गुटरेस ने विदेश मंत्री के बुलावे पर 1 से 4 अक्टूबर, 2018 को भारत की यात्रा की। महासचिव गुटरेस ने 2 अक्टूबर, 2018 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन में हिस्सा लिया।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ (आईएसए) की प्रथम सभा के संयुक्त उद्घाटन समारोह, द्वितीय रि-इन्वेस्ट सम्मेलन और हिंद महासागर रिम राष्ट्र संघ सदस्य देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लिया।

भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा फौज का सबसे बड़ा समेकित सहयोगकर्ता बना रहा, उसने 1950 के दशक से 200,000 से अधिक फौजियों और पुलिस कर्मियों की व्यवस्था की है। 31 अक्टूबर, 2018 की स्थिति के अनुसार भारत चौथा सबसे बढ़ा फौज योगदाता देश है जिसने 9 शांतिरक्षा मिशनों में 6,608 कार्मिकों का नियोजन किया है।

भारत का चयन 2019-2021 की अवधि के लिए सं. रा. मानवाधिकार परिषद (एचआरसी) में हुआ है जो पूरे 18 उम्मीदवार देशों के बीच सर्वाधिक मत (193 में से 188) पाने वाला देश था। भआरत को 2019-2022 की अवधि के लिए गैर-सरकारी संगठन की समिति के लिए पुनः चुना गया है। भारत को 2019-21 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र निकायः अपराध निवारण और दाण्डिक न्याय आयोग (सीसीपीसीजे) में, 2019-2021 की अवधि के लिए यूएनडीपी/यूएनएफपीए/यूएनओपीएस के कार्यकारी बोर्ड, 2019-2021 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र-महिला (यूएन- महिला का कार्यकारी बोर्ड), 16 अप्रैल 2018 से 2021 की अवधि के लिए सीपीडी (जनसंख्या और विकास आयोग) और 16 अप्रैल 2015 से 2021 तक सीएसओसीडी (सामाजिक विकास आयोग) में भी चुना गया है। भारत को 2019-2022 की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ परिषद (आईटीयू) के सदस्य के रूप में पुनः चुना गया है।

निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मामले

2018-19 में, भारत निरस्त्रीकरण, अप्रसार और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से संलग्न रहा और विभिन्न क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों में अपने अनुभवों और भागीदारियों के आधार पर एक मजबूत और विश्वसनीय कथानक को कायम रखा। भारत ने सार्वभौमिक और गैर-भेदभावपूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्य के साथ ही सामान्य और पूर्ण निरस्त्रीकरण के लक्ष्य के लिए निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर सक्रिय भूमिका निभाना जारी रखा।

निरस्त्रीकरण के मुद्दों पर भारत का रुख अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों और अंतर्राष्ट्रीय भू-स्थैतिक माहौल में वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोगी प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ घनिष्ठ जुड़ाव की परंपरा से निर्देशित रहा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की पहली समिति, संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण आयोग, निरस्त्रीकरण सम्मेलन, जैविक और विषाक्त हथियारों के सम्मेलन (बीटीडब्ल्यूसी), रासायनिक हथियार सम्मेलन (सीडब्ल्यूसी), कुछ पारंपरिक हथियारों पर सम्मेलन (सीसीडब्ल्यू) और संयुक्त राष्ट्र छोटे अस्त्रों और हल्के हथियारों पर कार्रवाई कार्यक्रम (यूएनपीओए ऑन एसएएलडब्ल्यू) के साथ ही इन मुद्दों से निपटने वाले विभिन्न अन्य बहुपक्षीय मंचों और तंत्रों की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

भारत 2018 में ऑस्ट्रेलिया ग्रुप (एजी) का सदस्य बना। भारत ने अप्रसार के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वैश्विक प्रयासों में योगदान करते हुए, वासेनार अरेंजमेंट (डब्ल्यूए), मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजीम (एमटीसीआर) और हेग आचार संहिता के साथ भी सक्रिय रूप से कार्य किया।

बहुपक्षीय आर्थिक संबंध

ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका)

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 25 से 27 जुलाई 2018 तक दसवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। नेताओं ने आर्थिक और वित्त सहयोग, वैश्विक आर्थिक प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर चर्चा की। शिखर सम्मेलन के परिणामों में जोहान्सबर्ग घोषणा शामिल थी जिसमें ब्रिक्स नेताओं द्वारा आतंकवाद पर सशक्त विचार व्यक्त किए गए। ब्रिक्स नेताओं ने अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने अपने देशों से आतंकवादी नेटवर्क और उनके कार्यों के खतरे को रोकने के लिए सभी देशों की जिम्मेदारी की याद दिलाया। ब्रिक्स नेताओं ने ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में 30 नवंबर 2018 को जी20 शिखर सम्मेलन के अंत में अपनी प्रथागत अनौपचारिक बैठक भी की। नेताओं ने जी20 बैठक की कार्यसूची पर चर्चा की और वैश्विक राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और महत्व और आपसी चिंता के वैश्विक प्रशासन मुद्दों की विस्तृत श्रृंखला पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

तेरहवां जी20 शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री ने 30 नवंबर और 1 दिसंबर 2018 को ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में तेरहवें जी20 शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। शिखर सम्मेलन का विषय "निष्पक्ष और सतत विकास के लिए सहमति का निर्माण" था। शिखर सम्मेलन के एजेंडे में वैश्विक अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, 2030 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, सतत विकास, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, जलवायु स्थिरता, अवसंरचना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा संक्रमण और स्थायी खाद्य भविष्य शामिल थे। जी20 नेताओं ने शिखर सम्मेलन में एक विज्ञप्ति जारी की जिसमें घोषणा की गई कि शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक एजेंडे के माध्यम से निष्पक्ष और सतत विकास के लिए आम सहमति का निर्माण करना है जो जन-केंद्रित, समावेशी और दूरंदेशी हो। शिखर सम्मेलन में 30 नवंबर 2018 को 'एक उचित और सतत भविष्य' पर नेताओं का रिट्रीट आयोजित किया गया।

आईबीएसए (भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका)

वर्ष के दौरान आईबीएसए के विदेश मंत्रियों की दो बैठकें आयोजित की गईं। विदेश मंत्री (ईएएम) श्रीमती सुषमा स्वराज ने 27 सितंबर 2018 को न्यूयॉर्क में आयोजित नौवें आईबीएसए त्रिपक्षीय मंत्री आयोग की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 4 जून 2018 को प्रीटोरिया में आईबीएसए के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर एक आईबीएसए संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया।

सार्क और बिम्सटेक

बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग हेतु बंगाल की खाड़ी पहल

बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग हेतु बंगाल की खाड़ी पहल भारत की प्रमुख विदेश नीति की प्राथमिकताओं 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' को पूरा करती है। 30-31 अगस्त 2018 को काठमांडू में आयोजित चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक को महत्वपूर्ण प्रेरणा मिली। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। शिखर सम्मेलन का विषय था "शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत बंगाल की खाड़ी क्षेत्र की ओर"। शिखर सम्मेलन में अपनाई गई काठमांडू घोषणा सुरक्षा और आतंकवाद, आपदा प्रबंधन, संपर्क और व्यापार, ऊर्जा, कृषि और गरीबी उन्मूलन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के निकट संपर्क के प्रमुख क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग को तेज करने का प्रयास करती है।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 27 सितंबर 2018 को न्यूयॉर्क में 73वें यूएनजीए सत्र के अवसर पर आयोजित सार्क मंत्रिपरिषद की एक अनौपचारिक बैठक में भाग लिया। मार्च 2018 में ढाका में आयोजित बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की दूसरी बैठक के आयोजन से क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को और बढ़ावा मिला। भारत ने 5 से 7 दिसंबर 2018 तक आईडीएसए, नई दिल्ली में बिम्सटेक क्षेत्रीय साइबर सुरक्षा संवाद का आयोजन किया। आतंकवाद-रोधक विषय पर पहला बिम्सटेक सैन्य अभ्यास (बिम्सटेक माइलक्स-2018) पुणे में 10 से 16 सितंबर 2018 तक आयोजित किया गया।

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 27 सितंबर 2018 को न्यूयॉर्क में 73वें यूएनजीए सत्र के अतिरिक्त आयोजित सार्क मंत्रिपरिषद की एक अनौपचारिक बैठक में भाग लिया। सचिव (आर्थिक कार्य) ने 4 मई 2018 को मनीला, फिलीपींस में एशियाई विकास बैंक की वार्षिक बैठक के अतिरिक्त सार्क वित्त मंत्रियों की 12वीं अनौपचारिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

भारत ने उनके क्षेत्रीय केंद्रों/विशिष्ट निकायों और क्षेत्रीय बैठकों सहित सार्क की अन्य आधिकारिक और तकनीकी स्तर की बैठकों में भाग लिया। दक्षिण एशिया के देशों में अपने राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क का विस्तार करने की भारत की पहल, 15 जनवरी 2018 को श्रीलंका में अपने विस्तार के पहले चरण के उदघाटन के साथ आगे बढ़ी। भारत ने दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय (एसएयू) को अपना समर्थन जारी रखा, जिसे भारत में उत्कृष्टता के एक केंद्र के तौर पर स्थापित किया गया था। सार्क आपदा प्रबंधन केंद्र (आईयू), गांधीनगर का भारत द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषण जारी है।

विकास सहयोग

विकास सहयोग भारत के बाहरी जुड़ाव का एक प्रमुख स्तंभ है। भारत के भूराजनीतिक, सामरिक और आर्थिक हितों और साझा समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता ने इसके वृहद्-स्तरीय और व्यापक विकास सहायता कार्यक्रम को निर्देशित किया है। विदेश मंत्रालय में विकास साझेदारी प्रशासन भारत की विकास सहायता का प्रबंधन करता है जो सहचर विकासशील देशों की प्राथमिकताओं और जरूरतों का अनुकूलन करता है। ऐसी सहायता भारत के अपने संचित अनुभवों और कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साझाकरण और स्थायी दीर्घकालिक क्षमताओं और परिसंपत्तियों के निर्माण में सहयोग करती है, जो अपने सहचर देशों के चुने हुए विकास प्रक्षेपवक्र में योगदान करती हैं।

विकास सहायता मुख्य रूप से भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) के तहत ऋण सीमा (एलओसी), अनुदान सहायता, लघु विकास परियोजनाओं, तकनीकी परामर्श, मानवीय सहायता और आपदा राहत के साथ ही क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के रूप में प्रदान की जाती है।

निकटस्थ पड़ोस और दक्षिण-पूर्व एशिया भारत की विकास सहायता का पारंपरिक और मजबूत केंद्र रहा है। भारत के पड़ोसी देशों के साथ विकास सहयोग भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' नीति की पुष्टि करता है। इससे इन देशों के साथ घनिष्ठ और बहुआयामी संबंधों के बढ़ते आयाम का निर्माण होता है। भारत का अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, नेपाल और श्रीलंका सहित पड़ोस में अपने सभी साझेदारों के साथ सक्रिय और व्यापक विकास सहयोग है। ऐसे सहयोग में सड़क और पुल, जलमार्ग और ट्रांसमिशन लाइन, निर्माण, बिजली उत्पादन, कृषि, क्षमता निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास सहित अवसंरचना विकास शामिल है।

विकास सहयोग भारत की विदेश नीति का एक अभिन्न अंग है। हाल के वर्षों में, विभिन्न देशों में भारत के विकास कार्यक्रमों की भौगोलिक पहुंच और क्षेत्रीय कवरेज दोनों में, काफी विस्तार हुआ है। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ अनुदान सहायता, ऋण सीमा, तकनीकी परामर्श, आपदा राहत, मानवीय सहायता, शैक्षिक छात्रवृत्ति और अल्पकालिक नागरिक और सैन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सहित कई क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं।

विकास साझेदारी प्रशासन (डीपीए) की स्थापना जनवरी 2012 में संकल्पना, प्रक्षेपण, कार्यान्वयन और कमीशनिंग के चरणों के माध्यम से भारत की विकास परियोजनाओं के कुशल निष्पादन और निगरानी के लिए विदेश मंत्रालय में की गई थी।

मेजबान सरकारों द्वारा प्राथमिकता क्षेत्रों के रूप में चिन्हित प्रमुख विकास परियोजनाएं अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव में अवसंरचना, पनबिजली, बिजली पारेषण, कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में कार्यान्वयन के अधीन हैं। इसके अलावा, भारत के पड़ोसियों के साथ सीमा पार कनेक्टिविटी के विकास और सुदृढ़ता के लिए आरंभ की गई विभिन्न परियोजनाएं संतोषजनक रूप से प्रगति कर रही हैं। पड़ोस के पार, ऊर्जा, बिजली संयंत्र, बिजली पारेषण और वितरण, सड़क, रेलवे, बंदरगाह, कृषि और सिंचाई, औद्योगिक इकाइयों, पुरातत्व संरक्षण, सूचना और कंप्यूटर प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और लघु और मध्यम उद्यमों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय परियोजनाएं दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में चलाई गई हैं।

पिछले कुछ वर्षों में भारत की विकास सहायता का एक प्रमुख पहलू अन्य विकासशील देशों के लिए रियायती शर्तों पर ऋण श्रृंखला का विस्तार है। इन वर्षों में, विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न देशों को 26.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 269 ऋण आवंटित किए गए हैं, जिसमें 11.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर अफ्रीकी देशों और 15.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर एशिया, लैटिन अमेरिका और ओशिनिया के देशों के लिए आवंटित किया गया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, लगभग 1.03 बिलियन अमेरिकी डॉलर के एलओसी विभिन्न देशों को प्रदान किए गए। अप्रैल से नवंबर 2018 के बीच, कुल 1.03 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 11 नए एलओसी का अनुमोदन किया गया है। 2018-19 में (अप्रैल से नवंबर 2018 तक) कुल 101.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नौ परियोजनाएं पूरी की गई हैं।

2018-19 के दौरान, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत 161 भागीदार देशों को 11051 नागरिक प्रशिक्षण स्लॉट पेश किए गए। इन क्षमता निर्माण पाठ्यक्रमों में विभिन्न देशों में विशेष रूप से भागीदार देशों के विशिष्ट अनुरोधों पर आधारित डिज़ाइन किए गए पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल थे। आईटीईसी कार्यक्रम ने साझेदार देशों द्वारा चयनित और अनुरोध किए गए क्षेत्रों

में भारत के विशेषज्ञता और विकास के अनुभव को साझा करने के लिए विदेशों में भारतीय विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति को शामिल किया। इसकी लोकप्रियता को देखते हुए और दुनिया भर में बदलती जरूरतों और तकनीकी प्रगतियों के अनुरूप, आईटीईसी पेशकशों के गुलदस्ते में ई-आईटीईसी और आईटीईसी-ऑनसाइट जैसे नए तौर-तरीके शामिल किए गए हैं।

आपदा से प्रभावित देशों को भारत द्वारा मानवीय मोर्चे पर सहयोग बढ़ाया गया था। अन्य बातों के साथ-साथ, मोजाम्बिक, सीरिया, यमन, सोमालिया, युगांडा, तंजानिया, मेडागास्कर, स्वाज़ीलैंड और केन्या को दवाएं उपलब्ध कराई गईं। बांग्लादेश और सीरिया को खाद्य सामग्री और अन्य राहत सामग्री की आपूर्ति की गई थी।

आर्थिक कूटनीति

आर्थिक कूटनीति प्रभाग देश की विदेश नीति के आर्थिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है। इसने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कई पहलें कीं। भारत के निर्यात की पहुंच का विस्तार करने, विदेशों में भारतीय उद्यमों के लिए नए व्यापार के अवसर खोलने, निकट पड़ोस में और उससे परे आर्थिक वृद्धि करने, अधिक निवेश आकर्षित करने, पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने और भारत को एक आकर्षक व्यवसाय गंतव्य बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्रालय, केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, व्यापार मंडलों और विदेश स्थित मिशनों/नियुक्तियों के बीच अधिक समन्वय सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए।

भारतीय मिशनों/केंद्रों को उनके प्रत्यायन के देशों के साथ आर्थिक जुड़ाव को तेज करने में सक्षम बनाने के लिए, ईडी और राज्य प्रभागों ने अपने ''बाजार विस्तार कार्यकलाप'' बजट के अंतर्गत वित्तपोषण को बढ़ाकर 16 करोड़ रुपये कर दिया है। वित्तपोषण का उपयोग कैटलॉग शो और क्रेता-विक्रेता की बैठकों के माध्यम से भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करने, बाजार अध्ययनों को तैयार करने के लिए सलाहकारों को लगाने, विदेशी निवेशों को आकर्षित करने के लिए व्यापार सेमिनार आयोजित करने और विदेशों में व्यापार के अवसरों की तलाश करने वाले भारतीय उद्यमों के हितों को बढ़ावा देने की वकालत करने के लिए किया गया है। इसके अलावा, ईडी प्रभाग ने भी भारत में शीर्ष व्यापार मंडलों द्वारा भारत में विशिष्ट व्यापार और निवेश प्रोत्साहन कार्यकलापों का समर्थन करने के लिए 6 करोड़ रुपये तक के प्रस्तावों को संसाधित किया है।

राज्य

राज्य प्रभाग का सृजन सहकारी संघवाद और विकास के लिए कूटनीति के सिद्धांतों को प्रचालनरत बनाने के लिए किया गया था। इसका उद्देश्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की बाहरी पहुंच को सुविधाजनक बनाना और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों और केंद्रों के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देना है। यह प्रभाग द्विपक्षीय संबंधों में प्रांतीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है। 2017 में, प्रभाग ने विभिन्न सिस्टर सिटी/सिस्टर स्टेट्स अनुबंधों और राज्यों और विदेशी संस्थानों के बीच अन्य समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने की सुविधा प्रदान की। प्रभाग ने विभिन्न प्रांतीय और क्षेत्रीय निवेशकों की बैठकों और महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रभाग ने भारतीय राज्यों में संकटग्रस्त विदेशियों को सहायता प्रदान की है। प्रभाग भारतीय राज्यों और भारत में स्थित विदेशी दूतावासों और राजनयिकों के बीच संवाद की सुविधा भी प्रदान करता है।

आतंकवाद का मुकाबला

वर्ष के दौरान दुनिया के विभिन्न हिस्सों में घटने वाली आतंकवाद की विभिन्न घटनाओं के मद्देनजर सभी स्तरों पर विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों में आतंकवाद के मुद्दे का प्रमुखता से उल्लेख हुआ। ऐसी सभी वार्ताओं के दौरान, भारत ने वैश्विक स्तर पर खतरे से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की कड़ी निंदा की। भारत ने विभिन्न साझेदार देशों के साथ आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूहों के माध्यम से संरचित परामर्श जारी रखा। वर्ष 2018 के दौरान, भारत ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, इंडोनेशिया, रूस, ट्यूनीशिया, ब्रिटेन, अमेरिका, उज्बेकिस्तान और यूरोपीय संघ, ब्रिक्स और बिम्सटेक के साथ आतंकवाद-रोधक वार्ता की।

वैश्विक साइबर मुद्दे

विदेश मंत्रालय के अधीन, साइबर कूटनीति प्रभाग, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों स्तरों पर अंतर्राष्ट्रीय साइबर मुद्दों को देखता है। बहु-हितधारक दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए

ऐसे कार्यों का मुख्य उद्देश्य भारत के साइबर हितों की रक्षा करना है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रमुख सदस्य के तौर पर, भारत ने विचार-विमर्श में भाग लिया जिसके परिणामस्वरूप महासभा की संयुक्त राष्ट्र की पहली समिति में दो प्रस्तावों- पहला छठे यूएनजीजीई (सरकारी विशेषज्ञों के संयुक्त राष्ट्र समूह) की स्थापना, और दूसरा सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में विकास पर एक नए ओपन-एंडेड समूह की स्थापना को स्वीकार किया गया। इन समूहों से आम समझ, सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में मौजूदा और संभावित खतरों और उनका समाधान करने के संभावित सहकारी उपायों को बढ़ावा देने और राज्यों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर अंतर्राष्ट्रीय कानून कैसे लागू होता है के साथ ही राज्यों के जिम्मेदार व्यवहार, विश्वास-निर्माण उपायों और क्षमता-निर्माण के मानदंडों, नियमों और सिद्धांतों के दृष्टिकोण से इन मुद्दों का अध्ययन जारी रखने की अपेक्षा की जाती है। भारत की बहु-हितधारक टीम के तौर पर, विदेश मंत्रालय ने अक्टूबर 2018 में बार्सिलोना में आयोजित आईसीएएनएन 63 बैठक में भाग लिया। भारत ने 2018 में ब्राजील और ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय साइबर संवाद और स्वीडन के साथ साइबर सुरक्षा पर संयुक्त कार्य बल आयोजित किया। विदेश मंत्रालय ने एनएससीएस के नेतृत्व में रूस के साथ साइबर सुरक्षा पर चर्चा में भी भाग लिया। भारत और अमेरिका ने साइबर सुरक्षा मुद्दों में सहयोग के लिए अपने समझौते का नवीनीकरण किया। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए किंगडम ऑफ मोरक्को और सेशेल्स के साथ द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

सीमा प्रकोष्ठ

सीमा प्रकोष्ठ मंत्रालय को आंतरिक कार्टोग्राफिक विशेषज्ञता, सलाह और तकनीकी इनपुट्स प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। यह भूमि और समुद्री सीमाओं के बारे में स्पष्टीकरण सहित क्षेत्रीय प्रभागों की सहायता करता है। यह प्रकोष्ठ विदेशी पत्रिकाओं और एटलसों में भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के चित्रण पर नजर रखता है। सीमा प्रकोष्ठ ने भारत की समुद्री सीमाओं सहित अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से संबंधित विभिन्न अंतर-मंत्रालयी बैठकों में भाग लिया। सीमा प्रकोष्ठ ने वर्गीकृत और संवेदनशील जानकारी से संबंधित रिकॉर्ड तक पहुंच के लिए अनुसंधान विद्वानों के अनुरोधों का निपटान किया।

नीति नियोजन और अनुसंधान

नीति नियोजन और अनुसंधान प्रभाग ने हमारी प्रमुख विदेश नीति के उद्देश्यों का निरंतर विश्लेषण और मंत्रालय को विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर अनुसंधान आधारित दृष्टिकोण प्रदान करने का अपना अधिदेश जारी रखा। यह आंतरिक और विभिन्न भारतीय विचार मंचों और अनुसंधान संगठनों तक सक्रिय पहुंच दोनों माध्यमों से किया गया।

प्रभाग ने भारत में मंचों को विकसित करने के उद्देश्य से प्रमुख विचार मंचों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी में सम्मेलन आयोजित किए, जिनमें दुनिया भर के प्रमुख सामरिक विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच समकालीन विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है।

प्रभाग ने दीर्घकालिक सामरिक नियोजन और प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए हमारे महत्वपूर्ण राजनयिक भागीदारों के साथ नीति नियोजन पर संस्थागत संवाद विकसित किए। भारत और विदेश में महत्वपूर्ण राजनयिक सम्मेलनों में भारत की भागीदारी भी आयोजित की गई, ताकि भारत के परिप्रेक्ष्य और साथ ही ऐसे सम्मेलनों में विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच आदान-प्रदान से लाभ मिल सके।

प्रोटोकॉल

प्रोटोकॉल प्रभाग में कुल सात अनुभाग अर्थात् प्रोटोकॉल-1, प्रोटोकॉल-II, प्रोटोकॉल-III, प्रोटोकॉल (हैदराबाद हाउस), प्रोटोकॉल विशेष, प्रोटोकॉल (आतिथ्य और सहायक उपकरण, लेखा) और सरकारी आतिथ्य संगठन (जीएचओ) शामिल हैं।

2018 में (03 दिसंबर 2018 तक), प्रोटोकॉल-I अनुभाग ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, सरकार के प्रमुख और विदेश मंत्री स्तर पर 151 आवक/जावक यात्राओं का प्रबंधन किया।

कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीज़ा सेवाएं

हाल के वर्षों में पासपोर्ट जारी करना विदेश मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सबसे उल्लेखनीय सांविधिक और नागरिक सेवा के रूप में उभरा है। मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवाओं की अदायगी में कई मात्रात्मक और गुणात्मक सुधार किए

हैं। भारतीय पासपोर्ट [अन्य यात्रा दस्तावेजों जैसे पहचान प्रमाणपत्र (आईसी), भारत लौटने वालों के लिए आपात प्रमाणपत्र (ईसी), पुलिस क्लीयरेंस प्रमाणपत्र (पीसीसी) और जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा यात्रा परमिट सहित] विदेश मंत्रालय द्वारा केंद्रीय पासपोर्ट संगठन और 36 पासपोर्ट कार्यालयों, सीपीवी प्रभाग (केवल राजनयिक और सरकारी पासपोर्ट) और अंडमान और निकोबार द्वीप प्रशासन के अपने अखिल भारतीय नेटवर्क के माध्यम से जारी किए जाते हैं। पासपोर्ट कार्यालयों की विस्तारित शाखाओं के रूप में, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) माध्यम में 93 पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) और 263 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) को जोड़कर इस नेटवर्क का विस्तार किया गया है। विदेशों में रहने वाले भारतीयों के लिए, कांसुलर दस्तावेजों के सत्यापन के अलावा पासपोर्ट, ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड, ईसी और अन्य विविध कांसुलर सेवाएं विदेशों में 184 भारतीय मिशनों/पोस्टों द्वारा प्रस्तुत की जा रही हैं।

2018 के दौरान, मंत्रालय ने भारत में 2017 के दौरान 1.17 करोड़ की तुलना में 4% की वृद्धि दर्शाते हुए 1.21 करोड़ पासपोर्ट और पासपोर्ट संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई की। 36 पासपोर्ट कार्यालयों, मुख्यालय और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के मुख्य सचिव कार्यालय को पुलिस क्लीयरेंस प्रमाणपत्रों सहित 1,21,74,758 पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर 1,12,54,704 पासपोर्ट (449 राजनयिक पासपोर्टों, 18,009 आधिकारिक पासपोर्टों सहित) जारी किए गए। साथ ही, 5,112 अभ्यर्पण प्रमाणपत्र (एससी), 3,315 पहचान प्रमाणपत्र आईसी) और 1,946 नियंत्रण रेखा (एलओसी) परमिट जारी किए गए। विदेशों में 184 भारतीय मिशनों/पोस्टों ने लगभग 11,63,026 पासपोर्ट जारी किए। इस प्रकार, भारत सरकार ने वर्ष 2018 में कुल 1,24,17,733 पासपोर्ट जारी किए। दिसंबर 2018 तक 7.96 करोड़ से अधिक नागरिकों के पास वैध पासपोर्ट थे। भारत आज वैश्विक पासपोर्ट जारी करने के मामले में चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर है।

विदेश मंत्रालय ने, डाक विभाग के सहयोग से, देश के प्रमुख डाकघरों (एचपीओ)/डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की एक अभिनव पहल की है, जिसे 'डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र' (पीओपीएसके) के नाम से जाना जाता है। मंत्रालय ने 407 पीओपीएसके खोलने की घोषणा की है। इनमें से 263 पीओपीएसके 2 जनवरी, 2019 को चालू हो गए हैं। 2018 के दौरान इन पीओपीएसके में लगभग 14 लाख पासपोर्ट आवेदनों पर कार्रवाई की गई है। 263 पीओपीएसके को मिलाकर, 2 जनवरी, 2019 तक पासपोर्ट केंद्रों की कुल संख्या 356 हो गई है।

पासपोर्ट सेवाओं के लिए आवेदन, भुगतान और शेड्यूल अपॉइंटमेंट सहित एम पासपोर्ट सेवा मोबाइल ऐप, 26 जून, 2018 को आरंभ किया गया। यह ऐप एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। वर्ष 2018 में, एम पासपोर्ट सेवा मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए 2.23 लाख आवेदन जमा किए गए। पासपोर्ट सेवाओं के लिए आवेदन करने वाले नागरिकों को कंप्यूटर और प्रिंटर तक पहुंचना आवश्यक नहीं रहेगा। 26 जून, 2018 से, आवेदक भारत में कहीं से भी पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकता है। योजना के तहत वर्ष 2018 के दौरान एक लाख आवेदन जमा किए गए। नागरिक-हितैषी यह पहल आवेदकों को पासपोर्ट कार्यालय (पीओ) और इस प्रकार पासपोर्ट कार्यालय के अधीन इच्छित पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके)/ डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) का चयन करने में सक्षम बनाएगी, जहां वे अपना आवेदन जमा करना चाहते हैं, चाहे आवेदन पत्र में निर्दिष्ट वर्तमान आवासीय पता चयनित आरपीओ के क्षेत्राधिकार क्षेत्र में हो या नहीं। पुलिस सत्यापन (पीवी) उस पुलिस थाने द्वारा कराया जाएगा, जिसके क्षेत्राधिकार में उल्लिखित पता आता है और पासपोर्ट भी उसी पते पर भेजा जाएगा।

पासपोर्ट का पूर्व-मुद्रित भाग पहले ही हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में है। इस समय, आवेदक का निजी विवरण केवल अंग्रेजी भाषा में मुद्रित किया जाता है। अब सरकार ने पासपोर्ट पर निजी विवरण हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मुद्रित करने का निर्णय लिया है।

विदेश में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को पासपोर्ट सेवा परियोजना में एकीकृत करने की प्रक्रिया अक्टूबर 2018 में शुरू की गई। इसका उद्देश्य विदेश में रहने वाले और पासपोर्ट संबंधित सेवाएं चाहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एक केंद्रीकृत पासपोर्ट निर्गम और आवेदन मंच उपलब्ध कराना है। प्रयोगिक परियोजना के अंतर्गत, लंदन में भारत के उच्चायोग ने 24 अक्टूबर, 2018 को क्रमशः बर्मिंघम और एडिनबर्ग में भारतीय महावाणिज्य दूतावास से पासपोर्ट सेवा परियोजना की शुरुआत की। वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास, न्यूयॉर्क, सेन फ्रांसिस्को, शिकागो, ह्यूस्टन और अटलांटा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने नवंबर 2018 में इस परियोजना का शुभारंभ किया।

मंत्रालय का लक्ष्य सभी भारतीय दूतावासों और विदेश में वाणिज्य दूतावासों के एकीकरण को जल्द से जल्द पूरा करना है। 'न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन 'को साकार करने में कार्यात्मक वृद्धि और प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए, मंत्रालय ने निम्नलिखित उपायों की शुरूआत की:

i. सरोगेट बच्चों को पासपोर्ट जारी करने संबंधी नीति की समीक्षा की गई और पंजीकृत सरोगेसी समझौते की जरूरत को हटाया गया।

ii. तत्काल योजना के तहत बिना बारी आधार पर पासपोर्ट जारी करना सरल बना दिया गया है और इस योजना के तहत पासपोर्ट जारी करने के लिए अब सत्यापन प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं है।

iii. पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को नया रूप दिया गया है और उन्हें अब सिर्फ पासपोर्ट आवेदक की आपराधिकता और राष्ट्रीयता की जांच करना अपेक्षित है, जिससे प्रक्रिया सरल हो गई है।

iv. आपात प्रमाणपत्र की वैधता 3 महीने से बढ़ाकर 6 महीने कर दी गई है।

प्रवासी भारतीय मामले

प्रवासी भारतीय मामले प्रभाग सीमारहित संसार में गठबंधन के माध्यम से विकास की दृष्टि से प्रेरित हैं। वे भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत से जोड़ना और उस संस्थागत ढांचे को भी मजबूत करना चाहते हैं जिसमें प्रवासी भारतीयों की सहायता और कल्याण संभव हो सके। यह भारतीय प्रवासियों से संबंधित सभी मामलों में सूचना, साझेदारी और सुविधा प्रदान करता है। यह प्रभाग प्रवासी भारतीयों के लिए व्यापार और निवेश, उत्प्रवास, शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य और विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने वाली कई पहलों में भी संलग्न रहा।

प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता के रूप में, 2018-2019 के दौरान की गई प्रमुख पहलों में विदेश संपर्क आउटरीच कार्यक्रम, भारत को जानें कार्यक्रम, प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, प्रवासी बच्चों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम और सुरक्षित और कानूनी प्रवासन पर जागरूकता अभियान शामिल थे।

प्रशासन और स्थापना

प्रशासन प्रभाग का निरंतर प्रयास रहा है कि मुख्यालय और विदेश में 187 भारतीय मिशनों/केंद्रों में मंत्रालय की मानव पूंजी का प्रबंधन करके जनशक्ति का अनुकूल उपयोग किया जाए। इसके लिए, प्रभाग संवर्ग प्रबंधन की देखरेख करता है जिसमें भर्ती, प्रशिक्षण, तैनाती/स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति और कैरियर प्रगति जैसे अन्य पहलू शामिल हैं। इसके अलावा, प्रभाग कार्मिकों तथा भारतीय मिशनों और केन्द्रों में स्थानीय कर्मियों से संबंधित भारत सरकार के सभी संगत नियमों और विनियमों के निर्माण, संशोधन और सुधारों के माध्यम से भी अपने कार्मिक नीतियों की जांच करता है।

मार्च 2018 में अफ्रीका में 2018-21 के दौरान 18 नए मिशनों के उदघाटन को कैबिनेट की मंजूरी के अनुसरण में पहले चरण में खोले जाने वाले छह मिशनों को चिन्हित किया गया है। इनमें से रवांडा में मिशन पहले ही खोला जा चुका है और शीघ्र ही जिबूती और इक्वेटोरियल गिनी में मिशन खोले जाएंगे। कांगो गणराज्य, बुर्किना फ़ासो और गिनी में मिशनों के संबंध में प्रारंभिक प्रशासनिक और स्थापना संबंधी कार्य पहले से ही चल रहे हैं।

स्थापना प्रभाग मंत्रालय के सभी कार्यालय भवनों और आवासीय परिसरों; कार्यालय उपस्करों, फर्नीचर और स्टेशनरी की खरीद और आपूर्ति; और विदेशों में मिशनों और पोस्टों के लिए विशेष खरीद वस्तुओं और सरकारी वाहनों की खरीद और आपूर्ति से संबंधित मामलों की देखरेख एवं रखरखाव करता है। विदेश मंत्रालय ने वर्ष 2018-19 के दौरान स्वच्छ भारत से जुड़े विभिन्न कार्यकलापों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

सूचना का अधिकार और मुख्य लोक सूचना अधिकारी

वर्ष के दौरान, मंत्रालय ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के पूर्ण कार्यान्वयन का प्रयास जारी रखा। स्व-प्रेरित प्रकटीकरण पर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DOP&T) के निर्देशों के अनुसार, आरटीआई आवेदन/अपीलें/जबाव और मासिक आरटीआई आंकड़े आम जनता के लिए अपलोड किए गए हैं। आरटीआई आवेदनों की ऑनलाइन स्वीकृति और निपटान की प्रणाली को आरटीआई वेब पोर्टल के साथ

संरेखित करके इसे विदेशों में 184 मिशनों/पोस्टों में लागू किया गया है। 1 अप्रैल 2018 से 30 नवंबर 2018 की अवधि के दौरान आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत सूचना मांगने वाले कुल 1946 आरटीआई आवेदन और 160 प्रथम अपीलें मंत्रालय में प्राप्त हुई हैं और इनका संतोषजनक ढंग से निस्तारण किया गया है।

ई-गवर्नेंस और सूचना प्रौद्योगिकी

ईजीएंडआईटी प्रभाग विदेश मंत्रालय और विदेश स्थित सभी मिशनों/केंद्रों में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विभिन्न घटकों को लागू करने के लिए कदम उठा रहा है। ई-क्रांति की चार मिशन मोड परियोजनाएं (डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का चौथा स्तंभ) अर्थात् ई-ऑफिस, ई-प्रोक्योरमेंट, इमिग्रेशन, वीजा, विदेशियों का पंजीकरण और ट्रैकिंग प्रणाली (आईवीएफआरटी) और पासपोर्ट सेवा परियोजनाएं (पीएसपी) वर्तमान में विदेश मंत्रालय में और मिशनों/केंद्रों में चालू हैं। विदेश मंत्रालय में डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुसार कई ई-गवर्नेंस और ऑटोमेशन परियोजनाएं भी चलाई गई हैं जैसे विदेश सेवा संस्थान एलुमनी पोर्टल, ई-ऑडिट पोर्टल, पुनर्गठित भारत जानें कार्यक्रम और प्रवासी भारतीय दिवस पोर्टल, राजनयिक पहचान पत्र पंजीकरण और निर्गम प्रणाली इत्यादि। ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के संचालन के अलावा, प्रभाग ने साइबर सुरक्षा की बढ़ती चुनौतियों के प्रबंधन और शमन के लिए निरंतर केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है।

संसद और समन्वय

संसद प्रभाग संसद के साथ मंत्रालय का इंटरफेस और इस मंत्रालय के संसद संबंधी सभी कार्यों के लिए नोडल बिंदु है। प्रभाग ने विदेश मामलों से संबंधित परामर्शदात्री समिति की बैठकें आयोजित कीं और विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति और अन्य संसदीय समितियों के साथ मंत्रालय की बातचीत से संबंधित कार्यों का समन्वय किया।

समन्वय प्रभाग ने मंत्रालय और भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और गैर-सरकारी संगठनों सहित स्वायत्त निकायों और निजी संस्थानों के बीच बातचीत का समन्वय किया। प्रभाग ने मंत्रियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, न्यायपालिका और सरकारी अधिकारियों की निजी/आधिकारिक विदेश यात्राओं को राजनीतिक मंजूरी दी। इसने भारत में विदेशी प्रतिभागिता वाले सम्मेलनों/सेमिनारों/कार्यशालाओं के आयोजन, भारत में विदेशी प्रतिभागियों को आमंत्रित करने वाले खेल टूर्नामेंटों, विदेशी सैन्य उड़ानों की अवतरण/आगे की उड़ान क्लीयरेंस, विदेशी नौसैनिक जहाजों के दौरों आदि, भारत में पढ़ रहे विदेशी छात्रों और विभिन्न संस्थानों में फील्ड विजिट/प्रशिक्षण/निरीक्षण आदि के लिए भारत आने वाले विदेशी छात्रों के संबंध में छात्र वीजा के अनुसंधान वीजा में रूपांतरण को भी स्वीकृति दी गई। अप्रैल 2018 से दिसंबर 2018 की अवधि के दौरान कुल 4,186 मंजूरियां जारी की गई।

मंत्रालय के शिक्षा अनुभाग ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा इस मंत्रालय को आवंटित सीटों पर स्व-वित्तपोषण योजना के तहत भारत में विभिन्न संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, एमडी/एमएस, बी.आर्क, बीई, बी.फार्मेसी और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए 57 मित्र पड़ोसी और विकासशील देशों से विदेशी छात्रों के चयन, नामांकन और प्रवेश के मामलों को हल किया। भारत में बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासियों को भी इस योजना के तहत सीटें प्रदान की जाती हैं।

विदेशी प्रचार

तेजी से विकसित होते संचार परिवेश में, एक्सपीडी प्रभाग ने बाहरी दुनिया के लिए हमारी विदेश नीति की प्राथमिकताओं की बेहतर समझ को बढ़ावा देने का प्रयास निरंतर जारी रखा। इसे मीडिया के साथ अपने व्यापक जुड़ाव के माध्यम से और भारत और विदेश दोनों में लोक राजनय को बढ़ाते हुए हासिल किया गया है। यह मंत्र 'लोक-केंद्रित' है, जो मौजूदा और नई पहल की श्रृंखला के साथ विदेश नीति को जमीनी स्तर पर ले जाने के लिए है। हमारे वांछित उद्देश्यों को अधिकतम करने के लिए डिजिटल मीडिया और आधुनिक उपस्करों का लाभ उठाया गया है।

प्रभाग ने इस दौरान तीन विशेष पहलों का बीड़ा उठाया। छात्र और विदेश मंत्रालय जुड़ाव कार्यक्रम (SAMEEP) के तहत, भारतीय विदेश सेवा अधिकारी अपने स्कूलों या विश्वविद्यालयों में वापस जाते हैं और विदेश मंत्रालय की भूमिका और भारतीय विदेश नीति पर प्रस्तुति देते हैं। इसके अतिरिक्त, एक्सपीडी प्रभाग ने, 'विदेश आया प्रदेश के द्वार' (आपके द्वार पर विदेश नीति) भी शुरू की,

जिसके तहत क्षेत्रीय मीडिया को आकर्षक बनाने के लिए राज्य की राजधानियों में विशेष संपर्क सत्र आयोजित किए गए। विदेश में उत्सुक युवाओं के लिए, प्रभाग ने विदेशों में पुस्तकालयों में एक अलग भारत कॉर्नर बनाने के लिए 'भारत एक परिचय' का शुभारंभ किया, जिसमें भारत के बारे में सतर्कतापूर्वक चयनित 51 शीर्षक पुस्तकें रखी जायेंगी।

एक्सपीडी प्रभाग ने भारत और विदेशों में महात्मा गांधी के 150वीं जयंती समारोह में नोडल भूमिका निभाई। उल्लेखनीय बात विश्व भर में 140 देशों के गायकों द्वारा प्रस्तुत महात्मा के पसंदीदा भजन, वैष्णव जन तो की वीडियो मेडली का शुभारंभ था। मेडली का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2018 को स्वच्छ भारत सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। एक विशिष्ट और महत्वाकांक्षी पहल के तौर पर, 2 अक्टूबर को विश्व के देशों की राजधानियों में महात्मा गांधी पर एलईडी प्रक्षेपण प्रदर्शित किया गया।

मंत्रालय और सरकार की विदेश नीति को क्रियोन्मुख और प्रभावी छवि बनाने में इन प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसके मूर्त परिणाम प्राप्त हुए हैं और विश्व में भारत का कद बढ़ा है।

विदेश सेवा संस्थान

जुलाई 2013 में अंगीकृत विदेश मंत्रालय के नए प्रशिक्षण ढांचे के अनुसार सामग्री के साथ ही कार्यप्रणाली के संदर्भ में वर्ष 2018-19 के दौरान, विदेश सेवा संस्थान (एफएसआई) में प्रशिक्षण कार्यक्रमों आगे की समीक्षा की गई और इसे संशोधित और वर्गीकृत किया गया है। प्रशिक्षण का लक्ष्य कर्तव्यों और कार्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए दक्षताओं और कौशलों को विकसित करते हुए कार्यात्मक अपेक्षाओं के लिए प्रत्यक्षतः प्रासंगिक बनाने पर जोर देने पर केंद्रित है। इस अधिदेश के साथ, विभिन्न स्तरों पर अनिवार्य मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रमों (MCTPs) पर भी अधिक जोर दिया गया है। प्रशिक्षण में नए घटकों को प्रस्तुत करके आईएफएस के समूह ख के प्रशिक्षण को भी नया रूप देते हुए इसे गहन बनाया गया।

2018 में, एफएसआई की स्थापना के बाद से विदेशी राजनयिकों के लिए सर्वाधिक संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें अफगान, सोमाली, बांग्लादेश, गैम्बियन, नाइजीरियाई, ट्यूनीशियाई, म्यांमार और ईरानी राजनयिकों के लिए विशेष पाठ्यक्रम शामिल थे। लैटिन अमेरिकी देशों के रेजीडेंट हेड्स ऑफ मिशन (HOMs) के लिए प्रथम परिचय कार्यक्रम और एशिया-यूरोप बैठक (ASEM) के राजनयिकों और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) के राजनयिकों के लिए विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए गए।

नालंदा प्रभाग

2018-19 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय पदचिन्हों में वृद्धि जारी रही। इस समय, इसमें लगभग 378 छात्र हैं जिनमें चालीस अंतर्राष्ट्रीय छात्र शामिल हैं। वर्ष 2018 में नए स्कूल खोलने के लिए विश्वविद्यालय के प्रबंधन के समेकन को भी चिन्हित किया गया। नालंदा विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के निर्माण का पहला चरण जारी है। सरकार बौद्धिक, दार्शनिक, और ऐतिहासिक अध्ययन और इसके साथ जुड़े मामलों के संबंध में एक उत्कृष्ट अंतर्राष्ट्रीय संस्था के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

राजभाषा नीति का कार्यान्वयन और विदेश में हिंदी का प्रचार

मंत्रालय का अपने मिशनों/केंद्रों की भागीदारी सहित विदेशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार का सुव्यवस्थित कार्यक्रम है। 11वां विश्व हिंदी सम्मेलन मॉरीशस में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया जिसमें विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दुनिया भर में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, एक द्विपक्षीय समझौते और भारत तथा मॉरीशस की सरकारों के संयुक्त बजटीय समर्थन के तहत मॉरीशस में एक विश्व हिंदी सचिवालय स्थापित किया गया।

विदेश मंत्रालय अपने मिशनों और केंद्रों, सांस्कृतिक संगठनों और संगठनों के सहयोग से, हिंदी पखवाड़ा, और विश्व हिंदी दिवस सहित, विदेशों में हिंदी को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित करता है। हिंदी शिक्षण सामग्री, जिनमें हिंदी पाठ्य पुस्तकें और बच्चों की किताबें आदि शामिल हैं, की विदेशों में शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क आपूर्ति की जाती है। विदेश मंत्रालय विदेश स्थित शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को उच्च प्राथमिकता देना जारी रखा। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में विदेश मंत्रालय में एक हिंदी सलाहकार समिति कार्यरत है। विदेश मंत्रालय

आधिकारिक भाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग का जायजा लेने के लिए नियमित रूप से अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करता है।

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

वर्ष 2018-19 के दौरान, आईसीसीआर ने विदेश में भारत की बेहतर समझ को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के कार्यकलाप किए। अपने शैक्षणिक और बौद्धिक कार्यकलापों के रूप में, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) ने अपनी विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत भारत में अध्ययन के लिए विदेशी नागरिकों को 3,940 छात्रवृत्ति स्लॉट प्रदान किए। एडमिशन टू एलुमनी (A2A) पोर्टल की शुरूआत करके, आईसीसीआर ने पहली बार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की।

आईसीसीआर ने नई पीठों की स्थापना के लिए दस समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और भारतीय अध्ययन की सत्तर मौजूदा पीठों का प्रबंधन किया। आईसीसीआर विश्व भर में सैंतीस संपूर्ण भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों (ICCs) और पीपीपी मॉडल के तहत दो केंद्रों का संचालन करता है। आईसीसीआर ने सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित इंडोलॉजिस्ट पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन; न्यूयॉर्क शहर में आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन; मानविकी और सांस्कृतिक अध्ययन संस्थान, तेहरान के सहयोग से फारसी और संस्कृत भाषा (संस्कृत व्याकरणाचार्य पाणिनी के विशेष संदर्भ सहित) के बीच भाषाई लिंक पर सेमिनार सहित चार अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/सेमिनारों का आयोजन किया और "डेलीवरिंग डेमोक्रेसी" पर सेमिनार की श्रृंखला का आयोजन अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, यूएई और सिंगापुर में किया गया। आईसीसीआर ने 21 मई 2018 को विश्व संस्कृति दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान श्रृंखला – पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मारक अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान – का शुभारंभ किया। पहला व्याख्यान विदेश मंत्री (ईएएम) श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा दिया गया।

आईसीसीआर ने इक्यानबे देशों के 778 कलाकारों वाले 128 कला समूहों की यात्रा को प्रायोजित किया, जिन्होंने विश्व भर में 396 प्रस्तुतियां दी। भारत मैक्सिको में सर्वान्टिनो समारोह में सम्मानित अतिथि देश था। आईसीसीआर ने उन्नीस देशों के इक्कीस प्रदर्शक कला समूहों द्वारा पूरे भारत में चौवन प्रस्तुतियां आयोजित की। मई 2018 में अफ्रीका उत्सव, अक्टूबर 2018 में अंतर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव और अक्टूबर/नवंबर 2018 में भारत के रूसी संस्कृति के दिन प्रमुख आकर्षण थे।

विश्व मामलों की भारतीय परिषद

विश्व मामलों की भारतीय परिषद (ICWA) ने एशिया, अफ्रीका, यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा विकास और व्यापक भू-सामरिक माहौल पर अपना शोध जारी रखा। उन मुद्दों के समाधान करने के प्रयास जारी रहे, जो विदेश नीति के एजेंडे में सबसे ऊपर थे और इसके शोध को अधिक नीति प्रभावी बनाते हैं। किए गए शोध को सप्रू हाउस पेपर्स, इश्यू ब्रीफ्स, पॉलिसी ब्रीफ्स एंड व्यूप्वाइंट्स, डिस्कशन पेपर्स, शोध लेख के रूप में प्रसारित किया गया था, जिसे आईसीडब्ल्यूए की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया।

अपने अधिदेश के अनुरूप, आईसीडब्ल्यूए ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें संवाद, सम्मेलन, सेमिनार, व्याख्यान, बातचीत, गोलमेज चर्चाएं और पहुंच कार्यकलाप शामिल हैं। इसके अलावा, आईसीडब्ल्यूए ने अपने अकादमिक आउटपुट का हिंदी में अनुवाद करने की प्रक्रिया जारी रखी, जिसे नियमित रूप से अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया जाता रहा। अब आईसीडब्ल्यूए ने अपना पुस्तकालय आम जनता के लिए खोल दिया है और सदस्यता नियमों को आसान कर दिया गया है।

विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली

विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस) ने कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें अन्य के बीच, "भारत-आसियान समुद्री सहयोग को मजबूत करना" थीम पर दिल्ली संवाद का 10वां संस्करण शामिल है। आरआईएस ने आर्थिक कार्य विभाग (डीएई), वित्त मंत्रालय के साथ, एआईआईबी के लिए ज्ञान भागीदार के रूप में, भारत के प्रमुख उद्योग संघों–फिक्की, सीआईआई और एसोचैम के साथ निकट संपर्क से कार्य किया है। आरआईएस कई क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग पहलों की अंतर सरकारी प्रक्रियाओं में संलग्न है। अपने विचार मंचों के गहन नेटवर्क के जरिए,

आरआईएस अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों और विकास साझेदारी कैनवास पर नीतिगत सामंजस्य बढ़ाने का प्रयास करता है।

पुस्तकालय और अभिलेखागार

विदेश मंत्रालय पुस्तकालय एक पुस्तकालय के कर्तव्यों का निर्वहन और मुख्यालय तथा विदेश में भारतीय मिशनों और केंद्रों में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और कार्मिकों के उपयोग के लिए संसाधन और सूचना केंद्र के रूप में भी कार्य करता है। पुस्तकालय वर्तमान में पटियाला हाउस और जवाहरलाल नेहरू भवन (जेएनबी) में कार्यरत है। पटियाला हाउस स्थित पुस्तकालय में 8 क्यूबिकल्स का वर्चुअल रीडिंग रूम उपयोक्ताओं/शोधकर्ताओं के लिए कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधा से सुसज्जित है।

मंत्रालय का अभिलेखागार और अभिलेख प्रबंधन प्रभाग अभिलेखागार और अभिलेख प्रबंधन से संबंधित सभी मामलों का प्रबंधन करता है। ई-गवर्नेंस और सूचना प्रौद्योगिकी (ईजीएण्डआईटी) प्रभाग द्वारा अभिलेख प्रबंधन सॉफ्टवेयर (आरईएम) का उन्नयन, मौजूदा सॉफ्टवेयर का प्रतिस्थापन और दो नए सर्वरों से मौजूदा सर्वर के साथ ही अभिलेख प्रबंधन सॉफ्टवेयर के माध्यम से डेटा प्राप्त करने में उपयोग किए जा रहे पुराने डेस्कटॉप का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। नए सॉफ्टवेयर में रिकॉर्ड की स्कैनिंग/डिजिटलीकरण करने के प्रावधान से, मौजूदा डेटा पुराने सॉफ़्टवेयर से नए सॉफ़्टवेयर में स्थानांतरित किया जा सकता है। नवंबर 2018 तक, इस प्रभाग ने विध्वंस स्वीकृति प्राप्त होने पर 2256 पुराने रिकॉर्डों/रजिस्टरों/पुस्तकों को नष्ट किया। सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम और नियम 1993/1997 के तहत उचित मूल्यांकन के बाद संरक्षण और स्थायी अभिरक्षा के लिए 25 वर्ष से अधिक पुराने 3752 गैर-मौजूदा सार्वजनिक अभिलेख/फाइलें भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार में स्थानांतरित की गईं।

वित्त और बजट

वित्तीय वर्ष (एफवाई) 2018-19 के लिए विदेश मंत्रालय को आवंटित कुल बजट, बजट अनुमान (बीई) चरण में 15011.00 करोड़ रुपये था। मंत्रालय के बजट में सर्वाधिक आवंटन विदेशों के साथ तकनीकी और आर्थिक सहयोग (टीईसी) के लिए अनुदान और ऋण के रूप में था। वित्त वर्ष 2018-19 में, 15011 करोड़ रुपये के कुल बजट में, टीईसी परिव्यय 41.53% या 6235.05 करोड़ रुपये था, जिसमें 5398.55 करोड़ रुपये (35.96%) अनुदान कार्यक्रमों और 836.50 करोड़ रुपये (5.57%) ऋण के लिए था। मंत्रालय के बजट में दूसरा सर्वाधिक आवंटन विदेशों में 180 से अधिक भारतीय राजनयिक मिशनों और केंद्रों के रखरखाव के लिए था। वित्त वर्ष 2018-19 के 15,011 करोड़ रुपये के कुल बजट में से, स्थापना शीर्षों और गैर-स्थापना शीर्षों के बीच आवंटन का विभाजन क्रमशः 28% (4,223 करोड़ रुपये) और 72% (10,788 करोड़ रुपये) था। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2018-19 में 31 दिसंबर 2018 तक पासपोर्ट सेवाओं (1,957.64 करोड़ रुपये), वीजा शुल्क (1,823.08 करोड़ रुपये) और अन्य प्राप्तियों (499.39 करोड़ रुपये) से 4,280.11 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है।

1

भारत के पड़ोसी देश

अफ़ग़ानिस्तान

अफगानिस्तान एक महत्वपूर्ण पड़ोसी है और भारत के साथ रणनीतिक संबंध साझा करता है। भारत और अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत नींव इसके समृद्ध इतिहास और सभ्यतागत संबंधों में है, जो कई सदियों पुराने हैं। हमारे संबंधों को हमारे दोनों देशों और इस समूचे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि द्वारा आगे मार्गनिर्देशित किया जाता है। इस वर्ष अफगानिस्तान और भारत के सामूहिक प्रयासों को इस दर्शन द्वारा निर्देशित किया गया था। नतीजतन, इस वर्ष दोनों पक्षों के बीच कई उच्च स्तरीय यात्राएं हुई और कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए, जिसमें भारत से अनुदान सहायता के रूप में अफगानिस्तान को 170,000 टन गेहूं और 2,000 टन दालों की डिलीवरी, अफगानिस्तान के लिए सुनिश्चित आवागमन सुविधा के लिए चाबहार पोर्ट का त्वरित विकास और परिचालन, दोनों देशों के बीच एयर फ्रेट कॉरिडोर का विस्तार, 40% से अधिक की वृद्धि के साथ 1.143 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का द्विपक्षीय व्यापार और 2017 में घोषित 'न्यू डेवलपमेंट पार्टनरशिप' के अंतर्गत चिन्हित अफगानिस्तान में कई भारतीय-सहायता प्राप्त सामाजिक-आर्थिक विकास परियोजनाओं के लिए काम शुरू करना शामिल है।

दोनों ओर से उच्च स्तरीय यात्राएं

इस साल दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय यात्राएं हुई। इन यात्राओं के स्तर और आवृत्ति ने दोनों पक्षों के बीच सुविधा और आपसी विश्वास और समझ के स्तर को दर्शाया। इन यात्राओं में सितंबर 2018 में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी की यात्रा; जून और सितंबर 2018 में अफगानिस्तान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अब्दुल्ला अब्दुल्ला की यात्रा; सितंबर 2018 में अफगानिस्तान के वित्त मंत्री श्री हुमायूँ कयूमि की यात्रा, अप्रैल 2018 में अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल तारिक शाह बेहरामी की यात्रा; सितंबर 2018 में अफगानिस्तान के स्वतंत्र प्रशासनिक सुधार और सिविल सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. नादर नादरी की यात्रा; और सितंबर 2018 में अफगानिस्तान के ग्रामीण पुनर्वास और विकास मंत्री श्री मुजीब रहमान करीमी की यात्रा शामिल थी।

भारत से अफगानिस्तान की उच्च स्तरीय यात्राओं में सितंबर 2018 में विदेश सचिव श्री विजय केशव गोखले की यात्रा, अक्टूबर 2018 में वाणिज्य सचिव डॉ. अनूप वधावन और अगस्त 2018 में सचिव (आर्थिक संबंध), श्री टीएस तिरुमूर्ति की काबुल यात्रा शामिल थी।

अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री हमदुल्ला मोहिब ने 3-5 जनवरी 2019 तक भारत का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, एनएसए श्री अजीत डोभाल के साथ द्विपक्षीय चर्चा हुई।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 12-13 जनवरी, 2019 को समरकंद में हुई सी-5+भारत मंत्रिस्तरीय बैठक के अवसर पर अफगानिस्तान के विदेश मंत्री श्री सलाहुद्दीन रब्बानी के साथ मुलाकात की।

आर्थिक और आवागमन सुविधा सहयोग

दोनों देशों के बीच व्यापार की मात्रा में पिछले वित्त वर्ष में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिसमें 40% वृद्धि दर्ज की गई और यह 1 बिलियन अमरीकी डॉलर का आंकड़ा पार कर गया है। इस क्षेत्र में, उल्लेखनीय उपलब्धियों में दोनों देशों के बीच एयर-फ्रेट कॉरिडोर का विस्तार और ईरान में चाबहार बंदरगाह पर वाणिज्यिक संचालन शुरू करना शामिल है।

एयर फ्रेट कॉरिडोर जिसने जून 2017 में भारत और अफगानिस्तान के बीच संचालन शुरू किया था, अब इसका विस्तार भारत में नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता और अफ़ग़ानिस्तान में काबुल और कंधार तक कर दिया गया है। दोनों पक्षों ने अन्य शहरों के लिए इस ऑपरेशन का विस्तार करने का वादा किया है। अप्रैल और नवंबर 2018 के बीच, अफगानिस्तान और भारत के बीच लगभग बहत्तर उड़ानें संचालित हुईं, जिनमें 90 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की 1,227 टन एयर कार्गो लाया-ले जाया गया। एयर फ्रेट कॉरिडोर ने विशेष रूप से अफगान किसानों और छोटे व्यापारियों को बड़े भारतीय बाजार में अपना सामान निर्यात करने में लाभान्वित किया है। इसके अलावा, अधिकाधिक आवागमन सुविधा के माध्यम से भारत की आर्थिक सहायता से संबंधित, 170,000 टन गेहूं और 2,000 टन दालों के 5000 से अधिक कंटेनरों को चाबहार पोर्ट के रास्ते अफगानिस्तान में भारत के अनुदान के रूप में भेजा गया था।

भारत-अफगानिस्तान व्यापार और निवेश प्रदर्शन का दूसरा संस्करण सितंबर 2018 में दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में आयोजित किया गया था। ट्रेड शो का पहला संस्करण सितंबर 2017 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। दूसरा संस्करण ने सैकड़ों भारतीय और अफगान कंपनियों, व्यापारियों और उद्यमियों ने व्यापक रूप से भाग लिया, और अनुमानित रूप से 270 मिलियन अमरीकी डॉलर के 500 से अधिक व्यापार और निवेश सौदों को व्यापार कार्यक्रम में अंतिम रूप दिया गया। व्यापार, वाणिज्य और निवेश पर भारत, अफगानिस्तान संयुक्त व्यापार समूह की काबुल में नवंबर 2018 में बैठक हुई। इस क्षेत्र में हाल की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए, दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया।

विकास भागीदारी

विकास सहयोग पर भारत-अफगानिस्तान संयुक्त कार्यकारी समूह की अगस्त 2018 में काबुल में बैठक हुई जिसमें हाल ही में पूरी हुई और भविष्य की विभिन्न परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई। सितंबर 2017 में अनावरण की गई 'नई विकास साझेदारी' के तहत कार्यान्वयन के लिए चिन्हित की गई नई परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। भारत और अफगानिस्तान के बीच नई विकास भागीदारी के तहत सबसे प्रमुख परियोजनाओं में काबुल सिंचाई की सुविधा और पीने के पानी की आपूर्ति की समस्या का समाधान करने के लिए शतूत बांध, वापस आ रहे शरणार्थियों के लिए नांगरहार प्रांत में कम लागत वाले आवास, बामियान प्रांत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बंद-ए-अमीर के लिए सड़क संपर्क, अफगानिस्तान के सभी चौंतीस प्रांतों में 116 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं और कई अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।

क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास

भारत अपने कई चल रहे छात्रवृत्ति और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अफगानिस्तान में क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास के प्रयासों में योगदान दे रहा है। हर साल भारत, भारत में 3,500 से अधिक छात्रवृत्ति और प्रशिक्षण स्लॉट प्रदान करता है। इस संदर्भ में सबसे लोकप्रिय छात्रवृत्ति कार्यक्रम आईसीसीआर द्वारा संचालित अफगान नागरिकों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना है, जो भारत में अध्ययन करने के लिए सालाना 1,000 छात्रवृत्ति स्लॉट प्रदान करती है। अफगान राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों (ANDSF) के शहीदों के परिजनों के लिए 500 छात्रवृत्तियों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम का कार्यान्वयन चालू शैक्षणिक वर्ष से शुरू हुआ। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार, इस समय

15,000 से अधिक अफगान छात्र भारत में अध्ययन कर रहे हैं। अफगान पदाधिकारियों और विशेषज्ञों को भी आईटीईसी और कई अन्य योजनाओं के तहत प्रशिक्षित किया गया है। अक्टूबर में, भारत ने अफगान राजनयिकों के प्रशिक्षण के लिए चीन के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

सामाजिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच परस्पर संपर्क

भारत-अफगानिस्तान फाउंडेशन को दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क और सामाजिक-सांस्कृतिक, कला और शैक्षिक संपर्कों को बढ़ावा देने के लिए अधिदेशित किया गया है। इस वर्ष पाँच अफगान कवियों और लेखकों को भारत-अफगानिस्तान फाउंडेशन द्वारा अक्टूबर 2018 में नई दिल्ली में वार्षिक दक्षिण एशिया साहित्य महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रायोजित किया गया था।

अफगानिस्तान पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

भारत अफगानिस्तान में शांति और मेल-मिलाप को बढ़ावा देने की दिशा में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। भारत की सिद्धांतगत रुख कि इस तरह के प्रयास अफगान के नेतृत्व वाले, अफगान के स्वामित्व वाले और अफगान-नियंत्रित होने चाहिए, को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है और इसकी अफगानिस्तान में भी सराहना की गई है। 2018 में, भारत ने अफगानिस्तान के संबंध में कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया, जहां उसने अफगानिस्तान में आर्थिक, राजनीतिक, सुरक्षा स्थिति में सुधार के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। इस साल अफगानिस्तान के संबंध में हुई कुछ महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में अन्य बैठकों के साथ-साथ दूसरी काबुल प्रक्रिया, ताशकंद सम्मेलन, मॉस्को फॉर्मेट वार्ता और जिनेवा सम्मेलन शामिल हैं। इनमें से कुछ बैठकों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

- **दूसरी काबुल प्रक्रिया:** काबुल प्रक्रिया की दूसरी बैठक 28 फरवरी 2018 को काबुल में हुई। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश सचिव श्री गोखले ने किया। भारत ने राष्ट्रपति अशरफ गनी द्वारा सशस्त्र समूहों को हथियार डालने और राष्ट्रीय मुख्यधारा का हिस्सा बनने के लिए किए गए शांति और मेल-मिलाप के आह्वान का स्वागत किया।

विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री ले.जनरल तारीक शाह बहरामी से मुलाकात की (13 अप्रैल, 2018)

- **ताशकंद सम्मेलन:** ताशकंद सम्मेलन 27 मार्च 2018 को ताशकंद में आयोजित किया गया, जहां अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने राष्ट्रपति गनी की दूसरी काबुल प्रक्रिया की बैठक में किए गए शांति के आह्वान का समर्थन किया। भारत का प्रतिनिधित्व पूर्व विदेश राज्य मंत्री श्री एम.जे. अकबर ने किया था।
- **मास्को फॉर्मेट वार्ता:** भारत ने अफगानिस्तान में मास्को वार्ता में 9 नवंबर 2018 को गैर-आधिकारिक स्तर पर भाग लिया।
- **जिनेवा सम्मेलन:** अफगानिस्तान के संबंध में जिनेवा सम्मेलन 27-28 नवंबर 2018 को जिनेवा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 2015-2024 के परिवर्तन के दशक के तहत संस्थागत और सामाजिक-आर्थिक दोनों सुधार पहलों के संबंध में अफगानिस्तान द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश राज्य मंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने किया।
- **एससीओ-अफगानिस्तान संपर्क समूह की बैठक:** अपर सचिव श्री गितेश सरमा ने 28 मई 2018 को बीजिंग में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन-अफगानिस्तान संपर्क समूह की दूसरी बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस बैठक में तीन कार्यवृत्तों नामत: अफगानिस्तान और उसके पड़ोसी क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, अफगानिस्तान में मेल-मिलाप प्रक्रिया और एससीओ की भूमिका और एससीओ और अफगानिस्तान के बीच सहयोग के उपायों के मुद्दों पर चर्चा की गई।

बांग्लादेश

भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंध 2018 में और मजबूत हुए। कई उच्च-स्तरीय वार्ताएं हुईं जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को एक मजबूत संवेग प्रदान किया। बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने शांतिनिकेतन विश्वविद्यालय में बांग्लादेश भवन के संयुक्त उद्घाटन के लिए 24 और 25 मई 2018 को दो दिवसीय भारत यात्रा की। उन्हें आसनसोल में काजी नजरूल विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (डी.लिट) की उपाधि से सम्मानित किया गया। भारत और बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों ने अप्रैल 2018 में लंदन में कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ़ गवर्नमेंट मीटिंग (चोगम) और अगस्त 2018 में काठमांडू में बिम्सटेक के शिखर-सम्मेलन के दौरान मुलाकात की।

दो प्रधानमंत्रियों ने सितंबर 2018 में संयुक्त रूप से भारत सरकार ऋण श्रृंखला / अनुदान वित्तपोषण के तहत बांग्लादेश में निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया: (i) भारत से बांग्लादेश को 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति; (ii) अखौरा-अगरतला रेल लिंक; (iii) बांग्लादेश रेलवे के कुलौरा-शाहबाज़पुर खंड का पुनर्स्थापन; (iv) सिलीगुड़ी से परबतीपुर, बांग्लादेश तक 130 किलोमीटर की भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन और (v) बांग्लादेश रेलवे के ढाका-टोंगी-जोयदेवपुर खंड की अतिरिक्त रेल लाइनें।

गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भारत-बांग्लादेश गृह मंत्री स्तर की वार्ता की 6 वीं बैठक के लिए 13-16 जुलाई 2018 तक तीन दिन की ढाका की आधिकारिक यात्रा की। वार्ता में चर्चाओं में सीमा प्रबंधन, अवैध गतिविधियों से निपटने में सहयोग, कौंसुली और वीजा मुद्दों आदि सहित विभिन्न सुरक्षा संबंधी मुद्दे शामिल थे।

वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने 24-28 सितंबर 2018 तक बांग्लादेश की यात्रा की। उन्होंने बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री श्री तॉफेल अहमद, बांग्लादेश के नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री श्री ए. के. एम. शाहजहां कमाल और सड़क परिवहन एवं पुल मंत्री श्री ओबैदुल कादर के साथ मुलाकात की। दोनों वाणिज्य मंत्रियों ने एक व्यापक आर्थिक भागीदारी करार (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने, भू-सीमा शुल्क एमएस के प्रचालन और बुनियादी ढांचे में सुधार, बांग्लादेश-भारत सीमा पर स्टेशन, परीक्षण प्रमाणपत्रों की मान्यता, डंपिंग रोधी उपायों, बंदरगाह प्रतिबंधों को हटाने और नीतिगत स्तर के इनपुट के लिए बांग्लादेश-भारत सीईओ फोरम के गठन आदि सहित व्यापार, निवेश और आवागमन सुविधाओं के बहुत से मुद्दों पर चर्चा की।

नौवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया ने 9 और 10 अक्टूबर, 2018 को ढाका में आयोजित दूसरे दक्षिण एशिया समुद्री संभारिकी मंच में भाग लेने के लिए बांग्लादेश की यात्रा की। उन्होंने द्विपक्षीय हित के मुद्दों पर चर्चा करने के

लिए फोरम की बैठक के दौरान बांग्लादेश के जहाजरानी मंत्री श्री शाहजहाँ खान से मुलाकात की।

बांग्लादेश की ओर से, महत्वपूर्ण मंत्री स्तरीय यात्राओं में अगस्त 2018 में भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री श्री अबुल हसन महमूद अली की यात्रा; अप्रैल 2018 में सांस्कृतिक मामलों के मंत्री श्री असदज़्ज़मान नूर की शांतिनिकेतन की यात्रा; अप्रैल 2018 में स्वच्छ पानी के लिए एशिया और प्रशांत के आठ क्षेत्रीय 3आर फोरम में भाग लेने के लिए उद्योग मंत्री श्री मुहम्मद आमिर हुसैन की यात्रा; अगस्त 2018 में 6 वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में भाग लेने के लिए नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री श्री ए.के.एम शाहजहाँ कमाल की यात्रा; उद्योग मंत्री अगस्त 2018 में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के उद्घाटन में भाग लेने के लिए श्री अमीर हुसैन अमू की यात्रा; अक्टूबर 2018 में नई दिल्ली में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन में भाग लेने के लिए बांग्लादेश के योजना मंत्री श्री ए.एच.एम मुस्तफा कमाल की यात्रा; अक्टूबर 2018 में नई दिल्ली में दूसरी हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) अक्षय ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए विदेश राज्य मंत्री श्री शहरयार आलम की यात्रा शामिल थी।

दोनों देशों के बीच उपरोक्त उच्च-स्तरीय यात्राओं और आदान-प्रदानों के अलावा, विभिन्न द्विपक्षीय तंत्रों के लिए नियमित रूप से वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर लगातार यात्राएं भी हुए हैं। इस वर्ष दोनों देशों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए पच्चीस समझौता ज्ञापनों / करारों पर हस्ताक्षर किए गए।

सुरक्षा और सीमा प्रबंधन

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ)-बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 46 वें और 47 वें महानिदेशक (डीजी) स्तरीय सम्मेलन क्रमशः 23 अप्रैल और 3 सितंबर 2018 को ढाका और नई दिल्ली में आयोजित किए गए। 3 अगस्त 2018 को सिलीगुड़ी में बार्डर गार्ड बांग्लादेश के जेस्सौर और रंगपुर क्षेत्र कमांडरों और सीमा सुरक्षा बल के उत्तर बंगाल, दक्षिण बंगाल और गुवाहाटी फ्रंटियर्स के फ्रंटियर महानिरीक्षकों के बीच सीमा समन्वयन सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारतीय तट रक्षक के महानिदेशक ने 8-11 जनवरी, 2018

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश भवन के उद्घाटन के अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ (25 मई, 2018)

को बांग्लादेश की यात्रा की और बांग्लादेश तटरक्षक बल (बीसीजी) के महानिदेशक ने दो तटरक्षकों के बीच तीसरे और चौथे महानिदेशक स्तरीय बैठकों में भाग लेने के लिए 26-30 अगस्त 2018 तक भारत की यात्रा की।

रक्षा सहयोग

रक्षा संबंधी मसलों पर नियमित रूप से दोनों तरफ से यात्राएं और बैठकें होती रही हैं। थल सेनाध्यक्ष जनरल अजीज अहमद ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप में 31 जुलाई -5 अगस्त 2018 तक भारत की यात्रा की। भारतीय नौसेनाध्यक्ष ने 24-29 जून 2018 तक बांग्लादेश की यात्रा की। बांग्लादेश के वायुसेनाध्यक्ष, एयर चीफ मार्शल माशिहुज्जमां सरनिअबत 13-17 अक्टूबर 2018 तक पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए। भारत और बांग्लादेश के सशस्त्र बलों के बीच उद्घाटन वार्षिक रक्षा वार्ता 7 मई 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई।

भारत और बांग्लादेश की नौसेनाओं के बीच पहली समन्वित गश्त (कॉर्पैट) 27 जून -4 जुलाई 2018 तक की गई थी। यह पहली बार था जब दोनों देशों के बीच एक समन्वित गश्त का आयोजन किया गया था।

इस वर्ष मुक्तियोद्धा संबंधी कार्यक्रम, विजय दिवस के अवसर पर मुक्तियोद्धाओं और युद्ध के दिग्गजों की एक-दूसरे के देश की वार्षिक यात्रा आयोजित की गई और मुक्तियोद्धाओं के 1900 से अधिक आश्रितों में 7.12 करोड़ बांग्लादेश टका (6.14 करोड़ रुपये) की छात्रवृत्ति वितरित की गई।

आर्थिक और वाणिज्यिक

भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय व्यापार पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। 2017-18 में बांग्लादेश को भारत का निर्यात 8614.35 मिलियन अमेरिकी डॉलर और इसी अवधि के दौरान बांग्लादेश से आयात 685.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा। अप्रैल-सितंबर 2018 की अवधि में भारत को बांग्लादेश का निर्यात 414.62 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। इसी अवधि में बांग्लादेश को भारत का निर्यात 4387.53 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

इस साल द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत तंत्र की विभिन्न बैठकें आयोजित की गईं जिनमें 4 और 5 जून 2018 को नई दिल्ली में मत्स्य पालन पर संयुक्त कार्य दल की 4 वीं बैठक; 22 और 23 जुलाई 2018 को त्रिपुरा में अगरतला में सीमा हाट पर संयुक्त समिति की पहली बैठक; 7 और 8 अक्टूबर 2018 को ढाका में सीमा शुल्क के संयुक्त समूह की 12 वीं बैठक; 24 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में अंतर्देशीय जल व्यापार और पारगमन पर प्रोटोकॉल पर स्थायी समिति की 19 वीं बैठक और 25 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में शिपिंग सचिव स्तर की वार्ता शामिल थी।

ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के क्षेत्र में 15 वें संयुक्त कार्यदल (जेडब्ल्यूजी) और 15 वीं संयुक्त संचालन समिति (जेएससी) की बैठकें क्रमशः 24 और 25 सितंबर 2018 को सिलहट में आयोजित की गईं।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में, भारत-बांग्लादेश के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स पर पहली संयुक्त कार्य दल की बैठक 29 जनवरी 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। 5 वीं संयुक्त विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति की बैठक ढाका में 26 और 27 फरवरी 2018 को हुई और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग पर संयुक्त समिति की पहली बैठक 25 और 26 जुलाई 2018 को कोलकाता में आयोजित की गई थी।

द्विपक्षीय व्यापार में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तंत्रों की उपरोक्त नियमित बैठकों के अलावा, भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक बीस-सदस्यीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने सितंबर 2018 में बांग्लादेश की यात्रा की और भारत के खाद्य सचिव के नेतृत्व में भारतीय चीनी उद्योग के प्रतिनिधियों ने बांग्लादेश में कच्ची चीनी के निर्यात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए नवंबर 2018 में ढाका की यात्रा की।

आवागमन सुविधा

दोनों सरकारों ने दोनों देशों के बीच आवागमन सुविधा बढ़ाने के लिए इस वर्ष कई उपाय किए। इनमें अप्रैल 2018 में भारत और बांग्लादेश के बीच कंटेनर रेल सेवा का ट्रायल रन; अगस्त 2018 में कोलकाता-ढाका-कोलकाता मार्ग पर नई उड़ान सेवाओं का शुभारंभ; तटीय और प्रोतोकॉल मार्गों पर यात्री और क्रूज सेवाओं के संबंध में समझौता ज्ञापन के प्रचालन के लिए अक्टूबर 2018 में मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर हस्ताक्षर करना, और अक्टूबर 2018 में भारत को/से माल के हस्तांतरण के लिए चटगांव और मोंगला बंदरगाहों के उपयोग पर करार पर हस्ताक्षर करना शामिल है। इन उपायों से भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच परस्पर संपर्क में और दोनों देशों के व्यापार संबंधों में और तेजी आएगी।

विकास भागीदारी

भारत सरकार बांग्लादेश में रेलवे, बंदरगाहों, सड़कों, जहाजरानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, संस्कृति, शहरी विकास और आपदा प्रबंधन आदि सहित कई क्षेत्रों में 'बांग्लादेश को सहायता' के अंतर्गत ऋण श्रृंखला/अनुदान वित्तपोषण के अंतर्गत कई विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का सहयोग दे रही है।

भारत और बांग्लादेश के बीच संचयी रूप से 8 बिलियन अमरीकी डॉलर की तीन ऋण श्रृंखलाओं के तहत विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए 13 वीं ऋण श्रृंखला की समीक्षा बैठक 6 और 7 जून 2018 को ढाका में आयोजित की गई थी। ऋण श्रृंखलाओं के तहत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में काफी प्रगति हुई है।

'बांग्लादेश को सहायता' अनुदान वित्तपोषण कार्यक्रम के तहत, अब तक, 126.2 करोड़ बांग्लादेशी टका (रु 107.6 करोड़) की पैंतीस लघु विकास परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं, जिनमें छात्रों के छात्रावास, सांस्कृतिक केंद्रों, अनाथालय आदि का निर्माण शामिल है और वर्तमान में 230.9 करोड़ बांग्लादेशी टका (196.4 करोड़ रुपये) के परिव्यय के साथ 40 परियोजनाएँ कार्यान्वित की जा रही हैं। इसके अलावा, भारत सरकार ने बांग्लादेश में 1121 करोड़ बांग्लादेशी टका (957.3 करोड़ रुपए) की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए इस कार्यक्रम के तहत अनुदान सहायता भी प्रदान की है, जिनमें अखौरा-अगरतला रेल लिंक का निर्माण, बांग्लादेश में अंतर्देशीय जलमार्गों की सफाई और भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइप लाइन का निर्माण शामिल है।

विगत की तरह, इस अवधि में नियमित आईटीईसी पाठ्यक्रम और आईसीसीआर छात्रवृत्तियों के अलावा बांग्लादेशी सिविल सेवकों, पुलिस अधिकारियों, नार्कोटिक्स विभाग के अधिकारियों, सीमा सुरक्षा बलों, न्यायिक अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों, रक्षा प्रतिष्ठानों और शिक्षकों आदि के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र द्वारा बांग्लादेशी नागरिकों के लिए ढाका में हिंदी, योग, हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन और वाद्य संगीत, कथक, मणिपुरी नृत्य, चित्रकला और संस्कृत का बुनियादी पाठ्यक्रम के विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए गए। इस वर्ष के दौरान सांस्कृतिक केंद्र ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए।

वीजा

वर्ष 2018 में, मिशन की वीजा प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने और वीजा जारी करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए प्रक्रिया से संबंधित पहल सहित विभिन्न नीतियाँ लागू की गई थी। जुलाई 2018 में जमुना फ्यूचर पार्क, ढाका में गृह मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा एकीकृत अधुनातन भारतीय वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर (आईवीएसी) का उद्घाटन भारतीय वीजा जारी करने की प्रणाली को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की दिशा में एक और कदम था। इस सुविधा के उद्घाटन के साथ, कोटा आधारित ऑनलाइन आवेदन प्रणाली की पिछली प्रणाली को खत्म कर दिया गया था और बांग्लादेश में सभी 9 आईवीएसी में वॉक-इन सबमिशन प्रणाली लागू की गई थी। बांग्लादेश में मिशन / केन्द्र द्वारा जारी किए जाने वाले वीजा 2018 में पिछले वर्ष को रुझान को बरकरार रखते हुए 1.4 मिलियन को पार करने की उम्मीद है।

भूटान

भारत और भूटान के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जो पूरी तरह परस्पर विश्वास और समझ पर आधारित है। दोनों देशों ने वर्ष 2018 के दौरान संयुक्त रूप से औपचारिक राजनयिक संबंधों की स्थापना की स्वर्ण जयंती मनाई। उच्च स्तरीय द्विपक्षीय आदान-प्रदान और यात्राओं ने विशेष स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान द्विपक्षीय संबंधों की गति को बनाए रखा।

स्वर्ण जयंती स्मारक कार्यक्रम

वर्ष के दौरान अनेक स्मारक कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से मनाया गया जिसमें विशेष द्विपक्षीय संबंधों की विभिन्न थीमों को शामिल किया गया जिनमें कला, शिल्प, खेलकूद, साझा आध्यात्मिक संबंधों को भी शामिल किया गया जिससे न केवल हमारे अनूठे संबंध रेखांकित हुए अपितु हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक जुड़ावों, लोगों के बीच परस्पर संबंधों, गहन आर्थिक सहयोग और शैक्षणिक/युवा आदान-प्रदान को भी उजागर किया गया। जनवरी 2018 में विदेश मंत्री और भूटान के तत्कालीन विदेश मंत्री ल्योनपो डैमचो दोर्जी द्वारा संयुक्त लोगो के शुभारंभ के साथ, इस वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में असम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती राज्यों सहित

राष्ट्रपति की नई दिल्ली में भूटान के प्रधानमंत्री डॉ. लोटे शेरिंग के साथ मुलाकात (29 दिसंबर, 2018)

भारत के विभिन्न शहरों को शामिल किया गया जिनमें से सभी ने सीमा के दोनों ओर संस्कृतियों की बेहतर समझ में योगदान दिया है।

उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान: विकास और आर्थिक साझेदारी का विस्तार

एडवांटेज असम समिट में 'गेस्ट ऑफ ऑनर 'के रूप में भाग लेने के लिए फरवरी 2018 में भूटान के प्रधान मंत्री टीशेरिंग तोबगे ने गुवाहाटी की यात्रा की। यात्रा के दौरान पीएम तोबगे ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। गुवाहाटी में रॉयल भूटानी कौंसुलावास का उद्घाटन संयुक्त रूप से भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो दामचो दोर्जी और असम के मुख्यमंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने पीएम तोबगे की उपस्थिति में किया।

विदेश सचिव श्री विजय गोखले ने दोनों देशों के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की स्थापना की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 2018 में स्मारक क्रियाकलापों सहित द्विपक्षीय मामलों पर चर्चा करने के लिए 1 और 2 अप्रैल, 2018 को भूटान की आधिकारिक यात्रा की।

प्रधान मंत्री त्शेरिंग तोबगे ने प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर 5-7 जुलाई 2018 से भारत की आधिकारिक यात्रा की। उनके साथ वित्त मंत्री ल्योनपो नमगई दोरजी और भूटान की रॉयल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। यात्रा के दौरान, प्रधान मंत्री टीशेरिंग टोबगे ने भारत के राष्ट्रपति से मुलाकात की और प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। प्रधान मंत्री त्शेरिंग तोबगे ने भूटान की 11 वीं पंचवर्षीय योजना के समर्थन के लिए भारत के लोगों और भारत सरकार को धन्यवाद दिया ।

महामहिम भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक ने 17 अगस्त 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को अंतिम सम्मान देने के लिए नई दिल्ली का दौरा किया।

विदेश सचिव श्री विजय गोखले ने 18-20 नवंबर, 2018 तक भूटान की आधिकारिक यात्रा की और उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, आर्थिक और विकास सहयोग, जल विद्युत सहयोग, लोगों के बीच आपसी संबंध और स्वर्ण जयंती वर्ष में संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले क्रियाकलापों सहित विभिन्न द्विपक्षीय मामलों पर भूटानी नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।

भारत और भूटान के बीच विकास सहयोग पर भारत-भूटान द्विपक्षीय परामर्श 12 दिसंबर 2018 को नई दिल्ली में आयोजित किए गए थे। परामर्श के दौरान, दोनों पक्षों ने 11

वीं पंचवर्षीय योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की और भूटान की 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए भारत सरकार के विकास सहायता के तत्वों पर चर्चा की ।

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, भूटान के प्रधान मंत्री डॉ लोटे त्सरिंग ने 27-29 दिसंबर 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा की। उनके साथ विदेश मंत्री ल्योनपो डॉ तंदी दोरजी, आर्थिक मामलों के मंत्री ल्योनपो लोकनाथ शर्मा और भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के व्यापक द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों की समीक्षा की। इस यात्रा के दौरान, भूटान की 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 1 नवंबर 2018 से 31 अक्टूबर 2023 तक की अवधि के लिए भारत सरकार के सहायता पैकेज की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूचित किया कि भारत भूटान की 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 4500 करोड़ रुपए तथा द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संपर्कों को सुदृढ़ करने के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए 400 करोड़ रुपए की माध्यमिक व्यापार सहयोग सुविधा का सहायता अनुदान प्रदान करेगा। दोनों पक्षों ने आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के महत्व को स्वीकार करते हुए, भूटान में चल रही द्विपक्षीय पनबिजली परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की और उनके कार्यान्वयन में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने भूटान में 10,000 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन क्षमता को संयुक्त रूप से विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और इस संबंध में सोकोश जलविद्युत परियोजना पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने 720 मेगावाट की मंगदेछु एचईपी की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और भारत द्वारा परियोजना से अधिशेष बिजली के आयात के लिए टैरिफ पर दोनों पक्षों की आपसी समझ का स्वागत किया।

आर्थिक और पनबिजली सहयोग

वर्ष के दौरान, भूटान में भारत सरकार की सहायता से बनाए जा रहे 720 मेगावाट मंगदेछु एचईपी पर तेजी से काम किया गया, परियोजना 2019 में चालू होने वाली है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान भारत सरकार की सहायता वाली पुनात्संगछु-I, II पनबिजली परियोजनाओं पर प्रगति हुई है। पुनात्सांगछु-II, II और मंगदेछु परियोजनाओं की द्वि-राष्ट्रीय परियोजना प्राधिकरण की बैठकें नई दिल्ली में 2 और 3 मई 2018 को आयोजित की गईं ।

वाणिज्य सचिव स्तर पर भारत और भूटान की द्विपक्षीय बैठक 17 और 18 मई 2018 को थिम्मू में आयोजित की गई थी ।उच्च स्तरीय बैठक ने नई दिल्ली में 18 और 19 जनवरी 2017 को आयोजित व्यापार और पारगमन पर अंतिम द्विपक्षीय बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

'भूटान-भारत व्यापार और निवेश संवर्धन एक्सपो' (बीआईटीआईपीई), भारतीय हस्तशिल्प पर 7 वें विषयगत प्रदर्शनी और चौथे कृषि फ़्लोरी मेला 2018 का उद्घाटन समारोह चंगलीमियांग स्टेडियम, थिम्पू के पास 12 सितंबर 2018 को हुआ। यह आयोजन भारत के दूतावास, थिम्पू के सहयोग से भूटान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित किया गया था।

क्षमता निर्माण और लोगों के बीच आपसी संबंध

उच्च शिक्षा के भारतीय संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन करने के लिए भूटानी छात्रों को भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 1200 छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। 2018 के दौरान, नेहरू-वांगचुक छात्रवृत्ति के तहत आठ विद्वानों, राजदूत की छात्रवृत्ति के तहत 864 और स्नातक छात्रवृत्ति के तहत उन्यासी छात्रों का लाभ मिला। आईटीईसी के तहत भारत सरकार द्वारा बीस प्रशिक्षण स्लॉट प्रदान किए जाते हैं। वित्त वर्ष 2018-19 में, भूटान के कई सरकारी अधिकारियों को भारत के आईएएस, आईएफएस, आईएएएस और आईआरएस अधिकारियों के साथ प्रमुख सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत भूटान के रॉयल विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों में व्याख्याताओं की तैनाती कर रहा है। वित्त वर्ष 2018-19 में, ग्यारह व्याख्याताओं को भारत से भूटान के रॉयल विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है।

चीन

नेतृत्व स्तर की बातचीत

27 और 28 अप्रैल, 2018 को वुहान में आयोजित प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के अध्यक्ष श्री शी जिनपिंग के बीच पहले अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के साथ भारत और चीन के बीच घनिष्ठ विकास साझेदारी वर्ष 2018 में एक नए मुकाम पर पहुंच गई। इस अनौपचारिक शिखर सम्मेलन ने अपने द्विपक्षीय संबंधों के स्तर को बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों की इच्छा को प्रतिबिंबित किया और दोनों नेताओं को एक-दूसरे के विकास संबंधी आकांक्षाओं और आपसी संवेदनशीलता के साथ मतभेदों के विवेकपूर्ण प्रबंधन के लिए परस्पर सम्मान पर आधारित भारत-चीन संबंधों की भविष्य की दिशा की एक आम समझ बनाने में मदद की। दोनों पक्ष 2019 में भारत में दूसरा अनौपचारिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने पर सहमत हुए।

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बहुपक्षीय शिखर सम्मेलन के अवसर पर वर्ष के दौरान तीन बार द्विपक्षीय बैठकें कीं, जिनमें 9 जून, 2018 को किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन, 26 जुलाई, 2018 को जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और 30 नवंबर, 2018 को ब्यूनस आयर्स में जी-20 शिखर सम्मेलन शामिल हैं।

उच्च स्तरीय आदान-प्रदान

भारत और चीन के बीच नियमित रूप से उच्च स्तरीय विनियोजन के हिस्से के रूप में, विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 21-24 अप्रैल, 2018 तक चीन की आधिकारिक यात्रा की। इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री ने चीन के स्टेट काउंसलर और चीन के विदेश मंत्री श्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बैठक की और बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी भाग लिया।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल ने 12 और 13 अप्रैल, 2018 को चीन का दौरा किया और श्री यांग जियेची, पोलित ब्यूरो के सदस्य और शंघाई में सीपीसी केंद्रीय समिति

प्रधानमंत्री और चीन जनवादी गणराज्य के राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग 28 अप्रैल, 2018 को वुहान, चीन में

के विदेशी मामलों के आयोग के निदेशक के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर परामर्श किया।

चीन के स्टेट काउंसिलर और विदेश मंत्री श्री वांग यी ने 21-23 दिसंबर 2018 तक भारत की आधिकारिक यात्रा की और नई दिल्ली में सांस्कृतिक और लोगों के पारस्परिक आदान-प्रदान संबंधी भारत-चीन उच्च स्तरीय तंत्र की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता की। यात्रा के दौरान, उन्होंने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की और एनएसए के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

विशेष प्रतिनिधि वार्ता

सीमा मुद्दे पर भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधि - राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री श्री वांग यी ने विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के 21वें दौर के लिए 24 नवंबर, 2018 को चेंगदू में आपस में मुलाकात की। वुहान शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा प्रदान किए गए उनके कार्यों के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन और समर्थन को याद करते हुए, विशेष प्रतिनिधियों ने यथाशीघ्र भारत-चीन सीमा विवाद का उचित, तर्कसंगत और परस्पर स्वीकार्य समाधान हासिल करने के अपने प्रयासों को तेज करने का संकल्प लिया। विशेष प्रतिनिधियों ने सहमति व्यक्त की कि सीमा विवाद का अंतिम समाधान होने तक यह आवश्यक है कि सीमा क्षेत्रों में शांति एवं अमन-चैन बनाए रखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सीमा विवाद द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को प्रभावित न करे।

भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र के 12वें और 13वें दौर की वार्ताएं क्रमशः 27 सितंबर, 2018 को चेंगदू में और 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की ।

अन्य उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान

चीन से भारत की उच्च-स्तरीय यात्राओं में, 21-25 अक्टूबर, 2018 तक स्टेट काउंसलर और लोक सुरक्षा मंत्री श्री झाओ केज़ी की यात्रा शामिल थी। यात्रा के दौरान, गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह और श्री झाओ केज़ी ने 22 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर पहली भारत-चीन उच्च स्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता की और द्विपक्षीय आतंकवादरोधी सहयोग सहित आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की और भारत और चीन के बीच सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में अधिक से अधिक सहयोग का स्वागत किया। दोनों मंत्रियों द्वारा गृह मंत्रालय और चीन के लोक सुरक्षा मंत्रालय के बीच सुरक्षा सहयोग के एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए।

वर्ष के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय संवाद तंत्रों के तहत आदान-प्रदान भी किए गए। निरस्त्रीकरण और हथियार नियंत्रण वार्ता 10 अप्रैल, 2018 को बीजिंग में आयोजित की गई। बीजिंग में 13 जुलाई, 2018 को समुद्री मामलों से संबंधित वार्ता आयोजित की गई थी। कौंसुली वार्ता 27 जून, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। आतंकवाद रोध पर 8वीं भारत-चीन संयुक्त कार्य समूह की बैठक 30 जनवरी, 2019 को बीजिंग में हुई थी। एक और महत्वपूर्ण घटना अफगान राजनयिकों के लिए पहली भारत-चीन संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम थी, जो 15-26 अक्टूबर, 2018 तक नई दिल्ली और 19-30 नवंबर, 2018 को बीजिंग में आयोजित की गई थी।

भारत और चीन के बीच नियमित आदान-प्रदान के एक हिस्से के रूप में विदेश मंत्रालय और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के बीच निष्पन्न समझौता ज्ञापन के तहत झारखंड के मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास ने 2-6 सितंबर, 2018 तक चीन का दौरा किया। असम, त्रिपुरा, नागालैंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश राज्य से मंत्रियों एवं वरिष्ट अधिकारियों ने भी अलग से चीन की यात्रा की।

भारत का शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में एक पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने और चीन द्वारा 2018 में शंघाई सहयोग संगठन के अध्यक्ष का पदभार संभाल लेने से और दोनों पक्षों के बीच मंत्रालयी स्तर के साथ-साथ आधिकारिक स्तर पर बातचीत के लिए और अधिक अवसर प्राप्त हुए। एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए 21-24 अप्रैल, 2018 तक विदेश मंत्री की बीजिंग यात्रा के अलावा, रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने भी 23-25 अप्रैल, 2018 तक बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक के लिए चीन का दौरा किया। पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री ए.के. अल्फोंस वुहान में एससीओ पर्यटन मंत्रियों की बैठक के लिए 8 और 9 मई 2018 को चीन गए। संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ० महेश शर्मा 15-18 मई, 2018 तक सान्या, चीन गए। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री राजिंदर खन्ना ने 21 और 22 मई, 2018 तक बीजिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिवों

की बैठक के लिए चीन का दौरा किया। न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी, न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 23-27 मई 2018 तक सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्षों की बैठक के लिए चीन का दौरा किया।

जल संसाधन में सहयोग

जून 2018 में प्रधान मंत्री की किंगदाओ यात्रा के दौरान, चीन द्वारा भारत को बाढ़ के मौसम में ब्रह्मपुत्र नदी की जल संबंधी जानकारी देने की व्यवस्था करने के लिए दोनों पक्षों ने अगले पांच साल के लिए मौजूदा समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया। सतलुज नदी के लिए इसी तरह का समझौता ज्ञापन पहले से ही लागू है। मौजूदा समझौता ज्ञापनों के अनुपालन में, चीन ने 2018 में बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र और सतलुज नदियों के लिए हाइड्रोलॉजिकल जानकारी प्रदान की।

रक्षा आदान-प्रदान

भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य-से-सैन्य आदान-प्रदान पूरे वर्ष जारी रहे। चीन के स्टेट काउंसलर और रक्षा मंत्री जनरल वेई फ़ेंगहे ने 21-24 अगस्त 2018 तक भारत का दौरा किया। यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर व्यापक चर्चा की। इसके बाद 9वीं भारत-चीन वार्षिक रक्षा और सुरक्षा वार्ता का आयोजन 13 नवंबर, 2018 को बीजिंग में किया गया। इस वार्ता के दौरान दोनों पक्ष 2019 के लिए विशिष्ट रक्षा आदान-प्रदान पर सहमत हुए, जिसकी सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव श्री संजय मित्रा और केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शाओ युआनिंग ने की।

वर्ष के दौरान अन्य आदान-प्रदानों में जून 2018 में चीन के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल का दौरा और जुलाई 2018 में पश्चिमी कमान के उप-कमांडर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा शामिल है। इन यात्राओं के उपरांत अगस्त 2018 में भारतीय सेना के पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने चीन की यात्रा की। वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ ने एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने 4-8 नवंबर, 2018 से चीन के झुहाई एयर शो में भाग लिया। 7वां भारत-चीन संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'हैंड इन हैंड 2018' 10-23 दिसम्बर, 2018 को चेंगदू, चीन में हुआ।



विदेश मंत्री बीजिंग में चीन के स्टेट कौंसलर एवं विदेश मंत्री से मुलाकात करते हुए (22 अप्रैल, 2018)

विदेश सचिव नई दिल्ली में चीन के उप विदेश मंत्री श्री कौंग जुआनयू से मुलाकात करते हुए (05 जून, 2018)

व्यापार और आर्थिक संबंध

आर्थिक मोर्चे पर, जून 2018 में प्रधान मंत्री की किंगदाओ यात्रा के दौरान भारत से चीन को चावल के निर्यात के लिए प्रोटोकॉल के अलावा, दोनों पक्षों ने भारत से चीन को मछली और मछली के तेल के निर्यात और तंबाकू की पत्तियों के निर्यात से संबंधित दो और प्रोटोकॉल पर नवंबर 2018 और जनवरी, 2019 में हस्ताक्षर किए। चीन को भारतीय रेपसीड मील का निर्यात करने के लिए रेपसीड मील के निर्यात से संबंधित प्रक्रियाएं भी पूरी की गईं।

वाणिज्य विभाग के अपर सचिव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जून और अगस्त 2018 में चीनी पक्ष के साथ द्विपक्षीय वाणिज्यिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए चीन का दौरा किया। वाणिज्य सचिव डॉ॰ अनूप वधावन ने 4 से 6 नवंबर 2018 तक शंघाई में होने वाले पहले चीन अंतर्राष्ट्रीय आयात एक्सपो में भाग लेने के लिए चीन के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने चीन के वाणिज्य मंत्रालय के वाइस मिनिस्टर श्री वांग शॉवेन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। वाणिज्य सचिव डॉ. अनूप वाधवा ने द्विपक्षीय चर्चाओं को तथा आरसीईपी संबंधी चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए 21-22 जनवरी, 2019 को चीन की यात्रा की। इन बैठकों के दौरान, बढ़ते व्यापार असंतुलन पर अपनी चिंता को दोहराते हुए भारतीय पक्ष ने कृषि उत्पादों, फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और पर्यटन जैसे क्षेत्रों का उल्लेख किया जिनमें भारत ने अपनी ताकत और महत्वपूर्ण वैश्विक उपस्थिति दर्ज की है, लेकिन चीन में जिनकी उपस्थिति नगण्य है और द्विपक्षीय व्यापार में इन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

नीति आयोग और चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग (एनडीआरसी) के बीच 5वीं भारत-चीन रणनीतिक आर्थिक वार्ता 14 अप्रैल, 2018 को बीजिंग में आयोजित की गई थी। इसके पांच कार्यकारी समूहों ने - बुनियादी सुविधाएं, हाई-टेक, ऊर्जा, संसाधन संरक्षण और नीति समन्वय के क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की और इन क्षेत्रों में आगे के सहयोग के लिए चर्चा की। नीति आयोग और स्टेट काउंसिल ऑफ चाइना के विकास अनुसंधान केंद्र (डीआरसी) की चौथी वार्ता 1 नवंबर, 2018 को मुंबई में आयोजित की गई थी। भारत और चीन ने 28 और 29 मई, 2018 को बीजिंग

में सामाजिक सुरक्षा समझौते पर एक तकनीकी बैठक की। दोनों पक्षों ने 29 और 30 अक्टूबर, 2018 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ० एम.एम. कुट्टी की चीन यात्रा के दौरान ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की। नीति आयोग में प्रधान सलाहकार की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीजिंग में 11-12 जनवरी, 2019 तक चीन में सबसे बड़े इलैक्ट्रिकल व्हीकल फोरम, 5वें ईवी-100 में भाग लिया। कौशल विकास पर दूसरी भारच-चीन संयुक्त कार्य समूह बैठक 18-22 फरवरी 2019 को नई दिल्ली में हुई।

भारत गणराज्य और चीन जनवादी गणराज्यके हॉग कॉग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के बीच कर के संबंध में दोहरे कराधान से बचाव और वित्तीय चोरी की रोकथाम संबंधी करार पर दोनों पक्षकारों द्वारा सभी संगत प्रक्रिया के पूरा होने के बाद 30 नवंबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए।

सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान

दोनों पक्षों ने लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान को बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास किए और जैसा कि वुहान में अपने अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान पर एक उच्च-स्तरीय तंत्र स्थापित किया गया। इस तंत्र की पहली बैठक 21 दिसंबर 2018 को नई दिल्ली में हुई, इस दौरान दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मीडिया एक्सचेंज, फिल्म और टेलीविजन, संग्रहालय प्रबंधन, खेल, युवा आदान-प्रदान, पर्यटन, राज्य और शहर-स्तरीय आदान-प्रदान, पारंपरिक चिकित्सा और योग, और शिक्षा और शैक्षणिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। उच्च स्तरीय तंत्र की बैठक के दौरान कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें भारत-चीन थिंक टैंक फोरम की तीसरी बैठक (20-21 दिसंबर 2018), तीसरा भारत-चीन उच्च स्तरीय मीडिया फोरम (21 दिसंबर 2018) एक फिल्म महोत्सव (22-24 दिसंबर 2018) और संग्रहालय प्रबंधन पर एक फोरम (20 दिसंबर 2018) का आयोजन शामिल था।

2006 से भारत और चीन के बीच युवा आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखते हुए, जुलाई 2018 में 200 सदस्यीय भारतीय युवा प्रतिनिधिमंडल ने चीन का दौरा किया और नवंबर 2018 में 200 सदस्यीय चीनी युवा प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया।

भारत में आने वाले चीनी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री ए.के. अल्फोंस ने अगस्त 2018 में चीन का दौरा किया और बीजिंग, वुहान और शंघाई में पर्यटन रोड शो को संबोधित किया। 2018 में स्पाइस जेट और इंडिगो ने क्रमशः दिल्ली से हॉगकॉग और बेंगलुरु से हॉगकॉग को जोड़ने वाली उड़ाने शुरू की।

चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय दूतावास और कौंसुलावासों द्वारा पूरे चीन में योग का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में चीनी योग प्रेमियों ने भाग लिया। अगस्त 2018 में अध्यक्ष, आईसीसीआर की चीन यात्रा के दौरान आयोजित एक समारोह में, भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, बीजिंग को स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र का नया नाम दिया गया।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के जश्न की शुरुआत 2 अक्टूबर 2018 को गांधी जयंती के साथ हुई। 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अन्य गतिविधियों में चीनी स्कूलों और विश्वविद्यालयों में गांधी विषयक कार्यक्रमों का आयोजन, चीनी भाषा में गांधीवादी साहित्य का वितरण, 'लाइफ एंड टाइम्स ऑफ गांधी' पर एक फोटो प्रदर्शनी और गांधीवादी विचारों के अच्छे जानकार विद्वानों के साथ 'सत्य वर्ता ' का आयोजन शामिल था। एक चीनी गायक द्वारा महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन 'वैष्णव जन तो' का एक वीडियो भी इस दौरान जारी किया गया था।

कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड, सिक्किम और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर हर साल जून से सितंबर तक किया जाता है। 2018 में यात्रा के लिए कुल 3,734 लोगों ने आवेदन किया और 1,328 यत्रियों ने यात्रा की। नाथू-ला मार्ग, जिससे होकर वर्ष 2017 में यात्रा नहीं की गई थी, वर्ष 2018 में यात्रियों के लिए फिर से खोल दिया गया। 2018 में, 906 यत्रियों ने लिपुलेख मार्ग से होकर और 422 यात्रियों ने नाथू ला मार्ग से होकर यात्रा की।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मालदीव गणराज्य के राष्ट्रपति श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में (17 दिसंबर, 2018)

मालदीव

भारत ने शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध मालदीव देखने की अपनी इच्छा से सरकार और मालदीव सरकार और वहाँ के लोगों के साथ अपनी निकटता जारी रखी। विभिन्न क्षेत्रों में उच्च-स्तरीय यात्राओं और सहयोग का आदान-प्रदान हुआ।

23 सितंबर, 2018 को हुए राष्ट्रपति चुनाव में इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की जीत के बाद प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 24 सितंबर, 2018 को उन्हें टेलीफोन पर बधाई दी। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशेष आदर-भाव दर्शाते हुए राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के निमंत्रण पर उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार किया और 17 नवंबर, 2018 को मालदीव का दौरा किया। विशेष आदर-भाव दर्शाते हुए तथा परंपरा से हटकर, राष्ट्रपति श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। मई 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद से यह प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहली यात्रा थी और उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान की। पिछले भारतीय प्रधान मंत्री की मालदीव यात्रा नवंबर 2011 में ठीक सार्क शिखर बैठक के तुरंत बाद हुई थी।

प्रधानमंत्री राष्ट्रपति श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान (17 नवंबर, 2018)

प्रधान मंत्री ने राष्ट्रपति श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को भारत की राजकीय यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ने प्रथम महिला फ़ज़ना अहमद के साथ 16-18 दिसंबर, 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा की।

राष्ट्रपति की भारत यात्रा की तैयारी में विदेश मंत्री श्री अब्दुल्ला शाहिद ने पदभार संभालने के बाद 24-27 नवंबर, 2018 तक भारत की अपनी पहली यात्रा की। उनके साथ वित्त मंत्री श्री इब्राहिम आमेर, आर्थिक विकास मंत्री उज़ फय्याज इस्माइल, विदेश राज्य मंत्री श्री अहमद खलील, विदेश सचिव श्री अब्दुल गफूर मोहम्मद और विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के अधिकारी भी थे।

रक्षा सेना के प्रमुख मेजर जनरल अहमद शियाम ने कोचीन में 13-14 नवंबर, 2018 तक भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया। भारत, श्रीलंका और मालदीव के बीच त्रिपक्षीय संयुक्त नौसेना अभ्यास, "दोस्ती -14" का 14वां संस्करण 25-29 नवंबर, 2018 को मालदीव में आयोजित किया गया था। भारत सरकार ने 1 अगस्त - 30 नवंबर, 2018 को विशाखापत्तनम में मालदीव के तटरक्षक जहाज हुरावी में मामूली मरम्मत कार्य किया। मालदीव सरकार के अनुरोध पर 15 नवंबर, 2018 तक मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया और यह जहाज 23 नवंबर, 2018 को "दोस्ती -14" अभ्यास में भाग लेने के लिए मालदीव लौट आया। तीसरा संयुक्त स्टाफ वार्ता 26-27 जून, 2018 को माले में आयोजित की गई। भारतीय नौसेना डोर्नियर (इंडो 222) द्वारा संयुक्त ईईजेड की निगरानी 18-22 जून, 2018 तक की गई। आईएनएस सुमेधा ने 12-15 मई, 2018 तक जहाज पर एमएनडीएफ कर्मियों के साथ ईईजेड की निगरानी की। भारतीय नौसैनिक मरीन कमांडो और एमएनडीएफ मरीन्स के बीच एकता 2018 अभ्यास का आयोजन 28 अप्रैल - 14 मई, 2018 तक मालदीव में किया गया। भारतीय तटरक्षक जहाज (आईसीजीएस) समर्थ 28 अप्रैल से 10 भारतीय नौसेना मरीन कमांडो के साथ एकता 2018 अभ्यास के लिए मालदीव पहुंचा।

भारतीय निजी एयरलाइन, 'गोएयर ' ने 14 अक्टूबर, 2018 को अपनी उद्घाटन उड़ान के साथ मालदीव के लिए परिचालन शुरू किया जिसमें मुंबई से माले तक 80 यात्रियों के साथ ए 320 ने उड़ान भरी। इंडिगो एयरलाइंस ने भी 15 नवंबर, 2018 को अपनी उद्घाटन उड़ान के साथ मालदीव के लिए ऑपरेशन शुरू किया। इंडिगो कोचीन, बैंगलोर और मुंबई को मालदीव से जोड़ेगा।

मॉरीशस

वर्ष 2018-19 में भारत-मॉरीशस संबंधों में और मजबूती आई तथा इसमे नए आयाम जुड़े जिसके तहत सांस्कृतिक, भाषाई तथा प्रवासी पुनर्सम्पर्क, त्वरित आर्थिक सहयोग, जैविक विकास साझेदारी और लोगों के बीच जीवंत आपसी संपर्क देखा गया। **सागर** रणनीति के एक अभिन्न भागीदार के रूप में, हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, विकास और सुरक्षा स्थापित करने के लिए मॉरीशस ने अपनी महत्ता साबित की है।

गहन द्विपक्षीय विनियोजन के हिस्से के रूप में, विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने अगस्त 2018 में पोर्ट लुई में आयोजित 11वें विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लिया। इससे पहले (श्रीमती) लीला देवी दुकन लछुमन, शिक्षा और मानव संसाधन, तृतीयक शिक्षा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री ने अप्रैल 2018 में विश्व हिंदी सम्मेलन की शासी परिषद की बैठक के लिए भारत का दौरा किया। 10 अप्रैल 2018 को, विदेश मंत्रालय, जवाहरलाल नेहरू भवन, नई दिल्ली में 11 वें विश्व हिंदी सम्मेलन (डब्ल्यूएचसी) का लोगो और वेबसाइट का विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज और मॉरीशस की शिक्षा और मानव संसाधन, तृतीयक शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया था। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने सितंबर 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अवसर पर न्यूयॉर्क में और ब्रिक्स विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका जाते समय मार्ग में पोर्ट लुई में मॉरीशस के प्रधान मंत्री से मुलाकात की थी। भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के पश्चात् एकजुटता दिखाते हुए मॉरीशस की सरकार ने मॉरीशस में सभी सरकारी भवनों पर भारतीय और मॉरीशस दोनों के झंडों को आधा झुका दिया। द्विपक्षीय संबंधों में दिवंगत नेता के योगदान की याद में, मॉरीशस सरकार ने एबेने साइबरसिटी (प्रधान मंत्री वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान भारतीय सहायता से निर्मित) में साइबर टॉवर 1 का नाम बदलकर "अटल बिहारी वाजपेयी टॉवर" रख दिया।

राष्ट्रपति वाराणसी में मॉरीशस गणराज्य के प्रधानमंत्री श्री प्रवीण जगन्नाथ के साथ मुलाकात करते हुए (23 जनवरी, 2019)

मॉरीशस सरकार के निमंत्रण पर, बिहार विधानसभा के ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नवंबर 2018 में अप्रवासी दिवस की 184वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेने के लिए आधिकारिक यात्रा पर मॉरीशस का दौरा किया। 16-19 जुलाई, 2018 तक ग्रामीण विकास में सहयोग पर गठित पहली संयुक्त समिति की बैठक मॉरीशस में आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेतृत्व में अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी हुई।

दोनों पक्षों की नियमित मंत्रिस्तरीय यात्राओं ने विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में सहयोग बढ़े हैं। मॉरीशस की कुछ उल्लेखनीय यात्राओं में (कार्यवाहक) राष्ट्रपति श्री परमासिवम पिल्ले व्यापूरी की अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव (11-18 दिसंबर, 2018) के लिए भारत यात्रा, अंतरराष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन (16-20, नवंबर 2018) में भाग लेने के लिए स्पीकर सुश्री शांति बाई हनुमानजी की भारत यात्रा, द्विपक्षीय बैठकों के लिए (15-21 नवंबर 2018) पब्लिक सर्विस कमीशन एंड डिसिपलींड फोर्सेस सर्विस कमीशन के अध्यक्ष श्री एस गनेसी की यात्रा, आईएसए की पहली आम सभा (2-4 अक्टूबर 2018) में शामिल होने के लिए श्री इवान लेस्ली कोलेंडा वेल्लू, उप प्रधान मंत्री, ऊर्जा मंत्री और मॉरीशस गणराज्य की सार्वजनिक उपयोगिताएँ मंत्री की यात्रा, द्विपक्षीय बैठक के लिए (27 सितंबर -4 अक्टूबर, 2018) श्रम और रोजगार मंत्री श्री एस.एस. कालीचरण की यात्रा, 5वीं वैश्विक तमिल आर्थिक मंच (11-15 अक्टूबर 2018) में शामिल होने के लिए (कार्यवाहक) राष्ट्रपति श्री परमशिवम पिल्ले व्यापूरी की भारत यात्रा, पर्यटन मंत्री श्री अनिल गायन (20-23 सितंबर, 2018) की यात्रा, एशियन समिट फॉर एजुकेशन एंड स्किल्स (एएसईएस) में शामिल होने के लिए श्रीमती लीला देवी दुकन-लछुमन, शिक्षा और मानव संसाधन, तृतीयक शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री की 2-4 अक्टूबर, 2018 तक और 2-7 अप्रैल, 2018 तक विश्व हिंदी सम्मेलन की शासी परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए भारत यात्रा और प्रौद्योगिकी, संचार एवं नयाचार मंत्री श्री योगिदा स्वामीनाथन की 2-8 अगस्त तक भारत यात्रा शामिल हैं।

आर्थिक मोर्चे पर, मॉरीशस भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के प्रमुख स्रोतों में से एक रहा। भारत और मॉरीशस में भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर चल रही वार्ता के कई दौर आयोजित किए गए। मॉरीशस में 19-23 नवंबर, 2018 तक हाल ही

में 7वें दौर की बैठक का आयोजन किया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री केशव चंद्रा, संयुक्त सचिव (एफटी-अफ्रीका), वाणिज्य विभाग ने किया और मॉरीशस की ओर से नेतृत्व व्यापार नीति, विदेश मामले, क्षेत्रीय एकीकरण और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय के निदेशक श्री नारायण बूधु ने किया।

बैठक के दौरान व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते संबंधी भारत-मॉरीशस संयुक्त अध्ययन रिपोर्ट (जेएसआर) पर हस्ताक्षर किए गए। रिपोर्ट में 25 क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग को लाभकारी पाया गया। भारत और मॉरीशस ने दिसंबर 2018 में द्विपक्षीय निवेश संधि पर वार्ता शुरू की थी।

रक्षा और सुरक्षा सहयोग में नियमित रूप से सद्भावना यात्राएं और भारतीय जहाजों द्वारा मॉरीशस के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) निगरानी यात्राएं की गईं। इस अवधि के दौरान भारत सरकार की सहायता के तहत मॉरीशस के तट रक्षक जहाज गार्जियन को अनुदान आधार पर सर्विस लाइफ एक्सटेंशन रिफिट (एसएलईआर) प्रदान किया गया। यह जहाज खोज और बचाव मिशन के साथ-साथ विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में निगरानी कार्य करेगा।

भारत द्वारा 2018-19 में मॉरीशस को दी गई विकास साझेदारी सहायता में अन्य के साथ-साथ 353 मिलियन अमरीकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज के तहत प्रतिबद्ध पांच प्रमुख परियोजनाओं जैसे मेट्रो एक्सप्रेस, ईएनटी हॉस्पिटल, न्यू सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, सोशल हाउसिंग और स्कूली बच्चों के लिए डिजिटल टैबलेट का कार्यान्वयन शामिल है। मॉरीशस सरकार की अठारह अन्य प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के लिए 500 मिलियन अमरीकी डॉलर की एक ऋण श्रृंखला भी कार्यान्वयन चरण में है।

ओसीआई योजना में की गई विशेष व्यवस्था ने मॉरीशस में भी लोकप्रियता हासिल की है और यह दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत कर रही है। जनवरी 2019 में वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रवीण जगन्नाथ को प्रवासी भारतीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

कई भारतीय सांस्कृतिक समूहों ने 2018 में मॉरीशस की स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ पर वर्षभर चलने वाले विशेष सांस्कृतिक समारोहों में भाग लिया था। योग का चौथा अंतर्राष्ट्रीय दिवस, महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती समारोह का उत्सव और राष्ट्रीय दिवस समारोह भी अलग-अलग दलों की मॉरीशस की भागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक मनाये गए।

म्यांमार

म्यांमार की भारत के साथ 1,600 किमी भूमि सीमा है। यह एक्ट ईस्ट और पड़ोसी प्रथम नीति के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाला एकमात्र आसियान देश है। भारत के म्यांमार के साथ एक लंबे समय से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोग और म्यांमार में चिन, काचिन और सागांग के लोगों के बीच साझी जातीय, भाषाई, धार्मिक और सांस्कृतिक विशेषताएं हैं। यह संबंध हमारे मजबूत विकास सहयोग, रक्षा, व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों, उच्च-स्तरीय दौरों आदि से प्रगाढ़ हुआ है। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की म्यांमार यात्रा के दौरान 10 और 11 मई 2018 को निम्नलिखित करारों/समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे:

- ''मोनवा, म्यांमार में भारत-म्यांमार औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना'' पर भारत गणराज्य की सरकार और म्यांमार संघ गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर 10 मई, 2018 को हस्ताक्षर किए गए।
- "थाटोन, म्यांमार में भारत-म्यांमार औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना" पर भारत गणराज्य की सरकार और म्यांमार संघ गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर 10 मई 2018 को हस्ताक्षर किए गए।
- मयिंगयान में स्थापित और 2013 में सौंप दिए गए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की पांच साल की व्यापक रखरखाव योजना के लिए भारत गणराज्य की सरकार और म्यांमार संघ गणराज्य की सरकार के बीच विनिमय पत्र पर 10 मई 2018 को हस्ताक्षर किए गए ।
- बागान में भूकंप से क्षतिग्रस्त पगोडा के संरक्षण के लिए भारत गणराज्य की सरकार और म्यांमार संघ गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर 11 मई 2018 को हस्ताक्षर किए गए।

राष्ट्रपति ने पी तो, म्यांमार में म्यांमार के राष्ट्रपति श्री यू विन मिंट से मुलाकात करते हुए (11 दिसंबर, 2018)

- भारत गणराज्य की सरकार और म्यांमार संघ गणराज्य की सरकार के बीच भूमि सीमा पारगमन समझौते पर 11 मई 2018 को हस्ताक्षर किए गए।
- कम्प्यूटर और अन्य संबद्ध उपकरणों की आपूर्ति के लिए सामाजिक मामलों के विभाग (रखाइन राज्य सरकार) और भारत के राजदूतावास, यंगून के बीच समझौता ज्ञापन पर 12 सितंबर 2018 को हस्ताक्षर किए गए।
- 20 जुलाई 2018 को केंद्रीय अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री यू क्यॉ टिन की भारत यात्रा के दौरान म्यांमार ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसने समझौते की पुष्टि भी की है।

8 अगस्त 2018 को, तमू-मोरेह और रिहकवदर-ज़ोखवथर में दो अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमा निकास / प्रवेश केन्द्रों के खोलने के साथ भूमि सीमा पारगमन पर महत्वपूर्ण समझौता अस्तित्व में आया। यह स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं, तीर्थयात्रा और पर्यटन सहित लोगों को पासपोर्ट और वीजा के साथ भूमि सीमा पार करने में सक्षम बनाकर लोगों के आपसी संपर्कों को बढ़ाएगा।

इस प्रकार, अब तक भारत ने 1.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है, जिनमें से लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजनाएं पूरी तरह से अनुदान-पोषित हैं, और अन्य रियायती वित्तपोषण के माध्यम से हैं। सितंबर 2018 में, रखाइन राज्य कृषि, पशुधन, वन और खदान मंत्रालय के लिए पंद्रह ट्रैक्टर, पंद्रह कटाई मशीनें और कम्प्यूटर अध्ययन विश्वविद्यालय, सिटवे को चालीस कम्प्यूटर सौंपने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत सरकार ने रखाइन राज्य से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए म्यांमार सरकार की सहायता के लिए म्यांमार सरकार को पाँच वर्षों में 25 मिलियन अमरीकी डालर की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यह सहायता पहले से ही विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन चरणों में प्रदान की जा रही है और विस्थापितों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रखाइन राज्य में 250 पूर्वनिर्मित घरों का निर्माण किया जा रहा है।

भारत की प्रमुख कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना (केएमटीटीपी) पूरी तरह से अनुदान-प्राप्त है और पूरी परियोजना पर परिव्यय लगभग 484 मिलियन

अमरीकी डॉलर है। 22 अक्तूबर 2018 को भारत के विदेश सचिव की म्यांमार यात्रा के दौरान सिटवे पोर्ट के संचालन और रखरखाव, पलेतवा अंतर्देशीय जल टर्मिनल और इस परियोजना की संबद्ध सुविधाओं के लिए एक निजी पोर्ट ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना इस दिशा में एक सकारात्मक कदम था।

सिटवे में बंदरगाह के विकास, पलेतवा में अंतर्देशीय जल टर्मिनल (आईडब्ल्यूटी) और कलादान नदी चैनल में नौवहन सुविधाओं संबंधी कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। परियोजना के हिस्से के रूप में निर्मित 300 मीट्रिक टन क्षमता की छह नदी बाज भी म्यांमार प्राधिकारियों को सौंप दी गई हैं।

व्यापार

- म्यांमार के श्रम, आव्रजन और जनसंख्या मंत्रालय के अनुरोध पर, यूआईडीएआई द्वारा 29 और 30 अक्टूबर 2018 को आधार के बारे में ने पई ताव में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का आयोजन म्यांमार के अनुरोध पर आधार-जैसा विशिष्ट पहचान पत्र तैयार करने के लिए म्यांमार की सहायता के लिए आयोजित किया गया था।
- यंगून में बौद्ध कॉन्क्लेव को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा एक रोड-शो का आयोजन किया गया था। जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) ने 2 जुलाई 2018 को यंगून में रत्नों और आभूषणों पर एक रोड-शो का आयोजन किया ।
- अगस्त 2018 में यंगून में फार्मा और चिकित्सा उपकरणों की प्रदर्शनी, मेडेक्स में एक साठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

विकास सहयोग

- **आनंद मंदिर:** आनंद मंदिर का संरक्षण और जीर्णोद्वार, बागान का काम पूरा हो चुका है।
- **मोनवा** : 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर से लघु विकास परियोजना के तहत मोनवा में दो सौ बिस्तर वाला महिला अस्पताल स्थापित किया गया है।
- **सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम:** भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम में लगभग 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर वाले दूसरे वर्ष के परियोजना कार्य पूरे हो चुके हैं। लगभग 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर व्यय वाली तीसरे वर्ष की परियोजना प्रगति पर है और इसके वित्तीय वर्ष 2018-19 में पूरा होने की संभावना है।
- **रिह-मिन्दात मार्ग पर माइक्रोवेव रेडियो लिंक:** टेलीकम्यूनिकेशन कन्सलटेंट इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) द्वारा रिह-मिन्दात मार्ग पर माइक्रोवेव रेडियो लिंक का कार्यान्वयन पूरा कर लिया गया है। भारत सरकार द्वारा सहायता प्राप्त ऋण श्रृंखला के तहत टीसीआईएल द्वारा 6 मिलियन अमरीकी डॉलर की इस परियोजना का कार्यान्वयन किया गया।

रक्षा

भारत-म्यांमार रक्षा भागीदारी 2018 में और मजबूती आई। पर्याप्त उच्च-स्तरीय यात्राएं, सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षमता निर्माण और स्थापित पारस्परिक संपर्क तंत्र जोशपूर्ण तरीके से चलते रहे। जबकि कार्यात्मक स्तर की सद्भावना यात्राएं नियमित रूप से जारी रही, 1 अप्रैल 2018 से निम्नलिखित महत्वपूर्ण यात्राएं की गई (कालानुक्रमिक क्रम में):

- म्यांमार रक्षा उद्योग के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल थीन हेटे ने अप्रैल 2018 में डैफएक्सपो इंडिया 2018 के लिए चेन्नई का दौरा किया। उन्होंने फिर से अगस्त 2018 में भारतीय रक्षा उद्योग से परिचित होने के लिए पुणे का दौरा किया।
- अगस्त 2018 में, म्यांमार सशस्त्र बल प्रशिक्षण के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मौंग ऐ ने भारतीय सेना के दोनों प्रमुख सैन्य प्रशिक्षण संस्थाओं, मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमसीईएमई) और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) का दौरा किया।
- वाइस-सीनियर जनरल सो विन, डिप्टी सी इन सी म्यांमार डिफेंस सर्विसेज और सी-इन-सी (आर्मी) ने सितंबर 2018 में बिम्सटेक आर्मी चीफ कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए दौरा किया और सद्भावना यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कई प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा, रक्षा मंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मुलाकात की।

- सितंबर 2018 में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ , पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएम, एडीसी ने म्यांमार की सद्भावना यात्रा की। उन्होंने म्यांमार के सैन्य और नागरिक नेताओं के साथ बातचीत की।
- नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने अगस्त 2018 में स्ट्रैटेजिक नेबरहुड स्टडी टूर के लिए म्यांमार का दौरा किया।
- कमांडेंट के नेतृत्व में म्यांमार एनडीसी के प्रतिनिधिमंडल ने नवंबर 2018 में भारत का दौरा किया।
- 26-28 नवंबर 2018 को वीसीएनएस के निमंत्रण पर म्यांमार के सीओएस नेवी वाइस एडमिरल मो ऑंग मिन ने भारत का दौरा किया।

सैन्य प्रशिक्षण

- आईटीईसी -1 के तहत लगभग 120 म्यांमार सैन्य प्रशिक्षुओं को भारतीय सैन्य प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में भेजा गया।
- म्यांमार सेना के अनुरोध पर उनकी आवश्यकतानुसार तैयार किए गए निम्नलिखित प्रशिक्षण प्रदान किए गए थे:
- अप्रैल 2018 में आर्मर्ड कॉर्प्स सेंटर एंड स्कूल (एसीसी एंड एस) अहमदनगर में एक कॉम्बैट टीम (65 व्यक्तियों) को दो सप्ताह के लिए प्रशिक्षित किया गया था।
- नवंबर-दिसंबर 2018 में काउंटर इंसर्जेंसी एंड जंगल वारफेयर स्कूल (सीआईजेडब्ल्यू) वैरांगटे में एक प्लाटून (35 व्यक्ति) चार सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा म्यांमार वायु सेना (एमएएफ) के चयनित व्यक्तियों को एरोबैटिक उड़ान प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

संयुक्त अभ्यास: म्यांमार सेना की एक पलटन (पैंतीस व्यक्तियों) ने सितंबर 2018 में पुणे में बिम्सटेक मिलैक्स 2018 में भाग लिया। यह पहली बार है जब म्यांमार सेना ने एक संयुक्त या बहुपक्षीय अभ्यास में भाग लिया। म्यांमार सेना से एक वरिष्ठ पर्यवेक्षण दल और वाइस सीनियर जनरल सो विन ने मिलैक्स में शिरकत की।

संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा प्रशिक्षण: भारतीय सेना के एक दल ने अगस्त 2018 में म्यांमार सेना के लिए 5 वें संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा प्रशिक्षण कैप्सूल का आयोजन किया। भारतीय सेना प्रशिक्षण, किटिंग और दस्तावेज़ीकरण में परामर्श के मामले में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा अभियानों के लिए म्यांमार सेना को उनकी तैयारी में लगातार सहायता कर रही है।

स्थापित तंत्रों के तहत पारस्परिक बातचीत

- भारतीय सेना और म्यांमार सेना के बीच 12 वीं क्षेत्रीय सीमा समिति (आरबीसी) की बैठक जून 2018 में म्यांमार के कलाय में हुई थी। भारतीय सेना के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जीओसी, 3 कोर और म्यांमार सेना के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर पश्चिम कमान के कमांडर ने किया।
- नवंबर 2018 में इंफाल के मंत्रीपुखरी में 13 वीं आरबीसी की बैठक हुई।
- अगस्त 2018 को तीसरी भारत-म्यांमार स्टाफ वार्ता नई दिल्ली में आयोजित की गई।

क्षमता निर्माण और विविध सहायता

- भारतीय सेना द्वारा डिफेंस सर्विसेज अकादमी, पाइन ओ लोविन में चार अंग्रेजी भाषा प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई और जुलाई 2018 में इन्हें म्यांमार सेना को सौंप दिया गया।
- म्यांमार सशस्त्र बल अपने प्रशिक्षण के लिए सीडीआर7 वॉरगेमिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं जिसे 2013 में सीओएएस द्वारा उपहार में दिया गया था। म्यांमार सेना के अनुरोध पर, एक उन्नत संस्करण, जो म्यांमार की सैन्य आवश्यकताओं के लिए विशेष रूप से वारडेक द्वारा तैयार किया गया और सितंबर 2018 में वाइस सीनियर जनरल सो विन की भारत यात्रा के दौरान सीओएएस ने उन्हें उपहार में दिया गया था।
- अगस्त 2018 में म्यांमार सेना के अंगच्छेदन व्यक्तियों के लिए एक कृत्रिम अंग फिटमेंट शिविर का आयोजन किया गया था। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) की तकनीकी टीम द्वारा 102 अंग लगाए गए थे।

नौसेना सहयोग

समन्वित गश्त, मार्ग अभ्यास, मिलन-2018 में म्यांमार नौसेना की भागीदारी और नियमित पोर्ट कॉल के संदर्भ में 2018 में दोनों नौसेनाओं के बीच अच्छी परिचालन भागीदारी रही। प्रशिक्षण, यात्राओं, सी-राइडर कार्यक्रम और हाइड्रोग्राफी के क्षेत्रों में एक बेहतर संपर्क और सहयोग भी बना रहा।

संस्थागत तंत्र: नौसेना की नौसेना कर्मचारियों से 7 वीं वार्ता 10 से 12 अक्तूबर 2018 तक नई दिल्ली में हुई। दोनों नौसेनाओं के बीच समन्वित गश्त (कॉर्पेट) की आवृत्ति को 2018 से दो चक्र तक कर दिया गया था (प्रति वर्ष एक चक्र की तुलना में)। छठां कॉर्पेट 14-18 मार्च 2018 और 7 वां कॉर्पेट 24-29 सितंबर 2018 तक आयोजित किया गया। इसके अलावा, 7वें कॉर्पेट में दोनों तरफ से पहली बार मैरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट की भागीदारी हुई, जिसने गश्ती क्षेत्र का स्वैथ बढ़ गया है और इसने चल रही प्रणाली में एक नया आयाम भी जोड़ा है।

सहायता संबंधित परियोजनाएं: सितंबर 2017 में म्यांमार को तटीय निगरानी प्रणाली की आपूर्ति संबंधी तकनीकी करार पर हस्ताक्षर के पश्चात म्यांमार के सभी दूरस्थ स्थानों का साइट सर्वेक्षण पूरा हो गया है और कार्यक्षेत्र मैसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा म्यांमार नौसेना कार्मिकों के साथ कार्यक्षेत्र तैयार कर लिया गया है। यह परियोजना पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है और इस पर 2019 की शुरुआत में काम शुरू हो जाएगा। यह समुद्री सुरक्षा सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन के अनुसार है, जिस पर सितंबर 2017 में दोनों देशों ने हस्ताक्षर किए थे।

नेपाल

उच्च स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान की एक श्रृंखला के साथ 2018-19 में गहन द्विपक्षीय बातचीत जारी रही। कार्यात्मक स्तर पर कई द्विपक्षीय तंत्रों की बैठकें जारी रहीं जिनमें आर्थिक और विकास सहयोग, जल संसाधन, संस्कृति, बिजली सहयोग, रक्षा और सुरक्षा, और कनेक्टिविटी परियोजनाओं जैसे मुद्दे शामिल थे।

भारत के प्रधान मंत्री के निमंत्रण पर, नेपाल के प्रधान मंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 6-8 अप्रैल, 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा की। उनके साथ उनकी पत्नी सुश्री राधिका शाक्य, श्री प्रदीप कुमार ग्यावली, विदेश मामलों के मंत्री, श्री मत्रिका प्रसाद यादव, उद्योग और वाणिज्य मंत्री, श्री रघुबीर महासेठ , भौतिक अवसंरचना तथा परिवहन मंत्री थे। यात्रा के दौरान, दोनों प्रधानमंत्रियों ने बीरगंज (नेपाल) में एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन किया और मोतिहारी, भारत के



राष्ट्रपति नई दिल्ली में नेपाल के प्रधानमंत्री श्री के.पी. शर्मा औली के साथ मुलाकात करते हुए (07 अप्रैल, 2018)

मोतिहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन बिछाए जाने से संबंधित भूमि पूजन समारोह में शामिल हुए। तीन अलग-अलग संयुक्त वक्तव्य; (i) भारत-नेपाल: कृषि में नई भागीदारी; (ii) रेल संपर्क का विस्तार: भारत में रक्सौल को नेपाल में काठमांडू से जोड़ा जाना; और (iii) भारत और नेपाल के बीच अंतर्देशीय जलमार्ग के माध्यम से नई कनेक्टिविटी संबंधी वक्तव्य जारी किए गए।

नेपाल से चौदह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बिजली क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह और संयुक्त संचालन समिति (जेएससी) की 5वीं बैठक में भाग लिया, जो क्रमशः 16 और 17 अप्रैल, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। जेएससी की सह-अध्यक्षता सचिव, ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार और नेपाली पक्ष के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय के सचिव द्वारा की गई थी।

भारत-नेपाल संयुक्त समिति की बाढ़ और बाढ़ प्रबंधन पर 12वीं बैठक 16-20 अप्रैल, 2018 तक नेपाल में आयोजित की गई थी। बाढ़ और बाढ़ प्रबंधन संबंधी भारत और नेपाल संयुक्त समिति की उप-समूह ने जून, 2018 में भारत-नेपाल सीमा पर बाढ़ और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया।

अनाधिकृत व्यापार को रोकने के लिए व्यापार, पारगमन तथा सहयोग संबंधी भारत-नेपाल अंतर-सरकारी उप-समिति और अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठकें काठमांडू में क्रमशः 24-25 अप्रैल और 26-27 अप्रैल, 2018 तक आयोजित की गई थी। आईजीसी की सह-अध्यक्षता नेपाल की ओर से सचिव, उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्रालय द्वारा और भारत की ओर से वाणिज्य सचिव द्वारा की गई।

पंचेश्वर विकास प्राधिकरण के शासी निकाय की छठी बैठक काठमांडू में 26 अप्रैल, 2018 को आयोजित की गई थी। बैठक में जल संसाधन मंत्रालय के सचिव के नेतृत्व में भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

नेपाल के प्रधान मंत्री के निमंत्रण पर, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 11 और 12 मई, 2018 को नेपाल की राजकीय यात्रा की। उन्होंने नेपाल में जनकपुर, काठमांडू और मुक्तिनाथ का दौरा किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से नेपाल में 900 मेगावाट की अरुण-III पनबिजली परियोजना की आधारशिला रखी।

30 मई -12 जून, 2018 तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत-नेपाल सूर्य किरण संयुक्त सैन्य अभ्यास के 300वें संस्करण में नेपाल के 300 सैन्यकर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल राजेंद्र छेत्री 6-11 जून, 2018 तक भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में पासिंग आउट परेड के समीक्षा अधिकारी के रूप में भारत आए। उन्होंने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों का भी दौरा किया और यात्रा के दौरान भारत के रक्षा मंत्री और थल सेना के प्रमुखों से मुलाकात की।

नेपाल के कृषि, भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्रालय के दो प्रतिनिधियों ने सिक्किम ऑर्गेनिक मिशन, सिक्किम का 10-13 जून, 2018 तक और जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर का 17-18 जून 2018 तक दौरा किया।

भारत के कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री राधामोहन सिंह और नेपाल के कृषि, भूमि प्रबंधन और सहकारिता मंत्री श्री चक्र पाणिखनाल के बीच भारत-नेपाल 'कृषि में नई साझेदारी' की उद्घाटन बैठक जून 2018 में नई दिल्ली में आयोजित की गई।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने काठमांडू में 14 और 15 जून, 2018 को नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के साथ तकनीकी चर्चा की। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के एक प्रतिनिधिमंडल ने 11 और 12 अक्टूबर, 2018 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ संयुक्त तकनीकी दल की बैठक के लिए भारत का दौरा किया।

भारत-नेपाल सर्वेक्षण अधिकारी समिति की आठवीं बैठक 17-19 जून, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी। भारत-नेपाल सीमा कार्य समूह की 5वीं बैठक 19-21 सितंबर, 2018 तक काठमांडू में आयोजित की गई थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के सर्वेयर जनरल ने किया और नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नेपाल के सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक ने किया। भारत-नेपाल सर्वेक्षण अधिकारियों की समिति की 9वीं बैठक 11-13 अक्टूबर, 2018 को देहरादून में आयोजित की गई थी।

चरण- I के तहत भारत-नेपाल सीमा पार रेल संपर्क के संचालन पर संयुक्त समिति की तीसरी बैठक काठमांडू में हुई और 19 और 20 जून, 2018 को जयनगर-कुर्था के लिए परियोजना स्थल का दौरा किया।

भारत-नेपाल ऊर्जा आदान-प्रदान समिति की 12वीं बैठक 5 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। नेपाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में, नेपाल विद्युत प्राधिकरण ने नई दिल्ली का दौरा किया।

पर्यटन सहयोग पर भारत-नेपाल संयुक्त कार्यदल की दूसरी बैठक 6 जुलाई, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी।

परियोजना संचालन समिति की 6ठी बैठक 9 जुलाई, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी। भारत-नेपाल सीमा पार रेल संपर्क पर संयुक्त कार्यदल की तीसरी बैठक 10 जुलाई, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी।

नेपाल सरकार को भारत सरकार द्वारा दी गई ऋण श्रृंखलाओं के तहत की जा रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए परियोजना समीक्षा बैठक 11 जुलाई, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी।

भारत-नेपाल निगरानी तंत्र की 6ठी बैठक 18 जुलाई, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी। बैठक की सह-अध्यक्षता नेपाल में भारत के राजदूत और नेपाल के विदेश सचिव द्वारा की गई थी।

भारत-नेपाल सीमा पार परिवहन सुविधा संबंधी संयुक्त कार्य समूह की तीसरी बैठक 20 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई।

बीपी कोइराला इंडिया-नेपाल फाउंडेशन ने अपनी 34वीं बोर्ड बैठक 21 जुलाई, 2018 को गंगटोक, सिक्किम में आयोजित की। बैठक की सह-अध्यक्षता नेपाल में भारत के राजदूत और नेपाल के प्रभारी राजदूत द्वारा की गई थी।

भारत-नेपाल व्यापार संधि की व्यापक समीक्षा करने हेतु पहली बैठक के लिए नेपाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने 9 अगस्त, 2018 को भारत का दौरा किया। नेपाल के महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल और आईजी, सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल के बीच तीसरी समन्वय बैठक 7-10 अगस्त, 2018 तक नई दिल्ली में आयोजित की गई। 7वीं भारत-नेपाल संयुक्त कृषि कार्य समूह की बैठक 16-17 अगस्त, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री श्री मत्रिका प्रसाद यादव ने 27-30 अगस्त, 2018 तक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री और भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होने के लिए भारत का दौरा किया।

भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों ने काठमांडू में बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन के लिए चौथी बंगाल की खाड़ी पहल के दौरान 31 अगस्त 2018 को एक द्विपक्षीय बैठक की। यात्रा के दौरान रक्सौल (भारत) और काठमांडू (नेपाल) के बीच रेल लाइन के प्रारंभिक सर्वेक्षण के संबंध में समझौता ज्ञापन पर दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए। दोनों प्रधानमंत्रियों ने काठमांडू में 400 बिस्तरों वाली नेपाल-भारत मैत्री पशुपति धर्मशाला का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण भारत सरकार की सहायता से किया गया था।

सड़क परिवहन और राजमार्ग, नौवहन, रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री श्री मनसुख एल. मंडाविया ने नेपाल के भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 2-5 सितंबर 2018 को नेपाल की आधिकारिक यात्रा की।

नेपाल के पूर्व प्रधान मंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के सह-अध्यक्ष, पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने 6-9 सितंबर 2018 तक भारत का दौरा किया और 7 सितंबर 2018 को विश्व मामलों की भारतीय परिषद में 31 वां सप्रू हाउस व्याख्यान दिया।

बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 11 सितंबर 2018 को बोधगया-पटना-काठमांडू और पटना-जनकपुर मार्गों पर दो शुरुआती भारत-नेपाल बस सेवाओं की शुरूआत की गई। नेपाली पक्ष की ओर से, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री ने 13 सितंबर 2018 को काठमांडू-पटना-बोधगया मार्ग पर शुरुआती बस सेवा का शुभारंभ किया और नेपाल के प्रांत 2 के मुख्यमंत्री ने 16 सितंबर 2018 को जनकपुर-पटना मार्ग पर शुरुआती बस सेवा को रवाना किया।

भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की जल विकास मार्ग परियोजना का अध्ययन करने के लिए 17-21 सितंबर 2018 तक नेपाल से एक तकनीकी संभावना मिशन ने वाराणसी और कोलकाता का दौरा किया। नीति आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ. राजीव कुमार ने 20-21 सितंबर 2018 तक काठमांडू का दौरा किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने 28-29 सितंबर 2018 को नेपाल की आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

नेपाल की जल आपूर्ति मंत्री, सुश्री बीना मागर ने 29 सितंबर - 2 अक्टूबर 2018 तक महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता

सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली का दौरा किया। यात्रा के दौरान, नेपाली जल आपूर्ति मंत्री ने पेयजल और स्वच्छता मंत्री से मुलाकात की।

19-20 नवंबर, 2018 को काठमांडू में सीमा शुल्क सहयोग पर 19 वीं भारत-नेपाल डीजी स्तर की वार्ता हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता महानिदेशक, राजस्व आसूचना निदेशालय, भारत सरकार और महानिदेशक, सीमा शुल्क विभाग, नेपाल सरकार द्वारा की गई थी।

भारत-नेपाल सीमा के साथ लगे क्षेत्रों का दूसरा संयुक्त निरीक्षण 19-23 नवंबर 2018 तक बाढ़ और बाढ़ प्रबंधन संबंधी संयुक्त समिति(जेसीआईएफएम) के उप-समूह द्वारा किया गया था।

भारतीय राजदूतावास, काठमांडू ने 22 नवंबर 2018 को आईटीईसी दिवस और मौलाना आज़ाद दिवस मनाया। शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री गिरिराज मणि पोखरेल मुख्य अतिथि थे। इस समारोह में 150 से अधिक आईटीईसी पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

कोसी गंडक परियोजना पर भारत-नेपाल संयुक्त समिति की नौवीं बैठक 28 और 29 नवंबर, 2018 को काठमांडू में आयोजित की गई थी। बैठक की सह-अध्यक्षता जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार के प्रधान सचिव और नेपाल सरकार के सिंचाई और जल संसाधन विभाग के महानिदेशक ने की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 दिसंबर 2018 को बिबाह पंचमी पर्व में भाग लेने के लिए जनकपुर की यात्रा की। सुरक्षा मामलों संबंधी भारत-नेपाल द्विपक्षीय सलाहकार समूह की 13 वीं बैठक 14 दिसंबर 2018 को काठमांडू में आयोजित की गयी।

नेपाल सरकार के संघीय मामलों और सामान्य प्रशासन मंत्री, श्री लालबाबू पंडित के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत की संघीय प्रणाली को समझने के लिए भारत की आधिकारिक यात्रा की। नेपाल के मंत्री ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री और अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग से मुलाकात की; और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में एक कार्यशाला में भाग लिया।

26 दिसंबर 2018 को आयोजित भारत-नेपाल ऊर्जा विनिमय समिति की 13 वीं बैठक में भाग लेने के लिए नेपाल विद्युत प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में नेपाल के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली की यात्रा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के सदस्य (पावर सिस्टम) ने किया था।

नेपाल के युवा और खेल मंत्री श्री जगत बहादुर सुनार (बिस्वकर्मा) 8-11 दिसंबर 2018 के दौरान भारत आए।

नेपाल के विदेश मंत्री, प्रदीप कुमार ग्यावली, रायसीना डायलॉग 2019 के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए 10 और 11 जनवरी 2019 को नई दिल्ली आए। इस यात्रा के दौरान नेपाल के विदेश मंत्री ने विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज से मुलाकात की।

नई दिल्ली में 11 जनवरी 2019 को जल संसाधन संबंधी संयुक्त समिति की सचिव-स्तरीय बैठक हुई। संयुक्त स्थायी तकनीकी समिति की बैठक का आयोजन नई दिल्ली में 9 और 10 जनवरी 2019 को किया गया।

नेपाल सेना के सेनाध्यक्ष 11-16 जनवरी 2019 तक भारत का दौरा करेंगे। उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय सेना के जनरल के मानद रैंक से सम्मानित किया जाएगा। जी2जी व्यवस्था के तहत उर्वरकों की आपूर्ति संबंधी समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने के लिए 14 और 15 जनवरी 2019 को काठमांडू में एक बैठक आयोजित की गई।

बिजली क्षेत्र में सहयोग पर भारत-नेपाल संयुक्त संचालन समिति (जेएससी) और संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की छठीं बैठक 23 और 24 जनवरी 2019 को नेपाल के पोखरा में आयोजित की गई।

पुनर्निर्माण संबंधी संयुक्त परियोजना निगरानी समिति की बैठक 28 जनवरी 2019 को काठमांडू में आयोजित की गई। काठमांडू में गृह सचिव स्तरीय वार्ताएं 7-8 मार्च 2019 के लिए निर्धारित है।

क्षेत्रीय सहयोग

भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी 30 और 31 अगस्त 2018 को चौथें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए काठमांडू गए थे। शिखर सम्मेलन से पहले 29 अगस्त 2018 को 16 वीं विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने भाग लिया। प्रधान मंत्री ने द्विपक्षीय चर्चा के लिए शिखर सम्मेलन के दौरान अपने नेपाली समकक्ष से मुलाकात की।

नेपाल के उप प्रधान मंत्री और स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्री, श्री उपेन्द्र यादव डब्ल्यूएचओ पार्टनर्स फोरम 2018 में भाग

लेने के लिए 11-14 दिसंबर 2018 के दौरान भारत आए।

नेपाल के राजस्व अन्वेषण विभाग के महानिदेशक ने नई दिल्ली में 4 और 5 दिसंबर 2018 को भारत के राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा आयोजित 5 वीं क्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रवर्तन बैठक में भाग लिया।

15 से 16 जनवरी 2019 को नई दिल्ली में नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल एविएशन शिखर सम्मेलन में नेपाल के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री रवीन्द्र प्रसाद अधिकारी भाग लेंगे।

पाकिस्तान

पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों के प्रति भारत का दृष्टिकोण शिमला समझौते और लाहौर घोषणा के आधार पर हिंसा और आतंक से मुक्त माहौल में सामान्य पड़ोसी संबंधों को बनाए रखने के लिए दृढ़ नीति द्वारा लगातार निर्देशित हो रहा है।

पाकिस्तान में 25 जुलाई को हुए आम चुनावों के बाद जिसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को श्री इमरान खान से वार्ता की और उन्हें जीत की बधाई दी और भारतीय उपमहाद्वीप में शांति, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने, और इसे आतंक और हिंसा से मुक्त बनाने और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की भारत की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी 18 अगस्त को प्रधान मंत्री इमरान खान को पत्र भी लिखा था, जिसमें उन्होंने उन्हें प्रधान मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई दी, क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने और पाकिस्तान के साथ सार्थक और रचनात्मक भागीदारी के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 22 अगस्त को पाकिस्तान के विदेश मंत्री एसएम कुरैशी को पत्र लिखा और उन्हें ऐसी ही भावनाओं से अवगत कराया।

14 सितंबर 2018 को, पाकिस्तान के प्रधान मंत्री ने भारत के प्रधान मंत्री को एक पत्र लिखा, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ न्यूयॉर्क में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच एक बैठक का प्रस्ताव था । पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के पत्र में आतंकवाद पर चर्चा के लिए तत्परता के साथ-साथ एक सकारात्मक परिवर्तन और शांति की पारस्परिक इच्छा की बात कही गई। इसके बाद 17 सितंबर 2018 को पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश मंत्री को पत्र लिखा। 20 सितंबर 2018, को पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के पत्र में परिलक्षित भावना के जवाब में भारत न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच एक बैठक के लिए सहमत हो गया।हालांकि, घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर, पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा जम्मू और कश्मीर के तीन पुलिस कर्मियों का अपहरण कर लिया गया और उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। एक और विचलित कर देने वाला घटनाक्रम पाकिस्तान की सरकार द्वारा जारी किए गए डाक टिकट के माध्यम से आतंकवादियों और भारत के खिलाफ आतंकवाद के महिमामंडन की खबर का आना था। इससे नए सिरे से बातचीत करने के पाकिस्तान के प्रस्ताव के पीछे छिपे बुरे एजेंडे को उजागर कर दिया। यह आकलन किया गया था कि ऐसे माहौल में पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत निरर्थक होगी। भारत के पास न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में भारत द्वारा 'मानवाधिकार उल्लंघन' की झूठी अफवाह फैलाकर भारत को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बदनाम करने का अपना एजेंडा जारी रखा। पहले की तरह, पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए यूएनजीए का इस्तेमाल किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री एसएम कुरैशी ने भी भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी की। पाकिस्तान ने भारत में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन जारी रखा, जिसके परिणामस्वरूप कई सुरक्षाकर्मी और निर्दोष नागरिक मारे गए। पाकिस्तान ने भारत में अलगाववादी प्रवृत्तियों का समर्थन करके भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना जारी रखा। एक नियमित अभ्यास के रूप में तथाकथित खालिस्तान आंदोलन का समर्थन करने वाले पोस्टर गुरुद्वारों के अंदर देखे गए थे। पाकिस्तान में भारतीय सिख तीर्थ यात्रियों की यात्राओं के दौरान पाकिस्तानी नेताओं द्वारा भारत विरोधी भाषण दिए गए। पाकिस्तान ने कई मौकों पर भारतीय उच्चायुक्त सहित भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधियों को भारतीय सिख तीर्थयात्रियों से मिलने से रोका। हाफिज सईद और सैयद सलाहुद्दीन जैसे अंतरराष्ट्रीय

स्तर पर कुख्यात आतंकवादी पाकिस्तान में स्वतंत्र रूप से सक्रिय हैं और भारत विरोधी बयान देते रहते हैं।

पाकिस्तान में पठानकोट आतंकी हमले के मामले में जांच और मुंबई आतंकी हमले की सुनवाई में प्रगति न होना गंभीर चिंता का विषय है। 26 नवंबर 2018 को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले की 10 वीं वर्षगांठ पर मुंबई में पुलिस मेमोरियल और ताज होटल, मुंबई में एक पवित्र स्मारक कार्यक्रम और पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने राज्य के अन्य गणमान्य व्यक्तियों और राजनयिक कोर के सदस्यों के साथ इन आयोजनों में भाग लिया। अमेरिका, जापान, फ्रांस, मॉरीशस सहित उन अन्य देशों द्वारा बयान जारी किए गए थे, जिनके नागरिक मुंबई आतंकवादी हमलों में मारे गए थे। उन सभी ने आतंकवाद की निंदा की और अपराधियों को सजा दिलाने की मांग की।

इस अवधि के दौरान द्विपक्षीय भागीदारी कार्यात्मक स्तर पर जारी रही। भारत-पाकिस्तान स्थायी सिंधु आयोग की 115 वीं बैठक 29 और 30 अगस्त को लाहौर में आयोजित की गई थी। टेलीफोन पर डीजीएमओ की वार्ता 29 मई 2018 को हुई, जहां 2003 के संघर्ष विराम समझौते का पालन करने का निर्णय लिया गया। 27-30 मई 2018 को दिल्ली में भारतीय तटरक्षक और पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी के बीच एक बैठक हुई। बैठक में एक-दूसरे के मछुआरों की रिहाई और प्रत्यावर्तन के लिए प्रक्रियाओं को उदार बनाने और समुद्री खोज और बचाव कार्यों के समन्वय के साथ-साथ समुद्री पर्यावरण प्रदूषण से निपटने के लिए काम करने के उपायों पर चर्चा की गई।

पाकिस्तान के तत्कालीन कानून और सूचना मंत्री सैयद अली जफर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 17 अगस्त 2018 को दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दिल्ली आया था। श्री सैयद अली जफर ने दिल्ली में विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के साथ बैठक की ।

1 जनवरी 2019 को,भारत ने भारत की हिरासत में 249 पाकिस्तानी नागरिक कैदियों और अठानवे मछुआरों की सूची पाकिस्तान को सौंप दी। पाकिस्तान ने उनकी हिरासत में चौवन असैनिक कैदियों और 483 मछुआरों की सूची साझा की, जो भारतीय हैं या माना जाता है कि वे भारतीय हैं। 2018 में ही, पाकिस्तान द्वारा 174 मछुआरों सहित 179 भारतीय कैदियों को रिहा और प्रत्यावर्तित किया गया, जबकि अड़तालीस मछुआरों सहित पैंसठ पाकिस्तानी कैदियों को भारत द्वारा रिहा किया गया।

1 जनवरी 2019 को, भारत और पाकिस्तान ने भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया। दोनों देशों के बीच इस तरह की सूची का यह लगातार अट्ठाइसवां आदान-प्रदान है, जिसमें से पहला 1 जनवरी 1992 को हुआ था।

मानवीय प्रयासों के तहत, अप्रैल-नवंबर 2018 के दौरान भारत ने सैंतालीस पाकिस्तानी कैदियों और मछुआरों को रिहा कर दिया और पाकिस्तान ने बत्तीस भारतीय कैदियों और मछुआरों को रिहा कर दिया। भारत सरकार ने 22 नवंबर को भारत की ओर 'करतारपुर कॉरिडोर' बनाने की अपनी पहल के बारे में पाकिस्तान सरकार को सूचित किया और पाकिस्तान से उनके क्षेत्र में उपयुक्त सुविधाओं के साथ एक गलियारा बनाने का आग्रह किया।भारत के उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने 26 नवंबर को गुरदासपुर में परियोजना का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री इमरान खान ने 28 नवंबर को पाकिस्तान के 'करतारपुर कॉरिडोर' के हिस्से का भूमि पूजन किया। श्रीमती हरसिमरत कौर बादल (केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री) और श्री हरदीप सिंह पुरी (केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार) ने इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसे एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में देखा गया था, जो भारत के सिख तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर साहिब श्रद्धेय तीर्थ की यात्रा को सुविधाजनक बनाएगा।

2017-18 के लिए द्विपक्षीय व्यापार 2.41 बिलियन अमरीकी डॉलर था जबकि 2016-17 के लिए 2.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

सेशेल्स

सेशेल्स के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध ऐतिहासिक संपर्कों और सेशेल्स की सुरक्षा के लिए उसे निरंतर समर्थन के रूप में विकसित हुआ है, हालांकि हमारा द्विपक्षीय व्यापार अभी मामूली सा है। आज, भारत-सेशेल्स संबंध एक विशेष संबंध

प्रधानमंत्री हैदराबाद हाऊस, नई दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति श्री डैनी एनट्वान रॉलेन फौरे के साथ मुलाकात करते हुए (25 जून, 2018)

द्वारा चिन्हित है जो पारस्परिक विश्वास, विशाल सद्भावना और साझा मूल्यों की नींव पर तैयार किए गए हैं।

22-27 जून, 2018 से भारत में सेशेल्स के राष्ट्रपति डैनी फॉरे के पहले राजकीय दौरे से द्विपक्षीय संबंधों में गहनता आई है। राष्ट्रपति फौरे ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की और राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू और विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के साथ द्विपक्षीय बैठक की। राष्ट्रपति श्री डैनी फॉरे ने नई दिल्ली में अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा गुजरात, गोवा और उत्तराखंड राज्यों का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान भारत ने सेशेल्स को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत वाला दूसरा डोर्नियर -228 विमान उपहारस्वरूप दिया और 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रक्षा ऋण श्रृंखला प्रदान की। हैदराबाद चिड़ियाघर को सेशेल्स द्वारा एल्ड्रा कछुओं के उपहार की बहुत सराहना की गई।

इस राजकीय यात्रा के दौरान छह करारों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें व्हाइट शिपिंग डेटा करार, साइबरसिटी पर एक समझौता ज्ञापन, लघु विकास परियोजनाओं पर एक समझौता ज्ञापन, विदेशी सेवा संस्थान भारत और सेशेल्स के विदेश विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन वर्ष 2018-2022 के लिए एक सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और पनाजी शहर के निगम और सेशेल्स गणराज्य के विक्टोरिया शहर के बीच एक ट्विनिंग समझौता शामिल है ।

सेशेल्स की 13 उल्लेखनीय यात्राओं में चेन्नई में डेफएक्सपो (11 अप्रैल, 2018) में शामिल होने के लिए गृह, स्थानीय सरकार, युवा, खेल, संस्कृति, और जोखिम और आपदा प्रबंधन (नामित मंत्री) मंत्री श्रीमती मैकसूज़ी मोंडन की यात्रा नई दिल्ली (2-4 अक्टूबर, 2018) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की महासभा में भाग लेने के लिए पर्यावरण, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री वालेस कॉस्ग्रो की यात्रा, और सेशेल्स में कृषि के क्षेत्र में क्षमता वृद्धि के अवसरों का पता लगाने के लिए और श्री चार्ल्स बैस्टिएन, मत्स्य पालन मंत्री की तेलंगाना (23-25 अक्टूबर, 2018) यात्रा शामिल है।

भारत और सेशल्स के बीच वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक सहयोग बैठक (जेसीएम) पर संयुक्त आयोग का 9वाँ सत्र 14-15 मई, 2018 को भारत के विदेश सचिव श्री विजय गोखले और सेशेल्स के विदेश राज्य सचिव श्री बैरी फ्योर की सह-अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। विदेश सचिव ने इस यात्रा के दौरान सेशेल्स के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय परामर्श भी किया।

भारत-सेशेल्स संयुक्त समिति की हाइड्रोग्राफी पर पहली बैठक 14-15 जून 2018 को सेशेल्स में हुई थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के मुख्य हाइड्रोग्राफर ने

किया था। इस अवधि के दौरान भारत सरकार की सहायता के तहत तटीय निगरानी रडार प्रणाली के लिए वार्षिक रखरखाव संविदा (एएमसी) पर 18 मई, 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे। निम्नलिखित जहाजों ने सेशेल्स की सद्भावना यात्राएं की: आईसीजीएस शूर (16-19 अप्रैल 2018), आईएनएस मुंबई और आईएनएस त्रिकंड (21-24 अप्रैल 2018), आईएनएस तरकश (26-30 जून 2018) और आईएनएस महादेई और आईएनएस तारिणी (26 नवंबर - 3 दिसंबर 2018)।

2018-19 में भारत द्वारा सेशेल्स को दी गई विकासात्मक सहायता में अन्य चीजों के साथ-साथ सामाजिक और भौतिक अवसंरचना परियोजनाओं के विकास, चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, सेशेल्स सार्वजनिक परिवहन निगम (एसपीटीसी) के लिए बसें और स्वास्थ्य देखभाल के लिए एम्बुलेंस शामिल हैं। सेशेल्स में भारत की पहली निर्माण परियोजना, 3.45 मिलियन अमरीकी डॉलर (एससीआर 45 मिलियन) की लागत वाले मजिस्ट्रेट कोर्ट हाउस का शिलान्यास औपचारिक रूप से, 28 सितंबर 2018 को किया गया था।

इस वर्ष के दौरान पुलिसिंग, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, नवीकरणीय ऊर्जा, आदि सहित कई प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के प्रयासों को परिपूर्ण किया गया था। हाल का केन्द्र बिन्दु सेशेल्स में चल रही परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन पर रहा है। राष्ट्रपति श्री डैनी फॉरे ने भारत द्वारा वित्तपोषित सभी परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भारत-सेशेल्स परियोजना संचालन समिति का गठन किया।

श्री लंका

श्रीलंका के साथ भारत के संबंध सकारात्मक बने रहे और इस वर्ष के दौरान इन्हें और मजबूत किया गया। द्विपक्षीय संबंधों को उच्चतम राजनीतिक स्तर पर निकट संपर्क, व्यापार और निवेश में वृद्धि, शिक्षा, संस्कृति, अवसंरचना विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, कृषि, कौशल विकास और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग द्वारा चिह्नित किया गया है। हाल के वर्षों में जनता-उन्मुख विकासात्मक परियोजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है जिससे दोनों लोगों के बीच मित्रवत् संबंधों को बढ़ाने में मदद मिली है।

दोनों देशों के बीच नियमित उच्च स्तरीय यात्राएं हुई हैं। श्रीलंका के प्रधानमंत्री श्री रानिल विक्रमसिंघे ने 18-20 अक्टूबर 2018 तक भारत की आधिकारिक यात्रा की। पूर्व राष्ट्रपति श्री महिंदा राजपक्षे ने एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए 10-13 सितंबर, 2018 तक नई

प्रधानमंत्री हैदराबाद हाऊस, नई दिल्ली में श्रीलंका के प्रधानमंत्री श्री रानिल विक्रमसिंघे के साथ मुलाकात करते हुए (20 अक्टूबर, 2018)

दिल्ली का दौरा किया। श्रीलंका के स्पीकर श्री कारू जयसूर्या ने सितंबर 2018 में भारत में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। भारत से अन्य सदस्यों सहित, लोकसभा अध्यक्ष ने 11 और 12 जुलाई 2018 को सतत विकास लक्ष्यों पर दूसरे दक्षिण एशियाई वक्ताओं के शिखर सम्मेलन के लिए श्रीलंका का दौरा किया।

श्रीलंका भारत सरकार से सबसे अधिक विकास सहायता प्राप्त करने वालों में से एक है। भारत की समग्र प्रतिबद्धता 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के करीब है, जिसमें से लगभग 550 मिलियन अमेरिकी डॉलर पूर्णतः अनुदान हैं। युद्ध प्रभावितों के साथ-साथ बागान क्षेत्रों में संपत्ति के श्रमिकों के लिए 50,000 घरों के निर्माण की प्रारंभिक प्रतिबद्धता के साथ भारतीय आवास परियोजना भारत सरकार (जीओआई) की श्रीलंका को विकासात्मक सहायता की प्रमुख परियोजना है। अब तक, उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के सभी प्रतिबद्ध 46,000 घरों को पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय और यूवा प्रांत में निर्माणाधीन शेष 4,000 घरों में से, एक अभिनव सामुदायिक-संचालित दृष्टिकोण के माध्यम से संपत्ति श्रमिकों के लिए करीब 1000 घरों का कार्य पूरा कर लिया गया है। 12 अगस्त, 2018 को प्रधान मंत्री श्री रानिल विक्रमसिंघे द्वारा आयोजित एक समारोह में बागान क्षेत्रों में निर्मित इन घरों में से अधिकांश को सौंप दिया गया, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से शामिल हुए।उस समय, मई 2017 में अपनी श्रीलंका यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 10,000 अतिरिक्त घरों का निर्माण शुरू करने के लिए भारत और श्रीलंका के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ श्रीलंका में घर बनाने की भारत की कुल प्रतिबद्धता 60,000 घरों की है।

आवास के अलावा भारत ने अनुदान सहायता के तहत देश भर में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन संपर्क, लघु और मध्यम उद्यम विकास और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लघु विकास परियोजनाओं (एसडीपी) की सहायता करना जारी रखा। इस वर्ष के दौरान पूरी की गई परियोजनाओं में हंबनटोटा में मत्स्य पालन और कृषक समुदाय के लगभग 70,000 लोगों को आजीविका सहायता का प्रावधान, ववुनिया अस्पताल को चिकित्सा उपकरण की आपूर्ति और मुल्लाथिवु मछुआरों के लिए 150 नाव और मत्स्य पालन गियर शामिल हैं। श्रीलंका के विश्वविद्यालयों में सबसे बड़ा विश्वविद्यालय मातार में रुहुना विश्वविद्यालय में श्री रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर एक आधुनिक 1500 सीट का सभागार को भी अक्टूबर 2018 में श्रीलंका को सौंपा गया था।

अनुराधापुरा में सोबिता थेरो गांव में 153 घरों के निर्माण पर काम, कैंडी में पुसलावा में सरस्वती सेंट्रल कॉलेज का उन्नयन; श्रीलंका के 25 जिलों में मॉडल विलेज हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत 600 घरों का निर्माण और श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत में 600 घरों के निर्माण के लिए ग्राम-शक्ति हाउसिंग प्रोजेक्ट, पोलोन्नारुवा में त्रिभाषी स्कूल और कई अन्य विकास परियोजनाएं इस साल शुरू की गई थीं और इनकी अच्छी प्रगति हुई है। नए एसडीपीज़ के माध्यम से बत्तिसलोआ में 3400 शौचालय का निर्माण, मन्नार में 300 पारगमन आवासीय इकाइयों के निर्माण, दांबुला में 5000 मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, मॉडल गांव परियोजनाओं के अंतर्गत उत्तरी और दक्षिणी प्रांतों में 600 घरों के निर्माण पर अप्रैल से नवंबर 2018 की अवधि के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारतीय अनुदान सहायता के तहत वित्तपोषित श्रीलंका में 1990 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के द्वीप-व्यापी परिचालन का शुभारंभ, 21 जुलाई 2018 को जाफना में हुआ, जिसमें प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री श्री रानिल विक्रमसिंघे के साथ नई दिल्ली से लाइव वीडियो लिंक के माध्यम से भाग लिया। लगभग 7.56 मिलियन अमेरिकी डॉलर (88 एंबुलेंस) की भारतीय अनुदान सहायता के तहत जुलाई 2016 में श्रीलंका के पश्चिमी और दक्षिणी प्रांतों में शुरू की गई सेवा को, वर्तमान में 15.02 मिलियन अमरीकी डॉलर के भारतीय अनुदान के तहत श्रीलंका के सभी प्रांतों में विस्तारित की जा रही है और नौ प्रांतों में से सात का कार्यान्वयन पूरा हो गया है। अनुदान में 209 अतिरिक्त एम्बुलेंस की खरीद, प्रशिक्षण लागत और साथ ही सेवाओं के आरम्भ के बाद एक वर्ष के लिए परिचालन लागत शामिल है।

जून 2017 में भारत के एक्जिम बैंक और श्रीलंका सरकार के बीच हस्ताक्षर318 मिलियन अमरीकी डॉलर के भारतीय ऋण श्रृंखला (एलओसी) करार के तहत 7 सितंबर 2018 को कोलंबो में राईट्स लिमिटेड और श्रीलंका सरकार के बीच श्रीलंका रेलवे को 160 यात्री डिब्बों की आपूर्ति के लिए लगभग 82.64 मिलियन अमरीकी डॉलर की संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए। भारत ने 11 मार्च, 2018 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के संस्थापक सम्मेलन के दौरान श्रीलंका में सौर

परियोजनाओं के लिए 100 मिलियन मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण श्रृंखला की एक नई घोषणा की, जिसमें श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री मैत्रीपाला सिरिसेना ने भाग लिया।

भारत और श्रीलंका के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को निरंतर उच्च स्तरीय बातचीत और विकास परियोजनाओं में प्रगति के माध्यम से मजबूत किया गया। द्विपक्षीय व्यापार 2016 में 4.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2017 में 5.23 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो लगभग 20% की वृद्धि है। 2017 में श्रीलंका को भारत का निर्यात 4.54 बिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत का श्रीलंका से आयात 690 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। जनवरी से सितंबर 2018 की अवधि के लिए भारत से श्रीलंका को निर्यात 3.19 बिलियन अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका से आयात 571 मिलियन अमेरिकी डॉलर हुआ। 2017 में लगभग 130 मिलियन अमरीकी डॉलर की कुल निवेश के साथ भारत श्रीलंकाई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता था। भारत 2017 में 384,000 से अधिक आगमन के साथ श्रीलंका में पर्यटन के लिए उच्चतम स्रोत बाजार बना रहा।

ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करते हुए 9 अप्रैल, 2018 को कोलंबो में भारत, जापान और श्रीलंका की कंपनियों के बीच श्रीलंका में एलएनजी टर्मिनल स्थापित करने पर एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारत और श्रीलंका के बीच प्रस्तावित आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ईटीसीए) पर तीन दौर की वार्ता (9-11) अप्रैल-नवंबर 2018 के दौरान हुई थी।भारत और श्रीलंका के बीच विद्युत क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह की तीसरी बैठक 7 जुलाई, 2018 को कोलंबो में आयोजित की गई थी।

भारतीय तट रक्षक के महानिदेशक, थल सेनाध्यक्ष, नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख की श्रीलंका यात्रा और श्रीलंका के कमांडर की भारत यात्रा सहित दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय यात्राओं से श्रीलंका के साथ रक्षा जुड़ाव जारी रहा। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाया गया दूसरा उन्नत अपतटीय गश्ती पोत श्रीलंकाई नौसेना को सौंप दिया गया था, जिसे 19 अप्रैल, 2018 को श्रीलंका नेवल शिप सिंदुरला के रूप में कमीशन किया गया था। एसएलआईएनईएक्स नामक अब तक द्विवार्षिक नौसेना अभ्यास को 2018 से वार्षिक अभ्यास में बदल दिया गया और 7-13 सितंबर 2018 से त्रिंकोमाली में आयोजित किया गया। रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए, श्रीलंका के सशस्त्र बलों के कर्मियों और उनके परिवारों के लिए बोधगया की पहली तीर्थ यात्रा 24-26 जून 2018 से आयोजित की गई थी। श्रीलंकाई सशस्त्र बल के जवानों और उनके परिवारों को बोध गया ले जाने और वहाँ से वापस आने के लिए एक विशेष भारतीय वायु सेना सी -17 विमान को कोलंबो में तैनात किया गया था।

इस अवधि के दौरान दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध और लोगों के बीच संपर्क को और गहरा किया गया। सारनाथ से पवित्र अवशेष को 29 अप्रैल से 2 मई 2018 को आयोजित वेसाक प्रदर्शनी के लिए श्रीलंका लाया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति की भागीदारी के साथ 23 जून 2018 को कोलंबो में प्रतिष्ठित इंडिपेंडेंट स्क्वायर में योग का चौथा अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती समारोह की शुरुआत और श्री गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती भी मनाई गई।

शिक्षा क्षेत्र में भी संबंधों में और मजबूती देखी गई। भारत अब श्रीलंका के छात्रों को प्रतिवर्ष लगभग 710 छात्रवृत्ति स्लॉट प्रदान करता है, जिसमें श्रीलंका और भारत में अध्ययन शामिल है। इसके अलावा, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग योजना और कोलंबो योजना के तहत, भारत श्रीलंकाई नागरिकों को सालाना 400 स्लॉट प्रदान करता है, जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी और व्यावसायिक विषयों में लघु और मध्यम अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए है।

हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए)

प्रधान मंत्री की एसएजीएआर की रणनीतिक दृष्टि के अनुरूप, इस अवधि के दौरान हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के दृष्टिकोण में गुणात्मक परिवर्तन हुआ। हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के सदस्य राष्ट्रों के साथ भारत की संबद्धता को और गहन किया क्योंकि एसोसिएशन ने अपनी स्थापना के 20 साल पूरे कर लिए थे। इस अवसर पर भारत द्वारा घोषित प्रमुख पहलों में भारत के तटीय शहरों में से एक में आईओआरए उत्कृष्टता केंद्र (आईसीई) स्थापित करना था, जो कि हिंद महासागर से संबंधित मुद्दों पर एक केंद्र बिंदु और संसाधन भंडार के रूप में काम करेगा और जो सभी आईओआरए सदस्य राष्ट्रों में नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

डरबन में 18 वीं आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक में, क्षेत्र में सॉफ्टपावर और विज्ञान कूटनीति का उपयोग करने के लिए विभिन्न नई पहलों की घोषणा की गई। भारत ने आईओआरए प्राथमिकता क्षेत्र-आपदा जोखिम प्रबंधन का नेतृत्व समन्वयक होने के नाते नई दिल्ली में 5-6 फरवरी, 2019 को आपदा जोखिम प्रबंधन पर क्लस्टर समूह की पहली बैठक की घोषणा की। भारत में प्राथमिकता वाले अन्य क्षेत्र अर्थात अकादमिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए लीड समन्वयक भी है। क्लस्टर समूह के सदस्य के रूप में, भारत ने मार्च 2017 में जकार्ता में पहली आईओआरए लीडर्स समिट में अपनाए गए आईओआरएएक्शन प्लान को आगे बढ़ाने के लिए समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकोनॉमी और पर्यटन पर कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए कार्य समूह की बैठकों में भाग लिया।

इस अवधि का मुख्य आकर्षण भारत में आईओआरए मंत्रिपरिषद और वरिष्ठ अधिकारियों की समिति की पिछली बैठकों में भारत द्वारा घोषित व्यापक पहलों का कार्यान्वयन था। 2018 के अंत तक, भारत ने आईओआरए, भारत सरकार द्वारा हाल में आयोजित 2 आईओआरए अक्षय ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक और नई दिल्ली में 2-4 अक्टूबर, 2018 को सीआईआई द्वारा अपनी घोषित तेरह पहलों में से बारह को सफलतापूर्वक लागू किया था। यह प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन महासभा और द्वितीय वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक और एक्सपो (आरईआईएनवीईएसटी- 2018) के साथ आयोजित किया गया था। नई दिल्ली में 2 अक्टूबर 2018 को संयुक्त राष्ट्र के महासचिव की उपस्थिति में तीनों कार्यक्रमों का उद्घाटन प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तीन घटनाओं का सामूहिक लक्ष्य हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा का विकल्प तैयार करने का था। 2 आईओआरए अक्षय ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक में 17 आईओआरए सदस्य राज्यों और 3 संवाद साझेदारों ने भाग लिया।

“आईओआरए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस” मार्च 2017 में जकार्ता में हुए पहले लीडर्स समिट में उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू द्वारा घोषित प्रमुख परियोजना है। इस डिजिटल नॉलेज हब की परिकल्पना एक डेटा सेंटर और विशेषज्ञता, ज्ञान, डेटा और विश्लेषण के संसाधन के रूप में की गई है। यह सामूहिक रूप से सदस्य देशों के ज्ञान, संसाधनों, विशेषज्ञता को पूल करने के लिए विकसित किया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को विकसित करने पर काम चल रहा है।

भारत ने काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) - सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स (सीआईएमएपी) और तेहरान स्थित आईओआरए रीजनल सेंटर फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (आरसीएसटीटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद फरवरी 2018 में तेहरान में आईओआरए-आरसीएसटीटी समन्वय केंद्र में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेजबानी की। सीएसआईआर-सीआईएमएपी कैंपस, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, लखनऊ में औषधीय पौधों पर आईओआरए-आरसीएसटीटी समन्वय केन्द्र में 25 नवंबर-1 दिसंबर, 2018 तक आईओआरए सदस्य देशों और वार्ता साझेदारों के लिए “विविधता, प्रलेखन, जीन बैंकिंग और औषधीय पौधों के लिए डेटा बेस” पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

2

दक्षिण-पूर्व एशिया और एशिया-प्रशांत

ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया भारत का एक रणनीतिक साझेदार है। दोनों ओर से होने वाली नियमित उच्च-स्तरीय यात्राएं भारत-ऑस्ट्रेलिया के बढ़ते संबंधों का प्रमाण हैं। ऑस्ट्रेलिया व्यापार और निवेश, शिक्षा और कौशल, खनिज संसाधनों और रक्षा और सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभर रहा है। वर्ष के दौरान 21-24 नवंबर 2018 तक ऑस्ट्रेलिया में किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर जनरल सर पीटर कॉसग्रोव और प्रधान मंत्री स्कॉट मॉरिसन से मुलाकात की। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती समारोह के एक हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने न्यू साउथ वेल्स के परामत्ता में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया और भारतीय प्रवासियों और स्थानीय समुदाय की एक बड़ी सभा को संबोधित किया। यात्रा के दौरान विकलांगता के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन; द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा देना; वैज्ञानिक सहयोग को आगे बढ़ाना; कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग, और एक संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम विकसित करने सहित पांच करारों / समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने ऑस्ट्रेलियाई वित्तीय समीक्षा और ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापार परिषद द्वारा आयोजित इंडिया बिजनेस समिट 2018 में दो व्यावसायिक कार्यक्रमों को भी संबोधित किया। उनकी ऑस्ट्रेलिया यात्रा से पहले मार्च 2018 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के संस्थापना सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर-जनरल पीटर पीटर कॉसग्रोव की भारत यात्रा हुई थी।

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 19 अप्रैल 2018 को लंदन में राष्ट्रमंडल राष्ट्राध्यक्षों (चोगम) की बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधान मंत्री श्री मैल्कम टर्नबुल से और

14 नवंबर 2018 को सिंगापुर में एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री श्री स्कॉट मॉरिसन से मुलाकात की। बैठकों के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को काफी प्रोत्साहन मिला।

जुलाई 2018 में, ऑस्ट्रेलिया ने एन इंडिया इकॉनोमिक स्ट्रैटजी टु 2035 जारी की, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के भारत के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंध बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। नवंबर 2018 में राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान आयोजित इंडिया बिजनेस शिखर सम्मेलन 2018 में प्रधान मंत्री मॉरिसन द्वारा दिए गए भाषण के दौरान ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा औपचारिक रूप से रिपोर्ट का समर्थन किया गया था। दोनों पक्ष रिपोर्ट की सिफारिश को लागू करने के लिए काम कर रहे हैं।

2018 में दोनों देशों के बीच कई मंत्रिस्तरीय बातचीत और आधिकारिक यात्राएं हुई। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा ने कैनबरा में ग्लोबल डिजिटल हेल्थ पार्टनरशिप की उद्घाटन बैठक और सिडनी में इंटरनेशनल डिजिटल हेल्थ सिंपोजियम में भाग लेने के लिए 18-21 फरवरी 2018 तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। युवा और खेल राज्य मंत्री कर्नल (सेवानिवृत्त) श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12-16 अप्रैल 2018 तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने 15 वें भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग (जेएमसी), जो 25 जून 2018 को कैनबरा में आयोजित किया गया था, के लिए 24-26 जून 2018 तक कैनबरा और सिडनी की यात्रा की। मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच दो-तरफा निवेश प्रवाह बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। कैनबरा में, वाणिज्य मंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री स्कॉट जॉन मॉरीशन सिडनी में राष्ट्रपति से मुलाकात करते हुए (22 नवंबर, 2018)

प्रधान मंत्री से मुलाकात की और कोषाध्यक्ष, कृषि और जल संसाधन मंत्री और विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा परिषद की चौथी बैठक में भाग लेने के लिए 28 जून से 3 जुलाई 2018 तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। यात्रा के दौरान, ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय शैक्षिक संस्थानों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय और भारत के सेंचुरियन विश्वविद्यालय के बीच एक करार, कर्टिन विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी के बीच एक संयुक्त पीएचडी करार, और डीकिन विश्वविद्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू; अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और डीकिन विश्वविद्यालय; और जवाहरलाल स्नात्कोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान और डीकिन विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन शामिल हैं। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौके पर 25 सितंबर 2018 को न्यूयॉर्क में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सुश्री मारिज पायने के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मारिज पायने ने रायसीना वार्ता 2019 में भाग लेने के लिए 8-9 जनवरी 2019 को नई दिल्ली की यात्रा की। उन्होंने 9 जनवरी 2019 को मंत्री के रूप में संबोधन दिया। उन्होंने विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज, वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजित डोभाल के साथ बैठकें की। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बलों के प्रमुख जनरल एंगस कैंपबेल ए.ओ. डी.ए.सी ने भी रायसीना वार्ता में भाग लिया और इंडो-पेसिफिक: एंसियन्ट वाटर्स एंड इमर्जिंग ज्योमेटरिज शीर्षक पर पैनल वार्ता में अपने विचार रखे। उन्होंने रक्षा मंत्रालय के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।

उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, निवेश, संसाधन शैडो मंत्री जैसन क्लेयर एमपी, ने 13-20 जनवरी 2019 को भारत की यात्रा की।

न्यू साउथ वेल्स के गवर्नर, ऑस्ट्रेलिया के सहायक व्यापार, पर्यटन और निवेश मंत्री महामहिम श्री डेविड हर्ले, मार्क कुलटन एमपी, ने जीवंत गुजरात शिखर सम्मेलन 2019 में भाग लेने के लिए 16-20 जनवरी 2019 तक भारत की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र तथा गुजरात के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के साथ बैठकें की। जीवंत गुजरात शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की।

राष्ट्रपति सिडनी में पैरामेट्टा में महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण करते हुए (22 नवंबर, 2018)

प्रधानमंत्री लंदन में राष्ट्रमंडल अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के अवसर पर ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री मैकुलम टॅनबुल से मुलाकात करते हुए (19 अप्रैल, 2018)

मार्क कुलटन एमपी, ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन और निवेश सहायक मंत्री और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया को शिक्षा एवं प्रशिक्षण मंत्री सुज़ैन एलरी एमएलसी के ने भी जीवंत गुजरात शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विदेश सचिव श्री विजय गोखले और रक्षा सचिव श्री संजय मित्रा ने 10 अक्टूबर 2018 को दूसरी विदेश और रक्षा सचिव (2+2) वार्ता के लिए कैनबरा की यात्रा की। इंडोनेशिया-ऑस्ट्रेलिया-भारत वरिष्ठ पदाधिकारियों का दूसरा संवाद 21 सितंबर 2018 को कैनबरा में आयोजित किया गया था। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश मंत्रालय के पदाधिकारियों ने 7 जून 2018 और 15 नवंबर 2018 को सिंगापुर में भारत-प्रशांत क्षेत्र में साझा हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

दोनों देशों के बीच बढ़ते उच्च स्तरीय संपर्कों और रक्षा अभ्यास में जमीनी स्तर की भागीदारी से वर्ष के दौरान रक्षा सहयोग मजबूत हुआ। पहली बार भारतीय वायु सेना ने 27 जुलाई से 17 अगस्त 2018 तक पिच ब्लैक नामक अभ्यास में भाग लिया। भारतीय वायुसेना ने ऑस्ट्रेलियाई केसी-30 विमानों के साथ आकाश में ईंधन भरने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। भारतीय तटरक्षक पोत 'वैभव' ने 21 से 25 फरवरी 2018 तक डार्विन की यात्रा की। एक ऑस्ट्रेलियाई नौसेना पोत एचएमएएस लारकिया ने मार्च 2018 में भारत में नौसेना अभ्यास 'मिलन' में भाग लिया। भारतीय नौसैना पोत सह्याद्रि 30 अगस्त से 15 सितंबर 2018 तक ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े समुद्री अभ्यास काकाडू में भाग लेने के लिए डार्विन गया। सेना के विशेष बलों के संयुक्त अभ्यास ऑस्ट्राहिंद का तीसरा संस्करण सितंबर 2018 में भारत में आयोजित किया गया। अक्टूबर 2018 में, सिंगापुर में आसियान के रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम प्लस) के मौके पर, दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने द्विपक्षीय बैठक की। दोनों देशों ने वर्ष के दौरान दोनों सेनाओं, दोनों नौसेनाओं और वायुसेनाओं के बीच सामान्य परस्पर वार्ता भी आयोजित की।

ब्रुनेई दारुस्सलाम

भारत और ब्रुनेई के बीच द्विपक्षीय संबंध घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण बने रहे और राजनीतिक, रक्षा , सांस्कृतिक और खेल सहित सभी क्षेत्रों में संबंधों में बढ़ोतरी हुई। इस वर्ष दोनों देशों के बीच नियमित बातचीत और यात्राओं होती रही। ऊर्जा और उद्योग उप-मंत्री श्री दातो मत्सुटेजो सोकियाव ने 11-12 अप्रैल 2018 को नई दिल्ली की यात्रा की और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ वार्ता की। उन्होंने यूआईडीएआई और एनएएसएससीओएम कार्यालयों का भी दौरा किया और भारत की ई-गवर्नेंस पहलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री अब्दुल मुतालिब , संचार मंत्री ने भारत की यात्रा की और 19-20 जुलाई 2018 को नई दिल्ली में दिल्ली संवाद के दसवें संस्करण में भाग लिया। उनकी यात्रा के दौरान सैटेलाइट और प्रक्षेपण वाहनों के लिए टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलिकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग और अंतरिक्ष अनुसंधान, विज्ञान और अनुप्रयोग के क्षेत्र में सहयोग पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश राज्य मंत्री, जनरल डॉ. वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने 2 अगस्त 2018 को सिंगापुर में आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक (एएमएम) के मौके पर ब्रुनेई के विदेश मंत्री श्री हसनल बोल्कैया से मुलाकात की।

भारत-ब्रुनेई संयुक्त व्यापार समिति की पहली बैठक 5 सितंबर 2018 को ब्रुनेई में आयोजित की गई, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने की क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया। ब्रुनेई रक्षा मंत्रालय के तीन सदस्यीय दल ने 10-14 अप्रैल 2018 से चेन्नई में आयोजित दसवीं रक्षा प्रदर्शनी में भाग लिया।

ऑटिस्टिक-स्पेक्ट्रम बच्चों को जीवन-कौशल प्रदान करने के लिए समर्पित स्मार्टर ब्रुनेई के संस्थापक-अध्यक्ष, श्री मलाई हाजी अब्दुल्ला ने सामाजिक कार्यों में उनके योगदान के लिए नई दिल्ली में 2 अप्रैल 2018 को आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति से पद्मश्री सम्मान प्राप्त किया ।

ब्रुनेई में भारत के उच्चायुक्त ने 27 अगस्त 2018 को विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में विश्वविद्यालय इस्लाम शरीफ अली (यूएनआईएसएसए) को इस्लामी सुलेख के बत्तीस प्रस्तर दान किए। ये रामपुर रज़ा लाइब्रेरी से इस्लामी सुलेख के फोटोग्राफिक प्रतिकृतियां थी, जो 9 से 25 नवंबर 2017 तक ब्रुनेई में आयोजित इस्लामी सुलेख की प्रदर्शनी में पहले प्रदर्शित की गई थी। प्रदर्शनी को स्थायी रूप से विश्वविद्यालय के सार्वजनिक क्षेत्रों में प्रदर्शित किया जाएगा।

आसियान-भारत मीडिया आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत, ब्रुनेई के दो पत्रकारों ने 14-20 जुलाई 2018 तक कोलकाता, गुवाहाटी और नई दिल्ली की यात्रा की। भारतीय महिला रग्बी टीम ने 20 और 21 अक्टूबर 2018 को ब्रुनेई में आयोजित एशिया रग्बी महिला सेवन्स ट्रॉफी 2018 में भाग लिया। टूर्नामेंट में दस टीमों ने भाग लिया और भारतीय टीम पांचवें स्थान पर रही।

कंबोडिया

भारत और कंबोडिया के बीच गर्मजोशी वाले सौहार्दपूर्ण संबंध हैं, जो व्यापार और वाणिज्य, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते जा रहे हैं। कई मंत्रिस्तरीय यात्राएं की गई, जिनसे भारत-कंबोडिया के द्विपक्षीय संबंधों को गति मिली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने पांचवें भारत-सीएलएमवी (कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, वियतनाम) व्यापार कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए 21 और 22 मई 2018 को नोम पेन्ह की यात्रा की। यात्रा के दौरान, उन्होंने कंबोडिया के प्रधान मंत्री से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सुविधा, कृषि, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य परिचर्या सहित व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की। रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 11 जून 2018 को कंबोडिया की यात्रा की और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 29 और 30 अगस्त 2018 को कंबोडिया की यात्रा की और कंबोडिया के उप प्रधान मंत्री, विदेश मंत्री और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री श्री प्राक सोखोन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यात्रा के दौरान दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें प्रीह विहिएर में यूनेस्को विरासत स्थल का पुनर्रुद्धार और भारत के विदेशी सेवा संस्थान (एफएसआई) और कंबोडिया के राष्ट्रीय राजनय और अंतर्राष्ट्रीय संबंध संस्थान के बीच सहयोग शामिल थे। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने प्रधान मंत्री श्री हुन सेन और सीनेट के अध्यक्ष श्री समडेक सा छम से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की यात्रा से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा करने का अवसर मिला। विकास सहायता दो देशों के बीच सहयोग का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

भारत ने जल संसाधनों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्वार और संरक्षण और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में कंबोडिया को अपनी सहायता जारी रखी है। कंबोडिया में ग्रामीण जल आपूर्ति में वृद्धि के लिए 1500 हैंड पंपों की आपूर्ति और स्थापना के लिए परियोजना अच्छी प्रगति कर रही है। मेकांग गंगा सहयोग (एमजीसी) पहल के तहत शुरू की गई त्वरित प्रभाव परियोजना (क्यूआईपी) योजना ने कंबोडिया में लाभार्थियों के बीच एक अलग और स्पष्ट प्रभाव पैदा किया है। इस योजना को कंबोडिया की शाही सरकार के विभिन्न संबंधित मंत्रालयों की भारी समर्थन मिला है। वर्ष 2017-18 के लिए पांच परियोजनाएं पूरी होने वाली हैं। वर्ष 2018-19 से प्रभावी दस परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं जिसमें प्रत्येक परियोजना के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता दी जा रही है। भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के तहत शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग जारी है। 2018-19 में, आईटीईसी के तहत तीन विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें दो सीनेट के लिए और एक नेशनल अथॉरिटी फॉर कॉम्बेटिंग ड्रग्स (एनएसीडी) के अधिकारियों के लिए है। फरवरी 2019 में पंद्रह एनएसीडी अधिकारियों के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किया जाना है।

भारत और कंबोडिया के बीच सांस्कृतिक संबंध मजबूत होते जा रहे हैं। कंबोडिया के धम्मयुत्त पंथ के परम पूज्य सुप्रीम पैट्रिआर्क के नेतृत्व में एक छह सदस्यीय बौद्ध भिक्षु प्रतिनिधिमंडल ने 6 वीं अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए अगस्त 2018 में भारत की यात्रा की। दूतावास द्वारा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और प्रेय सिंहानोकराजा बौद्ध विश्वविद्यालय, नोम पेन्ह के सहयोग से सितंबर 2018 में "दक्षिण पूर्व एशिया में बौद्ध धर्म" पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था।

कंबोडिया में योग कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय रहे हैं। जून 2018 में नोम पेन्ह, सिएम रीप, सिहानोकविले और बट्टामबांग में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और कंबोडियाई मंत्रालयों के सहयोग से एक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में, अक्टूबर 2018 में गांधियन फोरम फॉर इथिकल कॉरपोरेट गवर्नेंस, नई दिल्ली की मुख्य कार्यकारी सुश्री शोभना राधाकृष्ण, द्वारा नोम पेन्ह

में कंबोडिया विश्वविद्यालय और पन्नास्त्र विश्वविद्यालय में गांधी पर व्याख्यान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवधि के दौरान द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंध बढ़ते रहे। इस वर्ष भी कंबोडिया के कई व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने भारत में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया जैसे कि तकनीकी वस्त्रों पर सातवीं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन, गुवाहाटी में एडवांटेज असम इंडिया एक्सप्रेस वे टु आसियान और भारत पर्यटन मार्ट 2018.

इंडोनेशिया

भारत और इंडोनेशिया के बीच लंबे समय से घनिष्ठ और सौहार्दपूर्ण संबंध हैं, जो 29-31 मई 2018 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी की स्थापना से और मजबूत हुए। इस यात्रा के दौरान पंद्रह करारों और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें रक्षा सहयोग पर दोनों सरकारों के बीच नौ समझौता ज्ञापन, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाहरी अंतरिक्ष की खोज और उपयोग में सहयोग, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय सहयोग, रेलवे क्षेत्र में तकनीकी सहयोग, तकनीकी सहयोग, स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग, फॉर्मास्युटिकल, जैविक और सौंदर्य प्रसाधन नियामक कार्यों में सहयोग, सरकारों के बीच नीतिगत संवाद और विशेषज्ञ मंडलों के बीच बातचीत शामिल है। भारत और इंडोनेशिया के बीच सत्तर वर्षों के राजनयिक संबंधों को मनाने के लिए वर्ष 2019-20 में भारत और इंडोनेशिया में आयोजित किए जाने वाले कार्यकलापों की एक योजना का भी इस यात्रा के दौरान आदान-प्रदान किया गया।

दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को प्रधान मंत्री मोदी की यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला, जब दो समुद्री पड़ोसी देशों और व्यापक रणनीतिक भागीदारों के बीच आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच संपर्कों को सुविधाजनक बनाने के लिए दोनों पक्षों ने विशेष रूप से समुद्री संपर्कों के संबंध में अधिक मजबूत आवागमन सुविधा के महत्व को रेखांकित करते हुए 'भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत-इंडोनेशिया समुद्री सहयोग का साझा दृष्टिकोण' जारी किया। उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और आसेह के बीच आवागमन

प्रधानमंत्री जकार्ता में अपने स्वागत समारोह के दौरान सम्मान गारद का निरीक्षण करते हुए (30 मई, 2018)

सुविधा बनाने की योजना का स्वागत किया ताकि दोनों क्षेत्रों की आर्थिक क्षमताओं को उन्मुक्त किया जा सके। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, जकार्ता में भारत के राजदूत ने बांदा जुलाई 2018 में आसेह के लिए एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया गया, जिसमें अंडमान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्य, अंडमान और निकोबार प्रशासन के अधिकारी शामिल थे और प्रथम भारत-इंडोनेशिया निवेश मंच का आयोजन किया। इसके जवाब में, एक तीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ आसेह, राज्य और स्थानीय उद्यमों, शिपिंग और लॉजिस्टिक्स कंपनियों के सदस्य, शिक्षाविद, मीडिया और इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालय के पदाधिकारी शामिल थे, ने चेन्नई के रास्ते पोर्ट ब्लेयर की यात्रा की और 29 नवंबर 2018 को भारत-इंडोनेशिया व्यापार मंच का आयोजन किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यात्रा ने दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और गति दी। संयुक्त रक्षा समन्वय समिति (जेडीसीसी) की छठी बैठक अगस्त 2018 में आयोजित की गई थी, जहां दोनों पक्ष नौसेना और वायु सेना द्विपक्षीय अभ्यास शुरू करने के लिए सहमत हुए। रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने रक्षा पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए 21-24 अक्टूबर, 2018 को इंडोनेशिया की यात्रा की। इसके बाद भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'समुद्र शक्ति' हुआ जो 13-18 नवंबर 2018 तक आयोजित किया गया था। दोनों देशों की वायु सेना ने 20-23 नवंबर 2018 तक जकार्ता में एयर स्टाफ वार्ता आयोजित की। इंडोनेशियाई कोस्ट गार्ड के प्रमुख वाइस एडमिरल श्री ए. तौफीक आर. ने अपने समकक्षी के साथ चर्चा के लिए 17-19 दिसंबर 2018 तक भारत की यात्रा की। पांचवां भारत-इंडोनिशिया विदेश कार्यालय विचार-विमर्श 21 जनवरी 2019 को योग्यकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित किया गया। इसकी सह-अध्यक्षता सचिव (पूर्व) श्रीमती विजय ठाकुर सिंह और इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालय में एशिया-पैसिफिक एवं अफ्रीकी मामलों के महानिदेशक ने की।

28 सितंबर 2018 को इंडोनेशिया के पश्चिमी सुलावेसी प्रांत के पालू और डोंगाला में भूकंप और सुनामी के बाद भूकंप और सुनामी पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए इंडोनेशिया की स्वीकृति के बाद 3 अक्टूबर 2018 को 'ऑपरेशन समुद्र मैत्री' नामक कार्रवाई शुरू की गई। भारत ने चिकित्सा कर्मियों और राहत सामग्री के साथ दो वायुसेना के विमानों को प्रभावित क्षेत्र में भेजा। तीन भारतीय पोत भी प्रभावित लोगों के लिए चिकित्सा आपूर्ति के साथ जकार्ता पहुंचे।

इंडोनेशिया 2017-18 में कुल 20.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार के साथ आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना हुआ है। दूसरा मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोरम जकार्ता में 29 और 30 मई 2018 को आयोजित किया गया, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की जकार्ता की यात्रा के समय आयोजित किया गया था। समुद्री मामलों के समन्वयक मंत्री श्री लुहूत बिनसर पंडजैतन ने 17 और 18 मई 2018 को भारत की यात्रा की और विदेश मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री के साथ बैठकें की और आर्थिक सहयोग की और संभावनाओं का पता लगाने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों के साथ बातचीत की।

वर्ष 2018 में गरुड़ एयरलाइंस ने मुंबई और बाली के बीच अपनी सीधी उड़ान शुरू की। इंडोनेशिया के पर्यटन मंत्री श्री आरिफ याहया ने 23 अप्रैल 2018 को पहलीउड़ान पर यात्रा की। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा को और बेहतर बनाने के लिए, भारत के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों और इंडोनेशिया के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अधिकारियों के बीच नई दिल्ली में 19 और 20 सितंबर 2018 को हवाई सेवा वार्ता आयोजित की गई।

जकार्ता में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, भारत-इंडोनेशिया प्रथम अंतर-आस्था वार्ता योग्यकार्ता में आयोजित की गई, जिसमें भारतीय पक्ष की ओर से पूर्व विदेश राज्य मंत्री श्री एमजे अकबर के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जबकि इंडोनेशिया के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंडोनेशिया के उप विदेश मंत्री श्री ए. एम. फकीर ने किया।

18 अगस्त से 2 सितंबर 2018 तक जकार्ता और पालमबांग में 18 वें एशियाई खेल आयोजित किए गए और इस आयोजन में शामिल होने के लिए खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री, कर्नल (सेवानिवृत्त) श्री राज्यवर्धन राठौर ने 25-29 अगस्त 2018 तक जकार्ता की यात्रा की। पैरा एशियाई खेल 2018, 6-15 अक्टूबर 2018 तक जकार्ता में आयोजित किए गए जिसके लिए योजना और रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह 5-14 अक्टूबर 2018 तक वहां उपस्थित रहे।

भारत के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और इंडोनेशिया के राष्ट्रीय एंटी-नारकोटिक्स एजेंसी के बीच 28-29 जून, 2018 को नई दिल्ली में तीसरे महानिदेशक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक; 10-11 सितंबर 2018 को नई दिल्ली में आतंकवाद रोध पर संयुक्त कार्य समूह की 5 वीं बैठक; और कैनबरा में 21 सितंबर 2018 को दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंडोनेशिया (आईएआई) वरिष्ठ अधिकारियों की वार्ता सहित विभिन्न द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय संस्थागत तंत्र के तहत बैठकें आयोजित की गईं।

आयोग I के इंडोनेशियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 27-31 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली की यात्रा की और रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वीके सिंह (सेवानिवृत्त), और प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ ए. सूर्य प्रकाश से मुलाकात की।

नगर सरकारों और प्रमुख विश्वविद्यालयों के सहयोग से, अप्रैल 2018 में मलंग में और सितंबर 2018 में सुराबाया में भारत संस्कृति सप्ताह का आयोजन किया गया।

लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (पीडीआर)

लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य के साथ संबंध बढ़ना जारी रहा। श्री थौंगफैन सावनफेट, विदेश मामलों के उप मंत्री ने 19 और 20 जुलाई 2018 को नई दिल्ली में दिल्ली संवाद के 10 वें संस्करण में भाग लेने के लिए लाओस विदेश मंत्रालय से एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली संवाद के मौके पर आयोजित समुद्री अर्थव्यवस्था के संबंध में एक कार्यशाला में भाग लिया।

विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने 02 अगस्त 2018 को सिंगापुर में आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक (एएमएम) के मौके पर लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य के विदेश मंत्री श्री प्राक सोकोन से मुलाकात की।

वात फु में विश्व धरोहर स्थल, एक प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मई 2007 में सूचना और संस्कृति मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने वात फु परिसर के उत्तरी के जीर्णोद्धार के संबंध में 2008 से 2017 तक परियोजना का चरण I पूरा किया और परियोजना के चरण II (2018-2028) पर जीर्णोद्धार का काम शुरू किया।

विदेश मंत्री लाओ पीडीआर के विदेश मंत्री सेलुमजे कोमासिथ से मुलाकात करते हुए (23 नवंबर, 2018)

विदेश मंत्री विंशिऐन में लाओ पीडीआर के प्रधानमंत्री श्री थॉगुलून सिसुलिथ के साथ मुलाकात करते हुए (23 नवंबर, 2018)

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 22 और 23 नवंबर 2018 को वियनतियाने की यात्रा की और अपने लाओ समकक्षी के साथ 9 वें भारत-लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य जेसीएम की सह-अध्यक्षता की। यात्रा के दौरान, उन्होंने लाओस के प्रधान मंत्री श्री थोंगलोउन सिसोलॉथ से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों और भविष्य के रोडमैप पर चर्चा की। दोनों देश ऊर्जा और खनन क्षेत्र, परिवहन, व्यापार और निवेश, मानव संसाधन विकास और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। भारत प्रतिवर्ष दीर्घकालिक और अल्पकालिक प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए लाओ पीडीआर के छात्रों और अधिकारियों को छात्रवृत्ति प्रदान करता रहा है। भारत ने कृषि तथा ऊर्जा के क्षेत्र लाओ पीडीआर को कम-ब्याज दर पर ऋण और सूचना संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुदान दिया है।

सॉफ्टवेयर विकास और प्रशिक्षण में लाओस-भारत उत्कृष्टता केन्द्र जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक सॉफ्टवेयर समाधान विकसित करने में सक्षम उच्च स्तरीय मानव संसाधन का निर्माण करना है, का उद्घाटन 26 नवंबर, 2018 को वियनतियाने में भारत के वित्तीय और तकनीकी समर्थन के साथ किया गया।

मलेशिया

दोनों देशों और उनके लोगों के बीच साझा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों के माध्यम से दोस्ती के मजबूत बंधन लगातार उच्च स्तरीय परस्पर यात्राओं से मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 31 मई 2018 को मलेशिया के नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री श्री तुन डॉ० महातिर बिन मोहम्मद को बधाई दी। यात्रा के दौरान दोनों नेताओं ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए रोडमैप पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यात्रा के दौरान उप प्रधान मंत्री श्री वान अजीज़ा वान इस्माइल से भी मुलाकात की।

दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम, पार्टी केडिलन रक्यात के राष्ट्रपति ने 8-12 जनवरी, 2019 तक भारत की यात्रा की और रायसीना वार्ता 2019 में अपना समापन भाषण दिया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने 11 जनवरी, 2019 को बेंगलुरु की भी यात्रा की और मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी और कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर से मुलाकात की और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों से बातचीत की।

प्रधानमंत्री पुत्राजय, मलेशिया में मलेशिया के प्रधानमंत्री श्री महातिर बिन मोहम्मद से मुलाकात करते हुए (31 मई, 2018)

विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ०) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने 2 अगस्त, 2018 को सिंगापुर में एएमएम के अवसर पर मलेशियाई विदेश मंत्री से मुलाकात की। मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री श्री वाई.बी. एम. कुलसेगरन ने 7-12 अक्टूबर, 2018 तक भारत की पहली यात्रा की। उन्होंने द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री, वित्त

मलेशिया के उप प्रधानमंत्री श्री वान अजीजाह वान इस्माइल क्वालालम्पुर में प्रधानमंत्री से मुलाकात करते हुए (31 मई, 2018)

मंत्री, आईटी मंत्री और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री से मुलाकात की।

इस वर्ष दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को उल्लेखनीय बढ़ावा मिला। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग बैठक (एमआईडीसीओएम) का ग्यारहवां दौर 20-22 नवंबर, 2018 तक कुआलालंपुर में आयोजित किया गया, जहाँ रक्षा सचिव श्री संजय मित्रा ने छह सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। एमआईडीसीओएम का एक महत्वपूर्ण परिणाम संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना था।

4-7 जुलाई 2018 को कुआलालंपुर में सातवें नौसेना-से-नौसेना स्टाफ वार्ता आयोजित की गई थी। भारतीय नौसेना मलेशिया में लैंगकॉवी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री और एयरोस्पेस प्रदर्शनी (लीमा) में एक नियमित भागीदार रही है और भारतीय नौसेना जहाज और भारतीय तटरक्षक जहाज अक्सर मलेशियाई बंदरगाहों पर ठहरते हैं। आईएनएस कामोत्रा ने कोटा किनाबालु में 13-17 मई, 2018 तक पड़ाव डाला। मलेशिया में 30 अप्रैल -11 मई, 2018 तक पहले कंपनी स्तर का आर्मी फील्ड ट्रेनिंग एक्सरसाइज (एफटीएक्स) आयोजित किया गया था। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल श्री बी.एस. धनोआ ने 5-8 सितंबर, 2018 तक मलेशिया का दौरा किया। मलेशिया में सबंग एयर बेस में 18-23, अगस्त 2018 तक सभी रैंकों के 130 सैन्यकर्मियों द्वारा पहली बार वायुसेना का द्विपक्षीय हवाई अभ्यास किया गया।

न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के साथ भारत के संबंध सद्भावना और मित्रता पर आधारित है क्योंकि न्यूजीलैंड में उत्तरोत्तर सरकारें भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को प्राथमिकता देती रही हैं। एक-दूसरे के देश की नियमित यात्राएं की गई हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री श्री मनसुख लाल मंडाविया ने 24 अप्रैल, 2018 को ऑकलैंड की एक दिवसीय यात्रा की और वहाँ पर भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत की। जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री श्री जसवंत सिंह भाभोर 22 और 23 मई, 2018 को न्यूजीलैंड गए। भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के अलावा, उन्होंने न्यूजीलैंड की स्वदेशी माओरी आबादी के लिए कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे ने 1 जून, 2018 को न्यूजीलैंड का दौरा किया। मंत्रिस्तरीय यात्राओं के अलावा, नेशनल डिफेंस कॉलेज, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने अपने समकक्षों के साथ बातचीत के लिए न्यूज़ीलैंड का दौरा किया। न्यूज़ीलैंड के साथ ट्रैक- II वार्ता 23-25 अप्रैल, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। 18-27 अक्टूबर, 2018 से ऑकलैंड में आरसीईपी वार्ता में वाणिज्य मंत्रालय के अपर सचिव श्री सुधांशु पांडे के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

न्यूजीलैंड के कृषि, जैव-सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण समुदाय और व्यापार और निर्यात विकास राज्य मंत्री श्री डेमियन ओ'कॉनर 14 नवंबर, 2018 को सिंगापुर में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) के अवसर पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु से मिले। श्री बेन किंग, उप सचिव, एशिया एंड अमेरिकाज ग्रुप, विदेश तथा व्यापार मंत्रालय ने 3-5 फरवरी, 2019 तक भारत की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने 5 फरवरी, 2019 को श्रीमती विजय ठाकुर सिंह, सचिव (पूर्व) के साथ विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की सह-अध्यक्षता की।

फिलीपींस

वर्ष 2018 में भारत-फिलीपींस के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे हुए और दोनों देशों के बीच साझेदारी में एक नया जोश दिखा। भारत में आयोजित आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन के कारण इन संबंधों में एक नई गति आई जिसके तहत राजनीतिक, रक्षा, आर्थिक, संस्कृति, युवा, मीडिया, थिंक टैंकों और विश्वविद्यालयों से विभिन्न फिलिपिनो प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया। नवंबर 2018 में, दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ का जश्न शुरू हो गया है और इसे मनाने के लिए 2019 में भारत महोत्सव आयोजित किया जाना है।

फिलीपींस के श्री जोस मा जॉय कॉन्सेपियन को व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा मार्च 2018 में राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) नेअगस्त 2018 में 51वीं आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक (एएमएम) और संबंधित बैठकों के अवसर पर सिंगापुर में फिलीपींस के विदेश मामलों के सचिव श्री एलन पीटर कायेटानो के साथ मुलाकात की। स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह की बैठकें क्रमशः मनीला में अप्रैल और मई, 2018 में संपन्न हुईं। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच हवाई सेवा वार्ता 11 और 12 जुलाई, 2018 को आयोजित की गई, जिसके परिणामस्वरूप 13 वर्षों के बाद हवाई सेवा समझौता निष्पन्न किया गया।

मार्च 2018 में फिलीपींस के 'सचिव' नेशनल डिफेंस की यात्रा से विशेष रूप से रक्षा निर्यात के संबंध में सहयोग के नए द्वार खुले हैं। एक संयुक्त रक्षा उद्योग और संभार तंत्र समिति (जेडीआईएलसी) के प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया, एक आईएन विमान P81 ने सुलु क्षेत्र और बेन्हम राइज क्षेत्र में एक हवाई अभ्यास किया गया और भारत ने फिलीपींस को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की पेशकश की है। इसके अलावा, भारतीय नौसेना की बहु-भूमिका वाली मिसाइल विध्वंसक आईएनएस राणा 23- 26 अक्टूबर, 2018 तक फिलीपींस की सद्भावना यात्रा पर थी।

वाणिज्यिक संबंध मजबूत हुए हैं। वैश्विक मंदी के बावजूद, दोतरफा व्यापार में पर्याप्त वृद्धि हुई है। जीएमआर मेगा व्यापक समूह ने सेबू-मैक्टन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक नया टर्मिनल सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसका उद्घाटन 7 जून, 2018 को राष्ट्रपति श्री रोड्रिगो डुटर्टे द्वारा किया गया। जीएमआर को क्लार्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के लिए एक परियोजना का ठेका भी मिला है। भारत में फिलीपींस की ओर से किए जा रहे निवेश में भी बढ़ोतरी हो रही है और फिलीपींस की एक कंपनी एजीएंडपी दक्षिण भारत में एलएनजी परियोजनाओं में 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का निवेश करने जा रही है।

इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (ईईपीसी) ने पहली बार अगस्त 2018 में मनीला में अपना फ्लैगशिप टेक्नोलॉजी एक्सपो आईएनडीईई 2018 आयोजित किया, जिसमें लगभग 75 भारतीय कंपनियों ने भाग लिया। ईईपीसी ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग पर फिलीपींस-भारत व्यापार परिषद (पीआईबीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए।

फिलीपींस में भारत के राजदूत ने भारत सरकार की ओर से 2,00,000 अमेरिकी डॉलर का एक चेक (नवंबर 2017 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा फिलिपींस की अपनी यात्रा के दौरान जिसकी घोषणा की गई थी) महावीर फिलीपीन फाउंडेशन इंक को 27 अप्रैल, 2018 को कृत्रिम हाथ-पैर के जरूरतमंद फिलिपिनो लोगों को भारत (जयपुर फुट) में विकसित मुक्त कृत्रिम अंग मुफ्त प्रदान करने के लिए सौंपा गया।

न केवल प्रदर्शन और दृश्य कला के संदर्भ में, बल्कि आदान-प्रदान और सेमिनार के माध्यम से भी सांस्कृतिक संपर्क बढ़ रहे हैं। मई 2018 में आसियान-भारत छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत फिलीपींस के पच्चीस छात्र भारत आए थे। इसके अलावा, दो फिलिपिनो पत्रकारों ने जुलाई 2018 में आसियान-भारत मीडिया आदान-प्रदान कार्यक्रम में भी भाग लिया। मनीला स्थित फिलीपींस विश्वविद्यालय का एक छात्र वर्तमान में छात्रवृत्ति योजना के तहत आगरा में केंद्रीय हिंदी संस्थान में हिंदी का अध्ययन कर रहा है।

सिंगापुर

आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा और 17वीं शांगरी-ला वार्ता में बीज़ वक्तव्य देने के लिए 31 मई से 2 जून, 2018 तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा और 14-15 नवंबर, 2018 को आसियान-भारत, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) तथा पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए उनकी दूसरी यात्रा से भारत और सिंगापुर के बीच रणनीतिक साझेदारी में एक नई गति आई तथा इसे एक नई दिशा मिली। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शांगरी-ला वार्ता में बीज़ वक्तव्य देने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे। मई-जून, 2018 में उनकी यात्रा के परिणामस्वरूप समझौता ज्ञापनों, करारों और नई पहलों सहित 35 से भी अधिक ठोस नतीजे सामने आए, जिनमें लॉजिस्टिक्स एंड सर्विसेज

सपोर्ट के आपसी समन्वय संबंधी करार भी शामिल है, जो द्विपक्षीय नौसेना सहयोग को और बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने चांगी नौसेना बेस की एक ऐतिहासिक यात्रा भी की, जहां वे सिंगापुर और भारतीय नौसेना के जहाजों में सवार हुए और नौसेना कर्मियों के साथ बातचीत की। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा सहयोग पर भी नए सिरे से समझौते किए। आर्थिक क्षेत्र में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) की दूसरी समीक्षा पूरी की, जो 2010 से लंबित थी, और तीसरी समीक्षा शुरू की तथा नर्सिंग विषय पर संबद्ध पारस्परिक मान्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए। कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापन निष्पन्न किए गए जिनमें सर्वप्रथम भारतीय कौशल संस्थान स्थापित करने में सहयोग करने; सार्वजनिक प्रशासन और शासन; कचरा प्रबंधन और जल पुनर्चक्रण सहित शहरी आयोजना एवं विकास; व्यापार और निवेश प्रोत्साहन; और, संभार तंत्र तथा बुनियादी ढांचे से संबंधित करार शामिल हैं। सीनियर मिनिस्टर ऑफ स्टेट, रक्षा मंत्रालय तथा विदेश मंत्रालय डॉ. मोहम्मद मलिकी उसमान ने रायसीना वार्ता में भाग लेने के लिए 8-10 जनवरी, 2019 तक नई दिल्ली की यात्रा की। उन्होंने 8 जनवरी, 2019 को विदेश राज्यमंत्री जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवाचार, स्टार्ट-अप और फिनटेक द्विपक्षीय विनियोजन के नए और महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरे। दोनों सरकारों ने फिनटेक पर एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत के वित्तीय उत्पादों- रुपे कार्ड, बीएचआईएम-यूपीआई ऐप और यूपीआई-आधारित क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस ऐप का पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया। नीति आयोग और पेशेवर भारतीय प्रवासी संघों (आईआईटी और आईआईएम के पूर्व छात्र संघों सहित) ने भारत में डिजिटलीकरण और नवाचार का समर्थन करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नई तकनीक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन), शैक्षणिक अनुसंधान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और प्रमुख भारतीय संस्थानों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। विदेशों में भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने और ग्रामीण आजीविका का समर्थन करने के लिए एक अभिनव तंत्र के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कारीगरों को नियमित आधार पर सिंगापुर लाने के लिए भारतीय विरासत केंद्र में एक मंच का अनावरण किया। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती से पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 1948 में सिंगापुर में महात्मा गांधी के अस्थि विसर्जन स्थल पर एक पट्टिका का अनावरण किया।

प्रधानमंत्री की नवंबर माह की यात्रा के दौरान नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी में सहयोग को और बढ़ावा मिला। दोनों पक्षों ने विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक भारत-सिंगापुर

भारत-सिंगापुर उद्यम और नवोन्मेषिता प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री और सिंगापुर के प्रधानमंत्री श्री ली शिएन लूंग (31 मई, 2018)



प्रधानमंत्री सिंगापुर की राष्ट्रपति हालीमाह याकोब से मुलाकात करते हुए (1 जून, 2018)

हैकथॉन पूरा किया, जिसका प्रस्ताव प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पिछली यात्रा के दौरान किया था। लगभग 40,000 प्रतिभागियों के साथ इस क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े आयोजन, सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल में मुख्य भाषण देने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पहले शासनाध्यक्ष बने, जहां उन्होंने आर्थिक प्रगति और सशक्तिकरण के साधन के रूप में वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण में भारत की सफलता का उल्लेख किया। उन्होंने भारत और आसियान के साथ शुरू होने वाले फिनटेक कंपनियों और बैंकों को जोड़ने के लिए एक वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म एपीआईएक्स का भी शुभारंभ किया।

इस वर्ष दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग और सिंगापुर की आसियान के अध्यक्ष के रूप में भूमिका के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय स्तर पर नियमित रूप से परस्पर उच्च-स्तरीय यात्राएं हुईं। भारत की ओर से उच्च स्तरीय यात्राओं में वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री सुरेश प्रभु का दौरा; नौवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की यात्रा; रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की यात्रा; विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) की यात्रा; सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर; युवा मामलों और खेल राज्य मंत्री कर्नल (सेवानिवृत्त) श्री राज्यवर्धन सिंह राठौर; आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू; उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत; और गुजरात, पंजाब, केरल, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के राज्य प्रतिनिधिमंडलों की यात्राएं शामिल हैं। इनके अलावा, भारत के 150 से अधिक प्रतिनिधिमंडलों जिनमें संसद सदस्य, सचिव और वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे, ने सिंगापुर का दौरा किया।

सिंगापुर की ओर से, वित्त मंत्री श्री हेंग स्वे केट; संचार, सूचना और व्यापार संबंध मंत्री, श्री एस ईश्वरन; विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालाकृष्णन; रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन; राष्ट्रीय विकास मंत्री श्री लॉरेंस वोंग; सामाजिक और पारिवारिक विकास मंत्री और राष्ट्रीय विकास द्वितीय मंत्री डेसमंड ली; और वरिष्ठ परिवहन और स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. लाम पिन मिन ने दिल्ली में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ राज्यों की बैठकों में भी भाग लिया। मंत्री श्री एस. ईश्वरन अक्टूबर, 2018 में देहरादून में 'डेस्टिनेशन उत्तराखंड: इन्वेस्टर्स समिट' के उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले एकमात्र विदेशी मंत्री थे।

इस वर्ष सिंगापुर में भारत के एक स्टार्ट-अप विनियोजन मंच, भारत-सिंगापुर एंटरप्रेन्योरशिप ब्रिज (इन्स्प्रिनियर) का सफल

शुभारंभ किया गया, जिसके तहत जनवरी 2018 और जून 2018 में दो सम्मेलन हुए जिनमें भारी तादाद में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इन्स्प्रिनियर के दूसरे संस्करण में भारत और सिंगापुर से 31 स्टार्टअप कंपनियों ने अपना प्रदर्शन किया, जिसमें उन्हें दोनों प्रधानमंत्रियों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। एक निजी पहल, "न्यू इंडिया इनोवेशन हब" जो सिंगापुर तथा आसियान देशों में प्रवेश करने के इच्छुक भारतीय स्टार्ट-अप्स के लिए 50,000 वर्ग फुट किराया मुक्त जगह उपलब्ध कराता है, की घोषणा की गई।

सिंगापुर भारत के लिए एक प्रमुख आर्थिक भागीदार है। यह भारत के लिए निवेश का एक प्रमुख स्रोत और गंतव्य है। इस वर्ष सिंगापुर और भारत के बीच संपर्क व्यवस्था में और सुधार हुआ। जबकि गुवाहाटी को अगस्त में एक डुक एयर फ़्लाइट द्वारा सिंगापुर के साथ जोड़ा गया वहीं पुणे और विजयवाड़ा को दिसंबर 2018 में भारतीय विमान सेवा द्वारा सिंगापुर से जोड़ा गया। सिंगापुर अब अट्ठारह शहरों से सीधे जुड़ गया है जिसके तहत नौ एयरलाइनों द्वारा दोनों दिशाओं में 576 साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाती हैं।

इस वर्ष का मुख्य आकर्षण सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (एसआईएमबीईएक्स) का 25वां संस्करण था, जो नवंबर 2018 में दो सप्ताह तक बंगाल की खाड़ी/अंडमान सागर क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसमें दोनों ओर से 20 से अधिक जहाजों, विमानों तथा पनडुब्बियों ने इस अभ्यास में हिस्सा लिया। सिंगापुर सेना ने नवंबर 2018 में भारत के साथ अपना वार्षिक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित किया। इस वर्ष ग्यारह भारतीय नौसेना और तटरक्षक जहाजों ने सिंगापुर का दौरा किया।

दोनों पक्षों ने संस्थागत आदान-प्रदान की गति बनाए रखी। नवंबर 2018 में सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने एसआईएमबीईएक्स में हिस्सा लिया और रक्षा मंत्रियों की वार्ता बैठक (डीएमडी) की सह-अध्यक्षता की। अप्रैल 2018 में वार्षिक सचिव-स्तरीय रक्षा नीति वार्ता और नौसेना-से-नौसेना स्टाफ वार्ता, अगस्त 2018 में रक्षा प्रौद्योगिकी संचालन समिति की बैठक (डीटीएस), सितंबर 2018 में रक्षा कार्य समूह (डीडब्ल्यूजी) की बैठक और अक्टूबर 2018 में द्विपक्षीय आसूचना आदान-प्रदान बैठक हुई। भारत में संयुक्त प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए द्विपक्षीय समझौते का नवीनीकरण रक्षा मंत्रियों की वार्ता बैठक (डीएमडी) में किया गया।

मंच कला, नाटक, संग्रहालय आदान-प्रदान, कला और भाषाओं सहित सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ता रहा। सिंगापुर में रहने वाले विशाल भारतीय डायस्पोरा और भारतीय विरासत केंद्र के माध्यम से सिंगापुर के आधिकारिक सहयोग से सिंगापुर में उच्चस्तरीय सांस्कृतिक गतिविधियाँ चलती रहीं जिनमें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद तथा मिशन का भी सहयोग प्राप्त हुआ। मई-जून 2018 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र के साथ भारत के प्राचीन संबंधों को उजागर करने के लिए भारत से जुड़े तीन अलग-अलग धर्मों के पूजा स्थलों का दौरा किया, जो एक ही सड़क पर स्थित हैं, और भारतीय उच्चायोग द्वारा प्रकाशित पुस्तक "इंडिया-सिंगापुर: एंशिएंट रूट, न्यू जर्नी" का विमोचन किया।

हिंदुस्तान टाइम्स-मिंट एशिया लीडरशिप शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण अप्रैल 2018 में सिंगापुर में आयोजित किया गया था। भारत-सिंगापुर रणनीतिक वार्ता, एक ट्रैक II पहल अगस्त 2018 में आयोजित की गई थी। इसका आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), अनंत-एस्पेन सेंटर और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर (एनयूएस) द्वारा किया गया था। चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 30 संगठनों के सहयोग से 117 केंद्रों में 173 योग सत्रों के माध्यम से मनाया गया और इसमें लगभग 8,000 लोगों ने भाग लिया, जबकि हैशटैग # IDYSG2018 पर 76 मिलियन से भी अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह का बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सनटेक कन्वेंशन सेंटर में दुनिया की सबसे बड़ी हाई डेफिनिशन वीडियो स्क्रीन पर गांधीजी पर वीडियो दिखाई गई और एक अंतर-स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी की पोती श्रीमती इला गांधी, महात्मा गांधी पर वार्ता और सेमिनार की श्रृंखला में शामिल होने के लिए सिंगापुर गईं। मिशन ने स्वामी विवेकानंद द्वारा विश्व धर्म सभा में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की 125वीं जयंती और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का जन्मोत्सव मनाया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। मिशन ने सितंबर में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर के भाषा अध्ययन केंद्र के साथ हिंदी दिवस भी मनाया। मिशन और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने अगस्त-सितंबर 2018 में डांस इंडिया एशिया पैसिफिक (डीआईएपी) के आठवें संस्करण के आयोजन में सहयोग किया।

तिमोर लेस्ते

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर ने भारत सरकार के विशेष दूत के रूप में 7-10 अप्रैल, 2018 तक दिली, तिमोर लेस्ते का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और तिमोर लेस्ते के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करना था। यात्रा के दौरान, दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जो तिमोर लेस्ते के लोगों के लिए सस्ती स्वास्थ्य देखभाल सेवा के विस्तार में सहयोग के नए रास्ते खोलेगा। विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने अगस्त 2018 में सिंगापुर में आयोजित एएमएम के अवसर पर तिमोर लेस्ते के विदेश मंत्री से मुलाकात की।

तिमोर लेस्ते में भारत के राजदूत श्री प्रदीप कुमार रावत ने 20-22 अगस्त, 2018 को दिली में शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और परिवहन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले छह सदस्यीय भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस प्रतिनिधिमंडल ने तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति श्री फ्रांसिस्को गुटेरेस लू ओलो और तिमोर लेस्ते के प्रधान मंत्री श्री टाउर मटन रुआक से मुलाकात की और तिमोर लेस्ते के विकास लक्ष्यों में वृद्धि में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए संपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। प्रतिनिधिमंडल ने तिमोर लेस्ते चैंबर ऑफ कॉमर्स (सीसीआई), नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ तिमोर लेस्ते और यूएन हाउस में विस्तार से चर्चा की थी।

थाईलैंड

थाईलैंड के साथ भारत के संबंध वर्ष के दौरान मजबूत होते रहे। अगस्त 2018 से थाईलैंड भारत-आसियान रणनीतिक साझेदारी के लिए राष्ट्र-समन्वयक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अगस्त 2018 को काठमांडू में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के अवसर पर और 14 नवंबर, 2018 को सिंगापुर में 33वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित बैठकों के दौरान थाईलैंड के प्रधान मंत्री श्री प्रयुत चान-ओ-चा से मुलाकात की, जिस दौरान दोनों नेताओं ने पारस्परिक हित के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 26-29 अगस्त, 2018 तक थाईलैंड का दौरा किया, जिसके दौरान उन्होंने थाईलैंड के प्रधान मंत्री से मुलाकात की और उप प्रधान मंत्री तथा रक्षा मंत्री जनरल प्रवीत वोंगसुवोन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। उन्होंने विमानवाहक पोत एचटीएमएस चक्री नरुएबेट और रॉयल थाई नेवी के नौसेना स्पेशल वारफेयर कमांड का भी दौरा किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 17-18 अप्रैल, 2018 को थाईलैंड में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने बैंकाक में दो कार्यक्रमों "फोरम ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉच्र्युनिटीज ऑन फूड प्रोसेसिंग" और "फोरम ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉच्र्युनिटीज इन लग्जरी/वेलनेस टूरिज्म" का नेतृत्व किया। उन्होंने नावा नकोर्न इंडस्ट्रियल एस्टेट का भी दौरा किया। 17 अप्रैल 2018 को बैंकॉक में "उत्तराखंड पर्यटन रोड शो" का आयोजन किया गया। उत्तराखंड पर ध्यान देने के साथ "भारत: आपका भाग्य, आपका नया गंतव्य" पर एक सेमिनार 18 अप्रैल, 2018 को थाईलैंड के वाणिज्य मंत्रालय और दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

थाई पक्ष की ओर से, ऊर्जा मंत्री श्री सिरी जिरापोंगफान ने 11-12 अप्रैल, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच में भाग लेने के लिए दिल्ली का दौरा किया। 19 जुलाई, 2018 को विदेश मंत्री के सलाहकार श्री चिसिरी अनामरन नई दिल्ली में थाईलैंड के विदेश मंत्री के विशेष दूत के रूप में दिल्ली वार्ता में भाग लेने के लिए भारत आए। राजकुमारी महा चक्रि सिरिंधोर्न ने 26-29 नवंबर, 2018 तक भारत का दौरा किया। उनकी भारत यात्रा में दिल्ली, त्रिपुरा और मणिपुर के दौरे शामिल थे। 30 नवंबर, 2018 को भारत की यात्रा के दौरान थाई विदेश मंत्री श्री डॉन प्रमुदविनई ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज से मुलाकात की।

द्वितीय भारत-थाईलैंड सैन्यकर्मी वार्ता 11-13 जुलाई, 2018 तक थाईलैंड में आयोजित की गई। 10वीं भारतीय नौसेना-रॉयल थाई नौसेना स्टाफ वार्ता 16-18 जुलाई, 2018 तक दिल्ली में आयोजित की गई थी। 8वीं भारतीय वायु सेना-रायल थाई वायु सेना स्टाफ वार्ता 6-10 अगस्त, 2018 तक दिल्ली में आयोजित की गई।

प्रधानमंत्री काठमांडू में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के अवसर पर थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्री प्रयुत चान-ओ-चा से मुलाकात करते हुए (31 अगस्त, 2018)

रॉयल थाई नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल लूचाई रुडिट ने 18-20 दिसंबर, 2018 तक भारत की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से मुलाकात की, नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा के साथ विचार-विमर्श किया और मुम्बई में पश्चिमी नौसेना कमान में आईएनएस कोलकाता तथा आईएनएस सिंधु विजय को देखा। भारत और थाईलैंड के बीच श्वेत पोत परिवहन सूचना आदान-प्रदान संबंधी तकनीकी करार पर 19 दिसंबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए।

थाई विदेश मंत्री की सलाहकार सुश्री पॉर्नपिमोल कंचनालक ने रायसीना वार्ता में शामिल होने के लिए 8-10 जनवरी, 2019 तक भारत की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने श्रीमती विजय ठाकुर सिंह, सचिव (पूर्व) के साथ 9 जनवरी, 2019 को मुलाकात की।

दोनों पक्षों के बीच सांस्कृतिक सहयोग में प्रगति बनी रही। 28 मई 2018 को आईसीसीआर चेयर ऑफ इंडियन स्टडीज की स्थापना के लिए आईसीसीआर और चियांग माई यूनिवर्सिटी (सीएमयू) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे यह बैंकॉक के बाहर पहली आईसीसीआर पीठ बन गई।

17 जून 2018 को बैंकॉक में दूतावास द्वारा स्थानीय भागीदारों और समुदाय के सहयोग से चौथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हई याई (सोंगख्ला प्रांत), चियांग माई, रयोंग और खॉन के में क्रमशः 10 जून, 17 जून, 23 जून और 24 जून, 2018 को अलग-अलग योग कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

थाईलैंड में पूर्व भारतीय राजदूत श्री भगवंत सिंह बिश्नोई ने 27 जून 2018 को थाईलैंड के सुप्रीम पैट्रिआर्क परम पावन सोमदत फ्रा अरियावांगसाखोट्टायम के पावन वचन सुने और उन्हें पद्म श्री पुरस्कार और अलंकरण सौंपा।

भारतीय दूतावास और थम्मासैट विश्वविद्यालय की एक संयुक्त पहल, इंडिया कॉर्नर का उद्घाटन 20 अगस्त 2018 को प्रिडी बैनोमॉन्ग इंटरनेशनल कॉलेज में किया गया था। इंडिया कॉर्नर का उद्देश्य सामान्य रूप से थम्मासैट विश्वविद्यालय के छात्रों को किताबें और आवधिक पत्रिकाएं प्रदान करना है और भारतीय अध्ययन कार्यक्रम और भारतीय अध्ययन केंद्र के लिए अधिगम केंद्र के रूप में स्थापित होना भी है।

यूएनईएससीएपी के सहयोग से दूतावास ने 2 अक्टूबर 2018 को संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन केंद्र, बैंकॉक में अहिंसा अंतर्राष्ट्रीय दिवस और महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में समारोह की शुरुआत की ।

थम्मासैट विश्वविद्यालय, बैंकॉक और आईसीसीआर के बीच आईसीसीआर हिंदी पीठ के लिए समझौता ज्ञापन का 12 अक्टूबर 2018 को तीन साल के लिए नवीनीकरण किया गया है। थम्मासैट यूनिवर्सिटी के रेक्टर असिस्टेंट प्रोफेसर गैसिने विटूनचार्ट और चार्ज डीआफेयर्स श्री अबबागानी रामू ने विश्वविद्यालय के संकाय, भारतीय दूतावास और समुदाय के लगभग 50 व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

रॉयल थाई नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल लूचाई रुडिट ने 18-20 दिसंबर, 2018 तक भारत की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से मुलाकात की, नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा के साथ विचार-विमर्श किया और मुम्बई में पश्चिमी नौसेना कमान में आईएनएस कोलकाता तथा आईएनएस सिंधुविजय को देखा। भारत और थाईलैंड के बीच श्वेत पोत परिवहन सूचना आदान-प्रदान संबंधी तकनीकी करार पर 19 दिसंबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए।

थाई विदेश मंत्री की सलाहकार सुश्री पॉर्नपिमोल कंचनालक ने रायसीना वार्ता में शामिल होने के लिए 8-10 जनवरी, 2019 तक भारत की यात्रा की। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने श्रीमती विजय ठाकुर सिंह, सचिव (पूर्व) के साथ 9 जनवरी, 2019 को मुलाकात की।

2019 में 5वीं भारत-थाईलैंड विदेश कार्यालय परामर्श बैठक, 7वीं वार्षिक रक्षा वार्ता और 8-10 फरवरी 2019 तक पहला उत्तर पूर्व भारत उत्सव होंगे।

वियतनाम

आसियान-भारत स्मारक सम्मेलन और गणतंत्र दिवस पर माननीय अतिथि के रूप में वियतनामी प्रधान मंत्री श्री गुयेन जुआन फुच की आधिकारिक यात्रा से शुरू होकर 2018 में भारत-वियतनाम संबंधों ने भागीदारी का उल्लेखनीय स्तर प्राप्त किया है। वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति (स्वर्गीय) श्री त्रान दाई क्वांग की 2-4 मार्च, 2018 तक भारत की राजकीय यात्रा के साथ इसमें और गति आई है। राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने 18-20 नवंबर, 2018 तक कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री श्री अनंत कुमार हेगड़े और संसद सदस्य डा. हिना गावित और श्री कामाख्या प्रसाद तासा के साथ वियतनाम की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा की, जोकि दक्षिणपूर्व की उनकी पहली यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान, वियतनाम के सूचना और संचार मंत्रालय और भारत के संचार मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन; हो ची मिन्ह नेशनल एकेडमी ऑफ पॉलिटिक्स और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन और सीआईआई और वियतनाम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (वीसीसीआई) के बीच एक सहयोग करार सहित चार करारों पर हस्ताक्षर किए गए ।

रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 12-15 जून 2018 तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा की। यात्रा के दौरान, उन्होंने वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के साथ वार्ता की और वियतनाम के राष्ट्रपति से मुलाकात की और चौथी भारत-वियतनाम रक्षा उद्योग व्यापार बैठक हनोई में आयोजित की गई। उन्होंने न्हा ट्रांग में आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क की आधारशिला रखी, जिसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में अपनी यात्रा के दौरान 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान देने की घोषणा की।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 16 वें संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता और तीसरे हिंद महासागर सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए 26-28 अगस्त 2018 को हनोई का दौरा किया। यात्रा के दौरान, नन्ह थुआन प्रांत में चाम समुदाय के लाभ के लिए अनुदान सहायता सामाजिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए नन्ह थुआन प्रांत की पीपुल्स समिति के साथ 1.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने यात्रा के दौरान चांसरी परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के अवसरों का पता लगाने के लिए 4-6 सितंबर 2018 तक वियतनाम की एक अध्ययन यात्रा की । पूर्व राज्य मंत्री श्री एम जे अकबर ने 10-13 सितंबर 2018 को आसियान पर विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए हनोई का दौरा किया।

विदेश मंत्री (ईएएम) श्रीमती सुषमा स्वराज 14 और 15 सितंबर, 2018 को रूसी उप-प्रधानमंत्री श्री यूरी बोरिसोव के साथ व्यापार और आर्थिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 23वें सत्र की सह-अध्यक्षता के लिए मास्को गईं। यात्रा के दौरान उन्होंने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की।

रूसी संघ की सुरक्षा परिषद के सचिव श्री निकोलाई पेत्रुशेव 6-7 दिसंबर, 2018 को भारत आए थे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भेंट की।

रूसी संघ के राज्य ड्यूमा के अध्यक्ष श्री व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतृत्व में 9 और 10 दिसंबर 2018 को आए एक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ने रूस के साथ संसदीय संबंधों को और मजबूत किया। श्री वोलोडिन ने लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन से भेंट



विदेश मंत्री रूसी महासंघ के विदेश मंत्री सरगेई लावरोव से मुलाकात करते हुए (13 सितंबर, 2018)

की। यात्रा के दौरान उन्होंने उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भी भेंट की। इस यात्रा के दौरान भारत-रूस संसदीय आयोग की 5वीं बैठक हुई।

रूसी रक्षा मंत्री श्री सर्गेई शोयगु ने रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के साथ सैन्य तकनीकी सहयोग (आईआरआईजीसी-एमटीसी) पर 18वें भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की सह-अध्यक्षता के लिए 12 और 13 दिसंबर 2018 को नई दिल्ली का दौरा किया।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) ने मास्को में आतंकवाद प्रतिरोध (जुलाई 2018) पर भारत-रूस संयुक्त कार्यदल (जेडब्ल्यूजी) की 10वीं बैठक के लिए सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। अगस्त 2018 में विदेश सचिव श्री विजय गोखले और रूसी उप विदेश मंत्री श्री सर्गेई रियाबकोव के स्तर पर बहुपक्षीय मुद्दों पर विदेश कार्यालय परामर्श मास्को में आयोजित किए गए थे।

थल सेनाध्यक्ष जनरल श्री बिपिन रावत 1-6 अक्टूबर, 2018 को आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा पर रूस गए। नौसेना स्टाफ के प्रमुख, एडमिरल श्री सुनील लांबा ने 26-29 नवंबर 2018 को रूस का दौरा किया। उन्होंने रूसी नौसेना के कमांडर-इन-चीफ के साथ चर्चा की और वल्दाई क्लब में "भारत की समुद्री सुरक्षा" पर बात की।

द्विपक्षीय व्यापार में 2016-17 की अपेक्षा 2017-18 में 21% से अधिक की वृद्धि देखी गई। 2017-18 में, द्विपक्षीय व्यापार 10.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। दोनों पक्षों ने 2025 के लिए निर्धारित 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहलें की। भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के हाशिए पर 5 अक्टूबर 2018 को पहला भारत-रूस व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। 19वीं द्विपक्षीय शिखर बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार, 26 नवंबर 2018 को सेंट पीटर्सबर्ग में भारत-रूस रणनीतिक आर्थिक वार्ता आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार और रूसी संघ के आर्थिक विकास मंत्री श्रीमान मैक्सिन ऑर्किन ने किया। जिन क्षेत्रों में दोनों पक्ष एक साथ काम कर सकते थे उनकी पहचान करने और उनके सहयोग को और बेहतर बनाने के लिए रणनीतिक आर्थिक वार्ता निम्नलिखित पांच मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित थी - परिवहन बुनियादी ढांचा, कृषि और कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र, लघु और मध्यम व्यापार समर्थन, डिजिटल परिवर्तन और सीमावर्ती प्रौद्योगिकियां और औद्योगिक और व्यापार सहयोग।

अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष श्री विनय प्रभाकर सहस्रबुद्धे की 24-26 अप्रैल 2018 को मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग के लिए यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को प्रोत्साहन मिला।

क्रेमलिन पैलेस में 6 सितंबर 2018 को भारत समारोह का भव्य उद्घाटन किया गया था और भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले दस समूहों के प्रदर्शन के साथ 31 मार्च 2019 तक बाईस रूसी शहरों में आयोजित होने वाला यह सामारोह चल रहा है।

आर्मेनिया

भारत और आर्मेनिया के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। येरवन में 29 अगस्त 2018 को परिवहन, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अर्मेन अरजिमान्यन द्वारा एक भारत-आर्मेनिया संयुक्त डाक टिकट जारी किया गया था। इसमें अर्मेनियाई "होव अरेक" लोक नृत्य और भारतीय मणिपुरी नृत्य को दर्शाया गया है। इस अवसर पर डाक टिकट संग्रह की एक संयुक्त प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। 2 अक्टूबर 2018 को 150वीं गांधी जयंती पर डाक विभाग द्वारा सात डाक टिकट जारी किए गए।

शिक्षा और विज्ञान के उप मंत्री श्री होवनेस होवनिस्यान ने 30 अक्टूबर - 1 नवंबर 2018 से नई दिल्ली में आयोजित 14वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

आर्मेनिया ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के उपचार में भारत की सहायता की सराहना की। भारत सरकार ने येरेवन स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी (वाईएसएमयू) के मुरेटसन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल की कीमोथेरेपी क्लिनिक को थैलेसीमिया की दवा दान की। दान की गई दवाएं मरीजों के दो वर्ष के उपचार के लिए पर्याप्त होंगी। 2013 और 2016 में भी वाईएसएमयू को वही दवाएं दान की गई थीं।

अज़रबैजान

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का बाकू (4-6 अप्रैल, 2018) में गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) की मध्यावधि मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होना वर्ष 2018-19 में भारत-अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों की मुख्य घटना थी। 1991 में अज़रबैजान की आजादी के बाद से यह भारत के विदेश मंत्री की पहली अज़रबैजान यात्रा थी। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से भेंट की और अपनी समकक्ष विदेश मंत्री श्रीमती एलमारममाडिरोव के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों विदेश मंत्रियों ने राजनयिकों, अधिकारियों और सेवा पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट पर एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 6 सितंबर 2018 से लागू हुआ।

व्यापार और आर्थिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग पर भारत-अज़रबैजान अंतर-सरकारी आयोग (आईजीसी) की 5वीं बैठक 11 और 12 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु और अजरबैजान के प्राकृतिक और प्राकृतिक संसाधन मंत्री श्री मुख्तार बाबयेव ने इसकी सह-अध्यक्षता की थी। आईजीसी

विदेश मंत्री बाकू में अजरबैजान के विदेश मंत्री श्री ऐलमार मामादियारोव से मुलाकात करते हुए (04 अप्रैल, 2018)

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने अपने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश सहयोग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

अज़रबैजान की संसद की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर अज़रबैजान के मिल्लीमजलिस की सोलेमेन बैठक में भाग लेने के लिए तीन सदस्यीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 19-22 मार्च 2018 को बाकू का दौरा किया, इस प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती केएच मुनियप्पा (लोकसभा), श्री चिंतामणि मालवीय (लोकसभा) और श्री वी. विजयसाई रेड्डी (राज्यसभा) शामिल थे।

अजरबैजान में मानव संसाधन विकास (एचआरडी) और क्षमता निर्माण में भारत के सहयोग की काफी सराहना की गई। विदेश मंत्रालय ने अजरबैजान में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कृषि मंत्रालय की अजरबैजान ग्रामीण निवेश परियोजना (एजेडआरआईपी) द्वारा एक परियोजना के समर्थन के लिए भारतीय विशेषज्ञों की अजरबैजान यात्रा के लिए 16,000 अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान की। इस परियोजना का उद्देश्य अजरबैजान ग्रामीण निवेश परियोजना द्वारा अजरबैजान के तीन अलग-अलग क्षेत्रों से चुने गए प्रतिभागियों को स्वयं सहायता समूह और माइक्रो-फाइनेंस स्थापित करने के लिए भारतीय विशेषज्ञों के ज्ञान और अनुभव को बांटना है।

भारत-अजरबैजान के द्विपक्षीय व्यापार में मजबूत वृद्धि जारी रही और वर्ष 2017-18 में यह 626 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। भारतीय प्रतिनिधियों ने अज़रबैजान पर्यटन और आतिथ्य मेले, बाकू (5-7 अप्रैल 2018), वर्ल्ड फ़ूड अजरबैजान 2018 प्रदर्शनी (16-18 मई 2018), कैस्पियन ऑयल एंड गैस 2018 प्रदर्शनी (29 मई से 1 जून 2018 तक), और अज़रबैजान अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी (एडीईएक्स) (25-27 सितंबर 2018) आदि अज़रबैजान में आयोजित विभिन्न व्यापारिक मेलों में भाग लिया।

बेलारूस

लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में 10-13 जून 2018 के बीच एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के साथ भारत और बेलारूस के संबंधों में एक गुणात्मक अग्रगामी गति देखी गई। यात्रा के दौरान, लोक सभा और बेलारूस की राष्ट्रीय असेंबली की प्रतिनिधि सभा के बीच सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-बेलारूस अंतर-सरकारी आयोग (आईजीसी) की नौवीं बैठक 25 सितंबर 2018 को मिन्स्क में आयोजित की गई थी। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री श्री सी. आर. चौधरी ने इसकी अध्यक्षता की। बेलारूस के उप-विदेश मंत्री श्री आंद्रेई दपकिउनास 16 अक्टूबर 2018 को नई दिल्ली में आयोजित भारत-बेलारूस विदेश कार्यालय परामर्श के लिए नई दिल्ली आए थे। उन्होंने विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज से भेंट की।

बेलारूस के साथ द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2016-17 के 402 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2017-18 में 455 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और बेलारूस की राज्य कृषि अकादमी (बीएसएए) के बीच वर्ष 2018-2020 के लिए एक कार्य योजना पर और भारत और बेलारूस के बीच भारत में संयुक्त प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र (जेटीडीसी) के निर्माण के एक समझौते हस्ताक्षर किए गए।

जॉर्जिया

भारत-जॉर्जिया में सौहार्द और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। भारत सरकार से जॉर्जिया द्वारा सितंबर 2017 में छह महीने की अवधि के लिए उधार लिए गए जॉर्जियाई सेंट क्वीन केतवन के अवशेषों की एक प्रदर्शनी की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा कर सितंबर 2018 तक कर दी गई थी। सेंट क्वीन केतवन का जॉर्जिया के लोगों द्वारा बहुत सम्मान किया जाता है।

भारत के राजदूत ने 16 दिसंबर 2018 को त्बिलिसी में जॉर्जिया के राष्ट्रपति सुश्री सैलोम ज़ुराबिशविलि के पदग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व किया।

कज़ाकिस्तान

पूरे वर्ष कई द्विपक्षीय आदान-प्रदानों ने कज़ाकिस्तान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण और मधुर संबंधों की गति बनाए रखी। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज 2 और 3 अगस्त 2018 को कज़ाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर गई थीं, उन्होंने कज़ाकिस्तान के विदेश मंत्री श्री कैरत अब्द्रखमानोव के साथ द्विपक्षीय चर्चा की और प्रधानमंत्री श्री बख्शीज़ान सगिनत्येव से भेंट की।

कज़ाकिस्तान सरकार के उप-प्रधानमंत्री (डीपीएम) ने वर्ष के दौरान कज़ाकिस्तान सरकार द्वारा आरंभ की गई 'डिजिटल कज़ाकिस्तान' पहल में संभावित सहयोग के लिए डिजिटल इंडिया परियोजनाओं का अध्ययन करने के लिए 19 से 22 सितंबर 2018 तक भारत का दौरा किया। उन्होंने कानून और न्याय एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नासकॉम) और अन्य प्रमुख आईटी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी मुलाकात की। कज़ाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के उपमहानिदेशक श्री दीपक चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 2-5 नवंबर 2018 के बीच कज़ाकिस्तान का दौरा किया।

रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण रक्षा मंत्री श्री नूरलान येरेमेबायेव एवं रक्षा और एयरोस्पेस उद्योग मंत्री श्री बेइबुत अतुलकुलोव के साथ रक्षा और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए 2-4 अक्टूबर 2018 तक अस्ताना गई थीं। श्रीमती निर्मला सीतारमण और उनके कज़ाख समकक्ष ने संयुक्त रूप से कज़ाख शांति सेना के फ्लैग-ऑफ समारोह की अध्यक्षता की, जो उस महीने के बाद लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) की भारतीय बटालियन में शामिल हुई थी। भारत और कज़ाकिस्तान ने 21 अगस्त को यूएनआईएफआईएल मिशन में भारतीय शांति रक्षक बटालियन के अंतर्गत एक कज़ाख शांति सेना की संयुक्त तैनाती पर एक समझौता ज्ञापन संपन्न किया था।

राज्य मंत्री (मानव संसाधन विकास), डॉ. सत्य पाल सिंह ने अस्ताना में सातवें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए 15 से 18 अक्टूबर 2018 तक कज़ाकिस्तान गए चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए कज़ाकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने अस्ताना में 25 और 26 अक्टूबर 2018 को आयोजित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सतत विकास लक्ष्य की ओर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर अंतर्राष्ट्रीय



अस्ताना में भारत-कजाखस्तान द्विपक्षीय बैठक के आयोजन के दौरान विदेश मंत्री और कजाखस्तान गणराज्य के विदेश मंत्री श्री कैरात अबद्राखमानोव (03 जुलाई, 2018)

सम्मेलन में भाग लेने के लिए कज़ाकिस्तान जाने वाले तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

जुलाई 2018 में भारत और कज़ाकिस्तान के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर छठी जेडब्ल्यूजी बैठक अस्ताना में आयोजित की गई थी। 2017-2018 में भारत और कज़ाकिस्तान के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 981 मिलियन अमेरिकी डॉलर का था।

रक्षा सहयोग पर पाँचवीं जेडब्ल्यूजी बैठक 30 मई से 2 जून 2018 तक अस्ताना में आयोजित की गई थी। जेडब्ल्यूजी की सफल परिणति पर एक संयुक्त प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए थे।

अस्ताना में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र (एसवीसीसी) ने अपनी नियमित गतिविधियों को जारी रखा और कथक और बॉलीवुड नृत्य, भारतीय संगीत और योग की दैनिक कक्षाएं संचालित कीं। इसके अलावा, जुलाई 2018 में 'आरंभ करने वालों के लिए हिंदी' कक्षाएं भी शुरू की गईं। एसवीसीसी ने इस अवधि में भारतीय संगीत और नृत्य केंद्र, नज़रबायेव विश्वविद्यालय, अस्ताना में फिर से भारतीय नृत्य, संगीत और योग कक्षाएं शुरू कीं। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह के हिस्से के रूप में, एसवीसीसी द्वारा कज़ाकिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय, अस्ताना में 16 से 28 अक्टूबर 2018 तक पारंपरिक भारतीय वस्त्रों की एक प्रदर्शनी, 'वस्त्रम: द स्प्लेंडिड वर्ल्ड ऑफ इंडियन टेक्सटाइल्स' का आयोजन किया गया था।

किर्गिज गणराज्

भारत और किर्गिज़ गणराज्य में पारंपरिक रूप से सौहार्दपूर्ण और घनिष्ठ संबंध हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के अवसर पर 11 जून, 2018 को चीन के किंगदाओ में किर्गिज़ के राष्ट्रपति श्री सूरोनबे जीनबेकोव से भेंट की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ की अध्यक्षता करने के लिए राष्ट्रपति श्री जीनबेकोव को बधाई दी।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 23 अप्रैल 2018 को, एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर किर्गिस्तान के विदेश मंत्री श्री एर्लन अबल्देव से भेंट की और व्यापार व निवेश, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा, फिल्मों, मानव संसाधन विकास, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने 3 और 4 अगस्त 2018 को किर्गिस्तान का दौरा किया। वे किर्गिज विदेश मंत्री श्री अबल्देव से मिलीं और राष्ट्रपति श्री जीनबेकोव से भी भेंट की।

व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग पर किर्गिज़-भारत अंतर सरकारी आयोग की नौवीं बैठक 15 और 16 नवंबर 2018 को नई दिल्ली में आयोजित की गई

विदेश मंत्री बिश्केक में किरगिज गणराज्य के विदेश मंत्री श्री एरलान अब्दिलदाईव से मुलाकात करते हुए (03 जुलाई, 2018)

थी। भारतीय पक्ष से आईजीसी का नेतृत्व वाणिज्य और उद्योग मंत्री द्वारा किया गया था। किर्गिज़ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किर्गिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री ने किया। 2017-18 में भारत और किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 59.53 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, किर्गिस्तान में भारत से 28.59 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात और किर्गिस्तान से 30.94 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ।

ताजिकिस्तान

भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की 7-9 अक्टूबर 2018 की ताजिकिस्तान यात्रा से भारत-ताजिकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों में एक उत्साह उत्पन्न हुआ। उन्होंने ताजिक राष्ट्रपति श्री इमोमाली रहमोन के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने ताजिक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय समुदाय के छात्रों और विद्वानों को संबोधित किया। यात्रा के दौरान आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। 9 जून 2018 को, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के अवसर पर ताजिक राष्ट्रपति श्री इमोमाली रहमोन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। कनेक्टिविटी, व्यापार और निवेश और अफगानिस्तान जैसे कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 11 और 12 अक्टूबर 2018 को दुशांबे में आयोजित सरकार प्रमुखों की 17वीं एससीओ बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक के हाशिये पर, उन्होंने अफगान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अब्दुल्ला अब्दुल्ला से भेंट की और ताजिक विदेश मंत्री श्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन के साथ बैठक की। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने स्थानीय भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया।

पूर्व विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) श्री एम. जे. अकबर 1-5 मई 2018 को आतंकवाद के खिलाफ एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए ताजिकिस्तान गए थे। उन्होंने ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति, विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और ताजिक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव से भेंट की।

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्री श्री नितिन गडकरी ने 'इंटरनेशनल डिकेड फॉर एक्शन: वॉटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, 2018-2028' पर 20-22 जून 2018 को दुशांबे में आयोजित सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

रक्षा सचिव श्री संजय मित्रा ने 26 जून 2018 को दुशांबे में आयोजित भारत-ताजिक रक्षा सहयोग पर सातवीं जेडब्ल्यूजी बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

राष्ट्रपति दुशान्बे में ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति श्री एमोमाली रहमॉन से मुलाकात करते हुए (08 अक्टूबर, 2018)

तुर्कमेनिस्तान

भारत और तुर्कमेनिस्तान में सौहार्द और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। दोनों पक्षों के लिए एक प्रमुख क्षेत्र हाइड्रोकार्बन सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग चल रहा है।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज और तुर्कमेनिस्तान के उप प्रधानमंत्री श्री रशीद मेरेडोव ने 2 अगस्त 2018 और 13 सितंबर 2018 को श्रीमती सुषमा स्वराज की तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात से पारगमन के दौरान दो बार मुलाकात की।

तुर्कमेन शिक्षा मंत्री, श्री मम्मेत्मिरत गेल्डिनेयाज़ोव ने 30 सितंबर 2018 को नई दिल्ली में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन (एमजीआईएससी) में भाग लिया।

दूरदर्शन की महानिदेशक सुश्री सुप्रिया साहू ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर 2018 तक अश्गाबात में 55वें एशिया-पैसिफिक ब्रॉडकास्टिंग यूनियन (एबीयू) महासभा की बैठकों की अध्यक्षता की।

दोनों पक्षों के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के बीच कई आदान-प्रदान हुए। 8-12 जुलाई 2018 से तुर्कमेन ऑटोमोबाइल सेक्टर के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली और पुणे का दौरा किया। पंद्रह भारतीय दवा कंपनियों ने 20-23 जुलाई 2018 से अश्गाबात में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य एक्सपो 2018 में भाग लिया। छब्बीस सदस्यीय फार्ममेक्ससिल प्रतिनिधिमंडल ने फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए 24-28 नवंबर, 2018 तक अश्गाबात का दौरा किया। गेल के एक प्रतिनिधिमंडल ने 23वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और 'तुर्कमेनिस्तान का तेल और गैस -2018' प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए 20 नवंबर को अश्गाबात का दौरा किया।

वर्ष 2017-18 के लिए भारत-तुर्कमेनिस्तान द्विपक्षीय व्यापार लगभग 80 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

तुर्कमेनिस्तान के संस्कृति मंत्रालय द्वारा अप्रैल में अश्गाबात में आयोजित उत्सव 'एनसियेन्ट क्रैडल ऑफ म्यूजिकल आर्ट्स' में भाग लेने वाले तीन सदस्यीय तबला समूह की यात्रा ने तुर्कमेनिस्तान के साथ सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत किया। तुर्कमेनिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए योग एक सबसे शक्तिशाली कड़ी है। 11 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान स्थापित योग और पारंपरिक चिकित्सा केंद्र 2,800 से अधिक पंजीकृत योग अभ्यास करने वालों के साथ बहुत लोकप्रिय रहा है, जिनमें से लगभग 2,100 साप्ताहिक आधार पर योग का अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय योग शिक्षकों की मदद से राज्य चिकित्सा विश्वविद्यालय में 'योग उपचार' के दो क्रेडिट कोर्स आयोजित किये जा रहे हैं।

नवंबर 2018 तक 11,735 वीजा जारी किए जाने के साथ तुर्कमेनिस्तान से भारत में चिकित्सा पर्यटन बढ़ रहा है, 2013 में केवल 2,047 वीजा जारी किए गए थे।

यूक्रेन

भारत और यूक्रेन के बीच के द्विपक्षीय संबंध सभी क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण बने रहे। मई 2018 में कीव-दिल्ली सेक्टर पर यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइन (यूआईए) द्वारा सीधी उड़ानों के शुभारंभ के बाद लोगों के बीच आपसी संपर्क में एक प्रबलता दिखाई दी। भारतीय छात्रों में यूक्रेनी चिकित्सा विश्वविद्यालयों की लोकप्रियता काफी अधिक रही, यूक्रेन में विदेशी छात्रों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष स्थान पर रहा।

यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के पहले उप सचिव श्री ओलेह ह्लादकोवस्की ने भारत के चेन्नई में आयोजित डेफ़एक्सपो 2018 में भाग लेने वाले शिष्टमंडल का नेतृत्व किया। श्री ओलेह ने डेफएक्सपो के हाशिए पर रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के साथ एक बैठक की। भारत और यूक्रेन के बीच रक्षा सहयोग पर पहली जेडब्ल्यूजी बैठक 4-6 जून 2018 सेको कीव में आयोजित की गई थी।

आयुर्वेद उत्पादों और सेवा के क्षेत्र में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक बारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 9 से 11 अप्रैल 2018 तक यूक्रेन का दौरा किया। एक संबंधित विकास में, सितंबर 2018 में आयुर्वेद-योग का एक यूक्रेनी एसोसिएशन बनाया गया था, जिसका उद्देश्य यूक्रेन में नीति-निर्माताओं का ध्यान आयुर्वेद को वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार करने पर आकर्षित करना था। एक

बहु-क्षेत्रीय सीआईआई व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने यूक्रेन में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए यूक्रेनी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित एक भारत-यूक्रेन बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए 7 और 8 जून 2018 को यूक्रेन का दौरा किया।

2015 से हर वर्ष जून में आयोजित किया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह यूक्रेन के लोगों में योग, शांति, दोस्ती और भारतीय संस्कृति के प्रसार के लिए एक मानक बन गया है। 27 और 28 अक्टूबर, 2018 को यूक्रेन के विभिन्न शहरों के 250 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कीव में "रिदम ऑफ जॉय" नामक 18वें वार्षिक ऑल-यूक्रेनी इंडियन डांस फेस्टिवल आयोजित किया गया था। यह वार्षिक आयोजन दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उज़्बेकिस्तान

इस वर्ष 30 सितंबर और 1 अक्टूबर 2018 को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति श्री शौकत मिर्जियोयेव की भारत की राजकीय यात्रा के साथ भारत-उज्बेकिस्तान संबंध और मजबूत हुए हैं। यह राष्ट्रपति श्री मिर्जियोयेव की पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, कानून, पर्यटन, सैन्य शिक्षा, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वाणिज्य और उद्योग, फार्मास्युटिकल, राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध तस्करी के क्षेत्रों में सत्रह समझौतों/ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत ने सामाजिक क्षेत्र में उज्बेकिस्तान की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक ऋण की घोषणा की और साथ ही लाइन ऑफ क्रेडिट और क्रेता के क्रेडिट के रूप में आगे 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान करने की संभावना है।

वर्ष के दौरान अन्य द्विपक्षीय यात्राओं में निम्नलिखित शामिल थीं:

विदेश मंत्री श्री कामिलोव ने फरवरी 2018 में भारत की यात्रा की। श्री कामिलोव और विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने अप्रैल 2018 में बीजिंग में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 4 और 5 अगस्त 2018 को उज्बेकिस्तान की आधिकारिक यात्रा की। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने श्री कामिलोव, राष्ट्रपति श्री शौकत मिर्जियोयेव, प्रधानमंत्री श्री अब्दुल्ला अरिपोव और उजबेकिस्तान के ओलीमजलिस (संसद) के विधान चैंबर के अध्यक्ष श्री नूरदीनजोइस्माइलोव से मुलाकात की। उन्होंने ताशकंद के भारतीय समुदाय, उज़्बेक वैज्ञानिकों, हिंदी विद्वानों, भारतीय सांस्कृतिक संबंध

उज्बेकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति श्री शॉवकट मिरजियोयेव राष्ट्रपति भवन में अपने स्वागत समारोह के दौरान सम्मान गारद का निरीक्षण करते हुए (01अक्टूबर, 2018)

परिषद (आईसीसीआर) के पूर्व छात्रों और भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के छात्रों से बातचीत की।

व्यापार और आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी सहयोग पर अंतर-सरकारी आयोग का 11वां सत्र 16 अगस्त 2018 को आयोजित किया गया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु और उज़्बेकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री श्री सुखबरकादुरोव के साथ सत्र की सह-अध्यक्षता की। वर्ष 2017-18 में भारत और उज्बेकिस्तान के बीच 324 मिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र भारत द्वारा व्यापार और निवेश दोनों के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है। हाल में भारत में चिकित्सा पर्यटन में तेजी से वृद्धि हुई है।

पूर्व विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) श्री एम. जे. अकबर ने 14 और 15 सितंबर, 2018 को समरकंद में पाँचवीं भारत-मध्य एशिया वार्ता के लिए उज़्बेकिस्तान का दौरा किया, जिसे संयुक्त रूप से वैश्विक मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) और ताशकंद के सामरिक और क्षेत्रीय अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने 14 सितंबर 2018 को ताशकंद में आयोजित प्राचीन से आधुनिक समय तक भारत-उजबेकिस्तान संबंधों पर संगोष्ठी में भाग लिया।

रक्षा सहयोग में, सैन्य चिकित्सा, उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्र और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आदान-प्रदान हुआ। उज़्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री मेजर जनरल अब्दुस्सलोम अजिज़ोव ने 4-7 सितंबर 2018 को भारत का दौरा किया।

वर्ष के दौरान भारत-उज्बेक सांस्कृतिक संबंध बढ़ते रहे। 18-20 अगस्त 2018 को मॉरीशस में आयोजित 11वें विश्व हिंदी सम्मेलन में, दक्षिण एशियाई भाषाओं के विभाग के प्रमुख और निदेशक, महात्मा गांधी सेंटर फॉर इंडोलॉजिकल स्टडीज, ताशकंद अध्ययन संस्थान, डॉ. उल्फतमुखिबोवा ने उजबेकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में “मंत्र उच्चारण” के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा केंद्रीय हिंदी संस्थान की पूर्व छात्रा सुश्री ज़िलोलासोबिरोवा को चुना गया था।

शंघाई सहयोग संगठन

भारत ने अप्रैल से नवंबर 2018 तक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की विभिन्न उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लिया जिसमें राज्याध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की बैठकें शामिल हैं।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने, बीजिंग में आयोजित विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद की बैठक (23 और 24 अप्रैल 2018) में भाग लिया। रक्षा मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीजिंग में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लिया (24 और 25 अप्रैल 2018)। पर्यटन-नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने वुहान, चीन (7-11 मई 2018) में एससीओ पर्यटन मंत्रियों की बैठक में भाग लिया और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 15-18 मई 2018 को आयोजित 15वें शंघाई सहयोग संगठन के संस्कृति मंत्रियों की बैठक के लिए सान्या, चीन गए। कानून और न्याय मंत्रालय की अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सुश्री पिंकी आनंद ने ताजिकिस्तान (20 सितंबर 2018) में सोलहवें एससीओ अभियोजन पक्ष की आम बैठक में भाग लिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9 और 10 जून, 2018 को चीन के किंगदाओ में आयोजित एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों के शिखर सम्मेलन के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक की अध्यक्षता पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के अध्यक्ष श्री शी जिनपिंग ने की। शिखर सम्मेलन में कज़ाकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति श्री नूरसुल्तान नज़रबायेव, किर्गिज़ गणराज्य के राष्ट्रपति श्री सूरोनबे जीनबेकोव, इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के राष्ट्रपति श्री ममनून हुसैन, रूसी संघ के अध्यक्ष श्री व्लादिमीर पुतिन, तजाकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति श्री इमोमाली रहमोन और उज्बेकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति श्री शौकत मिर्ज़ियोयेव ने भाग लिया।

शिखर बैठक में इस्लामी गणतंत्र अफगानिस्तान के अध्यक्ष श्री अशरफ गनी, बेलारूस गणराज्य के राष्ट्रपति श्री अलेक्जेंडर लुकाशेंको, इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्ट्रपति श्री हसन रूहानी और मंगोलिया के राष्ट्रपति श्री कतलमागीन बत्तुला जैसे पर्यवेक्षक देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी भाग लिया।

शिखर सम्मेलन में, संयुक्त संवाद और 'अपील टू यूथ' सहित कुल बाईस परिणामी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए थे। हस्ताक्षर किए गए अन्य दस्तावेज नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, पर्यावरण संरक्षण, महामारी के खतरे के खिलाफ लड़ाई, व्यापार सुविधा, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) और सीमा शुल्क और पर्यटन से संबंधित हैं।

विदेश मंत्री की बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों के साथ सामूहिक फोटो(24 अप्रैल, 2018)

2018-2022 के लिए दीर्घकालिक अच्छे पड़ोस, मित्रता और सहयोग पर एससीओ संधि की कार्य योजना और एससीओ-अफगानिस्तान संपर्क समूह के प्रोटोकॉल पर भी हस्ताक्षर किए गए।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 11 और 12 अक्टूबर 2018 को एससीओ शासनाध्यक्षों (एससीओ-एचओजी) की बैठकों में भाग लिया। पार-सीमा और एपीज़ोटिक रोगों पर संयुक्त प्रतिबंध और नियंत्रण के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एससीओ के महासचिव श्री रशीद कुतबिद्दीनोविच अलीमोव 7 और 8 मई 2018 को भारत आए थे। श्री अलीमोव ने यात्रा के दौरान सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, वाणिज्य और उद्योग मंत्री और संस्कृति मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज से भेंट की।

वर्ष 2019 में भारत में आयोजित की जाने वाली शंघाई सहयोग संगठन के संयुक्त शहरी भूकंप बचाव अभ्यास के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के लिए एससीओ मंत्रियों की अगली बैठक के पहले भारत ने 1 और 2 नवंबर, 2018 को

शंघाई सहयोग संगठन के महासचिव श्री राशिद अलीमोह किंगडाओ, चीन में प्रधानमंत्री से मुलाकात करते हुए (09 जून, 2018)

नई दिल्ली में एससीओ संयुक्त शहरी भूकंप बचाव अभ्यास के लिए प्रारंभिक विशेषज्ञों की बैठक की मेजबानी की।

भारत 21-24 फरवरी, 2019 से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) संयुक्त भूकंप प्रतिक्रिया बचाव अभ्यास और 24 फरवरी 2019 को एससीओ सदस्य राज्यों के संबंधित मंत्रालयों/एजेंसियों की प्रारंभिक विशेषज्ञ बैठक की मेजबानी करेगा। 25 फरवरी 2018 को नई दिल्ली में आपातकालीन स्थितियों की रोकथाम और उन्मूलन के लिए जिम्मेदार शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के प्रमुखों की बैठक के बाद विशेषज्ञ बैठक होगी। उपर्युक्त आयोजन विदेश मंत्रालय के समन्वय से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

5

खाड़ी और पश्चिम एशिया

बहरीन

भारत एवं बहरीन में उत्कृष्ट, गहन और ऐतिहासिक संबंध हैं और बहरीन में बड़े पैमाने पर भारतीय समुदाय की उपस्थिति बहरीन के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों की आधारशिला बनी हुई है। वर्ष 2017-18 में द्विपक्षीय व्यापार में 30% की वृद्धि दर्ज की गई जो वर्ष 2016-17 के 761.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2017-18 में 987.94 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

विदेश मंत्री (ईएएम) श्रीमती सुषमा स्वराज बहरीन में आयोजित भारत और बहरीन के बीच दूसरे उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए 14 और 15 जुलाई, 2018 को बहरीन गई थीं। दोनों पक्षों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष सहयोग, पर्यटन, तेल और गैस, पेट्रोकेमिकल्स, सुरक्षा, रक्षा, खाद्य सुरक्षा, साइबरस्पेस और ऊर्जा आदि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के आदान-प्रदान में सहयोग का विस्तार करने के तरीकों और

विदेश मंत्री और बहरीन के विदेश मंत्री शेख खालिद बिन अहमद बिन खलीफा ने मनामा में भारतीय राजदूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया (14 जुलाई, 2018)

साधनों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने (i) स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (ii) नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन और राजनयिक और विशेष/आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीज़ा आवश्यकता से छूट के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री, श्रीमती सुषमा स्वराज ने भारतीय दूतावास के न्यू चांसरी कॉम्प्लेक्स का उद्‌घाटन किया।

दोनों देशों द्‌वारा अंतरिक्ष सहयोग के मसौदे पर सहमति व्यक्त की जाने पर वर्ष के दौरान अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया गया। बहरीन की राष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान एजेंसी (एनएसएसए) के सीईओ डॉ. मोहम्मद अल असीरी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 'बेंगलुरु स्पेस एक्सपो' में भाग लिया और सहयोग के संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ विचार-विमर्श किया।

बहरीन के तेल मंत्री, शेख मोहम्मद बिन खलीफा अल खलीफा ने 10-12 अप्रैल, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) की 16वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। साइबर सुरक्षा पर बहरीन के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 23 और 24 अप्रैल, 2018 को दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए भारत का दौरा किया।

ईरान

ईरान के राष्ट्रपति, डॉ. हसन रूहानी की 14-18 फरवरी 2018 को भारत यात्रा वर्ष 2018-19 में भारत-ईरान द्‌विपक्षीय संबंधों की मुख्य सुर्खी रही। भारत और ईरान के बीच नौ समझौता ज्ञापनों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इस यात्रा ने मई 2016 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ईरान यात्रा के बाद द्‌विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान किया। वर्ष 2018 में द्‌विपक्षीय और वाणिज्यिक आदान-प्रदान में सभी स्तरों पर वृद्धि देखी गई।

प्रधान मंत्री, राष्ट्रपति और ईरान इस्लामिक गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. हसन रूहानी राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में (17 फरवरी, 2018)

उच्च स्तरीय दौरे

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, ईरान के राष्ट्रपति डॉ. हसन रूहानी ने 14-18 फरवरी 2018 को भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा की। राष्ट्रपति रूहानी के साथ आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल में विदेश मंत्री श्री जावद ज़रीफ़, सड़क और परिवहन मंत्री डॉ. अब्बास आख़ूंदी, पेट्रोलियम मंत्री श्री बिजान जंगनेह, आर्थिक मामलों और वित्त मंत्री मसूद करबासियन और अन्य लोग शामिल थे। यात्रा के समापन पर, "अधिक संपर्क के माध्यम से समृद्धि की ओर" शीर्षक से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया था।

ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री, डॉ. अब्बास आख़ूंदी ने 9-12 जनवरी 2018 के बीच भारत का दौरा किया। उन्होंने सड़क परिवहन और राजमार्ग, शिपिंग और जल संसाधन मंत्री, श्री नितिन गडकरी और वाणिज्य और उद्योग मंत्री, श्री सुरेश प्रभु से मुलाकात की और चाबहार बंदरगाह के विकास सहित परस्पर रुचि के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

ईरान के पेट्रोलियम मंत्री श्री बिजान जंगनेह नई दिल्ली में आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच में भाग लेने के लिए 11 अप्रैल 2018 को भारत आए थे। यात्रा के दौरान, जंगनेह, ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक की और विशेष रूप से ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की।

विदेश मंत्री श्री जावद ज़रीफ ने 28 मई 2018 को भारत का दौरा किया और विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के साथ आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा की। दोनों पक्षों ने राष्ट्रपति रूहानी की भारत यात्रा के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन का सकारात्मक आकलन किया। इनमें संपर्क, ऊर्जा, व्यापार और लोगों के परस्पर संपर्क को बढ़ावा देने के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग शामिल थे।

ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री, डॉ. अब्बास आख़ूंदी 6 सितंबर 2018 को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आए। इस यात्रा के दौरान, श्री आख़ूंदी ने अपने भारतीय समकक्ष श्री नितिन गडकरी के साथ बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने अन्य विषयों के साथ, चाबहार बंदरगाह के विकास पर हस्ताक्षर किए गए समझौतों के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

चाबहार समझौते की समन्वय परिषद में भारत, अफगानिस्तान और ईरान के बीच पहली त्रिपक्षीय बैठक 23 अक्टूबर 2018 को तेहरान में हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री टी.एस. तिरुमूर्ति, सचिव (आर्थिक संबंध) ने किया। अफगान और ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संबंधित परिवहन उप-मंत्रियों ने किया। तीन पक्षों में चाबहार बंदरगाह के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय पारगमन और परिवहन के लिए त्रिपक्षीय समझौते के पूर्ण परिचालन पर विस्तृत चर्चा हुई। इस विचार

पर सभी पक्षों की सहमति रही कि त्रिपक्षीय चाबहार पहल के पूर्ण परिचालन से अफगानिस्तान और इस क्षेत्र के संपर्क और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। समन्वय परिषद की अगली बैठक 2019 की पहली छमाही में भारत में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

विदेश कार्यालय परामर्श

राजनीतिक मामलों के उप विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघाची अपने भारतीय समकक्ष विदेश सचिव श्री विजय गोखले के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के 15वें दौर के लिए 16 जुलाई 2018 को नई दिल्ली आए थे। दोनों पक्षों ने फरवरी 2018 में ईरान के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान लिए गए निर्णयों, विशेष रूप से संपर्क बढ़ाने और व्यापार और आर्थिक मुद्दों में सहयोग तथा लोगों के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के कार्यान्वयन में प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया। परस्पर हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार विनिमय किया गया, जिसमें विभिन्न पक्षों द्वारा संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) पर उठने वाले मुद्दों को हल करने के प्रयास भी शामिल हैं।

संसदीय आदान-प्रदान

ईरानी मजलिस के ईरान-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष श्री नज़र अफसाली के नेतृत्व में, मजलिस के सदस्यों के साथ फरवरी 2018 में भारत का दौरा किया। यात्रा के दौरान, उन्होंने विदेश मंत्री से भेंट की और ऊर्जा पर संसदीय स्थायी समिति के साथ चर्चा की। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इस यात्रा के समय, एक इंटरेक्टिव सत्र के लिए नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा कैम्पस का दौरा किया।

द्विपक्षीय व्यापार

भारत-ईरान द्विपक्षीय व्यापार 2016-17 के 12.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 13.76 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुँच गया। द्विपक्षीय व्यापार में 2016-17 की तुलना में 6.8% की वृद्धि देखी गई। 2017-18 के दौरान, भारतीय निर्यात में 11.4% की वृद्धि हुई और 2.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा, जबकि ईरान से आयात 5.8% बढ़ कर 11.11 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

संस्कृति

भारत ने 15 मई 2018 को यूनेस्को तेहरान क्लस्टर कार्यालय द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड डे फॉर कल्चरल डाइवर्सिटी फॉर डायलॉग एंड डेवलपमेंट 2018' में भाग लिया, जिसमें भारतीय पुस्तक प्रदर्शनी, भारतीय संगीत प्रदर्शन, भारतीय भोजन और नाश्ते वितरण शामिल था। भारतीय संस्कृति केंद्र (एसवीसीसी) और केन्द्रीय विद्यालय स्कूल तथा संबद्ध योग सोसायटी द्वारा योग कक्षा के प्रदर्शन के साथ तेहरान में 21 जून 2018 को चौथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

विदेश मंत्री ईरान के विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ से नई दिल्ली में मुलाकात करते हुए (28 मई, 2018)

राजनयिक संबंध

भारत और ईरान के बीच संयुक्त कांसुलर समिति की वार्ता 16 जनवरी 2018 को, तेहरान में आयोजित की गई। संयुक्त सचिव (सीपीवी) ने भारत-ईरान कांसुलर वार्ता के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक में राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए आगमन पर वीजा देने, ई-वीजा और वीजा-छूट की सुविधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। ये पहले कार्यान्वित कर दी गई हैं।

इराक

इराक से भारत के लंबे ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध रहे हैं और यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भागीदार बना हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह भारत के लिए कच्चे तेल के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा और इस वर्ष में भी इस स्थिति को बनाए रखने के लिए तैयार है। वर्ष 2017-18 के दौरान इराक से भारत का द्विपक्षीय व्यापार 19.07 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें 17.61 बिलियन अमेरिकी डॉलर का तेल आयात शामिल था।

आईएसआईएस पर इराक की जीत के बाद, भारत सरकार ने इराक में कई मानवीय और विकासात्मक परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी दी, जिसमें युद्ध प्रभावित सिंजर क्षेत्र में पानी के काम की बहाली, इराक के शहीद फाउंडेशन को उपकरणों की आपूर्ति, मोसुल विश्वविद्यालय के लिए इंजीनियरिंग पुस्तकों की आपूर्ति शामिल है। 24 नवंबर 2018 से, इराक में 500 युद्ध पीड़ितों को कृत्रिम अंग लगाने के लिए जयपुर स्थित संगठन के सहयोग से कर्बला में चालीस दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था।

इराक के उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्री डॉ. अब्दुल रज्जाक अल-इसा, 3-6 अक्टूबर 2018 के बीच नई दिल्ली में आयोजित शिक्षा और कौशल एवं प्रदर्शनी पर भारत-एशियाई शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इराक के शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग के उप मंत्री डॉ. फाउद कासिम मोहम्मद ने 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2018 तक नई दिल्ली में आयोजित 14वें उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित एक व्यापार बैठक में भी हिस्सा लिया।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) के नेतृत्व में लगभग चालीस भारतीय कंपनियों ने 10-19 नवंबर, 2018 के बीच आयोजित बगदाद अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। इस उद्देश्य के लिए मेला मैदान में एक 'इंडिया पैवेलियन' की स्थापना की गई थी।

एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (टीपीसीआई) के नेतृत्व में 26-30 नवंबर 2018 से इराक (बगदाद, कर्बला, नजफ और एरबिल) का दौरा किया। इसमें खाद्य और कृषि क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग पच्चीस व्यवसायी शामिल थे। भारतीय उद्योग परिसंघ के भारतीय व्यापारियों की एक अन्य टीम ने 16-20 दिसंबर 2018 से बगदाद और एरबिल का दौरा किया और व्यवसाय के विकल्प तलाशने और विकासात्मक परियोजनाएं आरंभ करने के लिए काम किया। इराक में तेल और इस्पात क्षेत्र में निवेश में रुचि बढ़ी है।

भारत इराक के लोगों के लिए चिकित्सा उपचार और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का पसंदीदा स्थान बना रहा। बगदाद में 21 जून, 2018 को बहुत उत्साह के साथ चौथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस आयोजन में 250 से अधिक इराकी युवाओं ने भाग लिया।

इजराइल

पिछले वर्ष भारत-इजरायल संबंधों की 25वीं वर्षगांठ के समारोह के बाद (जिसमें दोनों देशों के शासनाध्यक्षों की परस्पर यात्राएं शामिल थीं), वर्ष 2018 में मंत्री/मुख्यमंत्री स्तर पर कई महत्वपूर्ण यात्राओं के साथ यह रुझान जारी रहा। हरियाणा के मुख्यमंत्री, श्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड और महाराष्ट्र के कृषि मंत्रियों और पंजाब के एक वरिष्ठ आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ, तेल अवीव में आयोजित नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकियों - एग्रीटेक पर त्रिवार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने विज्ञान मंत्रियों के पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 27-29 मई 2018 तक इज़राइल का दौरा किया, इस यात्रा के दौरान उन्होंने अपने

इज़राइली समकक्ष, ओफर अकुनिस से भेंट की। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रूपानी ने 26 जून से 1 जुलाई 2018 तक इज़राइल में अधिकारियों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस यात्रा के दौरान कृषि, जल, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में कई इजरायली कंपनियों के साथ सोलह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। पंजाब के मुख्यमंत्री श्री अमरिंदर सिंह ने 21-25 अक्टूबर 2018 तक इज़राइल में पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान शैक्षिक सहयोग और जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

पिछले चार वर्षों की परंपरा को ध्यान में रखते हुए, जुलाई-अगस्त 2018 में, सरदार पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीएनपीए) हैदराबाद से 2016 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रोबेशनर्स के पूरे बैच ने इजराइल में अपना सप्ताह भर का विदेशी प्रशिक्षण पूरा किया। सितंबर 2018 में, औद्योगिक संवर्धन और नीति विभाग (डीआईपीपी) के नेतृत्व में और निवेश भारत द्वारा समन्वित आठ राज्य सरकारों के सोलह अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वार्षिक तेल अवीव इनोवेशन फेस्टिवल 2018 में भाग लेने के लिए इज़राइल का दौरा किया। भारत और इज़राइल के बीच सीमा प्रबंधन पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की चौथी बैठक 25-29 नवंबर, 2018 को इज़राइल में संपन्न हुई।

दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच नियमित आदान-प्रदान जारी रखते हुए, वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल श्री बी.एस. धनोआ ने 21-24 मई 2018 तक अंतर्राष्ट्रीय वायु सेना कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण में भाग लिया। तटरक्षक बल के महानिदेशक श्री राजेंद्र सिंह ने तटीय सुरक्षा और समुद्री कानून प्रवर्तन के क्षेत्रों में सहयोग की क्षमता का पता लगाने के लिए 9-11 जुलाई 2018 को इज़राइल का दौरा किया। भारत-इज़राइल जेडब्ल्यूजी की 14वीं बैठक रक्षा सचिव के नेतृत्व में 3 जुलाई 2018 को नई दिल्ली में हुई। कमांडेंट वाइस एडमिरल श्रीकांत के नेतृत्व में इंडियन नेशनल डिफेंस कॉलेज के एक उन्नीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अगस्त 2018 के अंतिम सप्ताह में एक रणनीतिक पड़ोस के अध्ययन दौरे के लिए इज़राइल का दौरा किया, जबकि कॉलेज ऑफ़ डिफेंस मैनेजमेंट के इक्कीस अधिकारी अपने अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक प्रबंधन दौरे के हिस्से के रूप में अक्टूबर में आए थे। इजरायल में स्थित भारतीय दूतावास द्वारा हाइफा नगरपालिका के सहयोग से हाइफा की लड़ाई के शताब्दी वर्ष को एक विशेष समारोह के रूप में चिह्नित किया गया था, जिसमें मेजर जनरल श्री डोगरा और अधिकारियों तथा 61वीं कैवेलरी के रैंक के नेतृत्व में भारतीय सेना के एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया था। अंत में, अपनी सात महीने की विदेश यात्रा के हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण जहाज, आईएनएस तरंगिनी ने 27-30 सितंबर 2018 से हाइफा में एक पोर्ट कॉल किया।

तेल अवीव नगर पालिका के सहयोग से तेल अवीव बंदरगाह में एक हजार से अधिक लोगों की भागीदारी के साथ सार्वजनिक कार्यक्रम के रूप में चौथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2018) मनाया गया। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के समारोह 2 अक्टूबर 2018 को दूतावास में एक कार्यक्रम के साथ शुरू किए गए, जिसमें भारत द्वारा जारी किए गए स्मारक डाक टिकट को जारी करना शामिल था। नवंबर 2018 में गोवा में आयोजित 49वें आईएफएफआई के लिए इज़राइल पर ध्यान केंद्रित किया गया था, इस उत्सव के दौरान दस इजरायली फिल्मों का प्रदर्शन किया गया था।

जॉर्डन

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 9 और 10 फरवरी, 2018 की अम्मान यात्रा और 27 फरवरी से 1 मार्च 2018 के बीच किंग अब्दुल्ला की भारत की राजकीय यात्रा के बाद, भारत और जॉर्डन के बीच द्विपक्षीय संबंध आत्मीयता और सौहार्दपूर्ण बने रहे।

जॉर्डन के ऊर्जा मंत्री श्री सालेह खरबशाह ने 12 अप्रैल 2018 को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री श्री आसिफ इब्राहिम के विशेष दूत ने जॉर्डन के अकाबा में अप्रैल 2018 में आयोजित दक्षिण-पूर्व एशिया-द्वितीय पर अकाबा प्रक्रिया बैठक में भाग लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की आठ सदस्यीय टीम ने 30 अप्रैल से 7 मई 2018 तक किंग अब्दुल्ला द्वितीय विशेष संचालन प्रशिक्षण केंद्र, अम्मान में आयोजित 10वीं वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय योद्धा प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें पच्चीस मित्र देशों से चालीस टीमों को शामिल किया गया था। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री ने जॉर्डन नरेश महामहिम अब्दुल्लाह II अल-हुसैन से मुलाकात की (01 मार्च, 2018)

एक पुराने विमान डकोटा टेल सं. 905 ने 20-22 अप्रैल, 2018 को कोवेंट्री (इंग्लैंड) से भारतीय हवाई अड्डे आने के रास्ते में अकाबा, जॉर्डन को पार किया।

इकतीस भारतीय कंपनियों ने इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (ईईपीसी इंडिया) के त्वावधान में अम्मान में 9-12 अप्रैल 2018 को आयोजित जॉर्डन अंतर्राष्ट्रीय मशीनरी और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल प्रदर्शनी (जिमेक्स-2018) में भाग लिया। भारतीय दूतावास ने 14 अक्टूबर, 2018 को अकाबा में अकाबा स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन अथॉरिटी और एक राज्य सुगमता कोष गतिविधि, "गोवा - एक परफेक्ट हॉलिडे डेस्टिनेशन" के सहयोग से 14 अक्टूबर 2018 को अकाबा में एक व्यापार प्रोत्साहन सम्मेलन, "इंडिया-सर्जिंग अहेड 2018" का आयोजन किया। 11 सितंबर 2018 को जॉर्डन टूरिज्म बोर्ड के निमंत्रण पर भारतीय फिल्म उद्योग के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जॉर्डन का दौरा किया। गोवा पर्यटन के प्रतिनिधियों ने जॉर्डन का दौरा किया और 10 अक्टूबर 2018 को अम्मान में पर्यटन उद्योग के हितधारकों के साथ रोड शो किया।

भारतीय दूतावास ने 150वीं जयंती के समारोह के साथ, 2 अक्टूबर 2018 को एक शानदार तरीके से गांधीजी का स्मरणोत्सव मनाया।

कुवैत

भारत और कुवैत के बीच के ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ, मैत्रीपूर्ण और बहुआयामी संबंध विभिन्न दिशाओं में बढ़ते रहे हैं। वर्ष के दौरान कई उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बातचीत हुई। लगभग 9.5 लाख के भारतीय कार्यबल के साथ कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय बना हुआ है। वर्ष के दौरान कुवैत में भारतीय समुदाय की चिंताओं से संबंधित मुद्दों पर अच्छी प्रगति हुई।

व्यापार, विशेष रूप से तेल व्यापार, भारत-कुवैत संबंधों में ऐतिहासिक रूप से एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कुवैत एक विश्वसनीय स्रोत बना रहा। द्विपक्षीय व्यापार बड़े पैमाने पर, कुवैत के पक्ष में रहा, 2017-18 में यह 8.53 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2017-18 के दौरान, कुवैत भारत का नौवाँ सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था और इसने भारत की ऊर्जा जरूरतों का लगभग 4.63% पूरा किया, जिसकी कुल मात्रा 12.85 मिलियन बैरल की आपूर्ति और कीमत 5.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी। गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार भी बढ़ता रहा। भारत और कुवैत के बीच कुल गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार 2017-18 में 2,405.40 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि कुवैत में भारत का गैर-तेल निर्यात 2017-18 में 1,361.06 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

श्रम, रोजगार और जनशक्ति विकास पर भारत और कुवैत संयुक्त श्रम समूह की छठी बैठक 25 और 26 अप्रैल 2018 को कुवैत में आयोजित की गई थी। श्री मनीष गुप्ता, संयुक्त सचिव, प्रवासी भारतीय मामलों के प्रभाग-I, विदेश मंत्रालय और श्री सामी अब्दुल अजीज अल-हमद, वाणिज्य मामलों के सहायक विदेश मंत्री, विदेश मंत्रालय, कुवैत राज्य ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। यह बैठक श्रम, रोजगार और जनशक्ति विकास के क्षेत्र में सहयोग और समन्वय को मजबूत करने पर केंद्रित थी। भारतीय इंजीनियरों, नर्सों और घरेलू कर्मचारियों की भर्ती के मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठाया गया और इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

चौथा विदेश कार्यालय परामर्श 1 और 2 अगस्त 2018 को कुवैत में हुआ। भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी) डॉ. टी वी नागेंद्र प्रसाद और कुवैती प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एशियाई मामलों के मंत्री, विदेश मंत्री (एएफएम), विदेशी मामले, कुवैत राज्य, श्री अली सुलेमान अल-सईद ने किया। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की।

कुवैत के सामाजिक मामलों और श्रम मंत्री, सुश्री हेंद बकर अल सुबैह, ने 26 अक्टूबर 2018 को भारत का दौरा किया और विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) विदेश राज्य मंत्री (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान, लंबित मामलों, विशेष रूप से खराफी राष्ट्रीयता के भारतीय श्रमिकों, भारतीय इंजीनियरों, अस्सी भारतीय नर्सों की भर्ती और भारतीय घरेलू श्रमिकों पर समझौता ज्ञापन से संबंधित मामलों के बारे में चर्चा की गई, जिससे उनके हितों की रक्षा की जा सके।

विदेश मंत्री (ईएएम) श्रीमती सुषमा स्वराज ने 30 और 31 अक्टूबर 2018 को कुवैत की आधिकारिक यात्रा की। नवंबर 2013 में कुवैत के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के बाद यह उनकी पहली कुवैत यात्रा और पहली उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने कुवैत के अमीर शेख सब-अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, और कुवैत के प्रधान मंत्री, शेख जाबेर अल-मुबारक अल-हमद अल-सबा से भेंट की। बाद में विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने उप-प्रधानमंत्री और कुवैत के विदेश मंत्री के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। दोनों मंत्रियों ने व्यापार और निवेश, रक्षा और श्रम मुद्दों के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष तेल व्यापार से आगे बढ़ने की आवश्यकता तथा व्यापार और निवेश के लिए भी रास्ते तलाशने पर सहमत हुए। इस यात्रा ने राजनयिक, आधिकारिक और विशेष पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा में छूट और घरेलू कामगारों की भर्ती पर समझौते सहित दो महत्वपूर्ण समझौतों को पूरा किया गया।

दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी बढ़ता रहा है। भारत ने कुवैत दूतावास, दिल्ली में रक्षा अताशे का कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। दोनों पक्षों के बीच रक्षा सहयोग पर मसौदा समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।

लेबनान

लेबनान में संसदीय चुनाव नौ वर्ष बाद, 6 मई 2018 को हुए। राष्ट्रपति श्री मिशेल एउन द्वारा प्रधानमंत्री और फ्यूचर आंदोलन के नेता, श्री साद हरीरी को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया गया था। श्री नबीह बेरी को फिर से संसद का अध्यक्ष चुना गया। नए मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है।

भारत और लेबनान के बीच ऐतिहासिक रूप से मैत्रीपूर्ण संबंधों और बहुआयामी सहयोग में कुछ उल्लेखनीय विकास हुए, जिनमें मई 2018 में चुनावों के बाद भारत के लिए लेबनानी संसदीय मैत्री समूह का पुनर्गठन; 12-14 सितंबर 2018 तक फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई), और इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट काउंसिल (ईईपीसी) के नेतृत्व में अड़तालीस सदस्यीय बहु-क्षेत्रीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बेरूत यात्रा; इंडिया रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरक्लास) और एक्सेप्शनल ऑपरेशन क्लासीफिकेशन-सैल (एक्सओक्लास) के बीच प्रबंधन, सर्वेक्षण और जहाजों के वर्गीकरण के लिए लेबनानी बाजार को विकसित करने के लिए एक संयुक्त प्रयास में एक एजेंसी समझौते पर हस्ताक्षर; बेरुत में एक प्रमुख व्यापार प्रदर्शनी में दस भारतीय कंपनियों की भागीदारी; भारत और लेबनान के बीच आने वाले पेशेवरों और व्यापारियों की संख्या में और वृद्धि आदि शामिल हैं। भारत ने लेबनान के नागरिक और रक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण देना जारी रखा है। 2018-19 के लिए असैनिक भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग

(आईटाईसी) स्लॉट की संख्या साठ से बढ़ा कर पचहत्तर कर दी गई है।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती सहित महत्वपूर्ण अवसरों पर स्थानीय भागीदारों के सहयोग से दूतावास द्वारा सार्वजनिक समारोह आयोजित किए गए; भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए प्रदर्शनों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों और स्कूलों में चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और 'भारत दिवस' का आयोजन किया गया। दक्षिण लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (लेबनान) के भारतीय बटालियन के मुख्यालय में राजदूत द्वारा प्रसिद्ध लेबनानी गायक अबीरनेहम द्वारा प्रस्तुत भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए जे" का वीडियो जारी किया गया।

ओमान

वर्ष के दौरान, भारत और ओमान ने द्विपक्षीय भागीदारी जारी रखी। दोनों देशों ने पारंपरिक रूप से मैत्रीपूर्ण संबंध रहे है, जिसे ऐतिहासिक समुद्री व्यापार संबंधों के रूप में देखा जा सकता है। ओमान में रहने वाले लगभग आठ लाख भारतीय वहाँ का सबसे बड़ा प्रवासी समूह हैं।

वर्ष 2017-18 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था जिसमें भारत का निर्यात 2.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर शामिल हैं। भारत के वाणिज्य और उद्योग एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने 15-18 जुलाई 2018 को भारत-ओमान संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) के आठवें सत्र और संयुक्त परिषद (जेबीसी) के नौवें सत्र की सह-अध्यक्षता की। भारत-ओमान संयुक्त व्यापार परिषद के ओमानी सह-अध्यक्ष पंकज खिमजी के नेतृत्व में ओमान के इकतीस युवा व्यापारियों के एक दल ने भारत का दौरा किया और 16 मई 2018 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के सारस्वत के नेतृत्व में एक दल ने भारत और ओमान के बीच खनन क्षेत्र में सहयोग का पता लगाने के लिए 8 और 9 अप्रैल 2018 को ओमान का दौरा किया।

ओमानी पक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने में रुचि व्यक्त की। ओमान के पर्यावरण और जलवायु मामलों के मंत्री श्री मोहम्मद बिन सलीम अल तोबी भारतीय महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) अक्षय ऊर्जा की दूसरी मंत्रिस्तरीय बैठक और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली आम सभा में भाग लेने के लिए 1-5 अक्टूबर 2018 से नई दिल्ली आए थे।

रक्षा सहयोग में, ओमान के रक्षा मामलों के मंत्री श्री सैय्यद बद्रबिन सऊद बिन हरीब अल-बसैदी ने 25-27 सितंबर 2018 को भारत का दौरा किया। रक्षा सचिव, श्री संजय मित्रा 27-29 नवंबर, 2018 को भारत-ओमान संयुक्त सैन्य सहयोग समिति (जेएमसीसी) की दसवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए ओमान गए। भारत से 14 सदस्यीय एनडीसी प्रतिनिधिमंडल ने 26-29 अगस्त 2018 को ओमान का दौरा किया। कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) के बीस अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 21-26 अक्टूबर 2018 के दौरान 'अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक प्रबंधन यात्रा' के लिए ओमान का दौरा किया।

भारत और ओमान रणनीतिक वार्ता के पांचवें दौर की सह-अध्यक्षता के लिए उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) श्री राजिंदर खन्ना की 11 और 12 अप्रैल, 2018 की ओमान यात्रा से भारत और ओमान के बीच सुरक्षा सहयोग और मजबूत हुआ।

फिलिस्तीन

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की, 10 फरवरी 2018 की फिलिस्तीन की पहली ऐतिहासिक यात्रा के दौरान घोषित 42.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कदम उठाए गए।

ढाका में 21 मार्च 2018 को आयोजित बिम्सटेक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुखों की दूसरी बैठक ने आतंकवाद-रोधी और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के महत्वपूर्ण क्षेत्र में बिम्सटेक के अंतर्गत सहयोग को आगे बढ़ाया। बैठक में इस क्षेत्र और इस क्षेत्र में छह उप-समूहों में अब तक हुई प्रगति पर विचार किया गया। आतंकवाद-रोधी और अंतर्राष्ट्रीय अपराध पर बिम्सटेक संयुक्त कार्य दल की 8वीं बैठक 13-14 अगस्त 2018 को बांग्लादेश के ढाका में आयोजित की गई थी। धन शोधन प्रतिरोध और के वित्तपोषण का मुकाबला बिम्सटेक उप-समूह आतंकवाद (एसजीएएमएलL-सीएफटी) की 10वीं बैठक 19-20 नवंबर 2018 पर काठमांडू, नेपाल में आयोजित की गई थी। भारत ने 5-7 दिसंबर 2018 से आईडीएसए, नई दिल्ली में बिम्सटेक क्षेत्रीय साइबर सुरक्षा संवाद का आयोजन किया।

प्रथम बिम्सटेक सैन्य अभ्यास (बिम्सटेक मिलएक्स-2018) आतंकवाद विरोध के विषय पर 10-16 सितंबर 2018 से पुणे में आयोजित किया गया। मिलएक्स के समय बिम्सटेक सेना प्रमुखों की एक सभा भी आयोजित की गई। समापन समारोह में बिम्सटेक के महासचिव, राजदूत एम शाहिदुल इस्लाम ने भी भाग लिया।

बिम्सटेक के अंतर्गत कनेक्टिविटी पर नए सिरे से ध्यान देने की बात को ध्यान में रख कर भारत ने कार्यसूची को आगे बढ़ाने विशेष रूप से परिवहन और कनेक्टिविटी और व्यापार सुविधा लिए कई पहलों का प्रस्ताव किया, जिसमें पारगमन, परिवहन सहयोग और वाहनों के आवागमन पर बिम्सटेक समझौते की रूपरेखा पर विचार करने के लिए कार्य समूह की पहली बैठक (9-10 अप्रैल 2018) आयोजित करना और सीमा शुल्क पर बिम्सटेक समझौते पर विचार करने के लिए कार्य समूह की पहली बैठक (10-11 मई 2018) शामिल है। बिम्सटेक परिवहन कनेक्टिविटी योजना में तेजी लाने के उद्देश्य से, दूसरे मसौदे पर चर्चा करने और परिवहन कनेक्टिविटी पर बिम्सटेक की मुख्य योजना के अंतिम मसौदे की तैयारी के लिए इनपुट प्रदान करने के लिए 7-18 सितंबर 2018 को बैंकॉक में एक कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए बिम्सटेक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी वर्किंग ग्रुप (बीटीसीडब्ल्यूजी) की तीसरी बैठक 2019 के आरंभ में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली है, जो सभी सदस्य राज्यों द्वारा आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने पर निर्भर है। डिजिटल कनेक्टिविटी और आईसीटी अनुप्रयोगों के क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए, 25-27 अक्टूबर 2018 को 'न्यू डिजिटल होराइजंस कनेक्ट, क्रिएट, इनोवेट' विषय पर भारतीय मोबाइल कांग्रेस आयोजित की गई थी, जिसका लक्ष्य नवीन विचारों पर निर्माण करना, स्थायी उद्योग संबंध बनाना है, इसी अवसर पर बिम्सटेक मंत्रीस्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था, जिसमें बिम्सटेक देशों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी स्तर के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया था।

बिम्सटेक व्यापार वार्ता समिति (टीएनसी) की 21वीं बैठक और संबंधित कार्यदल की बैठकें 18-19 नवंबर, 2018 को ढाका, बांग्लादेश में आयोजित की गईं। बिम्सटेक मुक्त व्यापार क्षेत्र पर संरचनात्मक समझौते के घटक समझौतों और चर्चा को अंतिम रूप देने के लिए सदस्य देशों के बीच समझ बनाने में यह बैठक महत्वपूर्ण रही।

इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मुकाबला करने में सहयोग को गहरा करने के लिए, भारत द्वारा 30-31 जुलाई 2018 को नोएडा में बिम्सटेक सेंटर फॉर वेदर एंड क्लाइमेट की पहली गवर्निंग बोर्ड मीटिंग भी आयोजित की गई।

सरकार की विभिन्न शाखाओं के बीच सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्र में क्षमता निर्माण की दृष्टि से, भारत ने 26-30 मार्च 2018 से बिम्सटेक के सदस्य देशों के चुनाव अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। संविधान दिवस मनाने के लिए, भारत के मुख्य न्यायाधीश ने बिम्सटेक के सदस्य राज्यों से न्यायपालिका के प्रमुखों को आमंत्रित किया, जिन्होंने 25 नवंबर 2018 को आयोजित बिम्सटेक देशों की न्यायपालिका के प्रमुखों की पहली गोल मेज बैठक में भाग लिया और नई दिल्ली में 26 नवंबर 2018 को संविधान दिवस समारोह मनाया।

बिम्सटेक की 20वीं वर्षगांठ का उत्सव मनाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे, जिसमें चिंतकों, शिक्षा और व्यापार समुदाय की भागीदारी के साथ लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। 13-14 नवंबर 2018 को नई दिल्ली में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा 'क्षत्रीय सुरक्षा पर बिम्सटेक चिंतकों' का संवाद आयोजित किया गया था। बिम्सटेक की 20वीं वर्षगांठ मनाने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

- इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा 23-24 अप्रैल 2018 को सिक्किम के गंगटोक में "इंटीग्रेटिंग बिम्सटेक - 2018" नामक सम्मेलन आयोजित किया गया था।
- बिम्सटेक सचिवालय द्वारा 20 मार्च, 2018 को ढाका में "अपने 20 पर बिम्सटेक: एक बंगाल की खाड़ी समुदाय की ओर" नामक सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- नई दिल्ली (अप्रैल 2018), यंगून (जून 2018) और कोलंबो (अगस्त 2018) में दिल्ली नीति समूह द्वारा एडवांसिंग बिम्सटेक सहयोग नामक एक सम्मेलन आयोजित किया गया था।
- फिक्की ने एक सम्मेलन आयोजित किया और नई दिल्ली में 26 अप्रैल 2018 को 'बिम्सटेक को पुनर्जीवित करना: अगले दशक के लिए उद्योग का एक दृष्टिकोण' पर एक ज्ञान पत्र जारी किया।

काठमांडू में 30 और 31 अगस्त 2018 को आयोजित चौथे शिखर सम्मेलन के अंत में श्रीलंका बिम्सटेक का अध्यक्ष बना है अतः बिम्सटेक स्थायी कार्य समिति (बीपीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक 17-18 जनवरी 2019 को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित होने वाली है। बिम्सटेक नेताओं के निर्देश पर चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक नेशनल फोकल पॉइंट्स से युक्त बीपीडब्ल्यूसी गठित की गई है और यह बिम्सटेक ढांचे के अंतर्गत प्रमुख समन्वयक निकाय है, जो बिम्सटेक के अंतर्गत संस्थागत प्रक्रियाओं/तंत्र के साथ काम करेगी और वित्तीय तथा प्रशासनिक मामलों सहित सभी गतिविधियों का समन्वय करती है। बीपीडब्ल्यूसी, बिम्सटेक के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के विचार के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

आतंकवाद प्रतिरोध और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को गहरा करने के लिए भारत द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में 18 फरवरी -1 मार्च 2019 तक बिम्सटेक देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के लिए आतंकवाद प्रतिरोध, साइबर आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय अपराध प्रतिरोध पर एक पाठ्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का निर्माण करना और आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध, धन शोधन, साइबर हमलों की चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय कार्यप्रणाली पर चर्चा करना है।

13

विकास सहयोग

विकास भागीदारी प्रशासन (डीपीए)

विकास साझेदारी भारत की विदेश नीति का एक प्रमुख साधन है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के विकास सहायता के क्षेत्र और पहुंच में काफी विस्तार हुआ है। भारत के स्थायी भू-राजनीतिक, सामरिक और आर्थिक हितों और भारत के सहायता कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से वितरित करने की आवश्यकता ने विकासशील देशों के साथ, विशेष रूप से विकास सहायता के मोर्चे पर अधिक से अधिक जुड़ाव उत्पन्न किया है। इसकी मान्यता में, भारत की विकास सहायता परियोजनाओं को अवधारणा, आरंभ, निष्पादन और पूर्णता के चरणों के माध्यम से प्रभावी ढंग से संभालने के लिए विकास साझेदारी प्रशासन (डीपीए) बनाया गया था। डीपीए मंत्रालय में प्रादेशिक प्रभागों के साथ निकट समन्वय में कार्य करता है, जो उनकी विकासात्मक आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की पहचान करने में भागीदार देशों के साथ प्रमुख वार्ताकार बने रहते हैं। डीपीए विभिन्न क्षेत्रों और प्रदेशो में परियोजना मूल्यांकन, कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के चरणों के माध्यम से परियोजनाओं को संभालने के लिए उत्तरोत्तर आवश्यक विशेषज्ञता विकसित कर रहा है।

भारत की विकास साझेदारी भागीदार देशों की जरूरतों पर आधारित है और इन देशों से प्राप्त तकनीकी और वित्तीय रूप से व्यवहार्य कई अनुरोधों का उत्तर देने के लिए तैयार है। भारत की विकास सहायता के मुख्य साधनों में लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी), अनुदान सहायता, लघु विकास परियोजनाएं (एसडीपी), तकनीकी परामर्श, आपदा राहत और मानवीय सहायता, साथ ही भारतीय तकनीकी और नागरिक प्रशिक्षण के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम शामिल हैं। विकास सहायता में भारत के पड़ोस और अफ्रीका के देशों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, हालांकि भारत दक्षिण-पूर्व एशिया, कैरिबियन,

लैटिन अमेरिका, मंगोलिया, प्रशांत द्वीप देशों आदि में भी अपनी विकास सहायता का विस्तार कर रहा है।

विकास साझेदारी प्रशासन कार्यात्मक रूप से तीन स्तंभों में विभाजित है जो तीन अलग-अलग प्रभागों के अनुरूप हैं। डीपीए-I, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की भारतीय विकास और आर्थिक सहायता योजना (आईडीईएएस) के अंतर्गत ऋण परियोजनाओं की लाइनों की देखभाल करता है। व्यापार आवंटन नियमों के अंतर्गत बांग्लादेश, नेपाल और भूटान विदेश मंत्रालय के दायरे में हैं। डीपीए-I इन देशों से संबंधित एलओसी के तरीकों को भी संभालता है। डीपीए-II एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सहकारी और आर्थिक सामाजिक विकास के लिए भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग की कोलंबो योजना (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत रक्षा कर्मियों और नागरिक प्रशिक्षण द्वारा क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण पर केंद्रित है। भागीदार देशों के अनुरोध के आधार पर विभिन्न विषयों में अनुकूलित पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं। इसके अलावा, यह मानवीय सहायता भी प्रदान करता है। डीपीए-III का कार्य भारत सरकार के पड़ोस में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, नेपाल और श्रीलंका में अनुदान सहायता परियोजनाओं के कार्यान्वयन को संभालने के लिए भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों और एजेंसियों के परामर्श करना है।

पड़ोसी देशों में विकास परियोजनाएं

हाल में, भारत के विकास सहायता के दायरे और पहुंच में और विस्तार हुआ है। तत्काल पड़ोस, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका भारत की विकास सहायता का पारंपरिक और मजबूत केंद्र रहे है। भारत के तत्काल और विस्तारित पड़ोस के देशों के साथ विकास सहयोग भारत की 'पड़ोस सबसे पहले' और 'एक्ट ईस्ट' नीति को पुष्ट करता है। यह इन देशों

के साथ घनिष्ठ और बहुआयामी संबंधों के आयाम को बढ़ता है। अफ्रीकी देश लंबे समय से विकास साझेदार हैं जो भारत के इन देशों के साथ संयुक्त रूप से की जाने वाली विकास परियोजनाओं की समृद्ध सूची में परिलक्षित है। इसके अलावा, कैरेबियाई, लैटिन अमेरिका, पूर्वी एशिया, मध्य एशिया और प्रशांत द्वीप देशों में सहयोगी देशों के साथ भी भारत के विकास सहयोग कार्यक्रम मजबूत और विस्तारित हैं।

भारत की विकास परियोजनाओं को अनुदान सहायता के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिसमें सड़कों और पुलों, जलमार्गों, पारेषण लाइनों, बिजली उत्पादन और जलविद्युत क्षमता से लेकर क्षमता निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और सामुदायिक विकास जैसे बड़े बुनियादी ढांचे के निर्माण तक कई तरह के क्षेत्र शामिल हैं।

भारत ने सितंबर 2017 में अफगानिस्तान के साथ एक 'नई विकास भागीदारी' की है और दोनों देशों के बीच करीब विकास सहयोग को समेकित किया गया है। भारत मुश्किल सुरक्षा वातावरण के बावजूद अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण और राष्ट्रीय विकास में एक स्थायी भागीदार रहा है। अफगानिस्तान को विकास सहायता संस्था और क्षमता निर्माण और परिसंपत्तियों के निर्माण पर केंद्रित है जो आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में अफगान लोगों की जरूरतों को पूरा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई प्रमुख ऐतिहासिक परियोजनाएं पूरी हुई हैं, जिनमें दिसंबर 2015 में काबुल में नए संसद भवन और जून 2016 में अफगान-भारत मैत्री बांध (जिसे पहले सलमा बांध के रूप में जाना जाता था) का निर्माण शामिल है।

भारत ने अफगानिस्तान की मानवीय जरूरतों के लिए भी तेजी से प्रतिक्रिया की है। भारत ने अफगानिस्तान में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए, अक्टूबर 2017 और अप्रैल 2018 के बीच चाबहार बंदरगाह के माध्यम से कई खेपों में 1.7 लाख टन गेहूं की आपूर्ति की। इसके अलावा, चाबहार बंदरगाह के माध्यम से अफगानिस्तान को 2000 टन चना दाल (दलहन) की भी आपूर्ति की गई थी।

भारत सरकार (जीओआई) द्वारा वित्तपोषित सैकड़ों उच्च प्रभावी सामुदायिक विकास परियोजनाएं (एचआईसीडीपी) पूरे अफगानिस्तान में चल रही हैं, जो खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, पेयजल, नवीकरणीय ऊर्जा, बाढ़ नियंत्रण, माइक्रो-हाइड्रो पावर और खेल के क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर पहचानी हुई जरूरतों को पूरा करती है।

क्षमता निर्माण के अंतर्गत, भारत 2018 से अफगानों के लिए वार्षिक औसतन 1200 स्लॉटों के साथ एक बहुत बड़ा छात्रवृत्ति कार्यक्रम चलाता है, जिसमें अफगान राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों (एएनडीएसएफ) के शहीदों के बच्चों/आश्रितों के लिए समर्पित छात्रवृत्तियां शामिल है। भारत द्वारा भारत के प्रमुख कृषि संस्थान, भारत कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ आपसी साझेदारी के माध्यम से कंधार में स्थापित अफगानिस्तान कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एएनएएसटीयू) को भी सक्रिय समर्थन प्रदान किया जा रहा है ।

म्यांमार के साथ, कनेक्टिविटी बढ़ाने, आर्थिक विकास और विकास को गति देने के उद्देश्य से सीमा पार परियोजनाओं के कार्यान्वयन सहित विकास सहयोग में निरंतर गति बनी हुई है। इन परियोजनाओं में भारत, म्यांमार और थाईलैंड के बीच त्रिपक्षीय राजमार्ग के निर्माण शामिल हैं, जिसके अंतर्गत भारत तामू - कायगोन - कालिवा खंड में अड़सठ पुलों का निर्माण और कालवा-यार्गी खंड में 120 किलोमीटर सड़क के उन्नयन का कार्य कर रहा है। कलादान मल्टी मॉडल ट्रांजिट अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह परियोजना एक अन्य बड़ी कनेक्टिविटी पहल है जो भारत के पूर्वी सीबोर्ड और म्यांमार के सिटवे बंदरगाह पर बंदरगाहों को जोड़ेगी, और उसके बाद मिजोरम में भारत-म्यांमार सीमा पर जाएगी। बंदरगाहों और अंतर्देशीय जल टर्मिनलों के मूल जलमार्ग घटक को पूरा कर लिया गया है और शेष सड़क बुनियादी ढांचे का निष्पादन चल रहा है।

कनेक्टिविटी के अलावा, भारत म्यांमार में सहायक क्षमता निर्माण में लगा हुआ है जिसमें आईटी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। प्रमुख पहलों में मांडले में म्यांमार इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एमआईआईटी) की स्थापना, नाय पेई ताव में एक उन्नत कृषि अनुसंधान और शिक्षा केंद्र (एसीएआरई) और हाल ही में नाय पेई ताव में राइस बायो-पार्क की स्थापना शामिल है। ये परियोजनाएं जनसंख्या को कम करने, उपज और उत्पादकता बढ़ाने और आजीविका के अवसरों में सुधार करने में मदद करती हैं। यांगून चिल्ड्रन हॉस्पिटल और सिटवे जनरल अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति और कमीशनिंग भी पूरी की गई है।

नेपाल के साथ, भारत की दीर्घकालिक विकास साझेदारी ने गति पकड़ ली है और कई महत्वपूर्ण संयुक्त विकास पहलें पूरी हो गई हैं। अप्रैल 2018 में नेपाल के बीरगंज में सीमा

पार एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) का उद्‌घाटन किया जाएगा जो आर्थिक और लोगों के लाभांश को पूरा करेगा। इसी प्रकार, भारत द्वारा नेपाल के बिराटनगर में आईसीपी का विकास चल रहा है। भारत नेपाल में सीमा पार नेपालगंज और भैरहवा में भी आईसीपी विकसित करेगा। भारत ने अगस्त 2018 में, काठमांडू में नेपाल-भारत मैत्री पशुपति धर्मशाला का निर्माण पूरा कर लिया है, जिसमें दोनों देशों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डाला गया है। भारत में जयनगर से नेपाल में जनकपुर और कुर्था और भारत में जोगबनी से नेपाल में नेपाल सीमा शुल्क यार्ड तक दो सीमा-पार रेल लाइनें दिसंबर 2018 में पूरी हो चुकी हैं। नेपाल में इन लिंकों के शेष हिस्सों पर भी काम किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

श्रीलंका में, लोगों और श्रीलंका सरकार की प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए भारत की विकास परियोजनाओं को वहाँ की सरकार के साथ घनिष्ठ परामर्श के आधार पर आरंभ किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने डिकोया में अस्पताल का निर्माण और मन्नार में थिरुकेथीश्वरम मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा कर लिया है। भारत, अन्य परियोजनाओं में, वर्तमान में जाफना में एक अत्याधुनिक सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण में सहायता कर रहा है।

मालदीव में, संयुक्त विकास परियोजनाएं निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। माफ़िलाफ़ुशी द्वीप में समग्र प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना अगस्त 2015 में पूरी हुई। इसी तरह, माले में इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल का नवीनीकरण जून 2017 में पूरा हुआ। भारत वर्तमान में इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी एंड लॉ एनफोर्समेंट स्टडीज (आईएसएलईएस) के निर्माण में सहायता कर रहा है। निकट भविष्य में और अधिक परियोजनाएं शुरू होने की आशा है।

मॉरीशस में, भारत का विकास कार्य बहुत सक्रिय दौर में है। भारत अपनी प्रमुख राष्ट्रीय परियोजनाओं के निष्पादन में मॉरीशस को वित्तीय और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान कर रहा है। ऐसी परियोजनाओं में पहली बार हल्की रेल पारगमन मेट्रो एक्सप्रेस लिंक शामिल की गई है, इसके सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को परिवर्तित करने की अपेक्षा है, मॉरीशस की न्यायपालिका के लिए एक नया सर्वोच्च न्यायालय भवन, लगभग 1000 इकाइयों की कम आय वाली आवास परियोजना, एक विशेष ईएनटी अस्पताल परियोजना के साथ-साथ अर्ली डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के अंतर्गत 26,800 प्राथमिक विद्यालय के छात्रों और उनके शिक्षकों को शिक्षा के लिए टेबलेट प्रदान किया गया है। इसकी सफलता पर, कार्यक्रम को अन्य ग्रेडों तक भी बढ़ाया जा रहा है।

लाइन ऑफ क्रेडिट

भारत की विदेश नीति में विकास साझेदारी एक महत्वपूर्ण उपकरण है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में रियायती शर्तों पर लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) का विस्तार भारत की विकास सहयोग नीति का एक महत्वपूर्ण घटक है। वर्ष 2005-06 से, साठ से अधिक देशों में विभिन्न क्षेत्रों में कुल 26.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर की 269 एलओसी का विस्तार किया गया है, जिनमें से 11.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर अफ्रीकी देशों के लिए और 14.47 बिलियन अमेरिकी डॉलर एशियाई देशों के लिए आवंटित किए गए हैं, शेष 0.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर लैटिन अमेरिका, ओशिनिया और स्वतंत्र राज्यों (सीआईएस) देशों के राष्ट्रमंडल के लिए हैं। मुख्य रूप से द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, एलओसी लेने वाले देशों को भारत से वस्तुओं और सेवाओं को आयात करने में सक्षम बनाती है और उनकी विकास संबंधी प्राथमिकताओं के अनुसार बुनियादी ढाँचे के विकास और क्षमता निर्माण के लिए परियोजनाएँ शुरू की जाती हैं। इस प्रक्रिया में, यह भारतीय कंपनियों और व्यापार उद्यमों को नए बाजारों का दोहन करने में मदद करती है और भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देती है।

एलओसी 7 दिसंबर 2015 को भारत सरकार द्वारा संशोधित और जारी किए गए आईडीईएएस दिशानिर्देशों द्वारा शासित होते हैं। एलओसी कार्यान्वयन प्रक्रिया में सुधार के कई क्षेत्रों को अनिवार्य विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआरएस), पूर्व-योग्यता (पीक्यू) सहित परामर्शदाताओं और ठेकेदारों के चयन की प्रक्रिया, एक विस्तृत निगरानी तंत्र के संस्थानीकरण और कार्यान्वयन तथा भारतीय परामर्श फर्मों और ईपीसी के ठेकेदारों के साथ पेश किया गया है। एक्ज़िम बैंक ने विभिन्न क्षेत्रों में 111 परामर्श फर्मों का काम पूरा कर लिया है। कुल 109 फर्मों को ईपीसी ठेकेदारों के रूप में रखा गया है। उल्लेख किया जा सकता है कि यह एक सतत प्रक्रिया

है जिसके माध्यम से कंपनियां पंजीकृत हो रही हैं। अप्रैल से नवंबर 2018 के बीच, 1.03 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल मूल्य के साथ ग्यारह एलओसी को अनुमोदित किया गया है। 2018-19 (अप्रैल से नवंबर 2018) में 101.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल नौ परियोजनाएं पूरी हुई हैं।

नई क्रेडिट लाइनें

वर्तमान वर्ष (अप्रैल 2018-जनवरी 2019) में भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित नई एलओसी का विस्तार किया गया है:

- गितेगा में नई संसद और बुजुंबुरा और बुरुंडी में दो मंत्री भवनों के निर्माण के लिए बुरुंडी सरकार को 161.36 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- मेकेले इंडस्ट्रियल पार्क 400 केवी पॉवर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट के लिए इथियोपिया सरकार को 147.43 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- इथियोपिया और जिबूती के बीच एक नये 230 केवी इंटरकनेक्शन, 230 केवी कॉम्बोलेचा II - सेमेरा, नागद और कॉम्बोल्चा II में संबद्ध सबस्टेशन एक्सटेंशन के साथ सेमरा ट्रांसमिशन लाइन के लिए इथियोपिया की सरकार को 133.70 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए मॉरीशस सरकार को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- दो विशेष आर्थिक क्षेत्रों के विकास और किगाली विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के विस्तार के लिए रवांडा सरकार को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- तीन कृषि परियोजना स्कीमों अर्थात् (i) वारुफ़ु बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना, (ii) मुगीसेरा सिंचाई परियोजना, और (iii) न्यामुकाना सिंचाई परियोजना के लिए रवांडा सरकार को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- कृषि और डेयरी क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए युगांडा सरकार को 64.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- ग्रिड सुदृढीकरण और विस्तार परियोजना के लिए युगांडा सरकार को 141.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- जिम्बाब्वे में डेका पंपिंग स्टेशन और नदी जन इनटेक प्रणाली के दूसरे चरण के उन्नयन के लिए जिम्बाब्वे सरकार को 19.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- बुलावायो ताप विद्युत संयंत्र के उन्नयन के लिए जिम्बाब्वे सरकार को 23 मीलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- मोजाम्बिक में 1600 छोटी जल प्रणालियों के साथ हैंड-पंपों और 1600 बोरवेलों के निर्माण के लिए मोजाम्बिक सरकार को 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- लोकोमोटिव, कोच और वैगनों सहित रेलवे रोलिंग स्टॉक की खरीद के लिए मोज़ाम्बिक सरकार को 95 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- करावा, प्रांत- उत्तर उबांगी में पंद्रह मेगावाट सौर फोटो-वोल्टेइक बिजली परियोजना के वित्तपोषण के लिए कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की कांगो सरकार को 33.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- लुसांबो, प्रांत-सांकुरु में दस मेगावाट सौर फोटो-वोल्टेइक बिजली परियोजना के वित्तपोषण के लिए कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की सरकार को 25.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- मबंडाका, प्रांत - इक्वेटोर में दस मेगावाट सौर फोटो-वोल्टेइक बिजली परियोजना के वित्तपोषण के लिए कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो सरकार को 33.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।
- आवास एवं सामाजिक बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए उज़्बेकिस्तान सरकार को 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई।

पूरी हो चुकी एलओसी परियोजनाएं

- राजमार्ग, हवाई अड्डों, पुलों और सिंचाई परियोजनाओं जैसी अवसंरचना परियोजनाओं के लिए 2010-11 में 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी गई थी। इस एलओसी के अंतर्गत कुल तेईस परियोजनाओं को शामिल किया गया है, जिसमें उन्नीस सड़क परियोजनाएं, तीन ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाएं और एक पनबिजली परियोजना शामिल हैं। उन्नीस सड़क परियोजनाओं में से तीन हाल ही में पूरी हुई हैं। ये निम्नलिखित हैं:

(i) सनफेबर-मार्ताडी सड़क का बरजुगढ़-मार्ताडी खंड (27.70 किमी)

(ii) बरदाघाट-पलडांडा-त्रिवेणी सड़क खंड (12.5 किमी)

(iii) भरतपुर-रामपुर-मेघौली मार्ग का भरतपुर-चनौली खंड (16 किमी)

- ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए बुर्किना फासो को 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी
- बुर्किना फासो को ईबीआईडी एलओसी के अंतर्गत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बसों की आपूर्ति
- नाइजर में 34.54 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी के अंतर्गत 30 गाँवों में सौर विद्युतीकरण और 7 मेगावाट की सौर फोटोवोल्टिक प्रणाली
- अर्ध-शहरी और ग्रामीण समुदायों के लिए पीने योग्य पानी के लिए नाइजर को 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी
- म्यांमार में रिह-मिडैट दूरसंचार नेटवर्क परियोजना के लिए 6.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी
- टोगो को 13.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी के अंतर्गत कृषि उपकरण और इनपुट की आपूर्ति।

नई एलओसी परियोजनाओं का उद्घाटन/आरंभ

भारत के गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने मंगोलिया के प्रधान मंत्री श्री उखनागिन खुरेलसुख के साथ 21 जून 2018 को भारत सरकार की 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी के अंतर्गत मंगोलिया में पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी प्रोजेक्ट के शिलान्यास समारोह में भाग लिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 10 सितंबर 2018 को संयुक्त रूप से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के साथ भारत सरकार की 862 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी के अंतर्गत पुनरुद्धार किए गए बांग्लादेश रेलवे के कुलौरा-शहबाज़पुर सेक्शन का उद्घाटन किया।

भारत सरकार की 862 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी के अंतर्गत बांग्लादेश रेलवे परियोजना पर सिग्नलिंग कार्यो सहित, ढाका-टोंगी खंड के बीच 3 जी और 4 जी दोहरे गेज ट्रैक का निर्माण और टोंगी-जयदेवपुर खंड के बीच दोहरे गेज ट्रैक का दोहरीकरण का 18 सितंबर 2018 को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधान मंत्री सुश्री शेख हसीना द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया।

नेपाल के प्रधान मंत्री, श्री केपी शर्मा ओली ने 4 जनवरी, 2019 को प्रांत-1 के पंचथर जिले के रबीबाजार में भदेतर-रबी-रांके सड़क की आधारशिला रखी। परियोजना की कुल लंबाई 100.367 किमी और कुल लागत 32.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसे नेपाल को 550 मिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी के अंतर्गत बनाया जा रहा है। यह सड़क कोसी राजमार्ग पर धनकुटा जिले में भदेतर शहर को नौ मीटर चौड़ी मोटर योग्य सड़क के साथ इलाम और पंचथर जिले से जोड़ेगी।

सभी देशों के साथ रोटेशन के आधार पर चल रही निगरानी के अंतर्गत, एलओसी परियोजनाओं की द्विपक्षीय समीक्षा की गई। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की स्थिति रिपोर्ट भारतीय मिशनों और एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया से भी प्राप्त हुई थी।

अन्य परियोजनाएं जिनके 2018-19 में पूरा होने की संभावना है:

बांग्लादेश सड़क परिवहन निगम (बीआरटीसी) के लिए 500 ट्रकों और 600 बसों की खरीद की परियोजना: दिसंबर 2018 में 16.2 टन ट्रकों का पहला बैच भेजा गया है और जनवरी 2019 में सिंगल डेकर नॉन एसी बसों का पहला बैच भेजा जा रहा है। पूरी परियोजना को मार्च-अप्रैल 2019 तक समय से पहले पूरा कर लेने की आशा है।

श्रीलंका को बीस कंटेनर कैरियर वैगन और तीस ईंधन टैंक वैगनो की आपूर्ति की परियोजना: फरवरी 2019 में दस कंटेनर कैरियर वैगनों और पांच ईंधन टैंक वैगनों से युक्त पहली खेप भेजे जाने की आशा है।

श्रीलंका को छह डीएमयू और दस इंजनों की आपूर्ति की परियोजना: पहल डीएमयू और लोकोमोटिव (प्रोटोटाइप) दिसंबर 2018 में श्रीलंका रेलवे को राइट्स लिमिटेड द्वारा निर्धारित समय से पहले दिया गया। जनवरी 2019 में ट्रायल रन शुरू होने हैं। दो डीएमयू और दो इंजनों का अगला सेट मार्च-अप्रैल 2019 के आसपास वितरित किए जाने की उम्मीद है।

अन्य एलओसी पहलें:

भारत सरकार द्वारा एक एलओसी परियोजना की मंजूरी की अभूतपूर्व गति: भारत सरकार को मोज़ाम्बिक सरकार से 12 दिसंबर 2018 को रेलवे परियोजना के लिए 95 मिलियन अमरीकी डॉलर की एलओसी का एक अनुरोध प्राप्त हुआ था। मोजाम्बिक के लिए अंतर्राष्ट्रीय ऋण के लिए कोटा सीमा के कारण, एलओसी को मंजूरी देनी पड़ी और 31 दिसंबर 2018 तक एलओसी समझौते पर हस्ताक्षर करना पड़ा। तत्काल कदम उठाते हुए और विदेश मंत्रालय (एमईए) और वित्त मंत्रालय के साथ-साथ एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ी विस्तृत मंजूरी प्रक्रिया पर तेजी से अमल करते हुए, एलओसी को 27 दिसंबर 2018 को मंजूरी दी गई और 31 दिसंबर 2018 को एक्जिम बैंक और मोजाम्बिक सरकार के बीच एलओसी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसलिए, आमतौर पर कुछ महीनों में होने वाली प्रक्रिया को दो सप्ताह के भीतर पूरा किया गया। यह एलओसी कार्यक्रम की स्थापना के बाद से सबसे तेजी से हुई एलओसी मंजूरी और हस्ताक्षर प्रक्रिया है।

14वीं भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय समीक्षा बैठक: बैठक नई दिल्ली में 12 और 13 दिसंबर 2018 को आयोजित की गई थी। रेलवे, बंदरगाह, सड़क, बिजली और ट्रांसमिशन लाइन, शिपिंग, अस्पतालों आदि विभिन्न क्षेत्रों में फैली सैंतालीस परियोजनाओं के लिए भारत सरकार ने बांग्लादेश को 7.862 बिलियन अमेरिकी डॉलर की एलओसी दी है। इस बैठक से दोनों पक्षों को महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने, परियोजना के कार्यान्वयन में संभावित बाधाओं की पहचान करने और लंबित मुद्दों को हल करने में मदद मिली।

भारत सरकार की लाइन ऑफ क्रेडिट के अंतर्गत सौर परियोजनाओं के लिए व्यापार आउटरीच कार्यक्रम: अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) और एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से विदेश मंत्रालय ने 7 अगस्त 2018 को भारत में सौर ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों को भारत सरकार द्वारा एलओसी के अंतर्गत उपलब्ध व्यापार के अवसरों के बारे में अवगत कराने के लिए एक व्यापार आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। विदेश राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वी.के.सिंह (सेवानिवृत्त) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और उन्होंने मुख्य भाषण दिया था।

चल रही एलओसी परियोजनाओं की निगरानी के अंतर्गत, रोटेशन के आधार पर कई देशों के साथ द्विपक्षीय समीक्षा की गई। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की स्थिति रिपोर्ट भारतीय मिशनों और एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया से भी प्राप्त हुई थी।

परियोजना तैयार करने की सुविधा (पीपीएफ)

भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क भारतीय परामर्श सहायता प्रदान करने के लिए परियोजना की तैयारी सुविधा (पीपीएफ) नामक एक नया तंत्र स्थापित किया गया है, जो भारत सरकार की क्रेडिट लाइन (एलओसी) के लिए अनुरोध करने

वाली सरकारों को परियोजनाओं के निर्माण और डिजाइन तैयारी के लिए प्रदान की जा सकती है। किसी भी देश के इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अनुरोध करने पर, विदेश मंत्रालय कार्यान्वयन के लिए इसे एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया को सौंपता है। विकास भागीदारी प्रशासन (डीपीए) को इस तंत्र पर एक बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। आज तक मिस्र, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, नाउरू, मॉरीशस, सेशेल्स, रवांडा, लेसोथो के राज्य, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, किरिबाती गणराज्य, स्वाज़ीलैंड, मलावी, श्रीलंका, म्यांमार, माली और सूरीनाम से निष्पादन के लिए पीपीएफ अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

पड़ोसी देशों में अनुदान सहायता के साथ विकास परियोजनाएं

भारत सरकार द्वारा पड़ोसी देशों में अनुदान सहायता के साथ की जा रही विकास परियोजनाओं में बुनियादी ढाँचे का विकास, निर्माण, सड़क और पुल, जलमार्ग और पारेषण लाइनों से लेकर बिजली उत्पादन, कृषि, क्षमता निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास आदि कई क्षेत्र शामिल हैं।

श्रीलंका हाउसिंग प्रोजेक्ट

श्रीलंका के साथ भारत की विकास साझेदारी एक परामर्शात्मक दृष्टिकोण पर आधारित है, जो श्रीलंका सरकार की प्राथमिकताएं एक कारक हैं। श्रीलंका में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के पुनर्वास के लिए 50,000 घरों के निर्माण से संबंधित चल रही आवासीय परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है।

- 1000 घरों के निर्माण की प्रायोगिक परियोजना पहले ही पूरी हो चुकी है।
- उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में 44,666 घरों के पूरा होने के साथ एक मालिकाना चालित प्रक्रिया के अंतर्गत 45,000 घरों का निर्माण और मरम्मत लगभग पूरा हो गया है।
- श्रीलंकाई सरकार द्वारा 1134 घरों के लिए भूमि की पहचान की प्रक्रिया के पूरा होने के बाद वृक्षारोपण क्षेत्र में कार्यरत भारतीय मूल के तमिलों के लिए केंद्र और उवा प्रांत में 4,000 घरों का निर्माण भी शुरू हो चुका है। 1134 घरों के पहले समूह का निर्माण अक्टूबर 2016 में शुरू हुआ था। 30 नवंबर 2018 तक, 1134 में से 854 घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और 1903, 1102 और 941 लाभार्थियों को क्रमशः पहली, दूसरी और तीसरी किस्त भी जारी की गई है। शेष 2866 घरों के लिए अनुमान लगाए गए हैं और श्रीलंका सरकार द्वारा भूमि/लाभार्थियों की पहचान की प्रक्रिया चल रही है। 2866 लॉट में घरों का निर्माण चरणों में शुरू हुआ है।
- मई 2017 में श्रीलंका की यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीलंका के मध्य और उवा प्रांतों में भारतीय मूल तमिलों के लिए अतिरिक्त 10,000 घरों के निर्माण की घोषणा की गई थी। श्रीलंका सरकार उपर्युक्त 10,000 घरों के लिए लाभार्थियों और भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया में है।

अफ्रीका में विकास परियोजनाएं

अफ्रीका के साथ भारत की साझेदारी सहयोग का एक सलाहकार मॉडल, विकास के अनुभवों को साझा करने पर आधारित है और यह अफ्रीकी देशों की प्राथमिकताओं और जरूरतों को संबोधित करने पर केंद्रित है। विभिन्न विकास साझेदारी पहलों के माध्यम से अफ्रीकी देशों के साथ जुड़ाव ने पिछले दशक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2008, 2011 और 2015 में तीन भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलनों [आईएएफएस I, II और III] ने इस महाद्वीप के साथ विकास साझेदारी को और मजबूत किया है। आईएएफएस -II के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं में ग्रामीण विकास में भू-सूचना विज्ञान अनुप्रयोग (सीजीएआरडी) पर केंद्रों की स्थापना और ग्रामीण प्रौद्योगिकी पार्कों की स्थापना का कार्य चल रहा है। आईएएफएस-III में, भारत ने रियायती ऋण (एलओसी) में अतिरिक्त 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर

और 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान करके अफ्रीकी देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

अफ्रीका के इकतालीस देशों में, बिजली संयंत्र, पनबिजली, विद्युत पारेषण और वितरण नेटवर्क, बांध, सड़क, रेलवे, बंदरगाह, कृषि और सिंचाई, औद्योगिक इकाइयां, कौशल विकास, नागरिक निर्माण आदि विभिन्न क्षेत्रों में 11.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 189 ऋण प्रदान किये गए हैं। सौर ऊर्जा परियोजनाओं और रक्षा जैसे नए क्षेत्रों को भी भारत सरकार की एलओसी के अंतर्गत शामिल किया गया है।

अफ्रीका में अनुदान सहायता के अंतर्गत विभिन्न देशों को दिए गए उल्लेखनीय समर्थन में नौ अफ्रीकी देशों में प्रतिष्ठित महात्मा गांधी कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की परियोजनाएं शामिल हैं। अन्य परियोजनाओं में दक्षिण अफ्रीका में कारीगर कौशल के लिए गांधी-मंडेला सेंटर ऑफ स्पेशलाइजेशन की स्थापना, सेनेगल में उद्यमी और तकनीकी विकास केंद्र का उन्नयन और आधुनिकीकरण, तंजानिया में बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना, माली और तंजानिया को एंबुलेंस की आपूर्ति, सोमालिया को मिनीबस की आपूर्ति और लाइबेरिया में चिकित्सा उपकरण और सीटी स्कैन मशीनों की आपूर्ति शामिल हैं।

इन एलओसी और अनुदान परियोजनाओं ने अफ्रीकी देशों के साथ मजबूत विकास साझेदारी का नेतृत्व किया है जो हमारे साझा इतिहास और सांस्कृतिक संबंधों की समर्थक और पूरक है।

भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के माध्यम से क्षमता निर्माण

भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम भारत की भूमिका और दक्षिण-दक्षिण सहयोग में योगदान का एक दृश्य प्रतीक है, जो एशिया, अफ्रीका, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका, कैरिबियन के साथ ही प्रशांत और छोटे द्वीप देशों के 161 साझेदार देशों के पदचिह्न के साथ क्षमता निर्माण साझेदारी का गठन करता है। यह भारत की सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी के प्रमुख स्तंभों में से एक है। आईटीईसी कार्यक्रम में भारत द्वारा अफ्रीका के लिए विशेष राष्ट्रमंडल सहायता कार्यक्रम (एससीएएपी) और कोलंबो योजना (सीपी) के अंतर्गत विस्तारित क्षमता निर्माण भी शामिल है। इसने नए साझेदार संस्थानों को शामिल करने के साथ दायरे और पहुँच को मजबूत करना जारी रखा है, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, भारतीय विज्ञान संस्थान जैसे उत्कृष्टता के अधिक संस्थानों के साथ भागीदारी करके हमारी ताकत दिखाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नैनो तकनीक, पेट्रोलियम, फोरेंसिक जैसे उभरते क्षेत्रों में अग्रिम पाठ्यक्रम आरंभ किए गए हैं। दुनिया भर में बदलती जरूरतों और तकनीकी प्रगति के साथ इसकी लोकप्रियता और प्रासंगिकता को देखते हुए, इस साल उच्च स्तरीय व्यापक समीक्षा के हिस्से के रूप में आईटीईसी के क्षेत्र में ई-आईटीईसी और आईटीईसी-ऑन साइट जैसे नए तौर-तरीकों को शामिल किया गया है।

वर्ष 2018-19 के दौरान, पूरे भारत के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न अल्पकालिक और मध्यम अवधि के पाठ्यक्रमों के लिए 161 भागीदार देशों के लिए आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत 11051 नागरिक प्रशिक्षण स्लॉट प्रस्तावित किए गए थे। पूरी तरह से भारत सरकार द्वारा प्रायोजित असैनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि, खाद्य और उर्वरक जैसे कौशल और बैंकिंग, वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा; शिक्षा; इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी; अंग्रेजी भाषा; पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन; सरकारी कामकाज; स्वास्थ्य और योग; मानव संसाधन विकास और योजना; सिंचाई और जल संसाधन; आईटी और व्यावसायिक अंग्रेजी; पत्रकारिता; प्रबंधन और नेतृत्व; बिजली, नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा; परियोजना प्रबंधन; ग्रामीण विकास और गरीबी उन्मूलन; एसएमई और उद्यमिता; सतत विकास और दक्षिण-दक्षिण सहयोग; दूरसंचार; कपड़ा; व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय बाजार; शहरी नियोजन और महिला सशक्तिकरण आदि विषयों की एक विस्तृत और विविध श्रेणी में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 85 से अधिक प्रमुख संस्थानों में 370 से अधिक पाठ्यक्रमों का संचालन करता है।

दक्षिण-दक्षिण सहयोग की मांग से प्रेरित होने के कारण, विशेष पाठ्यक्रमों पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जिन्हें भागीदार देशों की सरकारों के अनुरोध पर प्रशिक्षण के विशिष्ट क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया गया है। वर्ष 2018 में ही, चालीस विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में नागरिक सेवा के कर्मचारियों के लिए क्षेत्र प्रशासन में मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम और न्यायिक अधिकारियों, सीमा

शुल्क अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, अंग्रेजी संचार, योग और संग्रहालय जैसे क्षेत्रों के कार्यक्रम शामिल हैं।

तीसरे भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन (आईएएफएस-III) के अंतर्गत की गई प्रतिबद्धताओं के अलावा, अफ्रीकी देशों में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके लिए एक परामर्श तंत्र के आधार पर महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है। अफ्रीकी देशों को आवंटित आईटीईसी स्लॉटों में आईएएफएस-तृतीय के पहले 2015-16 में 3382 के आंकड़े से 2018-19 में 4790 की मात्रात्मक वृद्धि देखी गई है। इसके अतिरिक्त मार्च 2018 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के संस्थापन समारोह के दौरान हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आईएसए सदस्य देशों के 165 मास्टर ट्रेनरों को आईटीईसी के अंतर्गत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

पाठ्यक्रमों और संस्थानों की अद्यतित सूची आईटीईसी पोर्टल (www.itecgoi.in) पर उपलब्ध है।

पिछले वर्षों की तरह, इस कार्यक्रम ने नागरिकों और रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत, सरकारी और निजी क्षेत्रों के कुछ, भारतीय संस्थानों द्वारा संचालित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों को शामिल किया। आईटीईसी पोर्टल की ऑनलाइन प्रक्रियाओं ने आईटीईसी प्रतिभागियों, मिशनों/पोस्टों और भागीदार संस्थानों की आवश्यकताओं को सुगम बना दिया है, जिससे संस्थानों और अनुमोदित पाठ्यक्रमों आदि से संबंधित विवरणों तक पहुंचना आसान हो सके। आईटीईसी पोर्टल और अन्य सामाजिक नेटवर्किंग उपकरणों के माध्यम से और विदेशों में स्थित मिशनों और भारत के आईटीईसी पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थानों में आयोजित होने वाले वार्षिक 'आईटीईसी दिवस' समारोहों के माध्यम से पूर्व छात्रों के नेटवर्क के साथ जुड़ाव और माध्यम से मजबूत हो रहा है। आईटीईसी ने उन महाद्वीपों में पूर्व छात्रों का एक बड़ा नेटवर्क बनाया है जो अपने-अपने देशों में आईटीईसी के मशाल वाहक बन गए हैं और इस प्रक्रिया में, भारत और संबंधित देश के बीच एक शक्तिशाली सांस्कृतिक पुल विकसित किया है। आईटीईसी ने विकास साझेदारी के क्षेत्र में एक मजबूत ब्रांड नाम हासिल कर लिया है।

रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 2018-19 के दौरान, भागीदार देशों को 2196 रक्षा प्रशिक्षण स्लॉट आवंटित किए गए थे। पाठ्यक्रम सामान्य और विशेष दोनों प्रकृति के थे, जिसमें सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन, रक्षा प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, समुद्री जल सर्वेक्षण, जवाबी कार्रवाई और जंगल युद्ध शामिल थे, इनके अलावा तीनों सेवाओं में युवा अधिकारियों के लिए बुनियादी पाठ्यक्रम भी शामिल थे। नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी), वेलिंगटन जैसे प्रमुख संस्थानों के पाठ्यक्रम काफी लोकप्रिय रहे और स्व-वित्तपोषण के आधार पर विकसित देशों के अधिकारियों को भी आकर्षित किया।

विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति और अध्ययन यात्राएं

आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति ने भारतीय विशेषज्ञता को विकासशील देशों के साथ बांटने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम किया है। वर्ष 2018-19 (नवंबर 2018 तक) में, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दूरसंचार, आपदा प्रबंधन, पुरातत्व, आयुर्वेद/सिद्धा, साइबर क्षमता निर्माण आदि विभिन्न क्षेत्रों में कुल बावन विशेषज्ञों को भागीदार देशों में प्रतिनियुक्त किया गया है। भागीदार देशों में आईटीईसी के रक्षा विशेषज्ञों को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। भागीदार देशों के लिए भारतीय विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति मुख्य रूप से हमारे सहयोगी देशों की मांग से प्रेरित है। विशेषज्ञों के लिए सेवा अनुरोध में तेजी लाने के लिए, केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के साथ मिलकर अंग्रेजी शिक्षकों को नियुक्त करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया है और संचार और स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ इसी तरह की चर्चा चल रही है।

मंत्रालय मांगों के आधार पर, एक्सपोज़र देने और प्रासंगिक क्षेत्रों में भारत की उपलब्धि को प्रदर्शित करने के लिए,

भागीदार देशों के विशेषज्ञों और पेशेवरों को अध्ययन यात्राओं की सुविधा प्रदान करता है। 2018-19 के दौरान, युगांडा से लघु, मध्यम उद्यम (एसएमई) और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक छह सदस्यीय टीम ने अध्ययन दौरा किया था।

परियोजनाएं

वर्ष 2018-19 के दौरान, अन्य विकास परियोजनाओं में, भारत ने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के माध्यम से कंबोडिया में टा-प्रोहम, लाओ पीडीआर में वात फू और वियतनाम में मंदिरों के मैसन समूह में जैसी दक्षिण-पूर्व एशिया की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत स्मारकों और मंदिरों की बहाली और संरक्षण के लिए विस्तारित किया है। आईटी के क्षेत्र में भारत की ताकत आईटी देशों में उत्कृष्टता के विभिन्न केंद्रों की स्थापना के माध्यम से और मिस्र, मोरक्को, तंजानिया, गुयाना, नामीबिया, जॉर्डन और प्रशांत द्वीप देशों सहित भागीदार देशों को प्रशिक्षण प्रदान करने के माध्यम से साझा की जा रही है। कैरिबियन समुदाय (कैरीकॉम) सचिवालय के मौजूदा आईटी प्रणालियों के उन्नयन के अलावा उन्हें तकनीकी जानकारी, अपेक्षित आईटी अवसंरचना और विशेषज्ञ भी उपलब्ध कराये गए हैं। वर्ष के दौरान, बेलभ्यू, ग्रेनाडा में एक सड़क का निर्माण किया गया और जंजीबार में और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) परियोजना और मलावी में बिजनेस इन्क्यूबेटर सेंटर (बीआईसी) परियोजना में काफी प्रगति दर्ज की गई, जबकि मेजबान देश के अनुरोध पर बेलीज़ में भारतीय सहयोग से अतीत में स्थापित अन्य वीटीसी परियोजनाओं का उन्नयन आरंभ किया गया।

आपदा राहत

भारत द्वारा आपदा से प्रभावित देशों से मानवीय आधार पर सहयोग किया गया था। इसमें मोजाम्बिक, सीरिया, यमन, सोमालिया, युगांडा, तंजानिया, मेडागास्कर, स्वाज़ीलैंड और केन्या को अन्य वस्तुओं के साथ दवाएं उपलब्ध कराई गईं। बांग्लादेश और सीरिया को खाद्य सामग्री और अन्य राहत सामग्री की आपूर्ति की गई थी।

14

आर्थिक कूटनीति

आर्थिक कूटनीति (ईडी) और राज्य प्रभाग ने, देश की विदेश नीति के आर्थिक कूटनीति आयाम को एक केंद्रित दिशा देने के प्रयासों के अंतर्गत, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान कई पहलें कीं। भारत के निर्यात की पहुंच का विस्तार करने, विदेशों में भारतीय उद्यमों के लिए नए व्यापार के अवसर खोलने, तत्काल पड़ोस और उससे आगे आर्थिक वृद्धि करना, अधिक निवेश आकर्षित करने, पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने और भारत को एक आकर्षक व्यवसाय स्थल बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्रालय, केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, व्यापार मंडलों और विदेशों में स्थित मिशनों/पोस्टों के बीच अधिक से अधिक समन्वय सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए।

भारतीय मिशनों/पोस्टों को अपने मान्य देशों के साथ अपने आर्थिक जुड़ाव को तेज करने के लिए ईडी और स्टेट्स प्रभाग ने अपनी "बाजार विस्तार गतिविधियों" के बजट के अंतर्गत वित्तपोषण बढ़ा कर 16 करोड़ रुपए कर दिया है। वित्तपोषण का उपयोग कैटलॉग शो और क्रेता-विक्रेता की बैठकों के माध्यम से भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने, बाजार अध्ययन तैयार करने के लिए सलाहकारों को संलग्न करना, विदेशी निवेशों को आकर्षित करने के लिए व्यापार सेमिनार आयोजित करने और विदेशों में व्यापार के अवसरों की तलाश करने वाले भारतीय उद्यमों के हितों को बढ़ावा देने के लिए उनकी वकालत के काम करने के लिए किया गया है। इसके अलावा, ईडी प्रभाग भी भारत में शीर्ष व्यापार कक्षों द्वारा भारत में विशिष्ट व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की गतिविधियों का समर्थन करने के लिए ₹ 6 करोड़ तक के प्रस्तावों को संसाधित किया है।

द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी)

ईडी प्रभाग द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) के मुद्दे पर आर्थिक मामलों के विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। प्रभाग ने दिसंबर 2015 में मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित भारत के नए मॉडल पाठ पर आधारित बीआईटी पर विभिन्न दौर की वार्ताओं में भाग लिया। मौजूदा वर्ष में, प्रभाग ने स्विट्जरलैंड, मोरक्को, ईरान और यूएई के साथ इन वार्ताओं में भाग लिया है। इस प्रभाग द्वारा आदानों और अनुवर्ती कार्रवाई को सुविधाजनक बनाने के संदर्भ में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। ब्राजील के साथ बीआईटी का समापन हो गया है और इस मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय को सलाह दी है कि ब्राजील में नई सरकार के आने के बाद बीआईटी पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

सामाजिक सुरक्षा समझौते (एसएएएस)

विदेश मंत्रालय के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय एसएएएस पर वार्ता शुरू और समाप्त करने के लिए विदेश मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी के रूप में ईडी प्रभाग ने "व्यापक" सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएएएस) पर हस्ताक्षर किए और इन्हें कार्यान्वित किया है। आज तक, भारत ने अठारह देशों - ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, चेक गणराज्य, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, हंगरी, जापान, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया के साथ एसएसएएस पर हस्ताक्षर किए और इन्हें कार्यान्वित किया है। भारत ने कनाडा के क्यूबेक प्रांत के साथ भी एसएसए पर हस्ताक्षर किए हैं, जो संचालन की प्रक्रिया में है। 28 जून 2017 को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान, 2009 में दोनों देशों के बीच किए गए एसएसए में संशोधन प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए

गए थे। संशोधन प्रोटोकॉल ने एसएसए में "निवास का देश" सिद्धांत को शामिल किया जिससे एसएसए में इक्विटी और निष्पक्षता का तत्व आया। भारत-दक्षिण कोरिया एसएसए में गैर-योगदान अवधि को वर्तमान पांच वर्षों से बढ़ाकर कुल आठ वर्ष कर दिया गया है।

जारी वार्ताएँ

भारत और चीन के बीच एसएसए पर पहली तकनीकी बैठक मई 2018 में हुई थी। (पहला पी-5 देश, दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से फायदेमंद, 2019 में फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक पाठ आधारित वार्ता)।

विदेश मंत्रालय एसएसए वार्ता के लिए "सक्षम प्राधिकारी" के रूप में, दक्षिण अफ्रीका, फिलीपींस, थाईलैंड, मेक्सिको, पेरू, साइप्रस आदि कई अन्य देशों के साथ एसएसए में प्रवेश करने की योजना बना रहा है संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सर्व शिक्षा अभियान/समग्रता पर अनौपचारिक विचार-विमर्श चल रहे हैं।

औद्योगिक आउटरीच

उद्योग के क्षेत्र में, प्रभाग ने निम्नलिखित घटनाओं को वित्तपोषित और सह-आयोजित किया:

- अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) टीम की विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ जेएनबी, नई दिल्ली में 9 अप्रैल 2018 को बैठक।
- सैंटियागो, चिली में 1 और 2 अक्टूबर, 2018 को भारतीय उद्योग संघ (सीआईआई) के साथ भारत-लैटिन अमेरिकी और कैरिबियन कॉन्क्लेव।
- नई दिल्ली में 7 अक्टूबर 2018 को इम्पैक्ट इन्वेस्टर्स काउंसिल (आईआईसी) के साथ प्रभाव 2018 ।
- अबूजा (नाइजीरिया) में 8 और 9 अक्टूबर 2018 को सीआईआई के साथ भारत-पश्चिम अफ्रीका क्षेत्रीय कॉन्क्लेव।
- मलेशिया के कुआलालंपुर में 27 नवंबर 2018 को आसियान इंडिया बिजनेस काउंसिल (एआईबीसी) के साथ आसियान -इंडिया बिजनेस समिट के लिए रात्रि भोज और आसियान- इंडिया अचीवमेंट एंड एक्सीलेंस अवार्ड्स नाइट।
- सऊदी अरब में 27 और 28 नवंबर 2018 को बुनियादी ढांचा एवं आवासन क्षेत्र पर एक टीपीसीआई के प्रतिनिधिमंडल का दौरा।
- सूरत, गुजरात में 28 और 29 नवंबर 2018 को दक्षिणी गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसजीसीसीआई) के साथ इंडो आसियान बिजनेस कॉन्क्लेव (आईएबीसी)।

प्रभाग ने निम्नलिखित को लोगो समर्थन और अन्य सुविधा भी प्रदान की:

- 12-16 मार्च 2019 तक आयोजित होने वाले इंडिया स्मार्ट यूटिलिटी वीक 2019 के लिए भारत स्मार्ट ग्रिड फोरम को लोगो समर्थन।
- 20-29 मई 2019 को आयोजित वैश्विक प्राकृतिक संसाधनों के लिए नेटवर्क 18 को लोगो समर्थन।
- नई दिल्ली में 16 नवंबर 2019 को दक्षिण एशिया पावर समिट के आयोजन के लिए सीआईआई को लोगो का समर्थन।
- ताज डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, नई दिल्ली में 9 और 10 अक्टूबर 2018 को खनिज और धातु आउटलुक 2030 पर राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लोगो का समर्थन।

यह प्रभाग विदेश मंत्रालय की राजनीतिक मंज़ूरी प्रदान करने की सुविधा के लिए सत्रह व्यापारिक कार्यक्रमों के समन्वय प्रभाग के लिए अपना अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

व्यापार मंच

16 दिसंबर, 2018 को नई दिल्ली में शीर्ष मंडलों के साथ मालदीव के राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान एक व्यापार मंच का आयोजन किया गया था। एक सीईओ मंच भी आयोजित किया गया था, जिसमें 30 से अधिक अग्रणी भारतीय कंपनियों के सीईओ ने भाग लिया और एक से एक के आधार पर विचार-विमर्श किया ।

सभी प्रमुख व्यापार मंडलों के सहयोग से 25 जनवरी, 2019 को मॉरीशस के प्रधानमंत्री की यात्रा के मुंबई चरण के दौरान एक व्यापार मंच का आयोजन किया गया था। मॉरीशस के प्रधान मंत्री एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और व्यापार मंच का नियोजन पर्यटन, बुनियादी ढांचे आदि जैसे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए किया गया।

ईडी एंड स्टेट्स प्रभाग ने 25 जनवरी, 2019 को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान एक व्यावसायिक कार्यक्रम की भी मेजबानी की। इस आयोजन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करना है और इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आमंत्रितों में ऐसे व्यवसायी/निवेशक शामिल किए जाएंगे, जो संभावित क्षेत्रों में निवेश और व्यापार विकास को आगे बढ़ाने के लिए इच्छुक होंगे।

दिल्ली और मुंबई में 18-19 फरवरी, 2019 को अर्जेंटीना के राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान व्यावसायिक कार्यक्रमों की योजना है। व्यापार मंच सभी संभावित क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच निवेश/व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चर्चा करेगा और बी2बी की सम्बद्धता पर ध्यान केंद्रित करेगा।

जीवंत गुजरात शिखर सम्मेलन, 2019

नौवां जीवंत गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन 18-20 जनवरी, 2019 को गुजरात के गांधीनगर में होने वाला है। शिखर सम्मेलन का उदघाटन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

शिखर सम्मेलन में 19 जनवरी, 2019 को 'अफ्रीका दिवस' भी होगा जिसमें विदेश मंत्री भी उपस्थित रहेंगी। ईडी और राज्य प्रभाग जीवंत गुजरात कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल है और अफ्रीका दिवस सहित व्यापार संवर्धन से संबंधित घटनाओं का नेतृत्व कर रहा है।

गांधी नगर, गुजरात में 9वें वाइब्रेन्ट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रधान मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति (18 जनवरी, 2019)

प्रवासी भारतीय दिवस, 2019

ईडी और राज्य प्रभाग प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल है। यह तैयारी के लिए संचालन समिति का हिस्सा है और आयोजन के दौरान दो पैनल चर्चाएं आयोजित कर रहा है।

चेन्नई में सौर संगोष्ठी

आर्थिक कूटनीति और राज्य प्रभाग, एक्जिम बैंक के साथ मिलकर 8 फरवरी 2019 को चेन्नई में एक सौर संगोष्ठी का आयोजन करेगा, जिसका उद्देश्य भारत में सौर ऊर्जा हितधारकों को एलओसी तंत्र के बारे में सूचित करना है। कार्यक्रम में 200 से अधिक सौर कंपनियों की भागीदारी रहेगी।

कुवैत में भारतीय चिकित्सा पर्यटन

कुवैत में भारत का दूतावास मार्च, 2019 में सीआईआई, एसईपीसी और आईडीएफ, आईबीपीसी जैसे स्थानीय साझेदार संघों के सहयोग से कुवैत में भारतीय चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक आयोजन कर रहा है। ईडी एवं राज्य प्रभाग ने बजट शीर्षक 'बाजार विस्तार गतिविधियाँ' के अंतर्गत इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए ईओआई, कुवैत को 5 लाख रुपए की एक अतिरिक्त राशि आवंटित की है।

आयुष

ईडी एवं राज्य प्रभाग ने अपने आईपी एवं पी बजट से फरवरी/मार्च, 2019 के महीने में आयुष को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम की योजना बना रहा है। यह कार्यक्रम एक भारतीय राज्य में आयोजित किया जाएगा जो परंपरागत रूप से जाना जाता है और जिसके पास आयुष के माध्यम से इलाज/चिकित्सा के लिए बहुत अच्छी सुविधा बनाई गई है।

ऊर्जा

ईडी प्रभाग अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ भारत के संयुक्त सहयोग का समन्वय करता है। प्रभाग ने भारत और आईईए के बीच विकसित द्विवार्षिक कार्य कार्यक्रमों में योगदान दिया है, जिसमें संयुक्त वक्तव्य और 2015-17 के लिए संयुक्त कार्रवाई (जेएस एवं एसजेए) की अनुसूची, नीति आयोग और आईईए के बीच आशय का बयान (एसओआई) साथ ही आईईए और भारत सरकार के बीच 2018-2021 का संयुक्त कार्य कार्यक्रम शामिल है। ईडी प्रभाग आईईए के साथ भारतीय ऊर्जा मंत्रालयों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने वाली प्राथमिक समन्वय एजेंसी भी है।

ईडी प्रभाग बहुपक्षीय मंच पर भारत की ऊर्जा भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के अलावा, लाइन मंत्रालयों के समूह का एक हिस्सा भी है, जो विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय ऊर्जा संवाद को आगे बढ़ाने में शामिल है।

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए)

ईडी प्रभाग ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के मसौदा फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम किया और भावी सदस्य देशों से समर्थन हासिल करने के प्रयासों को गति दी। आईएसए को संधि-आधारित संगठन के रूप में स्थापित करने का प्रयास करने वाला आईएसए फ्रेमवर्क

समझौता, 7-18 नवंबर2016 से मोरक्को के माराकेच में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (सीओपी -22) में पक्षों के 22वें सम्मेलन में हस्ताक्षर के लिए खोला गया था।

आईएसए संस्थापक सम्मेलन 11 मार्च 2018 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रों के अलावा, इक्कीस राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों, छह उप-राष्ट्रपतियों और उप-प्रधानमंत्रियों, प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के रूप में उन्नीस मंत्रियों, बहुपक्षीय बैंकों के प्रमुखों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के शीर्ष प्रतिनिधियों, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, कॉर्पोरेट समाज, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के कॉर्पोरेट क्षेत्र और दुनिया भर के चिंतकों ने सम्मेलन में भाग लिया। प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की क्रेडिट लाइन (एलओसी) का विस्तार करने की भारत की प्रतिबद्धता की घोषणा की जो पंद्रह देशों में सत्ताईस परियोजनाओं को शामिल करेगी। इन परियोजनाओं में सौर पीवी बिजली संयंत्र की स्थापना, मिनी ग्रिड और ऑफ ग्रिड उपयोग, सिंचाई, ग्रामीण विद्युतीकरण, स्ट्रीट लाइटिंग, शहरी बुनियादी ढांचे के लिए सौर ऊर्जा, स्वास्थ्य, अस्पतालों, कॉलेजों, स्कूलों, सरकारी प्रतिष्ठानों, कम आय वाले परिवारों आदि शामिल होगी।

इकहत्तर देशों ने आईएसए के फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि इनमें से अड़तालीस देशों ने फ्रेमवर्क समझौते की पुष्टि भी की है। गठबंधन ग्रामीण और विकेंद्रीकृत अनुप्रयोगों, किफायती वित्त, द्वीप और गांव के सोलर मिनी ग्रिड, रूफटॉप इंस्टॉलेशन और सौर ई-मोबिलिटी प्रौद्योगिकियों तक पहुंच पर ध्यान केंद्रित करेगा। आईएसए का उद्देश्य सदस्य देशों को संगठित करना, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से प्रतिबद्धताओं की तलाश करना और व्यवसाय और निजी क्षेत्र की समिति का गठन कर निजी क्षेत्र को गतिशील करना है। आईएसए सदस्य देशों में सौर प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों और संसाधन केंद्र के अंतर्गत सौर संसाधन केंद्रों का एक नेटवर्क बनाकर सौर ऊर्जा अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देगा, प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थापित करेगा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी विकसित करेगा, और सौर पुरस्कार व फैलोशिप आरंभ करेगा। आईएसए एक आम गारंटी तंत्र बनाकर और परियोजना डेवलपर्स और निवेशकों को एक साथ लाने के लिए एकल खिड़की मंच के विकास की सुविधा के द्वारा नई सौर ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण का भी समर्थन करेगा।

आईएसए की पहली आम सभा 2-5 अक्टूबर 2018 से नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। महासभा के दौरान आईएसए को सभी देशों के लिए खोलने का प्रस्ताव पेश किया गया था। जो देश कर्क रेखा और मकर रेखा के बाहर आते हैं, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं और फ्रेमवर्क समझौते में दिए गए उद्देश्यों और गतिविधियों में योगदान करने के लिए तैयार और सक्षम हैं उन्हें एक भागीदार देश का दर्जा दिया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने आईएसए को संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार और प्रतिरक्षा) अधिनियम, 1947 (1947 का 46) के अंतर्गत अधिसूचित किया है।

नागर विमानन

नागरिक विमान के क्षेत्र में, प्रभाग ने नागरिक विमानन मंत्रालय के साथ मिलकर द्विपक्षीय हवाई सेवा वार्ता पर काम किया। विदेश मंत्रालय इन मुद्दों पर और पर्यटन को बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय/बहुपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए उड़ान संचालन या कोड शेयर की आवश्यकता पर भी इनपुट प्रदान करता है।

नागरिक विमानन मंत्रालय ने 15 और 16 जनवरी 2019 को मुंबई में आयोजित होने वाले ग्लोबल एविएशन समिट की योजना बनाई है, उन्होंने मंत्रियों और नागर विमानन प्राधिकरणों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने विदेशों में अपने मिशनों के माध्यम से निमंत्रण भेजने और ऐसे अधिकारियों से पुष्टि प्राप्त करने के संदर्भ में पर्याप्त सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में नागर विमानन और वाणिज्य मंत्री के निवास पर आयोजित कार्यक्रम के लिए विदेशी निवासी मिशनों के प्रमुखों की उपस्थिति की सुविधा प्रदान की।

विदेश मंत्रालय ने मोरक्को, फिलीपींस, सर्बिया, इंडोनेशिया, यूएई और फ्रांस के साथ द्विपक्षीय हवाई सेवा वार्ता में भाग लिया। सर्बिया और मोरक्को के साथ हवाई सेवा समझौते संपन्न किए गए।

प्रवासी आउटरीच

ईडी प्रभाग ने नई दिल्ली में 14 जुलाई 2018 को 'किफायती अपशिष्ट प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण में भारतीय प्रवासियों की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पैनल चर्चा का समन्वय किया। प्रवासी भारतीयों और प्रमुख नीति निर्माताओं ने प्रवासी भारतीयों को भारत के विकास से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की। विदेश मंत्री (ईएएम) श्रीमती सुषमा स्वराज ने पैनल की अध्यक्षता की और पेयजल और स्वच्छता मंत्री श्रीमती उमा भारती एक दिवसीय पैनल चर्चा की सम्मानित अतिथि थीं, कई महत्वपूर्ण विचार/सुझाव प्राप्त हुए, जो भारत के विकास के प्रयासों में प्रवासी भारतीयों की सक्रिय भागीदारी के लिए प्रवासी भारतीयों को जोड़ने में मदद कर सकते हैं। विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से संबंधित सिफारिशें आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं।

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंवेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) की तीसरी वार्षिक बैठक

ईडी प्रभाग ने अंतर-मंत्रालयी समिति के सदस्य के रूप में, 22-27 जून 2018 के बीच, मुंबई में एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इनवेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) की तीसरी वार्षिक बैठक का सह-आयोजन किया। बैठक एशिया में समृद्धि और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए इसकी उधार देने की क्षमता बढ़ाने के लिए आशावादी टिप्पणी पर संपन्न हुई। बैठक का विषय था : इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए वित्त जुटाना: नवाचार और सहयोग'। इसका प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया और एआईआईबी के छियासी सदस्य देशों से 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया।

निर्यात-विदेशी मुद्रा अर्जन परियोजनाएँ

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय निर्यात बीमा खाता (एनईआईए) ट्रस्ट के अंतर्गत क्रेडिट इंश्योरेंस कवर के लिए ईसीजीसी लिमिटेड से प्राप्त प्रभाग प्रक्रिया के मामलों को ईसीजीसी लिमिटेड द्वारा प्रशासित किया जाता है। यह कोष परियोजनाओं/अनुबंधों की आपूर्ति सहित बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारतीय निर्यातकों का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। एनईआईए की ओर से ऐसे मध्यम और बड़े परियोजना निर्यात को सहायता दी जाती है जो एग्जिम बैंक और ईसीजीसी लिमिटेड की हामीदारी क्षमता से परे हैं। इस तरह के प्रस्तावों की मंजूरी और निगरानी वाणिज्य सचिव की अध्यक्षता वाली निर्देश समिति (सीओडी) द्वारा की जाती है। विदेश मंत्रालय भी सीओडी का सदस्य है और विदेश मंत्रालय में सीओडी और ईडी एवं राज्य प्रभाग के इस विषय को संभालते हैं। रिपोर्ट की अवधि के दौरान, विदेश मंत्रालय का भारतीय कंपनियों द्वारा सुरक्षित 965 करोड़ रुपए के आठ विदेशी अनुबंधों के लिए, राजनीतिक कोण से अनापत्ति दी गई थी, जिनमें दो परियोजनाएं अफगानिस्तान में और शेष मुख्य रूप से अफ्रीकी देशों में थीं। प्रभाग ने इस अवधि के दौरान आयोजित दो सीओडी बैठकों में विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया और देश की आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों पर पर्याप्त जानकारी प्रदान की तथा इन देशों के साथ हमारे संबंधों पर भी विचार दिए ताकि परियोजनाओं के लिए आवश्यक क्रेडिट/बीमा कवर सहायता प्रदान करने पर एक संतुलित दृष्टिकोण लिया जा सके।

अधिशेष चीनी का निर्यात

पिछले सत्रों में चीनी के अधिशेष उत्पादन और अक्टूबर 2018 से शुरू हुए चालू मौसम से अनुमानित अधिशेष के साथ, चीनी के निर्यात से चीनी मिलों की तरलता संकट को कम करना आवश्यक हो गया है जिससे उन्हें किसानों को

गन्ने की बकाया रकम का समय पर भुगतान करने में सक्षम बनाया गया है। एक बैठक के बाद, तीन प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया गया था जो विभिन्न समयों पर संबंधित देशों में अधिकारियों के साथ बैठक करने के लिए इंडोनेशिया और मलेशिया, चीन और कोरिया और बांग्लादेश जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने यात्रा की सुविधा प्रदान की, संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकें तय कीं और फलदायक चर्चाएँ हुईं। विदेश मंत्रालय लगातार विभिन्न संबंधित मंत्रालयों के संपर्क में है और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव समर्थन प्रदान कर रहा है कि भारत से चीनी निर्यात को अधिकतम किया जा सके। इस प्रभाग ने अन्य देशों में भारतीय मिशनों/पोस्टों से संचार प्राप्त किया है, जो भारत से चीनी आयात करने के इच्छुक हैं।

भारत-संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त आयोग का 12वां सत्र

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 3 और 4 दिसंबर, 2018 को अबू धाबी में आयोजित भारत-संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त आर्थिक, व्यापार और तकनीकी सहयोग आयोग के 12 वें सत्र की सह-अध्यक्षता के लिए संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। जेसीएम ने आर्थिक, व्यापार और निवेश, कांसुलर, वीजा, रोजगार और आव्रजन के क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात के साथ हमारे सहयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

ईडी वेबसाइट

ईडी प्रभाग अपनी वेबसाइट `www.indbiz.gov.in' (http://164.100.163.203 पर सुलभ) के नवीनीकरण की प्रक्रिया में लगा रहा है। संशोधित वेबसाइट का उद्देश्य विदेशी उद्यमों के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और व्यापारिक वातावरण के साथ-साथ विदेशों में जाने वाले भारतीय व्यवसायों और भारतीय मिशनों और पोस्टों के लिए भारत की सभी सूचनाओं का एक स्रोत होना है। यह भारत के फायदों, भारत की एक सामान्य, आर्थिक, राजनीतिक और जनसांख्यिकी प्रोफ़ाइल, भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जानकारी, क्षेत्रीय अवसरों और सफलता की कहानियों, राज्य के प्रमुख लाभों, राज्य एजेंसियों, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अद्यतन और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत की असंख्य रेटिंगों को उपलब्ध कराता है। वेबसाइट अब निकट भविष्य में आरंभ से पहले अंतिम मंज़ूरी प्राप्त करने के चरण में है।

संसाधनों का वैश्विक मानचित्रण

ईडी प्रभाग ने मिशनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर जून 2018 में सामग्री, खनिज, प्रौद्योगिकी और कौशल के वैश्विक मानचित्रण के लिए एक अभ्यास किया था। इस अभ्यास को राज्य सरकारों के लिए और अधिक प्रासंगिक बनाने की दिशा में एक दृष्टिकोण के साथ परिष्कृत किया गया है, ताकि उन्हें संभावनाओं के प्रति सचेत किया जा सके और उनकी ताकत और रुचियों का मिलान किया जा सके, साथ ही साथ इसमें विदेशों में कृषि निर्यात और रोजगार के अवसरों की संभावनाओं को भी शामिल किया जा सके।

डाक के बुनियादी ढांचे के डिजिटलीकरण पर दर्पण परियोजना

ईडी प्रभाग ने टेलीकम्युनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) और रिकोह (इंडिया) लिमिटेड (आरआईएल) द्वारा डाक के बुनियादी ढांचे के डिजिटलीकरण पर दर्पन परियोजना के निष्पादन के लिए डाक विभाग (डीओपी) के साथ काम किया।

नौवेले गैबॉन खनन एसए (एनओजीए) में MOIL इक्विटी भागीदारी

प्रभाग ने मैंगनीज अयस्क इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) को गैबॉन में एक मिलियन मीट्रिक टन फेरोलाइल स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए नौवेले गैबॉन माइनिंग एसए (एनओजीए) में इक्विटी भागीदारी के इसके प्रस्ताव में सहायता प्रदान की।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून (यूएनसीआईटीआरएएल) पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के कार्य समूह- III का 35वां सत्र

प्रभाग ने निवेशक-राज्य विवाद निपटान (आईएसडीएस) के संभावित सुधार पर 23-27 मई 2018 से संयुक्त राष्ट्र आयोग के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून (यूएनसीआईटीआरएएल या आयोग) के कार्यकारी समूह- III में भाग लिया।

सॉफ्टवेयर उत्पादों पर औद्योगिक नीति और राष्ट्रीय नीति

प्रभाग ने प्रस्तावित औद्योगिक नीति और सॉफ्टवेयर उत्पादों पर राष्ट्रीय नीति - 2018 में सहयोग किया, जो दो प्रस्तावित नीतियों के विकास के लिए एक रणनीतिक आर्थिक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

सीएलएमवी क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक और आर्थिक कार्यसूची

इस प्रभाग ने अप्रैल 2018 में सीएलएमवी क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक और आर्थिक कार्यसूची पर सीआईआई संवाद में भाग लिया और सीआईआई अफ्रीका समिति 2018-19 और दिसंबर 2018 में एसोचैम भारत-अफ्रीका संवाद में संबंधित क्षेत्रों के लिए भारत की आर्थिक रणनीति को रेखांकित किया।

भारत में विदेशी बैंकों की उपस्थिति

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के अंतर्गत एक अंतर-विभागीय समिति (आईडीसी) का गठन किया गया है, जो भारत में परिचालन की तलाश कर रहे विदेशी बैंकों और विदेश में कार्यालय खोलने के इच्छुक भारतीय बैंकों के प्रस्तावों की जांच करती है। ये प्रस्ताव आरबीआई द्वारा सरकार के विचार के लिए आगे लाए गए हैं। विदेश मंत्रालय समिति में सदस्य है। चालू वित्त वर्ष में, विदेश मंत्रालय ने राजनैतिक कोण से छह प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दी जिसमें विदेशी बैंको से चार और विदेश में अपने कार्यालय स्थापित करने के लिए एसबीआई से दो प्रस्ताव शामिल हैं। इस मंत्रालय ने भारत में अपनी शाखा स्थापित करने के लिए बैंक ऑफ चाइना को अनुमति दिलाने के लिए जानकारी और पक्षपोषण के मामले में पर्याप्त योगदान दिया। यह प्रस्ताव लंबे समय से बिना किसी निर्णय के लंबित था।

इस प्रभाग ने मौजूदा संपर्क कार्यालय (एलओ)/शाखा कार्यालय (बीओ)/ परियोजना कार्यालय (पीओ) आदि के नियमित/नियमितीकरण के सोलह प्रस्तावों के लिए राजनीतिक कोण से मंजूरी की सुविधा प्रदान की। प्रभाग ने ऐसे मामलों की मंजूरी की प्रगति की निगरानी के लिए आरबीआई की त्रैमासिक बैठकों में भी भाग लिया। प्रभाग द्वारा दी गई जानकारी से मामलों के शीघ्र निर्णय में मदद मिली है।

विभिन्न बोर्डों/समितियों की टिप्पणियाँ

अतिरिक्त सचिव (ईडी और राज्य) ईओयू और सेज के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीईएस) (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय), परियोजना निर्यात संवर्धन परिषद (पीईपीसी), इंडिया ट्रेड प्रमोशन संगठन (आईटीपीओ), इन्वेस्ट इंडिया, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (आईआईएफटी), इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी), डब्ल्यूएपीसीओएस आदि कई बोर्डों/समितियों में सदस्य/निदेशक के रूप में विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हैं। ईडी एवं स्टेट्स प्रभाग के अन्य अधिकारी भी मत्स्य समितियों, कोल प्रिपरेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीपीएसआई), दालों के कार्टेलिजेशन/होर्डिंग पर गठित समूह, मार्केट एक्सेस इनिशिएटिव (एमएआई) जैसी समितियों में विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन बोर्डों/समितियों के भाग के रूप में, ईडी और राज्य प्रभाग नियमित रूप से इनकी बैठकों में भाग लेते हैं और विदेश मंत्रालय को आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

कार्यक्रमों का प्रचार

ईडी प्रभाग ने उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2018, फार्मा मेडिकल डिवाइस एक्सपो जैसे कार्यक्रमों का प्रचार किया और इन कार्यक्रमों में हितधारकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इंडिया स्टील एक्सपो 2019 जैसे कार्यक्रमों का प्रचार करना जारी रखा है।

मध्यस्थता के मामले

विदेशी निवेशकों द्वारा विभिन्न द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौतों (बीआपीएएस) के अंतर्गत भारत सरकार (जीओआई) के खिलाफ दो दर्जन कानूनी विवाद/मध्यस्थताएं उठाई गईं, जिनमें भारत 1990 और 2000 की शुरुआत में विभिन्न देशों के साथ शामिल हुआ था। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईआर) इन मामलों से निपटने के लिए गठित अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) के सदस्य हैं, ईडी प्रभाग ने इन बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया है और साथ ही अन्य बैठकों में भारत सरकार के बयान की तैयारी और अंतिम रूप देने पर विचार किया है।

प्रभाग ने भारत-नीदरलैंड बीआईपीए के अंतर्गत वोडाफोन इंटरनेशनल होल्डिंग्स; भारत-ब्रिटेन बीआपीए के अंतर्गत वोडाफोन; भारत- ब्रिटेन बीआईपीए के अंतर्गत केयर्न एनर्जी और वेदांत दोनों; भारत-जापान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के अंतर्गत निसान मोटर्स; भारत-फ्रांस बीआईपीए के अंतर्गत लुई ड्रेफस एमेटर्स; भारत-यूएई बीआईपीए के अंतर्गत रास-अल-खैमाह निवेश प्राधिकरण; भारत-मॉरीशस बीआईपीए के अंतर्गत खेतान होल्डिंग्स; भारत-मॉरीशस बीआईपीए के अंतर्गत कैरिसा इनवेस्टमेंट्स एलएलसी; भारत-पुर्तगाल बीआईपीए के अंतर्गत मैस्करेनहास के संबंध में ऐसी बैठकों में भाग लिया है।

ईडी प्रभाग ने यूएनसीआईटीआरएएल द्वारा किए गए निवेशक-राज्य विवाद निपटान तंत्र में सुधार में भी योगदान दिया ।

15

राज्य

शहरों/ राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश सरकारों व विदेशी सरकारों के बीच जुड़वां शहर/ जुड़वां राज्य और अन्य समझौते के हस्ताक्षर की सुगमता।

राज्य प्रभाग ने 9 अप्रैल, 2018 को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बार्कले एवं अरूणाचल प्रदेश राज्य के बीच समझौता पर हस्ताक्षर का समन्वय किया।

इस प्रभाग ने दिल्ली और सियोल (सियोल मेट्रोपोलिटन सरकार) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए दिनांक 18 मई, 2018 को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की सहायता की।

इस प्रभाग ने पणजी (गोवा) और विक्टोरिया (सेसेल्स) के बीच युग्म समझौता पर हस्ताक्षर करने के लिए 22 जून, 2018 को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय को सहायता दी।

राज्य प्रभाग ने विश्व बैंक की सहायता से असम राज्य सड़क परियोजना फेज-।। के कार्यान्वयन के लिए असम सरकार के प्रस्ताव पर अनुमति देने में वित्ती मंत्रालय के साथ समन्वय किया।

विभाग ने संबंधित प्रादेशिक प्रभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद 5 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और मास्को के बीच एक समझौता विस्तार पर हस्ताक्षर को सुकर बनाया है।

प्रभाग ने पशुपालन एवं पशुचिकित्सा विभाग, मेघालय सरकार तथा वेलोनिया के पशु उतपाद के संवर्धन-प्रोआनिवल, वालोनिया क्षेत्र, बेल्जियम राज्य के बीच समझौता किए जाने वाले प्रस्तावित एमओयू के संबंध में मेघालय सरकार की सहायता की।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न समझौतों/एमओयू पर कार्रवाई की जा रही है। इनमें से कुछेक पर राज्य सरकार से अनुमति की प्रतीक्षा है।

राज्यों की बाहरी पहुंच को सुकर बनाना।

राज्य प्रभाग ने 1 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली में जम्मू और कश्मीर का 'पर्यटन सड़क शो' के आयोजन को सुकर बनाया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यटन राज्य मंत्री श्री के. जे. अल्फोंज द्वारा किया गया था और इसका लक्ष्य जम्मू व कश्मीर तथा लद्दाख के बौद्ध सर्किट की पर्यटन क्षमता में दिल्ली/ राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र (एनसीआर) के प्रमुख पर्यटन आपरेटरों में रूचि जगाना तथा साथ हीं, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जम्मू और कश्मीर सरकार का प्रदर्शन गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस प्रभाग ने सड़क शो में भागीदारी करने के लिए विदेशी मिशनों को आमंत्रित करते हुए उनके विभिन्न मिशन प्रमुखों को लिखित रूप में लिखते हुए इस कार्यक्रम को प्रचारित किया।

प्रभाग ने गुवाहाटी में 3 एवं 4 फरवरी, 2018 को आयोजित 'वैश्विक निवेशकर्ता सम्मेलन- असम के लिए लाभकारी' कार्यक्रम में भाग लिया। इस सम्मेलन और प्रदर्शनी का लक्ष्य असम की आर्थिक और निर्माण मजबूती को प्रदर्शित करना था। इस प्रभाग ने इस मंत्रालय के विभिन्न प्रादेशिक प्रभागों के साथ परामर्श कर विभिन्न विदेशी राजनयिकों को संबोधित आमंत्रण पत्रों को भेजकर इस कार्यक्रम को सुकर बनाया।

इस प्रभाग ने मुम्बई में 18-20 फरवरी, 2018 को 'वैश्विक निवेशक सम्मेलन, मैग्नेटिक महाराष्ट्र: अभिसरण 2018' में विदेश मंत्रालय (एमईए) का प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन की योजना भावी उद्योग, रोजगार, अवसंरचना और धारणीयता के चार प्रमुख स्तंभों के लिए बनाया गया और इसका लक्ष्य महाराष्ट्र को विश्व स्तरीय गंतव्य के रूप में बनाने के संबंध में उद्योग कैप्टन और प्रबुद्ध वर्ग के विचार जानने के लिए एक मंच के रूप इस्तेमाल करना था।

इस प्रभाग ने आंध्र प्रदेश- भारत उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 24वें संस्करण में भाग लिया जिसका आयोजन 24-26 फरवरी, 2018 को विशाखापतनम में किया गया। इस साझेदारी सम्मेलन का विषय ''चार्टिंग इंडियाज ग्लोबल इंटेग्रेशन स्ट्रेटेजी'' था तथा इसका उप विषय विश्व व्यापार, व्यापार सुगमता, भारत सरकार के ध्वजरोधक कार्यक्रम, उद्योग 4.0 एयरोस्पेस और रक्षा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, अवसंरचना वित्तपोषण, कौशल विकास और स्टार्टअप में भारत की भूमिका थी।

राज्य प्रभाग ने 3 मई, 2018 और 11 मई, 2018 को पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस)- अंतर मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की सभी बैठकों में हिस्सा लिया जिसका आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) के सचिव की अध्यक्षता में किया गया था।

इस प्रभाग ने विदेश मंत्रालय के विदेश संपर्क पहल के तहत 30 अगस्त, 2018 को गांधी नगर में हुए चौथे विदेश मंत्रालय राज्य पहुंच सम्मेलन में भागीदारी की।

इस प्रभाग ने विदेश मंत्रालय के विदेश संपर्क पहल के तहत 24 सितम्बर, 2018 को 5वें एमईए राज्य पहुंच सम्मेलन में भाग लिया।

इस प्रभाग ने विश्व तमिल आर्थिक प्रतिष्ठान द्वारा 1-15 अक्टूबर, 2018 को आयोजित पांडिचेरी वैश्विक आर्थिक सम्मेलन में विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया।

राज्य प्रभाग के अधिकारियों ने एमईए राज्य पहुंच कार्यक्रम के भाग के रूप में और 8 दिसम्बर, 2018 को भुवनेश्वर, ओडिशा का दौरा किया।

नई दिल्ली में विदेशी कूटनीतिज्ञों के साथ राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के सरकारों के साथ परस्पर बातचीत।

राज्य प्रभाग ने 24 मई, 2018 को जवाहरलाल नेहरू भवन (जेएनबी), नई दिल्ली में एक बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के महानिदेशक द्वारा की गयी थी और के विभिन्न राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से ईकतीस निवासी आयुक्तों/अधिकारियों ने इसमें भाग लिया। इस बातचीत का प्रमुख ध्यान आईसीसीआर के समक्ष आने वाली कठिनाईयों पर था जबकि भारत के विभिन्न भागों में विदेशी छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन/ शीतकालीन शिविरों का आयोजन किया गया।

इस प्रभाग ने एचओएम द्वारा राज्यों के दौरों के रिपोर्टों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न राज्यों और राज्य निवासी आयुक्तालयों के प्रतिनिधियों के लिए भारतीय मिशन प्रमुख (एचओएम) के बीच प्रवासी भारतीय केन्द्र में 30 जून, 2018 को एक बैठक का आयोजन भी किया।

प्रभाग ने जेएनबी, नई दिल्ली में 12 अक्टूबर, 2018 को कार्बनिक और मिलेट के लिए कर्नाटक राज्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (जिसका आयोजन 18-20 जनवरी 2019 को हुआ था) के संबंध में एक संक्षिप्त बैठक का आयोजन किया जिसमें नई दिल्ली में विदेशी मिशनों के प्रमुख और कर्नाटक सरकार के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

राज्य प्रभाग ने बंगलुरू में 18-20 जनवरी, 2019 के दौरान अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला- जैविक और मिलेट 2019 में भाग लेने के लिए विदेशी राजदूतों को आमंत्रित करने में कर्नाटक सरकार के साथ समन्वय किया और उनसे अनुरोध किया है कि वे अपने संबंधित राष्ट्रों से व्यापारिक/ कारोबारी शिष्टमंडल भेजें।

प्रभाग ने झारखंड के मुख्य मंत्री के साथ 9 अक्टूबर, 2018 को बैठक और रात्रि भोज कार्यक्रम के लिए विदेशी राजदूतों को आमंत्रित करने में झारखंड सरकार के साथ समन्वय भी किया। यह जेएनबी, नई दिल्ली में 19 सितम्बर, 2018 को वैश्विक कृषि और खाद्य सम्मेलन 2018 के संबंध में नई दिल्ली में झारखंड राज्य के अधिकारियों और विभिन्न विदेशी कूटनीतिज्ञों की बैठक के राज्य प्रभाग के पूर्व सुविधा के क्रम में था।

इस प्रभाग ने 6 नवम्बर, 2018 को जेएनबी, नई दिल्ली में 3-5 फरवरी, 2019 के दौरान अनुसूचित 23वें अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी मेला (आईईटीएफ) 2019 के संबंध में एक संक्षिप्त बैठक का आयोजन किया जिसमें नई दिल्ली में स्थिति विभिन्न विदेशी मिशनों के प्रमुखों, भारतीय उद्योग संघ (सीआईआई) के अधिकारियों ने भाग लिया।

भारत में दुर्दशा में विदेशी नागरिकों को सहायता।

'दुर्दशा में विदेशी नागरिकों को सहायता' के अंतर्गत राज्य प्रभाग महाराष्ट्र में विदेशी नागरिकों के संबंध में पुलिस से रिपोर्ट लेने तथा उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए अधिकारियों के तत्काल संपर्क में रहा जब एक ब्रिटिश नागरिक की 22 जनवरी, 2018 को मुम्बई हवाई अड्डे पर कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया गया तथा उत्तर प्रदेश में जब दो स्विस नागरिकों का आगरा में कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया गया। 27 जनवरी, 2018 को एक नाईजीरियाई नागरिक को कानपुर में गिरफ्तार किया गया; 03 जनवरी, 2018 को वाराणसी में एक स्पेनिश नागरिक को लूट लिया गया; 05 जनवरी, 2018 को एक युक्रेनी नागरिक की मृत्यु हो गयी; 23 जनवरी, 2018 को उपचार के दौरान वृंदावन में एक थाईलैंड नागरिक की जान चली गयी; 8 फरवरी, 2018 को वाराणसी में एक जापानी नागरिक को लूट लिया गया; 13 दिसम्बर, 2018 को वाराणसी में एक सिंगापुर नागरिक को कथित रूप से लूट लिया गया; 29 जनवरी, 2018 को उपचार के दौरान एक मारिशस नागरिक की मृत्यु हो गयी; 12 फरवरी, 2018 को वृंदावन में एक ईरानी नागरिक की मृत्यु हो गयी; 18 फरवरी, 2018 को मथुरा में एक ब्रिटिश नागरिक को विकट स्थिति में अस्पताल में भर्ती किया गया। यह प्रभाग हरियाणा में विदेशी नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए भी अधिकारियों के साथ संपर्क किया जब एक दक्षिण कोरियाई महिला के साथ गुरूग्राम में 10 फरवरी, 2018 को लोगों के एक समूह द्वारा कथित रूप से दुर्व्यहार और यौन उत्पीड़न किया गया।

इसने केरल में लातिवियाई नागरिक लिगा स्क्रोमने द्वारा सहायता के लिए विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की सहायता लेने के लिए पीड़ित के परिवार के सदस्यों द्वारा ट्विट किया गया तो उनके गुम हो जाने के मुद्दे पर केरल राज्य सरकार के साथ समन्वय किया। बाद में 3 अप्रैल, 2018 को संयुक्त सचिव (आर्थिक कूटनीति और राज्य) ने इस मामले पर चर्चा करने के लिए केरल का दौरा किया और उसके बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक द्वारा इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया तथा गुमशुदा लातिवियाई नागरिक के बारे में सूचना देने के लिए 2 लाख रूपए के ईनाम की घोषणा की।

इसके अतिरिक्त, राज्य प्रभाग ने मंत्रालय में संबंधित प्रादेशिक प्रभागों को विदेशी नागरिकों के संबंध में राज्यों से प्राप्त सूचना पुलिस को अग्रेषित करने तथा याचिकाओं के निपटान के लिए राज्य प्राधिकारियों को विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज को संबोधित कई याचिकाएं भी अग्रेषित की।

राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में उनके दौरे के दौरान भारत में अवस्थित विदेशी मिशन प्रमुखों/ कूटनीतिज्ञों को सुविधा प्रदान करना।

प्रादेशिक प्रभागों, राज्य रेजिडेंट आयोगों और राज्यप्राधिकारियों के साथ निकट सहयोग के साथ प्रभाग ने भारत स्थित डेनमार्क, फ्रांस, घाना, जापान, कजाखस्तान, न्यूजीलैंड, युनाइटेड किंग्डम, ऑस्ट्रेलिया, चीन, साइप्रस, गेवोरोन, ग्रीस, इंडोनेशिया, इस्राइल, मलेशिया, नीदरलैंड और रूस के विदेशी दूतावासों से कूटनीतिज्ञों का विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में दौरे को सुकर बनाया।

विदेशी शिष्टमंडलों के राज्यों के दौरे को सुकर बनाना।

प्रादेशिक प्रभागों, राज्य रेजिडेंट आयोगों और राज्य प्राधिकारियों के निकट सहयोग के साथ इस प्रभाग ने अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल, सिंगापुर, बेल्जियम, भूटान, कनाडा, यूरोपीय संघ, श्रीलंका, स्वीडन, थाइलैंड, नोर्डिक देशों व यूएई के राष्ट्रपतियों/ उपराष्ट्रपतियों/ प्रधानमंत्रियों/ मंत्रियों/ राज्यपालों/ मेयरों और अन्य गण्यमान्यों को भारत के विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में दौरे को सुकर बनाया।

प्रत्यायन के अपने संबंधित राज्य में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के संवर्धन के लिए मिशनों/ पोस्टों के लिए 'राज्य सुविधा विदेशी' निधि।

राज्य प्रभाग ने विदेश स्थित विभिन्न मिशनों/ पोस्टों से इनपुटों को ध्यान में रखते हुए तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 में 'विदेश स्थित राज्य सुविधा' शीर्षक के अंतर्गत निधियों की उपलब्ध्ता को ध्यान में रखते हुए 30 मई, 2018 को राज्य विशिष्ट गतिविधियों को करने के लिए 5 करोड़ रूपए की राशि विदेश स्थित 105 भारतीय मिशनों/पोस्टों को जारी की।

प्रभाग ने असम को एक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए दिनांक 12 और 13 अगस्त, 2018 को असम सरकार के मंत्री श्री चंद्र मोहन पोटावरी का ग्वांगजोउ, चीन के दौरे को सुकर बनाया।

इसने आंध्र प्रदेश के शिष्टमंडल के साथ यहां के मुख्य मंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू का दिनांक 25 और 26 सितम्बर, 2018 को न्यूयार्क का दौरा सुकर बनाया बनाया जिन्होंने संभावित निवेशकों और कंपनियों के साथ बातचीत की जो न्यूयार्क राज्य में कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने दिनांक 26 सितम्बर, 2018 को आंध्र प्रदेश सरकार, अमेरिका-भारत कारोबार परिषद् तथा भारतीय उद्योग संगठन (सीआईआई) द्वारा आयोजित उद्योग गोल मेज वार्ता में भी हिस्सा लिया।

इस प्रभाग ने 1 अक्टूबर, 2018 को शिकागो में श्री अरविंद अग्रवाल (अपर मुख्य सचिव (वित्त)) की अगुवाई वाले गुंजायमान गुजरात शिष्टमंडल के दौरे को भी सुकर बनाया। अमेरिका-भारत नीतिगत साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से शिकागो में हमारे वाणिज्य दूतावास ने गुंजायमान गुजरात वैश्विक सम्मेलन, 2019 के लिए एक अग्रदूत के रूप में एक बहुक्षेत्रीय सड़क शो का आयोजन किया। इस आयोजन में लगभग 150 लोगों ने हिस्सा लिया।

व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रभाग ने खारतूम, सूडान में 18 नवम्बर, 2018 को चौथे सूडानी अंतरराष्ट्रीय तिलहन सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुख्यत: गुजरात/ कर्नाटक/ महाराष्ट्र से कंपनियों की भागीदारी को सुकर बनाया।

राज्यों में आयोजित दौरों/ घटनाओं और कार्यक्रमों को सुकर और सहायता के लिए राज्य सुविधा व ज्ञान सहायता कोष।

इस प्रभाग ने 'राज्य विशिष्ट क्रियाकलापों' के संबंध में 06 मई, 2018 को हैदराबाद में एक दिवसीय 'आर्थिक, कूटनीतिक, विकास और विकेन्द्रीकृत सहयोग संबंधी सम्मेलन' के आयोजन के लिए शाखा सचिवालय, हैदराबाद के लिए 6.5 लाख रूपए की राशि जारी की, इस सम्मेलन का उद्घाटन विदेश राज्य मंत्री जेनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया ।

इस प्रभाग ने 'राज्य विशिष्ट क्रियाकलापों' को करने के लिए शाखा सचिवालय प्रमुख, गुवाहाटी को 10 लाख रूपए तथा पासपोर्ट कार्यालय, रांची को 50,000 रूपए की राशि संस्वीकृत की।

इस प्रभाग ने 11-15 अक्टूबर, 2018 को पांडिचेरी वैश्विक आर्थिक सम्मेलन, 2018 तथा पांचवें विश्व तमिल सम्मेलन को आयोजित करने के लिए विश्व तमिल आर्थिक प्रतिष्ठान को 12 लाख रूपए की राशि संस्वीकृत की। इस प्रभाग ने इस कार्यक्रम में मंत्रालय का भी प्रतिनिधित्व किया।

इस प्रभाग ने अहमदाबाद में 14 सितम्बर, 2018 को 12वें वैश्विक एफएडी 2018-प्रौद्योगिकी -निवेश- सुरक्षा हेतु खाद्य प्रसंस्करण, कृषि कारोबार, डेयरी के संबंध में कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए भारत के एसोसिएट चैम्बर आफ कॉमर्स (एसोचेम) को पांच लाख रूपए की राशि संस्वीकृत की।

प्रभाग ने 20 नवम्बर, 2018 को मैसर्स प्रैक्टिस स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को मूल विषय वस्तु सृजन, इंफोग्राफिक डिजाइन, डेवलपिंग और ईडी एवं राज्य प्रभाग की वेबसाइट की मेजबानी के लिए क्यू 3 के भुगतान, प्रथम वर्ष (जनवरी-मार्च, 2018) और क्यू 4, प्रथम वर्ष (अप्रैल-जून, 2018) के लिए 62,51,700 रूपए की राशि संस्वीकृत की।

आईएफएस अधिकारियों की राज्य पहचान/ विशेषता

प्रभाग ने मिशन प्रमुख सम्मेलन, 2018 के समक्ष 27-28 जून, 2018 को भारत के विभिन्न राज्यों के लिए भारतीय मिशन प्रमुखों के पहचान दौरों को सुकर बनाया। राज्यों से अनुरोध किया गया था कि वे (एक) भारतीय मिशन प्रमुख (एचओएम) के दौरों को सुकर बनाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करे; (दो) स्वागत, आवास सुविधा और परिवहन सुविधा की व्यवस्था करें; और (तीन) राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ भ्रमणकारी भारतीय एचओएम हेतु नियुक्ति निर्धारित करे। राज्यों में विभिन्न विभागों के मुख्य सचिवों के साथ राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक आयोजित करने का भी अनुरोध किया गया था।

प्रभाग ने विभिन्न भारतीय मिशनों/ विदेश स्थित पोस्टों के साथ कठिनाई में रह रहे भारतीयों को वापस भेजने के लिए राज्य अधिकारियों से प्राप्त अनुरोधों का समन्वयन किया और साथ हीं विदेश में कार्यरत गुम हुए भारतीयों का पता लगाने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें सुरक्षित घर लाने के लिए उनके साथ संपर्क भी किया।

प्रभाग ने हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर तथा उत्तर प्रदेश के राज्य प्राधिकारियों को एजेंटों के अधम कृत्यों के बारे में बताया जो एजेंट जहाजों पर नाविकों को नौकरी देने के बहाने उनकी भर्ती कर रहे थे। राज्य प्राधिकारियों से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे ऐसे एजेंटों के विरूद्ध उपयुक्त कार्रवाई करें ताकि ऐसे गैर कानूनी कृत्यों को भविष्य में दुहराया न जा सके।

16

आतंकवाद रोध

इन वर्षों के दौरान विश्व के विभिन्न भागों में हुए विभिन्न आतंकी घटनाओं के कारण सभी स्तरों पर विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। ऐसी सभी पारस्परिक क्रियाओं के दौरान भारत ने वैश्विक रूप से आतंकवाद की घटनाओं से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया तथा आतंकवाद के सभी रूपों और प्रत्यक्षीकरण की कठोर निंदा की। आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता का आह्वान, किसी प्रकार की आतंकी कार्रवाई के लिए किसी भी औचित्य को निरस्त करना, आतंकवाद को धर्म से अलग करना, आतंकवाद से लड़ने के लिए सभी देशों को एकजुट होने की आवश्यकता जैसी चीजों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय में अधिक स्वीकार्यता प्राप्त हुई और विभिन्न देशों के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक व क्षेत्रीय व बहुपक्षीय मंचों पर जारी कई परिणामी दस्तावेजों में परिलक्षित होता है।

भारत ने विभिन्न साझेदार देशों के साथ संयुक्त आतंकवाद रोधी कार्य समूह (जेडब्लूजी-सीटी) के माध्यम से संरचित परामर्श करना जारी रखा है। वर्तमान में भारत जेडब्लूजी-सीटी के तंत्र के माध्यम से तेईस राष्ट्रों और तीन बहुपक्षीय समूहों के वरिष्ठ माध्यस्थों के साथ संबद्ध है। जेडब्लूजी-सीटी बैठक आतंकवाद रोधी सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करता है जिससे यह सूचना, अनुभव और सीमापार आतंकवाद सहित वैश्विक आतंकवाद के संबंध में मूल्यांकन को साझा करने में समर्थ बनाता है, संगत प्रौद्योगिकी और उपकरण सहित क्षमता वर्धन और प्रशिक्षण प्राप्त होता है, आतंकवाद व आतंकी वित्तपोषण के विरूद्ध युद्ध में बहुपक्षीय प्रयासों को मजबूती प्राप्त होती है, परस्पर कानूनी सहायता अनुरोधों में शीघ्रता आती है, एजेंसी-दर-एजेंसी सहयोग को सुकर बनाता है और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के तत्वावधान में व्यापक अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद अभिसमय (सीसीआईटी) के शीघ्र अनुकूलन के महत्व पर जोर डाला जाता है। वर्ष 2018 के दौरान भारत ने आस्ट्रेलिया, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, इंडोनेशिया, रूस, ट्युनिशिया, यूके, अमेरिका, उजबेकिस्तान, नीदरलैंड और यूरोपीय संघ, ब्रिक्स तथा बिम्सटेक के साथ आतंकवाद रोधी वार्ता की।

भारत वैश्विक आतंकवाद-रोधी प्रयासों का अगुआ रहा है और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के विरूद्ध सभी प्रमुख प्रयासों में भाग लिया। आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए बहुपक्षीय प्रयासों को मजबूत करने के भारत की सतत प्रतिबद्धता तथा आतंकवाद रोधी (ओसीटी) के लिए नव स्थापित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के कार्य के समर्थन के रूप 550,000 अमेरिकी डॉलर के एक स्वैच्छिक योगदान की घोषणा की गयी थी। वैश्विक आतंकवाद रोधी मंच (जीसीटीएफ), जिसकी स्थापना वर्ष 2011 में की गयी थी, के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने मार्च, 2018 में टोक्यो और सितम्बर, 2018 में न्यूयार्क में हुई जीसीटीएफ समन्वय समिति की तेरहवीं और चौदहवीं बैठक में तथा 27 सितम्बर, 2018 को जीसीटीएफ मंत्रालय की 9वीं पूर्ण बैठक में वरिष्ठ स्तर पर भा लिया। भारत वित्तीय कृतक बल (एफएटीए) बैठकों में भी नियमित रूप से भाग लेता रहा है जिसमें भारत वर्ष 2010 से ही सदस्य है। विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने जून और अक्टूबर, 2018 में पेरिस में आयोजित एफएटीई की बैठकों में हिस्सा लिया।

विदेश राज्य मंत्री जेनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त) की अगुवाई वाले एक शिष्टमंडल ने 25 और 26 अप्रैल, 2018 को पेरिस में आयोजित दायेश और अल कायदा के वित्तपोषण से निपटने संबंधी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। विदेश राज्यमंत्री जेनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने दसन्वे में 4 मई, 2018 को आयोजित आतंकवाद रोधी एवं अतिवादी हिंसा को रोकने संबंधी उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने 22 और 23 मार्च, 2018 को सिंगापुर में आयोजित पारदेशीय संगठित अपराध और आतंकवाद पहल के बीच गठजोड़ संबंधी क्षेत्रीय बैठक में भी हिस्सा लिया; 3 और 4 सितम्बर, 2018 को मास्को में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से लड़ने के संबंध में गैरकानूनी अस्त्र तस्करी से निपटने संबंधी सम्मेलन में भाग लिया; और 7 और 8 मई, 2018 को बाली, इंडोनेशिया में आयोजित विदेशी आतंकवादी लड़ाकुओं के परिवारों को वापस करने संबंधी चुनौती के समाधान पर जीसीटीएफ पहल की दूसरी बैठक में हिस्सा लिया।

17

वैश्विक साइबर मुद्दा

विदेश मंत्रालय के भीतर साइबर कूटनीति प्रभाग द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय साइबर मुद्दों से निपटता है। ऐसे अनुबंधों का मुख्य उद्देश्य बहुपणधारक दृष्टिकोण को अपनाते हुए भारत के साइबर हितों की सुरक्षा करना है।

संयुक्त राष्ट्र के एक मुख्य सदस्य के रूप में भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) प्रथम महासभा समिति में दो संकल्पों -एक यूएनजीजीई (संयुक्त राष्ट्र सरकारी विशेषज्ञ समूहों के समूह), और दूसरा सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में विकास संबंधी एक नए मुक्त समूह की स्थापना को अपनाने में शीर्ष चर्चाओं में हिस्सा लिया। इन समूहों से आशा की जाती है कि वे इन मुद्दों का अध्ययन करना जारी रखे ताकि सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में सामान्य समझ, विद्‌यमान और संभावित खतरों को समझा जा सके एवं इनके समाधान के लिए संभावित सहयोग उपाए किए जा सकें और यह भी पता लगाया जा सके कि किस प्रकार अंतरराष्ट्रीय कानून राष्ट्रों के जिम्मेदार व्यवहार के मानकों, नियमों और सिद्धांतों, विश्वास बहाली उपायों और क्षमता वर्धन द्वारा सूचना और संचार प्रौद्‌योगिकी के इस्तेमाल पर लागू होते हैं।

भारत के बहु पणधारक दल के रूप में विदेश मंत्रालय ने अक्टूबर, 2018 को बार्सिलोना में आयोजित 63वीं बैठक में समनुदेशित नाम और संख्या संबंधी इंटरनेट सहयोग (आईसीएएनएन) में भाग लिया। भारत ने वर्ष 2018 में ब्राजील और युनाइटेड किंग्डम के साथ द्विपक्षीय साइबर वार्ता आयोजित की तथा स्वीडन के साथ साइबर सुरक्षा संबंधी संयुक्त कृतक बल गठित किया। भारत और अमेरिका ने साइबर सुरक्षा मुद्दों में सहयोग करने के लिए अपने समझौते का नवीकरण किया। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए मोरक्को किंग्डम और सेशेल्स के साथ द्विपक्षीय समझौता किया।

दिसम्बर, 2018 में भारत ने ब्रुसेल्स में आयोजित पांचवीं भारत-ईयू साइबर वार्ता में भाग लिया और हेग में आयोजित प्रथम भारत-नीदरलैंड वार्ता में भाग लिया। फरवरी, 2019 में भारत बीजिंग में अंतरराष्ट्रीय सूचना सुरक्षा संबंधी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विशेषज्ञ समूहों की अगले दौर की बैठक, नई दिल्ली में तीसरे भारत-आस्ट्रेलिया साइबर वार्ता और अंतरराष्ट्रीय साइबर मुद्दों संबंधी 5वीं भारत-जर्मन परामर्शदात्री बैठ में भाग लेगा।

18

सीमा प्रकोष्ठ

सीमा प्रकोष्ठ समुद्री सीमाओं सहित भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से संबंधित विभिन्न अंतर मंत्रालयी और संयुक्त सीमा बैठकों में भाग लिया। सीमा प्रकोष्ठ में वर्गीकृत और संवेदनशील सूचना के संबंध में रिकार्डों तक पहुंच के लिए अनुसंधान विद्वानों द्वारा किए गए अनुरोधों को देखता है।

यह प्रकोष्ठ सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) से जुड़े प्रश्नों का भी उत्तर देता है। यह प्रकोष्ठ बजट अनुदान की समेकित संपूर्ण आवश्यकताओं को भी तैयार करता है तथा अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को बरकरार रखने, रेखांकन और सीमांकन के संबंध में इसकी निगरानी करता है।

19

नीति नियोजन और अनुसंधान

नीतिगत योजना और अनुसंधान प्रभाग ने इस मंत्रालय के लिए विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों के संबंध में हमारी सैद्धांतिक विदेशी नीतिगत उद्देश्यों के सतत विश्लेषण करने तथा अनुसंधान आधारित परिप्रेक्ष्यों के लिए अधिदेश देना जारी रखा। इसे विभिन्न भारतीय प्रबुद्ध वर्गों और अनुसंधान संगठनों के लिए इन हाउस और अग्रसक्रिय पहुंच के माध्यम से किया गया था।

इस प्रभाग ने भारत में मंच विकसित करने के उद्देश्य से प्रमुख प्रबुद्ध वर्ग और अकादमी संस्थाओं के साथ साझेदारी में सम्मेलनों का भी आयोजन किया जहां विश्व के शीर्ष रणनीतिक विशेषज्ञों व नीति निर्धारकों के बीच समकालीन विदेश नीति पर चर्चा हो सके।

इस प्रभाग ने दीर्घकालिक नीतिगत योजना और प्राथमिकताओं के संबंध में विचारों के आदान-प्रदान के लिए हमारे महत्वपूर्ण कूटनीतिक साझेदारों के साथ नीतिगत योजना के संबंध में संस्थागत विचारों को भी विकसित किया। भारत के परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत करने तथा ऐसे सम्मेलनों में विशेषज्ञों व नीति निर्धारकों के बीच ऐसे विचारों के आदान-प्रदान से लाभ प्राप्त करने के लिए भारत और विदेश में महत्वपूर्ण कूटनीतिक सम्मेलनों में भारत की भागीदारी का भी आयोजन किया गया।

अनुसंधान शोधपत्र और नीतिगत संक्षिप्तियां

नीति और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रभाग ने कई अध्ययन कार्यों को किया तथा सामान्य रूप से वैश्विक घटनाक्रमों व वर्तमान अंतरराष्ट्रीय कार्यों एवं विशेष रूप से भारत की विदेश नीति से संबंधित अनुसंधान शोधपत्रों, नीतिगत संक्षिप्तियां व संबंधित स्थिति रिपोर्टों को तैयार करने पर फोकस किया।

व्यापक मुद्दों पर दृष्टिकोण विकसित करने तथा शिक्षा जगत व नीतिगत समुदाय में इन्हें इन संभाषणों के अनुरूप रखने के लिए विदेश स्थित मिशनों और मंत्रालय के भीतर भी कार्मिकों को समर्थ बनाने के लिए प्रभाग प्रबुद्ध मंडल और शिक्षाविदों द्वारा विभिन्न आयोजित विभिन्न सेमीनारों व

सम्मेलनों के नियमित दैनिक रिपोर्टों को प्रचारित करता है, इसके सारों को जारी करता है और घटनाक्रम संबंधी रिपोर्ट प्रदान करता है।

इस प्रभाग द्वारा की गयी अन्य पहलें निम्नवत् हैं:

- विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर सेमीनार और चर्चाएं आयोजित करने के लिए प्रबुद्ध वर्ग और प्रमुख संस्थाओं के साथ संपर्क करना।
- भारत के विभिन्न भागों में प्रबुद्ध वर्गों द्वारा आयोजित विभिन्न सेमीनारों/ सम्मेलनों में भागीदारी करना। मंत्रालय और विदेश स्थित मिशनों में प्रचार के लिए कार्यवाहियों के मुख्य सार को प्रदान करते हुए रिपोर्टों का मासिक विस्तृत विवरण तैयार करना।
- मंत्रालय में ही दैनिक रिपोर्टों के रूप में अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों संबंधी समाचारों, घटनाओं की निगरानी और समेकन करना।
- विदेश में तैनात हमारे राजदूतों के भारत दौरे तथा भारत आने वाले विशेषज्ञों के प्रसिद्ध विषय वस्तु से विशिष्ट विषयों संबंधी प्रस्तुतिकरण को आयोजित करने के लिए पहल की निरंतरता।
- भारत के राष्ट्रीय हितों तथा महत्वपूर्ण विदेशी नीतिगत मामलों के संबंध में भारत के परिप्रेक्ष्यों को प्रसारित करने के लिए रूचि वाले विषयों पर भारत एवं विदेश स्थित विभिन्न प्रबुद्ध वर्गों, शैक्षिक संस्थाओं के शीर्ष विद्वानों, लेखकों और प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण इनपुट हासिल करने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं।
- भारत और अन्य देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा, जिसकी प्रस्तुति राजदूतों द्वारा की जाती है, के बाद नई दिल्ली में तैनात मिशन प्रमुखों द्वारा 'राजदूत व्याख्यान माला'' आयोजित करना।

नीतिगत योजना वार्ताएं

इस प्रभाग ने नीतिगत परिप्रेक्ष्यों और प्राथमिकताओं के संबंध में मूल्यांकनों को साझा करने के लिए कूटनीतिक साझेदारों के साथ नीतिगत योजना वार्ताएं की।

- नई दिल्ली में 09 अक्टूबर, 2018 को जर्मनी के साथ नीतिगत योजना वार्ता।
- नई दिल्ली में 18 जुलाई, 2018 को जापान के साथ नीतिगत योजना वार्ता।
- नई दिल्ली में 4 सितम्बर, 2018 को ईरान के साथ नीतिगत योजना वार्ता।

इस प्रभाग ने फ्रांस, आस्ट्रेलिया, ईस्राइल, जर्मनी, यूके, पोलेंड, दक्षिण कोरिया और जापान से आए शिष्टमंडल के साथ अनौपचारिक नीतिगत योजना परामर्श भी किया।

प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी

इस प्रभाग ने भारत-चीन प्रबुद्ध मंडल मंच, भारत-अमेरिकी मंच, वैश्विक प्रौद्योगिकी सम्मेलन, रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान (आईडीएसएस) द्वारा पश्चिम एशिया सम्मेलन, योग्यकर्ता, इंडोनेशिया भारत-इंडोनेशिया परस्पर विश्वास वार्ता (03-05 अक्टूबर, 2018) एवं पेरिस शांति मंच में (11-13 नवम्बर, 2018, पेरिस) सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत की भागीदारी में सहायता की और सुकर बनाया।

इस पीपी एवं आर प्रभाग ने 17वें भारत-कोरिया ट्रेक 1.5 वार्ता (31 अक्टूबर, 2018, सियोल); चौथी भारत-जापान ट्रेक 1.5 वार्ता (15-16 अक्टूबर, 2018, नई दिल्ली), प्रथम भारत-कनाडा ट्रेक 1.5 वार्ता (29 अक्टूबर-02 नवम्बर, 2018, ओटावा) और भारत-पाकिस्तान ट्रेक 2 निमराना वार्ता (28-30 अप्रैल, 2018) सहित ट्रेक 1.5 और ट्रेक 2 परस्पर बातचीत को भी समर्थन दिया।

सम्मेलन, वार्ता, बैठक और सेमीनारों का आयोजन

पीपी एवं आर प्रभाग ने भारत में अलग-अलग स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और सेमीनारों को आयोजित करने के लिए भारतीय प्रबुद्ध वर्ग के साथ अपना कार्य आगे बढ़ाया। इस प्रभाग द्वारा आयोजित सेमीनारों, सम्मेलनों, बैठकों और आंशिक या पूर्ण रूपेण वित्तपोषित अध्ययनों की सूची परिशिष्ट चार में दी गयी है।

पर्यवेक्षक अनुसंधान प्रतिष्ठान (ओआरएफ) के साथ साझेदारी में पीपी एवं आर प्रभाग द्वारा आयोजित ध्वजवाहक भू-राजनीतिक और भू-नीतिगत सम्मेलन विदेश मंत्रालय (एमईए) का रायसीना वार्ता है। रायसीना वार्ता का चौथा संस्करण 8-10 जनवरी, 2018 को आयोजित किया गया जिसका विषय था ''वर्ल्ड रिआर्डर: न्यू जियोमैट्री, फ्लुड पार्टनरशिप, अंसर्टेन आउटकम।'' इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की उपस्थिति में नार्वे की प्रधानमंत्री सुश्री एमा सोलबर्ग द्वारा 8 जनवरी, 2019 को किया गया था। बानवे देशों के लगभग 600 से अधिक शिष्टमंडलों ने इस इस वार्ता में भागीदारी की।

हिंद महासागर सम्मेलन का तीसरा संस्करण 27 और 28 अगस्त, 2018 को हनोई, वियतनाम में आयोजित किया गया था। इसकी साझेदार संस्था थीं- भारतीय प्रतिष्ठान, कूटनीतिक एकेडमी आफ वियतनाम, एस. राजारत्नम स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज (आरएसआईएस), श्रीलंका एवं बांग्लादेश इंस्टीच्युट आफ इंटरनेशनल एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज। इसका विषय था- ''बिल्डिंग रीजनल आर्किटेक्चर'' तथा इस सम्मेलन का उद्घाटन विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज और उनके वियतनामी समकक्ष फाम बिन्ह मिन, उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री द्वारा किया गया ।

भारत- अमेरिकी मंच का दूसरा संस्करण 6 और 7 अप्रैल, 2018 को अनंता केन्द्र के सहयोग से इस प्रभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस मंच में भारत-अमेरिकी साझेदारी के विभिन्न आयामों पर चर्चा करने के लिए संसद सदस्यों और अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों, कारोबारियों व राजनीतिक नेताओं, प्रसिद्ध मीडिया कर्मियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रबुद्ध नेताओं सहित कई भागीदारों को एक साथ लाया गया।

इसमें राजनीतिक और व्यापारिक संबंधों, सुरक्षा सहयोग व नवोन्मेषी, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण व ऊर्जा क्षेत्र में प्रमुख मुद्दों पर बातचीत की गयी।

मानव और वित्तीय संसाधनों की वृद्धि

पीपी एवं आर प्रभाग ने अपने संसाधनों को मजबूत बनाने के लिए सतत कार्य किया है। इस वर्ष 2018-19 में सेमीनारों और सम्मेलनों के आयोजन के लिए वित्तीय परिव्यय में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी देखी गयी और इस प्रकार पीपी एवं आर प्रभाग यथा उल्लिखित अपने कार्यकलापों के विस्तार में समर्थ हो सका। इस प्रभाग में परामर्शदाताओं की संख्या अब सात हैं।

20

प्रोटोकॉल

प्रोटोकॉल प्रभाग में कुल सात अनुभाग शामिल हैं। प्रोटोकॉल-1, प्रोटोकॉल- II, प्रोटोकॉल- III, प्रोटोकॉल (हैदराबाद हाउस), प्रोटोकॉल विशेष, प्रोटोकॉल (आतिथ्य और लेखा) और सरकारी आतिथ्य संगठन (जीएचओ)।

प्रोटोकॉल I अनुभाग, **प्रोटोकॉल** के उप प्रमुखों (सेरेमोनियल) के तहत राष्ट्राध्यक्षों/सरकार प्रमुखों, उप-राष्ट्रपतियों और विदेश मंत्री की भारत यात्राओं, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की विदेश यात्राओं, मनोरंजन (दोपहर, रात्रि का आधिकारिक भोज और विदेश मंत्रालय की ओर से स्वागत) और औपचारिक समारोह, एयरपोर्ट पास, समारोह और रिजर्व लाउंज तक पहुंच आदि का कार्य संभालता है।

प्रोटोकॉल- II और **प्रोटोकॉल विशेष** अनुभाग, उप-प्रमुख प्रोटोकॉल (विशेषाधिकार) के प्रभार के तहत दोनों अनुभाग, भारत से बाहर स्थित राजनयिक मिशनों के विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों को संभालते हैं जैसे कि दिल्ली में और देश के विभिन्न राज्यों में विदेशी प्रतिनिधियों के संबंध में राजनयिक / आधिकारिक पहचान पत्र जारी करना; लाभकारी रोजगार के लिए करार को अंतिम रूप देना और बाद में, भारत में राजनयिक मिशनों और कौंसुली केंद्रों के सदस्यों के परिवार के सदस्यों के लिए लाभकारी रोजगार की अनुमति के लिए अनुरोध पर कार्रवाई; भारतीय विश्वविद्यालयों में नामांकन के लिए विदेशी राजनयिकों को अनुमति; भारत में विदेशी प्रतिनिधियों और उनके आवासों की सुरक्षा व्यवस्था; संयुक्त राष्ट्र (पी एंड आई) अधिनियम, 1947 के अनुच्छेद 3 के तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को विशेषाधिकार और उन्मुक्तियों; पारस्परिकता के सिद्धांत पर कर छूट से संबंधित मुद्दे; भारत में राजनयिकों / अधिकारियों और राजनयिक मिशनों के संबंध में विभिन्न अदालतों द्वारा जारी किए गए अदालत के समन को अग्रेषित करना और मोटर वाहनों की खरीद / पंजीकरण / बिक्री और कस्टम ड्यूटी मुक्त आयात के अनुरोधों पर आगे की कार्रवाई करना।

प्रोटोकॉल- III अनुभाग के कार्य क्षेत्र में राष्ट्रीय दिवसों पर संदेशों और संप्रेषणों का आदान-प्रदान, प्रत्यय-पत्रों की

प्रस्तुति की व्यवस्था, भारत में नए कौंसुल जनरल के साथ-साथ मानद कौंसुल की नियुक्ति; मिशनों के प्रमुखों के क्रेडेंशियल दस्तावेजों को तैयार करना और कौंसुल जनरल की नियुक्ति करना; विदेशी राजनयिक मिशनों के प्रमुखों के आगमन और अंतिम रूप से प्रस्थान की व्यवस्था; भारत में विदेशी राजनयिक मिशनों / केंद्रों में नए पदों (सिविल और रक्षा) के सृजन के लिए अनुमति; भारत में राजनयिक मिशनों के लिए हवाई अड्डे पास के लिए हवाई अड्डे के अधिकारियों को पत्र जारी करना; स्वतंत्रता दिवस पर एक साथ भाषांतरण के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं करना जैसे गणतंत्र दिवस और बीटिंग रिट्रीट समारोहों के दौरान की गई व्यवस्थाओं के अलावा मिशन प्रमुखों और अन्य राजनयिक अधिकारियों को निमंत्रण; विदेशी राजनयिक मिशनों में काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों से प्राप्त अदालती मामलों और शिकायतों को संभालना; नई दिल्ली में राजनयिक मिशनों के राष्ट्रीय दिवसों और अन्य संबंधित प्रोटोकॉल कार्यों के लिए मुख्य अतिथियों के नामांकन की व्यवस्था देखना शामिल है।

प्रोटोकॉल हाउसिंग अनुभाग केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के बागवानी, सिविल और इलेक्ट्रिकल विंग के सहयोग से हैदराबाद हाउस के रखरखाव और समारंक्षण के लिए जिम्मेदार है। इसमें इलेक्ट्रिकल / सिविल / बागवानी की मरम्मत और रखरखाव कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, यह अनुभाग उनके प्रशासनिक, प्रबंधन और परिचालन व्यय के कारण आईटीडीसी को भुगतान संबंधी कार्रवाई का कार्य भी देखता है; दिल्ली में सभी राजनयिक मिशनों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के संबंध में भूमि की खरीद / बिक्री / आवंटन, निर्मित संपत्ति, पट्टे आदि से संबंधित मामले जिसमें भूमि आवंटन के लिए राज्य सरकारों के साथ पत्रव्यवहार, स्थायी पट्टा विलेख आदि पर हस्ताक्षर करना शामिल है; दिल्ली और अन्य राज्यों में भूस्वामियों और राजनयिक मिशनों के बीच विवाद / अदालती मामले; सैन्य इंजीनियरिंग सेवा (एमईएस) और सीपीडब्ल्यूडी की सहायता से वायु सेना स्टेशन, पालम में वीवीआईपी रिसेप्टोरियम चलाना और प्रचालन तथा एनडीएमसी, एमसीडी, डीडीए, एमटीएनएल इत्यादि जैसी सेवाओं के संबंध में राजनयिक

मिशनों की सहायता करना। इसके अतिरिक्त पिछले कुछ वर्षों में यह अनुभाग नई दिल्ली के द्वारका में आगामी दूसरी डिप्लोमैटिक एन्क्लेव परियोजना पर विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय कर रहा है।

2018 में, प्रोटोकॉल-I अनुभाग ने राष्ट्राध्यक्षों, उपराष्ट्रपति, शासनाध्यक्ष और विदेश मंत्री के स्तर पर 151 भारत की / विदेशी यात्राओं का कार्य संभाला (03 दिसंबर 2018 तक)।

प्रभाग ने जनवरी 2018 में आसियान भारत स्मारक शिखर सम्मेलन (एआईसीएस 2018) और मार्च 2018 में भारतीय सौर गठबंधन (आईएसए 2018) को समन्वित किया।

इसके अलावा, प्रोटोकॉल-I ने 317 मनोरंजन समारोहों (03 दिसंबर 2018 को) का संचालन किया और हवाई अड्डा पास, लाउंज (औपचारिक और आरक्षित) और फ्रिस्किंग से छूट की सुविधा के लिए प्रति सप्ताह औसतन 139 अनुरोधों पर कार्रवाई की।

यात्राओं का वर्गीकरण और संख्या

दौरा शीर्ष	संख्या
राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष/उप राष्ट्रपति और समकक्ष गणमान्य व्यक्तियों की राजकीय यात्राएं	13
राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष/उपराष्ट्रपति और समकक्ष गणमान्य व्यक्तियों की आधिकारिक/कामकाजी यात्राएं	53
राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष/उपराष्ट्रपति और समकक्ष गणमान्य व्यक्तियों की निजी/ट्रांजिट यात्राएं	4
विदेश मंत्रियों और समकक्षों द्वारा आधिकारिक यात्राएं	37
राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की विदेश यात्राएं	26
विदेश मंत्री की विदेश यात्राएं	18
कुल	**151**

यात्राओं का कैलेंडर

राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष/उप राष्ट्रपति और समकक्ष गणमान्य व्यक्तियों की राजकीय यात्राएं

क्रम सं.	गणमान्य अतिथि	तारीख
1.	इज़राइल के प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा	14-17 जनवरी 2018
2.	कंबोडिया के प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा	24-28 जनवरी 2018
3.	कनाडा के प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा	17-24 फरवरी 2018
4.	ईरान इस्लामी गणतंत्र के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	15-17 फरवरी 2018
5.	जॉर्डन सम्राट की राजकीय यात्रा	28 फरवरी -2 मार्च 2018

6.	वियतनाम के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	02-04 मार्च 2018
7.	फ्रांस के राष्ट्रपति का राजकीय दौरा	09-12 मार्च 2018
8.	जर्मनी के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	22-26 मार्च 2018
9.	नेपाल के प्रधान मंत्री की राजकीय यात्रा	06-08 अप्रैल 2018
10.	सेशेल्स के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	22-27 जून 2018
11.	कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	08-11 जुलाई 2018
12.	उजबेकिस्तान के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	30 सितंबर -01अक्टूबर 2018
13.	मालदीव के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा	17-18 दिसंबर 2018
14.	भूटान के प्रधान मंत्री की राजकीय यात्रा	27-29 दिसंबर 2018

राष्ट्राध्यक्ष / शासनाध्यक्ष / उपराष्ट्रपति तथा समकक्षियों के आधिकारिक / कामकाजी दौरे

क्र. सं०	गणमान्य व्यक्ति	दिनांक
1.	लाओ पीडीआर (आसियान - भारत स्मारक शिखर सम्मेलन) के प्रधानमंत्री का दौरा	25-26 जनवरी, 2018
2.	वियतनाम के प्रधान मंत्री (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन) का दौरा	25-26 जनवरी 2018
3.	थाईलैंड के प्रधान मंत्री (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन) का दौरा	25-26 जनवरी 2018
4.	म्यांमार के स्टेट काउंसलर (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन) का दौरा	25-26 जनवरी 2018
5.	मलेशिया के प्रधान मंत्री (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन) का दौरा	25-26 जनवरी 2018
6.	इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का दौरा (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन)	25-26 जनवरी 2018
7.	फिलीपींस के राष्ट्रपति का दौरा (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन)	25-26 जनवरी 2018
8.	ब्रुनेई के सुल्तान का दौरा (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन)	25-26 जनवरी 2018
9.	सिंगापुर के प्रधान मंत्री (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन) का दौरा	25-26 जनवरी 2018
10.	कंबोडिया के प्रधान मंत्री का दौरा (आसियान - भारत स्मारक सम्मेलन)	25-26 जनवरी 2018
11.	भूटान के प्रधान मंत्री का दौरा	01-04 फरवरी 2018
12.	आगा खान का दौरा	20 फरवरी से 1 मार्च 2018
13.	बांग्लादेश के राष्ट्रपति का दौरा	12 मार्च 2018

क्र. सं०	गणमान्य व्यक्ति	दिनांक
14.	इक्वेटोरियल गिनी (आईएसए समिट) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
15.	जिबूती (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
16.	रवांडा (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
17.	टोगो के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
18.	गैबॉन (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
19.	नाइजर के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
20.	वेनेजुएला (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
21.	बांग्लादेश के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
22.	नौरू (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
23.	माली के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
24.	ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर जनरल (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
25.	श्रीलंका के राष्ट्रपति की यात्रा (आईएसए शिखर सम्मेलन)	10-11 मार्च 2018
26.	गुयाना के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
27.	बुर्किना फ़ासो (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
28.	कोमोरोस (आईएसए शिखर सम्मेलन) के राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
29.	सेशेल्स के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
30.	घाना के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
31.	घाना के राष्ट्रपति (आईएसए शिखर सम्मेलन) का दौरा	10-11 मार्च 2018
32.	तुवालु के प्रधान मंत्री की यात्रा (आईएसए शिखर सम्मेलन)	10-11 मार्च 2018
33.	फिजी के प्रधान मंत्री की यात्रा आईएसए शिखर सम्मेलन)	10-11 मार्च 2018
34.	वानुअतु (आईएसए शिखर सम्मेलन) के प्रधान मंत्री की यात्रा	10-11 मार्च 2018
35.	चाड के प्रधान मंत्री की यात्रा (आईएसए शिखर सम्मेलन)	10-11 मार्च 2018
36.	कोटे डी आइवर (आईएसए शिखर सम्मेलन) के उप राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018
37.	सूरीनाम (आईएसए शिखर सम्मेलन) के उप राष्ट्रपति का दौरा	10-11 मार्च 2018

क्र. सं०	गणमान्य व्यक्ति	दिनांक
38.	अबू धाबी (आईएसए शिखर सम्मेलन) के क्राउन प्रिंस का दौरा	10-11 मार्च 2018
39.	नीदरलैंड के प्रधान मंत्री की यात्रा	24-25 मई 2018
40.	बांग्लादेश के प्रधान मंत्री की यात्रा	25-26 मई 2018
41.	समावेशी विकास हेतु महासचिव के विशेष अधिवक्ता के रूप में नीदरलैंड की रानी मैक्सिमा (यूएनएसजीएसए) का दौरा	28-30 मई 2018
42.	भूटान के प्रधान मंत्री का दौरा	05-07 जुलाई 2018
43.	नेपाल के पूर्व प्रधान मंत्री का दौरा	06-09 सितंबर 2018
44.	श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति का दौरा	10-13 सितंबर 2018
45.	अफगानिस्तान के राष्ट्रपति का दौरा	19 सितंबर 2018
46.	भूटान नरेश का दौरा (पूर्व प्रधान मंत्री का निधन)	
47.	भूटान की राज माता का दौरा	21-24 सितंबर 2018
48.	रूस के राष्ट्रपति का दौरा	04-05 अक्टूबर 2018
49.	श्रीलंका के प्रधान मंत्री का दौरा	19-21 अक्टूबर 2018
50.	इटली के प्रधान मंत्री का दौरा	29-30 अक्टूबर 2018
51.	दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला की यात्रा	04-07 नवंबर 2018
52.	दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति का दौरा	16-19 नवंबर 2018
53.	थाईलैंड की महामान्या राजकुमारी की यात्रा	25-30 नवंबर 2018

राष्ट्राध्यक्ष / शासनाध्यक्ष / उपराष्ट्रपति तथा समकक्षियों द्वारा निजी/ट्रांजिट यात्राएं

क्र. सं०	गणमान्य व्यक्ति	दिनांक
1.	मोजाम्बिक के प्रधान मंत्री का दौरा	18-23 जून 2018
2.	श्रीलंका के प्रधान मंत्री का दौरा	02-03 अगस्त 2018
3.	श्रीलंका के राष्ट्रपति का दौरा	29 अगस्त -02 सितंबर 2018
4.	लेसोथो के प्रधान मंत्री की यात्रा	29 अक्टूबर - 05 नवंबर 2018

विदेश मंत्रियों और समकक्षों के आधिकारिक दौरे

क्र. सं०	गणमान्य व्यक्ति	दिनांक
1.	मालदीव के विदेश मंत्री का दौरा	10-12 जनवरी 2018
2.	जॉर्जिया और संयुक्त अरब अमीरात के पीआर का दौरा	14-17 जनवरी 2018
3.	बांग्लादेश के विदेश मंत्री का दौरा	16-19 जनवरी 2018
4.	गुयाना के विदेश मंत्री का दौरा	29 जनवरी-- 02 फरवरी 2018
5.	संयुक्त राष्ट्र के पीआर का दौरा (समूह 2)	04-10 फरवरी 2018
6.	उज़्बेकिस्तान के विदेश मंत्री का दौरा	11-12 फरवरी 2018
7.	भूटान के विदेश मंत्री का भ्रमण	20-23 फरवरी 2018
8.	कनाडा के विदेश मंत्री का दौरा	21-24 फरवरी 2018
9.	माल्टा के विदेश मंत्री का दौरा	05-08 मार्च 2018
10.	मिस्र के विदेश मंत्री का दौरा	22-24 मार्च 2018
11.	प्रधान मंत्री और सर्बिया के विदेश मंत्री का दौरा	01-04 मई 2018
12.	शंघाई सहयोग संगठन के महासचिव का दौरा	07-08 मई 2018
13.	इथियोपिया के विदेश मंत्री का दौरा	09-10 मई 2018
14.	ईरान के विदेश मंत्री का दौरा	28 मई 2018
15.	संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री का दौरा	24-30 जून 2018
16.	घाना के विदेश मंत्री का दौरा	16-19 जुलाई 2018
17.	सिंगापुर के विदेश मंत्री की यात्रा (दिल्ली संवाद)	17-20 जुलाई 2018
18.	म्यांमार के विदेश मंत्री (दिल्ली संवाद) की यात्रा	18-20 जुलाई 2018
19.	स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री का दौरा	09-12 अगस्त 2018
20.	संयुक्त राष्ट्र महासभा के निर्वाचित अध्यक्ष की यात्रा	10-14 अगस्त 2018
21.	मोल्दोवा के विदेश मंत्री का दौरा	11-14 अगस्त 2018
भारत - डेनमार्क द्वितीय संयुक्त कार्य समूह (जेडब्लूजी) की बैठक 8 और 9 अगस्त, 2018 को श्रम गतिशीलता साझेदारी के संबंध में भारत-डेनमार्क समझौता ज्ञापन की रूपरेखा के तहत कोपेनहेगन में हुई थी। इस जेडब्लूजी बैठक में दोनों पक्ष छात्रों, इंटर्नों, अनुसंधानकर्ताओं, पर्यटकों, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में उच्च कुशलता प्राप्त पेशेवरों की आवाजाही को सुकर बनाने और प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए जिससे दोनों पक्षों के बीच गतिशीलता में विद्यमान सहयोग में और सहयता मिलेगी।

प्रवासन और गतिशीलता के संबंध में उच्च स्तरीय वार्ता (एचएलडीएमएम) संबंधी मामला भारत-यूरोपीय संघ द्विपक्षीय साझेदारी की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है। मार्च, 2016 में प्रवासन और गतिशीलता पर सामान्य कार्यसूची (सीएएमएम) संबंधी भारत-यूरोपीय संघ संयुक्त घोषणा तथा अप्रैल, 2017 में ब्रसेल्स में भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) एचएलडीएमएम पर हस्ताक्षर की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में दोनों पक्ष तकनीकी सहयोग के माध्यम से आगे बढ़ने तथा सीएएमएम के तहत परस्पर हित के क्षेत्रों में आगे बढ़ने पर सहमत हुए। ईयू पक्ष अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और ब्रसेल्स आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रवासन और नीति विकास केन्द्र (आईसीएमपीडी) की पहचान की है वहीं भारतीय पक्ष ने इस परियोजना हेतु कार्यान्वयन साझेदारों के रूप में संबंधित मुद्दों संबंधी अंतरराष्ट्रीय प्रवासन पर विदेश मंत्रालय के एक प्रबुद्ध वर्ग भारतीय प्रवासन केन्द्र (आईसीएम) की पहचान की है। तकनीकी परियोजना की परियोजना परामर्श समिति (पीएसी) की प्रथम बैठक 1 जून, 2018 को नई दिल्ली में हुई थी। इनके फोकस क्षेत्र में अन्यों के साथ - साथ यूरोपीय क्षेत्रों में अल्पावधि और दीर्घावधि ठहराव के लिए भारतीय नागरिकों को ईयू की विद्यमान वीजा अवधि से संबंधित मामला, ईयू के सदस्य राष्ट्रों में भारतीय छात्रों की बढ़ती संख्या के हितों को आगे बढ़ाना, ईयू के बाजारों में हमारे पेशेवरों/कार्यबल के लिए सहज पहुंच तथा गैर कानूनी प्रवासन पर सेवा और सहयोग के उदारीकरण के माध्यम से अधिक गतिशीलता को आगे बढ़ाना शामिल है।

श्रम और जनशक्ति संबंधी मामलों पर सहयोग

खाड़ी सहयोग परिषद् के देशों (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) और जोर्डन के साथ श्रम और जनशक्ति सहयोग एमओयू/ समझौता किया गया है जो श्रम और जनशक्ति संबंधी मामलों पर सहयोग के लिए पहुंच रूपरेखा प्रदान करता है। श्रम और जनशक्ति सहयोग संबंधी मामलों के विभिन्न पक्षों पर आए शिष्टमंडलों के साथ चर्चाएं आयोजित की गयी। 31 अक्टूबर, 2018 को कुवैत में विदेश मंत्री के दौरे के दौरान कुवैत के साथ घरेलु कामगारों की भर्ती में सहयोग संबंधी व्यापक एमओयू लागू किया गया। भारत ने आबू धाबी वार्ता और कोलंबो प्रक्रिया जैसी उल्लेखनीय क्षेत्रीय परामर्शदात्री प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लिया।

भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्लूएफ)

वर्ष 2009 में स्थापित आईसीडब्लूएफ का लक्ष्य माध्यम परीक्षण आधार पर सबसे अधिक पात्र मामलों में दुर्दशा और आपातकालीन समय में प्रवासी भारतीय नागरिकों को सहायता देना है। आईसीडब्लूएफ विदेश स्थित सभी भारतीय मिशनों और पोस्टों को सहायता प्रदान करता है। 1 सितम्बर, 2017 से प्रभावी आईसीडब्लूएफ दिशानिर्देशों की पुनरीक्षा ने विदेश स्थित भारतीय मिशनों और पोस्टों को विदेश में भारतीय नागरिकों द्वारा सहायेता के लिए अनुरोधों पर तेजी से कार्य करने की अधिक लचीली व्यवस्था प्रदान किया है। इन दिशानिर्देशों में तीन मुख्य क्षेत्र: (1) खराब दशा में प्रवासी भारतीय नागरिकों की सहायता करना (2) समुदाय कल्याण कार्य के लिए सहायता देना और (3) वाणिज्य दूतावास सेवा में सुधार करना।

इस वर्ष के पाठ्यक्रम के दौरान आईसीडब्लूएफ का प्रभावी रूप से कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात में एमनेस्टी योजनाओं में भारतीय नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए इस्तेमाल किया गया। कुवैती कंपनी खराफी नेशनल के लगभग 1700 दयनीय दशा में रह रहे भारतीय कामगारों को इस कोष से सहायता प्रदान की गयी थी। इस कोष से दी गयी सहायता की वैश्विक रूप से सराहना की गयी थी। इसने प्रवास करने वाले उत्प्रवासी कामगारों के बीच सहायता के बारे में आत्मविश्वास का भाव भी जगाया कि वे खराब समय में भारत से सहायता की आशा कर सकते हैं। इसकी शुरूआत से हीं इस कोष के लाभार्थियों की संख्या 130000 से अधिक थी। लगभग 90000 भारतीय नागरिकों ने 2014 से इस कोष का लाभ उठाया है।

प्रवासी भारतीय बीमा योजना को पुन: शुरू करना।

प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाई) ईसीआर देशों में रोजगार के लिए जाने वाले उत्प्रवासन जांच अपेक्षा (ईसीआर) श्रेणी के तहत आने वाले भारतीय कामगारों हेतु एक अनिवार्य बीमा योजना है जिसमें दो और तीन वर्षों की अवधि हेतु क्रमश: 275 और 375 रूपए की बीमा राशि पर दुर्घटना में मृत्यु/स्थायी विक्लांगता के मामले में 10 लाख रूपए का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इस योजना को संबंधित पणधारकों के साथ परामर्श कर 1 अगस्त, 2017 से व्यापक रूप से पुन: शुरू किया गया है, सरल बनाया गया तथा प्रवास करने वाले कामगारों के लिए अधिक लाभकारी बनाया गया है और इसका लक्ष्य दावों का शीघ्र निपटान करना है। वर्ष के दौरान ईसीआर श्रेणी के कामगारों को 330000 पीबीबीवाई पॉलिसियां जारी की गयीं।

भारतीय प्रवासन केन्द्र

भारतीय प्रवासन केन्द्र (आईसीएम) मंत्रालय का एक अनुसंधान प्रबुद्ध वर्ग है जो अंतरराष्ट्रीय प्रवासन के सभी मामलों से संबंधित है। संबंधित अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संबंधी मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता के रूप में आईसीएम ने राज्य सरकारों के साथ सहयोग कर सुरक्षित और कानूनी प्रवासन पर विभिन्न क्षमता वर्धन कार्यशालाओं का आयोजन किया। वर्ष के दौरान आईसीएम ने सभी पीडीओ कार्यक्रमों के संबंध में एक संसाधन केन्द्र के रूप में अपनी स्थिति बनायी है। प्रवासी कामगारों के लिए प्रस्थान पूर्व अभिविन्यास संबंधी व्यापक मैनुअल को छह भाषाओं यथा अंग्रेजी, हिंदी, तेलगु, तमिल, मलयालम और बांग्ला में शुरू किया गया। उसी प्रकार प्रावासी कामगारों के लिए बहुमूल्य सूचना वाली प्रस्थान पूर्व अभिविन्यास संबंधी पुस्तिका को भी निकाला गया है। इस संबंध में की गयी पहल की सभी पणधारकों द्वारा सराहना की गयी है तथा आईसीएम आने वाले वर्षों में ऐसे क्रियाकलापों को बढ़ाने का इच्छुक है। आईएलओ, आईओएम और विभिन्न शिक्षा संस्थाओं जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग के अलावा आईसीएम को प्रवासन और गतिशीलता संबंधी सामान्य कार्यसूची (सीएएमएम) के लिए भारत-ईयू तकनीकी परियोजना के लिए भारतीय पक्ष के कार्यान्वयन साझेदार के रूप में नामोद्दिष्ट किया गया।

प्रवासी भारतीय कार्य प्रभाग-दो

प्रवासी भारतीय कार्य प्रभाग-दो भारतीय समुदाय के साथ अनुबंध संबंधी मामलों को देखता है। इस प्रभाग द्वारा किए गए प्रमुख कार्यक्रमों/ योजनाओं में प्रवासी भारतीय दिवस अभिसमय, प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, क्षेत्रीय प्रवासी भारतीय दिवस, भारतीय कार्यक्रम को जाने, समुदाय बच्चों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम, भारत को जाने प्रश्नोत्तरी, एनआरआई वैवाहिक विवाद, समुदायों के साथ सांस्कृतिक संबंध को बढ़ाना, छात्र पंजीकरण पोर्टल, प्रतिशतित पोर्टल, समुदाय से संबंधित शिकायतें, समुदाय से संबंधित अन्य मुद्दे शामिल हैं तथा सरकार द्वारा समय -समय पर नई पहलें की गयी हैं।

प्रवासी भारतीय दिवस

प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) को भारत सरकार के साथ प्रवासी भारतीय समुदाय के अनुबंध को मजबूत करने तथा भारत में उनकी जड़ों को पुन: जोड़ने के लिए प्रत्येक दो वर्ष में मनाया जाता है। इस अभिसमय के दौरान चयनित प्रवासी भारतीयों को भारत और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान की पहचान करने के लिए प्रतिष्ठित ''प्रवासी भारतीय सम्मान'' पुरस्कार से नवाजा भी जाता है।

परंपरागत रूप से, पीबीडी को 7-9 जनवरी के दौरान मनाया जाता है, तथापि, व्यापक भारतीय समुदाय की भावना के सम्मान में पीबीडी का आयोजन 21-23 जनवरी, 2019 को मनाया गया ताकि 24 जनवरी, 2019 को प्रयागराज में कुंभ मेला में विदेशी भागीदार भाग ले सकें और 26 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के पैरेड को देख सकें। सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा शुरू किी गयी विशिष्ट योजनाओं और पहलों को उद्धृत करते हुए भारत सरकार द्वारा की गयी महत्वपूर्ण विकास और प्रगति के बारे में बतलाने के लिए उक्त स्थान पर पीबीडी अभिसमय के समानांतर ''भारतीय हस्तकला और सांस्कृतिक बाजार'' और प्राचीन भारत: आधुनिक भारत शीर्षक से एक प्रदर्शनी लगायी जाएगी।

भारत में कृत्रिम बौद्धिकता के क्षमता वर्धन में भारतीय समुदाय की भूमिका, वहनीय कचरा प्रबंधन के लिए क्षमता वर्धन में भारतीय समुदाय की भूमिका और वहनीय सौर ऊर्जा के लिए क्षमता वर्धन में भारतीय समुदाय की भूमिका विषयों पर वर्ष के दौरान तीन पीबीडी सम्मेलन आयोजित किए गए। उनकी सिफारिशें और कृत कार्रवाई रिपोर्ट को पीबीडी अभिसमय में प्रस्तुत किया जाएगा।

समुदाय के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना (पीसीटीडी)

पीसीटीडी के तहत ओआईए -दो प्रभाग भारतीय मिशनों और वाणिज्य दूतावासों को उनकी पहलों के समर्थन के लिए अनुदान प्रदान करता है जिसका लक्ष्य प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करना; उनके भारतीय विरासत और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना और प्रदर्शित करना है। भारत में प्रबुद्ध वर्ग और अन्य संगठनों को अनुदान प्रदान किया जाता है जो प्रवासी भारतीय समुदाय के संबंध में कार्यक्रमों को आयोजित करता है। मिशनों/पोस्टों से कहा गया कि वे भारत को जानिए प्रश्नोत्तरी तथा प्रवासी भारतीय दिवस अभिसमय में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करें। इस संबंध में 14 मिशनों/ पोस्टों को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है।

भारत को जानिए प्रश्नोत्तरी (बीकेजे)

भारत को जानिए प्रश्नोतरी के द्वितीय संस्करण के प्रथम दौर का आयोजन तीन श्रेणी के प्रतिभागियों के लिए नवम्बर, 2018 में संपूर्ण विश्व में किया गया यथा एनआरआई, पीओआई/ ओसीआई और विदेशी नागरिक; लगभग 40,000 लोगों ने इस प्रश्नोत्तरी के लिए पंजीकरण किया। तृतीय श्रेणी (विदेशी नागरिक) को जुलाई, 2018 में मिशन प्रमुखों के सम्मेलन में प्रधान मंत्री द्वारा की गयी घोषणा के बाद जोड़ा गया। जनवरी, 2019 में हमारे विदेश स्थित मिशन द्वारा प्रथम दौर

के विजेताओं को स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक प्रदान किया गया। भारत को जानिए यात्रा के लिए प्रत्येक श्रेणी से दूसरे दौर के शीर्ष दस रैंकरों को बाद में भारत बुलाया गया तथा उन्होंने इस प्रश्नोत्तर के तीसरे और चौथे दौर में भाग लिया। चौथे दौर के विजेताओं को पीबीडी अभिसमय 2019 के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा पदक प्रदान किया गया।

भारत कार्यक्रम को जाने (केआईपी)

पीआईओ युवाओं को अपनी जड़ों तथा भारतीय कला, संस्कृति और विरासत से परिचित कराने तथा उन्हें देश के उद्गम के प्रति एक्पोजर प्रदान करने के लक्ष्य के साथ मंत्रालय द्वारा 2003 में भारत को जाने कार्यक्रम को शुरू किया गया। वर्ष 2018-19 के दौरान भारत सरकार ने छह नियमित केआईपी, दो प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना, एक गोल्डन जुबली संस्करण और एक भारत को जानिए यात्रा सहित भारत को जानिए दस कार्यक्रमों की घोषणा की गयी है। सरकार ने पहले हीं आज तक की तिथि तक 1652 युवा समुदाय की भागीदारी के साथ केआईपी के 49 संस्करणों का आयोजन किया है। विशेष भाव के रूप में प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना की भागीदारी के अतिरिक्त 50वें (गोल्डन जुबली), 51वें और 52वें केआईपी समूह पीबीडी अभिसमय 2019 में भाग लेंगे।

भारतीय समुदाय के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम (एसपीडीसी)

भारतीय समुदाय के बच्चों की विभिन्न क्षेत्रों (भारत में चिकित्सा और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों को छोड़कर) में भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थाओं में उच्च शिक्षा तक पहुंच तथा उच्च शिक्षा के केन्द्र के रूप में भारत को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2006-07 के दौरान छात्रवृत्ति कार्यक्रम को शुरू किया गया। वर्तमान में, इस योजना के तहत डीएएसए योजना के तहत शामिल राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं और अन्य संस्थाओं द्वारा प्रत्यायित संस्थाओं, भारत के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों को करने के लिए 4000 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक ईसीआर देशों में पीआईओ/ एनआरआई और भारतीय कामगारों के बच्चों को 150 छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी हैं। मंत्रालय ने शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए छात्रवृत्ति पाने वाले 106 अभ्यार्थियों को अंतिम रूप प्रदान किया है।

जागरूकता अभियान और मीडिया योजना

मंत्रालय ने (क) मंत्रालय के पास धोखाधड़ी वाले एजेंटों से बचने और केवल पंजीकृत एजेंटों से संपर्क करने; (ख) रोजगार के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करने; और (ग) भारतीय दूतावास से संपर्क करने जहां वे कार्य कर रहे हैं, के बारे में उन्हें सलाह देते हुए विदेशों में सुरक्षित और कानूनी प्रवासन के बारे में भावी प्रवासी कामगारों को संवेदनशील बनाने और उनमें जागरूकता सृजित करने के लिए हिंदी और आठ क्षेत्रीय भाषाओं में जागरूकता अभियान शुरू किया है।

सितम्बर, 2018 के महीने के दौरान शनिवार को सप्ताह में एक दिन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल के दो प्रमुख दैनिकों में 'सुरक्षित और कानूनी प्रवासन" के संबंध में विज्ञापन छापे गए। 16 जुलाई से 16 अगस्त, 2018 के एक महीने के दौरान प्राइम चैनलों/ डीडी न्यूज पर हिंदी और आठ क्षेत्रीय भाषाओं में जागरूकता अभियान भी प्रसारित किया गया। इस अभियान को 17 अगस्त से 17 सितम्बर, 2018 तक विस्तार दिया गया था। दूरदर्शन, लोक सभा टीवी, राज्य सभा टीवी और निजी चैनलों पर इस अभियान को 11 दिसम्बर, 2018 को शुरू कर एक महीने के लिए पुन: चलाया गया ताकि पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित हो सके।

एनआरआई वैवाहिक विवाद

हाल के वर्षों में ओआईए-दो प्रभाग ने कई पहलें शुरू की हैं जिनका लक्ष्य एनआरआई जीवन साथी के संबंध में विवाहित भारतीय पत्नियों का कल्याण और सुरक्षा देना, एक नागरिक केन्द्रित दृष्टिकोण, अग्र सक्रिय रूप से कई तरीकों से सहायता प्रदान करना है। 1 अप्रैल -30 नवम्बर, 2018 तक मंत्रालय ने उन्हें परामर्श प्रदान कर, दिशानिर्देशों और तंत्र के बारे में सुझाव और सूचना प्रदान कर 912 शिकायतों को निपटाया है। वर्ष के दौरान समेकित नोडल एजेंसी जिसकी अध्यक्षता महिला और बाल विकास मंत्रालय के सचिव करते हैं, ने आठ बैठकें की और दोषी पति/पत्नि के विरूद्ध पांच लुक आउट परिपत्र जारी किया है। आईएनए एक प्रभावी निकाय के रूप में कार्य कर रहा है ताथा प्रभावित महिलाओं की समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए एकल खिड़की योजना प्रदान कर रहा है।

विदेश मंत्रालय- राज्य पहुंच सम्मेलन

विदेश मंत्रालय ने हाल ही में कई पहलें की हैं जिनका लक्ष्य प्रवासी भारतीय समुदायों का कल्याण और सुरक्षा करना तथा विश्व भर में फैले भारतीय समुदायों के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करना है। इस उद्देश्य के साथ विदेश मंत्रालय ने वर्ष 2017 में 'विदेश संपर्क' बैनर के तहत राज्य पहुंच कार्यक्रमों को शुरू किया जो मंत्रालय और राज्य सरकारों के बीच गहन वार्ता है। विदेश संपर्क पहल के तहत वर्ष 2018 के दौरान प्रभाग ने गुजरात और मध्य प्रदेश में राज्य पहुंच कार्यक्रमों को आयोजित किया।

ओई और पीजीई प्रभाग

प्रत्येक वर्ष भारत से बड़ी संख्या में लोग रोजगार के उद्देश्यों के लिए विदेश जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत से बाहर जाने वाले अधिकांश उत्प्रवासी खाड़ी देशों में गए है जहां अनुमानत: आठ मिलियन भारतीय कामगार रोजगार में लगे हैं। खाड़ी देशों सहित मध्य पूर्व में विशाल उत्प्रवासी अर्द्ध कुशल और अकुशल कामगार हैं तथा अधिकांश कामगार अस्थायी उत्प्रवासी हैं जो अपने संविदा रोजगार की समाप्ति पर भारत लौट आते हैं। उत्प्रवासन जांच अपेक्षा (ईसीआर) पासपोर्ट धारक को उत्प्रवासन अनुमति लेने की आवश्यकता होती है जब वे 18 नामोद्दिष्ट ईसीआर देशों में रोजगार के लिए जाते हैं। उत्प्रवासियों के दस रक्षकों द्वारा अब उत्प्रवासन अनुमति ऑन लाइन जारी किया जाता है जिनके कार्यालय चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर, कोच्चि, कोलकाता, मुम्बई, राय बरेली और तिरूवनंतपुरम में अवस्थित हैं। पिछले वर्ष नर्सों के संबंध में उत्पीड़न की शिकायतों के कारण विदेश में रोजगार के लिए जाने वाली नर्सों के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए 'अपेक्षित उत्प्रवासन जांच' के तहत 'नर्स' के रूप में एक श्रेणी बनायी गयी है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान दस पीओई कार्यालय द्वारा जारी पीओई-वार ईसी निम्नवत् है:

क्र.सं.	पीओई का नाम	2015	2016	2017	2018 (30.11.2018 की स्थिति के अनुसार)
1.	दिल्ली	185632	101000	62536	49230
2.	चंडीगढ़	36815	30317	44294	24653
3.	जयपुर	47573	31957	13205	15290
4.	राय बरेली	16468	18937	7068	5465

5.	हैदराबाद	48760	39006	41839	38741
6.	कोचीन	24079	16932	12392	10134
7.	त्रिवेंद्रम	18772	8872	2453	1836
8.	मुम्बई	353591	231609	170787	132414
9.	चेन्नई	41665	27491	26567	24976
10.	कोलकाता	10797	14817	9883	9540
	कुल	**784152**	**520938**	**391024**	**312279**

अब सितम्बर, 2017 से विदेश में रोजगार के लिए जाने से पूर्व भारत से समुद्र के रास्ते जाने वालों को भी ई-माईग्रेट प्रणाली में पंजीकृत किया जाता है। इससे समुद्री मार्ग से जाने वालों से जुड़ी शिकायतों में कमी आयी है।

प्रवास की प्रवृत्ति

वर्ष 2018 के दौरान (30 नवम्बर, 2018 की स्थिति के अनुसार) 3.12 लाख कामगार उत्प्रवासन अनुमति की प्राप्ति के पश्चात भारत से विदेश गए। चालू वर्ष के दौरान प्रमुख ईसीआर देशों के लिए दी गयी उत्प्रवासन अनुमति की देश-वार संख्या निम्न सारणी में दी गयी है:

उत्प्रवासित कामगार (लाख में)

क्र. सं.	देशों का नाम	वर्ष-2018 (30.11.2018)
1.	सउदी अरब	0.66
2.	यूएई	1.03
3.	कुवैत	0.52
4.	कतर	0.32
5.	ओमान	0.32
6.	बहरीन	0.09
7.	मलेशिया	0.16
8.	अन्य	0.02
	कुल	**3.12**

उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और केरल राज्यों शीर्ष राज्यों में से थे जहां से उत्प्रवासित करने वालों की संख्या सबसे अधिक थी। वर्ष 2018 (30 नवम्बर, 2018) के दौरान इन राज्यों से उत्प्रवासित करने वाले लोगों की संख्या को पाई चार्ट में दर्शाया गया है।



प्रवासियों की सुरक्षा और कल्याण

सरकार ने सुरक्षित और कानूनी प्रवासन तथा गणतव्य देशों में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। इनमें से कुछ निम्न प्रकार हैं:

(क) बेईमान एजेंटों द्वारा उत्पीड़न से भारतीय नर्सों को बचाने के लिए भारतीय नर्सों को ईसीआर देशों के लिए प्रवासी रोजगार हेतु प्रवास अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, भारतीय नर्सों को विदेशी नियोक्ता और भारतीय भर्ती एजेंट द्वारा पालन की जाने वाली निबंधन और शर्तों के साथ देश विशेष आदेश के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की गयी हैं।

(ख) सभी प्रवासी कामगारों में से घरेलु नौकरानी और महिला (ईसीआर) कामगार सबसे संवेदनशील श्रेणियों में हैं। उनके हितों की रक्षा करने के लिए निम्नलिखित उपाए किए गए हैं:

- रोजगार की प्रकृति/श्रेणी के निरपेक्ष ईसीआर देशों के लिए ईसीआर पासपोर्टों पर उत्प्रवासन करने वाले सभी महिता प्रवासी (नर्सों को छोड़कर) के संबंध में 30 वर्ष की आयु सीमा अनिवार्य है;
- 2 अगस्त, 2016 की तिथि के आदेश के तहत अठारह ईसीआर देशों में प्रवासी रोजगार के लिए ईसीआर पासपोर्टों वाले सभी महिला कामगारों की उत्प्रावसन अनुमति को छह राज्य चालित भर्ती एजेंसियों के द्वारा ही अनिवार्य बना दिया गया है।
- विदेशी नियोक्ता यदि सीधे ही महिला कामगारों की भर्ती करता है तो उसे 2500 अमेरिकी डॉलर आरक्षित राशि जमा करना होगा जिसे कामगार के सुरक्षित भारत वापसी पर लौटा दिया जाएगा।
- सभी ईसीआर देशों के लिए सभी ईसीआर पासपोर्ट धारक महिला कामगारों की सीधी भर्ती के संबंध में दूतावास सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है।
- जून, 2015 से ई-माईग्रेट प्रणाली में विदेशी नियोक्ता (एफई) का पंजीकरण अनिवार्य बनाया गया है - एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें संबंधित भारतीय मिशन द्वारा एफई का सत्यापन शामिल है।

प्रवर्तन और शिकायत निवारण

गैर भुगतान/ मजदूरी के भुगतान में देरी, कामगारों की संविदा में एकतरफा परिवर्तन, मनमाने तरीके से कार्यों में परिवर्तन आदि के बारे में प्रवासी भारतीय कामगारों के उत्पीड़न के बारे में शिकायतें प्राप्त होती हैं। ऐसे मामलों में

पीजीई संबंधित भर्ती एजेंट (आरए) को (यदि कामगार की भर्ती पंजीकृत आरए के माध्यम से हुई हो) अपने व्यय पर कामगारों को वापस भेजने का निर्देश दिया जाता है। यदि आरए ऐसा करने में असफल रहता है तो उसके पंजीकरण को रद्द करने तथा वापसी के खर्चे के वहन के लिए उसकी बैंक गारंटी को जब्त करने के लिए कार्रवाई की जाती है। विदेश स्थित भारतीय मिशन और वाणिज्य दूतावास संबंधित विदेशी नियोक्ता/ प्रयोक्ता के साथ अथवा गंतव्य देश में विदेशी सरकार के साथ ऐसी शिकायतों को उठाकर ऐसे मुद्दों का भी समाधान किया जाता है।

उन मामलों में जिनमें कथित तरीके से ठगने/ धोखाधड़ी किए जाने के संबंध में प्रवासी कामगारों/ भावी प्रवासी कामगारों अथवा उनके संबंधियों से गैर कानूनी एजेंटों के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो ऐसी शिकायतों पर गैर कानूनी एजेंटों के विरूद्ध कारर्वाई करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों के पास भेजा जाता है क्योंकि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है तथा इसके अलावा ये एजेंट उन राज्यों में अपना परिचालन कर रहे हैं।

1 जनवरी, 2018 से 30 नवम्बर, 2018 तक के बीच कुल 324 शिकायतों को संबंधित राज्य सरकारों को अग्रेषित किया गया था। राज्य सरकारों / पुलिस अधिकारियों ने बदले में प्रवासी महारक्षक, विदेश मंत्रालय से जांच पश्चात अभियोजन की मंजूरी प्राप्त करता है, विदेश मंत्रालय प्रवासी अधिनियम, 1983 की धारा 27 के तहत उपयुक्त न्यायालय में दोषी पर अभियोजन चलान के लिए सक्षम प्राधिकारी होता है। ऐसी अभियोजन संस्वीकृति के लिए अनुरोध को प्रवासी के महारक्षक, विदेश मंत्रालय के कार्यालय द्वारा प्राथमिकता के आधार संसाधित और अभियोजन मंजूरी जारी किया जाता है। 1 जनवरी, 2018 से 30 नवम्बर, 2018 तक संबंधित राज्य सरकारों को पंद्रह अभियोजन संस्वीकृति जारी की गयी है जिन्होंने इसकी मांग की थी।

हाल में चिंता के साथ यह नोट किया गया है कि मानव तस्करी की दरें बढ़ रही हैं, विशेषकर बच्चों और महिलाओं की तस्करी संबंधी मामले। मंत्रालय ने छह राज्य चालित भर्ती एजेंसियों द्वारा अनुमति दिए जाने के लिए अठारह ईसीआर देशों में जाने वाले महिला कामगारों के कल्याण के लिए अग्रसक्रिय कदम उठाया है। तथापि, अधिकांश मामलों में भारतीय प्रवासियों की तस्करी गैर कानूनी एजेंटों के माध्यम से किया गया है जो इस प्रणाली की उपेक्षा करते हैं। विशेष रूप से ये एजेंट पर्यटन वीजा पर लोगों को विदेश भेज रहे हैं और उन्हें धोखा देते हैं अथवा कभी-कभी उनकी तस्करी करते हैं। जब कभी भी ओसी और पीजीई प्रभाग को मानव तस्करी संबंधी शिकायतों की सूचना दी जाती है, इन्हें इस मामले में कार्रवाई करने के लिए सीबीआई अपराध मैनुअल के अध्याय 3.5 (च) के तहत केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को भेज दिया जाता है।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में नई दिल्ली में 10 जनवरी, 2018 को एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अधिकांश राज्यों के मुख्यमंत्री सहित एनआरआई मंत्रियों ने भाग लिया। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने इस पर जोर दिया कि राज्यों को अपने यहां परिचालन कर रहे गैर कानूनी एजेंटों को पकड़ने में कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने इसे भी रेखांकित किया कि राज्यों को गैर कानूनी एजेंटों के विरूद्ध मीडिया अभियान चलाना चाहिए।

विदेशी नियोक्ताओं के विरूद्ध शिकायतें

किसी उत्प्रवासी या उसके रिश्तेदार से शिकायत की प्राप्ति के तत्काल बाद मिशन /पोस्ट उक्त मामले को मैत्रीपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए विदेशी नियोक्ता और स्थानीय अधिकारियों के साथ उठाया जाता है। उपयुक्त स्थिति में वे संबंधित भर्ती एजेंट और उत्प्रवासियों के महारक्षक के साथ समन्वय कर कामगारों को वापस भेजने की कोशिश करते हैं। भारतीय मिशन और पोस्ट भी भारतीय उत्प्रवासियों के साथ बुरे बर्ताव की शिकायतों के आधार पर पूर्व अनुमोदित श्रेणी सूची में ऐसे विदेशी नियोक्ताओं को शामिल करने की भी सिफारिश करता है। ऐसी सिफारिशों के आधार पर मंत्रालय पूर्व अनुमोदित श्रेणी में संबंधित विदेशी कंपनी को रखता है। जब किसी विदेशी कंपनी को पूर्व अनुमोदन श्रेणी सूची में शामिल किया जाता है तो उसे भारत में कामगारों को भर्ती करने की अनुमति नहीं दी जाती है।

भर्ती एजेंटों के संबंध में 1 जनवरी, 2018 से 30 नवम्बर, 2018 की अवधि के दौरान ओई और पीजीई प्रभाग की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नवत् हैं:

क्र.सं.	क्रियाकलाप का नाम	स्थिति
1	जारी किया गया नया पंजीकरण प्रमाणपत्र	109
2.	दिए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण	258
3	जारी किए गए कमी संबंधी पत्र	245
4	एजेंसी के बंद होने पर जारी बैंक गारंटी	83
5	पते, शाखा कार्यालय, कार्यालय पदाधिकारियों के नाम आदि में परिवर्तन के लिए दिया गया अनुमोदन।	122
6	पंजीकृत भर्ती एजेंटों के विरूद्ध कार्रवाई- कारण बताओ नोटिस जारी करना (एससीएन)	61
7	गैर कानूनी एजेंटों के विरूद्ध राज्य सरकार को अभियोजन संस्वीकृति / पत्र	15
8	राज्य सरकारों को संदर्भित शिकायतों की संख्या	324

प्रवासी भारतीय केन्द्र (पीबीके)

प्रवासी भारतीय केन्द्र (पीबीके) जिसमें प्राथमिक रूप से ओसीआई/ पीआईओ कार्ड धारकों के लिए अत्याधुनिक आडिटोरियम, बहुउद्देशीय हॉल, सम्मेलन और विचार गोष्ठी हॉल और चौबीस अतिथि कक्ष है, का उद्घाटन 2 अक्टूबर, 2016 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। यह केन्द्र, जो 15क, रिजाल मार्ग, चाणक्यापुरी, नई दिल्ली के केन्द्र में अवस्थित है, प्रवासी भारतीय समुदायों के लिए एक श्रद्धांजलि है और विश्व के विभिन्न भागों में उनके प्रवासन(उनके समक्ष विदेश में आने वाली चुनौतियों, उनकी उपलब्धियों और योगदान को स्मरण करता है।

पीबीके में नियमित रूप से उच्च स्तरीय बैठकें/ सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। इनमें से कुछ हैं- सभी पीबीडी सत्र और पीबीडी की संचालन समिति की बैठक, भारत-रूस कूटनीति संबंध के 70 वर्ष को मनाने के लिए वर्ष भर का समारोह, 9वां एचओएम सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखी गयी 'एक्जाम वारियर" को विमोचन करना, प्रथम पीआईओ संसदीय सम्मेलन, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की 4थी वर्षगांठ को मनाना, भारत-अमेरिका-जापान त्रिपक्षीय डीजी स्तरीय बातचीत, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में पुरस्कार देते हुए पृथ्वी पुरस्कार समारोह, 2018 के संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम चैम्पियन, नीति आयोग के कई उच्च स्तरीय कार्यक्रमों तथा भारतीय चुनाव आयोग, भारत सरकार के मंत्रालयों/ विभागों द्वारा आयोजित अन्य उच्च स्तरीय कार्यक्रमों को पीबीके में आयोजित किया गया है। जनवरी से नवम्बर, 2018 तक की अवधि के दौरान पीबीके में कुल 193 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, इनमें दो भारत के राष्ट्रपति स्तरीय कार्यक्रम, चार उप राष्ट्रपति स्तरीय कार्यक्रम, और तीन प्रधानमंत्री स्तरीय कार्यक्रम शामिल हैं। दिसम्बर, 2018 के लिए लगभग पंद्रह कार्यक्रम आयोजित किए जाने वाले हैं।

एक परस्पर डिजिटल संग्रहालय नामत: 'महात्मा गांधी एक प्रवासी' को दक्षिण अफ्रीका में उनके आने और भारत वापस आने, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा भारत में एक जन नेता के रूप में उनकी यात्रा के जीवन घटनाक्रम को दर्शाते हुए इस केन्द्र के प्रथम तल पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इस प्रकार, इस संग्रहालय में पैंतीस राजदूतों/ उच्चायुक्तों / विदेशी शिष्टमंडलों को शामिल करते हुए ईक्यासी से अधिक देशों से 6000 से अधिक फुटबॉल का साक्ष्य है। साथ हीं, दिल्ली में और इसके आसपास के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से 4100 छात्रों ने इस प्रदर्शनी का शैक्षणिक भ्रमण किया है।

पीबीके पुस्तकालय भारतीय समुदाय के बारे में लिखित और साहित्य का एक बहुमूल्य संग्रह है। इसमें 3500 से अधिक पुस्तकों का संग्रह है; इनमें से कुछ पुस्तक इन समुदायों, उनके इतिहासों, वंशावली, उद्‌वविकास, वृत्तिदान, शिक्षा और वर्तमान स्थिति की सुनवाई और क्लेश से संबंधित है। यहां प्रमुख समुदाय वाले देशों, उनके वर्तमान प्रकशनों और पत्रिकाओं से जुड़े साहित्य का एक कोना भी है। सभी राष्ट्रीय भाषाओं में साहित्य पाक्षिक, पुस्तक और डिजिटल सामग्री सहित, पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। डिजिटल सामग्री पर बल देने के साथ यह पुस्तकालय भारत में प्रमुख डिजिटल ज्ञान नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करता है। स्थल अध्ययन/ पठन के लिए पुस्तकालय में कार्यस्थल उपलब्ध हैं।

इस दौरान यह केन्द्र भारत और अपने समुदायों के बीच धारणीय, सहजीवी और परस्पर लाभप्रद आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अनुबंध के लिए क्रियाकलापों का एक केन्द्र विकसित कर रहा है।

23

प्रशासन और स्थापना

प्रशासनिक प्रभाग

प्रशासनिक प्रभाग का सतत प्रयास मुख्यालय स्तर पर मंत्रालय की मानव पूंजी प्रबंधन तथा विदेश स्थित 186 भारतीय मिशनों/ पोस्टों द्वारा जनशक्ति का इष्टतम प्रयोग रहा है। इसके लिए यह प्रभाग संवर्ग प्रबंधन का निरीक्षण करता है जिसमें भर्ती, प्रशिक्षण, पोस्टिंग/ स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति और अन्यों के बीच कैरियर उन्नयन जैसे विभिन्न पहलु शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह प्रभाग भारतीय मिशनों और पोस्टों के लिए स्थानीय कर्मचारियों सहित भारत सरकार के संगत सभी नियमों और विनियमों के निरूपण, संशोधन और सुधारों के माध्यम से अपने व्यक्तिगत नीतियों का अंशांकन भी करता है।

वर्ष 2018-21 के दौरान अफ्रीमा में अठारह नए मिशनों को खोलने के लिए मार्च, 2018 को मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसरण में प्रथम चरण में छह मिशनों को खोले जाने के लिए पहचान की गयी है। इनमें से रवांडा में मिशन पहले से ही खोल दिया गया है और जिबूती और इक्वेटोरियल गुएना में जल्द की मिशन खोला जाना है। कांगों गणतंत्र, बुरकीना फासो और गुएना में मिशनों के संबंध में प्रारंभिक प्रशासनिक तथा स्थापना संबंधी कार्य पहले से चल रहा है।

इस मंत्रालय की वर्तमान संस्वीकृत संख्या 4225 (परिशिष्ट पांच) जिसमें मिशनों और पोस्टों में ये पद लगभग 53 प्रतिशत हैं। कुल संख्या को मंत्रालय के विभिन्न संवर्गों में बांटा गया है यथा भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), सामान्य संवर्ग, स्टेनोग्राफर संवर्ग, भाषांतरण संवर्ग तथा कानूनी और संधि संवर्ग और अन्य संवर्ग ।

मंत्रालय ने भर्ती वर्ष 2018-19 में प्रत्यक्ष भर्ती (डीआर) और विभागीय पदोन्नति (डीपी) के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर कार्मिक की भर्ती द्वारा अपनी जनशक्ति को संवर्धित किया (परिशिष्ट छह)। मंत्रालय भारत सरकार के नियमों की तर्ज पर अपने कार्मिकों में उनके उपयुक्त प्रतिनिधित्व के लिए विक्लांग व्यक्तियों हेतु पर्याप्त अवसर सुनिश्चित करता है। मंत्रालय भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों/ राज्य सरकारों

तथा विशिष्ट एजेन्सियों से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों को लेता है ताकि अपनी विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सके।

मंत्रालय यथा आवश्यक अंतरराष्ट्रीय कानून संबंधी विशिष्ट मोड्यूल, साइबर सुरक्षा, लैंगिक बजट, लेखा, वाणिज्य दूतावास और पासपोर्ट सेवाओं, सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग आदि के साथ अपने सभी संवर्गों के प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित करता है। भाषांतरण स्तर सहित आईएफएस अधिकारियों के भाषाई कौशल के विकास पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इन वर्षों में इसके परिणामस्वरूप सेवा में विदेशी भाषा कौशल के साथ अधिकारियों के उपयुक्त बड़े समूह का सृजन हुआ है (परिशिष्ट सात)।

यह प्रभाग मिशनों/ पोस्टों के कई कार्यमूलक क्षेत्रों में विचारों के आदान-प्रदान, सूचना संग्रहण और निगरानी के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में मुख्यालयों और मिशनों/पोस्टों के बीच एक ऑनलाइन इंटरफेस ई-समीक्षा पोर्टल के रूप में प्रौद्योगिकी टूलों का सक्रिय रूप से उपयोग करना जारी रखा। सरकार के डिजिटल अभियान पहल के साथ संबद्ध होकर कर्मचारी सूचना प्रणाली मोड्यूल को वर्ष के दौरान लागू किया गया था और मंत्रालय ने अपने सभी भुगतानों को करने के लिए जन वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) एप्लीकेशन का इस्तेमाल करना जारी रखा ।

स्थापना प्रभाग

स्थापना प्रभाग मंत्रालय के सभी कार्यालय भवनों और आवासीय परिसरों के अनुरक्षण और देखभाल का कार्य करता है; कार्यालय उपकरण, फर्नीचर और स्टेशनरी की खरीद व आपूर्ति करता है; तथा विदेश स्थित मिशनों और पोस्टों के लिए विशेष प्रापण वस्तुओं और कार्यालय वाहनों की खरीद और आपूर्ति से संबंधित मामलों को देखता है।

मंत्रालय ने वर्ष 2018-19 के दौरान स्वच्छ भारत के विभिन्न क्रियाकलापों में सक्रिय भागीदारी की है। मंत्रालय ने भारत में अपने सभी कार्यालयों और विदेश स्थित सभी भारतीय मिशनों/पोस्टों में 1-15 जनवरी, 2018 तक स्वच्छता

पखवाड़े का आयोजन किया। 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2018 के बीच स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम भी मनाया गया। विदेश स्थित मिशनों/ पोस्टों के अलावा चाणक्यपुरी और द्वारका परिसरों में भी विदेश मंत्रालय छात्रावासों में श्रमदान का आयोजन किया गया। दिल्ली में अपने सभी परिसरों में सफाई और उचित रखरखाव को बनाए रखने के लिए विदेश सचिव सहित सभी एमईए सचिवालयों द्वारा 16 जुलाई-10 अगस्त, 2018 से साप्ताहिक स्वच्छता जांच की गयी। एमईए के सभी कार्मिकों को भी सलाह दी गयी कि वे प्रत्येक दिन 'स्वच्छ समय' का पंद्रह मिनट रखे। साउथ ब्लॉक कार्यालय में कई शौचालयों को वर्ष के जीर्णोद्धार किया गया और वर्तमान में शेष शौचालयों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जगह बचाने तथा कार्यदशा में सुधार करने के लिए कॉम्पेक्टरों की स्थापना सहित कई कार्यालय कक्षों में मरम्मत और अनुरक्षण (आर एंड एम) कार्यों को भी किया गया। अप्रचलित और अप्रयुक्त वस्तुओं/ उपकरणों आदि के निपटान के लिए समीक्षा और फाइलों/ रिकार्डों को समाप्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

मंत्रालय से एकल प्रयोग प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से बाहर निकालने के लिए मंत्रालय का एक प्लास्टिक लेखा परीक्षा हाल ही में गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) मैसर्स चिंतन एनवारामेंट रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप द्वारा किया गया है। इसकी रिपोर्ट की जांच की जा रही है और मंत्रालय जल्द ही भारत और विदेश में सभी एमईए भवनों में एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने और इसमें कमी लाने के लिए अपनी कार्य योजना और दिशानिर्देश लेकर आएगा।

'कार्यालय आवंटन और मालसूची प्रबंधन पोर्टल' सृजन की प्रक्रिया में है ताकि विभिन्न कार्यालयों और कक्षों में संसाधनों/ वस्तुओं को बेहतर तरीके से प्रबंधन किया जा सके। अब ऑनलाइन स्टेशनरी प्लेटफार्म पूर्णत: कार्य करने लगेगा जिससे स्टेशनरी वस्तुओं की ऑनलाईन प्राप्ति हो पाएगी। पद आधारिक नेमप्लेट को समरूपता लाने के लिए साउथ ब्लॉक के सभी कार्यालयों में लगाया गया।

1 अप्रैल, 2018 -30 नवम्बर, 2018 की अवधि के दौरान विदेश स्थित हमारे मिशनों/ पोस्टों में सरकारी वाहनों के प्रतिस्थापन/खरीद के लिए अड़तालीस प्रस्तावों को मंत्रालय द्वारा संसाधित किया गया और संस्वीकृत किया गया। मंत्रालय एमबी ई 400 4एम के उत्पादन को बंद करने के बाद फ्लेग कार के अनुमोदित मॉडल के रूप में एमबी ई 450 4एम के नामोद्दिष्ट करने के लिए वित्त मंत्रालय से अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। मंत्रालय ने पात्र अधिकारियों के आवास के लिए समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की खरीद के संबंध में प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को भी सरलीकृत किया है। शेष सभी भारतीय मिशनों और पोस्टों में वीडियो सम्मेलन सुविधाओं को लगाने के लिए प्रयास चल रहे हैं।

घरेलु स्रोतों से प्राप्त उपहारों के लिए कोष की स्थापना करने के लिए सरकार के निर्णय के बाद संबंधित विभाग को आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया तथा इसके साथ एमईए के तोशाखाना के बेहतर प्रचलन को भी साझा किया गया। मिशनों/ पोस्टों और मुख्यालयों में प्रदर्शन करने के लिए ऑबजेक्ट डी आर्ट (ओडीए) की कमी को पूरा करने के साथ तोशाखाना से कई वस्तुओं को ओडिए प्रकोष्ठ में स्थानांतरित किया गया।

2018-19 में, एमईए छात्रावासों और आवासीय परिसरों के नियमित अनुरक्षण के अतिरिक्त बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण, सोलर वाटर हीटरों के उन्नयन, बच्चों के पार्क को पुन: बनाने और पार्किंग क्षेत्रों के सीमांकन और पेंटिंग करने जैसी सुविधाओं को पूरा किया गया था। 15 सितम्बर- 2 अक्टूबर, 2018 को स्वच्छता ही सेवा मनाया गया तथा आवासीय परिसरों के आसपास के क्षेत्रों को साफ किया गया तथा इसी अवधि के दौरान कचरा पेटी भी लगाए गए। सभी आवासीय परिसरों में एलईडी लाइटों की स्थापना की गयी है। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप, दो एमईए परिसारों के पुनर्विकास के कारण उत्पन्न आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संपदा निदेशालय द्वारा एमईए पूल को पचास फ्लेटों का कोटा आवंटित किया गया है। एमईए पूल आवासीय परिसर की मांग करते हुए सामान्य पूल आवासीय घरों (जीपीआरए) के तहत अनिवार्य एप्लिकेशन की नई नीति इस रिपोर्ट की अवधि के दौरान अपनायी गयी है ।

वैश्विक संपदा प्रबंधन (जीईएम)

हैदराबाद में विदेश भवन के निर्माण के लिए एक भूमि के टुकड़े को अधिगृहीत किया गया है। हमबर्ग में चांसरी के लिए एक निर्मित संपदा को अधिगृहीत किया गया है। नैरोबी और म्युनिख में मिशनों/ पोस्टों के लिए चांसरी के लिए संपत्ति

का अधिग्रहण अंतिम चरण में है। मैक्सिको शहर, केयेव और बिस्केक में अधिग्रहण के लिए चांसरी हेतु संपत्तियों की पहचान की गयी है। जीईएम पोर्टल को 2018 में शुरू किए जाने की संभावना है।

फ्युनतशोलिन और काबुल में दो नयी निर्माण परियोजनाएं चल रही हैं और उसके बाद नौ निर्माण परियोजनाएं चल रहीं हैं यथा निकोसिया, ताशकंत, अदिश अबाबा, इस्लामाबाद, पोर्ट लुईस, पोर्ट आफ स्पेन (एमजीआईसीसी), वेलिंग्टन, डब्लूएचएस (पोर्ट लुईस) और खारतोम। छह निर्माण परियोजनाएं हैं जो पूरी होने वालीं हैं यथा वार्साय, अबूजा, डारे सलाम, बहरीन, ढ़ाका और काठमांडू।

रिपोर्ट के तहत इस अवधि के दौरान बैंकॉक में चांसरी के व्यापक नवोन्मेष कार्य को पूरा कर लिया गया है। अराका, किंग्सटन, ब्रसेल्स, कैपटाउन, हरारे, सियोल, काठमांडू, बर्लिन, ब्रेसिलिया, होस्टन में ब्रेटिस्लावा कांसुल जनरल (सीजी) रेसिडेंस, हांगकांग (भारत भवन), फ्रैंकफर्ट और बीजिंग में चांसरी, पीएमआई, न्यूयार्क, जकार्ता, हेरात, जलालाबाद में दूतावास अवासों में विभिन्न आर एंड एम कार्य को अनुमोदित किया गया है तथा इनका कार्य चल रहा है। अटलांटा, बेलग्रेड, डारे सलाम, हरारे, मास्को, न्यूयार्क, ओटावा, वाशिंगटन, यंगून, पेरिस, पोर्ट लुईस, पोर्ट आफ स्पेन, वाशिंगटन और वार्सा में प्रमुख नवोन्मेषी परियोजनाएं विकास के विभिन्न चरणों में है जहां परामर्शदाता की नियुक्ति, वास्तुकला ड्राईंग की तैयारी और चल रहे नवोन्मेषी कार्य तक ठेकेदारों को कार्यो का ठेका देने के विभिन्न विकास चरणों के कार्य चल रहे हैं। डबलिन में चांसरी का नवोन्मेष कार्य पूरी तेजी से चल रहा है।

हैदराबाद, लखनऊ, बरेली, भुवनेश्वर, जयपुर, चेन्नई, तिरूवनंतपुरम में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ)/ आव्रजन के प्रोटेक्टर (पीओई) में नवोन्मेष का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) को सौंपा गया है।

वायु सेना स्टेशन (एएफएस) पालम में रिसेप्टोरियम का आंतरिक नवोन्मेष और पुनर्निर्माण पूरी रफ्तार से चल रहा है।

कल्याण प्रभाग

कल्याण प्रभाग विदेश मंत्रालय (एमईए) के सभी कर्मचारियों के सामान्य कल्याण की देखभाल करता है। चालू वर्ष के दौरान एमईए ने पांच कर्मचारियों को खोया जिनके लिए आवश्यक सहायता एमईए कर्मचारी लाभ से प्रशाखा और अनुग्रह राशि का भुगतान दिया गया ताकि पीड़ित परिवारों को लाभ मिल सके।

कल्याण अनुभाग अनुकंपा आधारिक नियुक्ति के मामले में मृत्यु के मामले दर मामले को देखता है। इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति द्वारा मल्टी टास्किंग कर्मचारी (एमटीएस) और कनिष्ठ सचिवालय सहायक (जेएसए) के रूप में मंत्रालय में अनुकंपा आधारित नियुक्ति श्रेणी में नौ ऐसे आवेदकों की नियुक्ति की गयी।

एमईए अधिकारियों के पांच बच्चों को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रदान किया गया तथा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में तैंतीस बच्चों को प्रवेश दिया गया । इन अभ्यर्थियों के चयन को इस उद्देश्य के लिए गठित समिति के माध्यम से पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया गया था।

केन्द्रीय विद्यालय के तैंतीस सीटों का इस्तेमाल अधिकारियों के बच्चों तथा मंत्रालय के कर्मचारियों तथा विदेश स्थित भारतीय मिशनों/ पोस्टों में तैनात अन्य केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों के बच्चों द्वारा इस्तेमाल किया गया।

उपर्युक्त के अलावा, विभिन्न गतिविधियां यथा कोष बनाने के अभियान, अंतर मंत्रालयी खेल टूर्नामेंट आदि में एमईए कर्मचारियों की भागीदारी, रक्तदान और अंगदान जागरूकता शिविर में भागीदारी को कल्याण प्रभाग द्वारा आयोजन किया गया। कल्याण प्रभाग ने अनुदान सहायता प्रदान कर मनोरंजन क्लबों की स्थापना करने के लिए विदेश स्थित भारतीय मिशनों/ पोस्टों की भी सहायता की।

कल्याण विभाग ने जवाहरलाल नेहरू भवन (जेएनबी), विदेश मंत्रालय (एमईए) छात्रावास, के.जी. मार्ग, चाणक्यपुरी और द्वारका में एमईए आवासीय परिसरों में योग कक्षाओं को आयोजित करने के लिए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के योग शिक्षकों के साथ समन्वय किया।

इसके अतिरिक्त, वाणिज्य विभाग ने आधार कार्डों और पैन कार्डों आदि प्राप्त करने में विभिन्न सरकारी / निजी विद्यालयों के लिए अपने बच्चों के प्रवेश के लिए मुख्यालयों के लिए मिशनों से एमईए से वापस आने वाले अधिकारियों को सामान्य सहायता और मदद दिया।

24

सूचना का अधिकार और मुख्य लोक सूचना अधिकारी

मंत्रालय ने वर्ष के दौरान, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए प्रयास जारी रखा। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपी एंड टी) के निर्देशों के अनुसार, स्व: प्रकटीकरण , आरटीआई आवेदनों / अपील / प्रतिक्रियाओं और मासिक आंकड़ों को सार्वजनिक डोमेन पर अपलोड करने का कार्यान्वयन किया गया । विदेशों में 184 मिशन / पोस्ट में आरटीआई आवेदनों की ऑनलाइन स्वीकृति और निपटान की प्रणाली को आरटीआई वेब पोर्टल के साथ संरेखित करके लागू किया गया है।

मंत्रालय में 1 अप्रैल 2018 से 30 नवंबर 2018 की अवधि के दौरान, आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने के लिए कुल 1946 आरटीआई आवेदन और 160 प्रथम अपीलें प्राप्त हुई हैं और उनका संतोषजनक तरीके से निस्तारण किया गया है। आवेदनों में, सामान्य रूप से, विषय थे- विदेशी संबंध, प्रशासनिक मुद्दे, हज यात्रा, द्विपक्षीय दौरे और उन पर किए गए व्यय।

सभी केंद्रीय सूचना आयोग की सुनवाई में संबंधित केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों और आरटीआई सेल के प्रतिनिधि ने भाग लिया है और मंत्रालय को केंद्रीय सूचना आयोग से कोई प्रतिकूल निर्णय / टिप्पणी नहीं मिली है। समय पर आवश्यकतानुसार केंद्रीय सूचना आयोग में तिमाही विवरणी दाखिल की गई हैं।

25

ई-शासन और सूचना प्रौद्योगिकी

ई-शासन और सूचना प्रौद्योगिकी (ईजी एंड आईटी) प्रभाग को भारत सरकार के मानक मानदण्डों के अनुसार राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) के समन्वय के साथ विदेश मंत्रालय (एमईए) में व्यवहार्यता अध्ययन संचालित करने, विभिन्न ई-शासन अनुप्रयोगों को डिजाइन, विकसित, परीक्षित, क्रियान्वित और अनुरक्षित करने का अधिदेश दिया गया है। ईजी एंड आईटी प्रभाग समस्त सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना की अधिप्राप्ति, अनुरक्षण और रख-रखाव के लिए विदेश मंत्रालय और विदेशों में स्थित मिशनों/पोस्टों को समस्त सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी समस्त जानकारी भी प्रदान करता है।

ईजी एंड आईटी प्रभाग विदेश मंत्रालय तथा विदेशों में स्थित समस्त मिशनों/पोस्टों में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विभिन्न अवयवों को क्रियान्वित करने के लिए कदम उठा रहा है। ई-क्रांति की चार मिशन मोड परियोजनाएं (डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के चार स्तंभ) अर्थात् ई-ऑफिस, ई-अधिप्राप्ति, आप्रवासन, वीजा, विदेशियों का पंजीकरण और ट्रैकिंग प्रणाली (आईवीएफआरटी) तथा पासपोर्ट सेवा परियोजनाएं (पीएसपी) एमईए और विदेशों में स्थित मिशनों/पोस्टों में वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही है।

विदेश मंत्रालय ने अनेक ई-शासन और स्वचालन परियोजनाएं भी संचालित की हैं जो डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुरूप हैं। स्वचालन तथा नेटवर्किंग को विदेश मंत्रालय में कार्यकरण के सभी स्तरों पर सहक्रिया हासिल करने तथा सरकारी कर्मचारियों को कार्यकुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। ईजी एंड आईटी प्रभाग ने अनेक ई-शासन परियोजनाएं पूर्णत: क्रियान्वित की हैं तथा उनमें से कुछ अभी तक क्रियान्वित की जा रही है। निम्नलिखित ई-शासन परियोजनाएं क्रियान्वित की गई हैं:-

- **विदेश सेवा संस्थान (एफएसआई) पूर्व-छात्र पोर्टल (http://fsialumani.gov.in).** यह पोर्टल विदेश सेवा संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व-छात्रों के पंजीकरण और प्रबंधन में सहायता प्रदान करता है जिसके द्वारा विदेश मंत्रालय तथा उन विदेशी राजनयिकों के बीच में संपर्क

बनाने में सहायता मिलनी है जिन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत एफएसआई में प्रशिक्षण हासिल किया है।

- **ई-लेखापरीक्षा पोर्टल (लेखापरीक्षा पैरा प्रबंधन पोर्टल).** यह पोर्टल विदेश मंत्रालय के भीतर विभिन्न व्ययकारी यूनिटों जैसे प्रभागों और मिशनों/पोस्टों के संबंध में नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) तथा लोक लेखा समिति (पीएसी) द्वारा उठाए गए विभिन्न लेखापरीक्षा पैराओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग और अनुवीक्षण को सुकर बनाता है।

- **नवीकृत भारत के जानें कार्यक्रम (केआईपी) पोर्टल (http://kip.gov.in).** यह पोर्टल केआईपी कार्यक्रमों के बारे में प्रयोक्ताओं को सूचना प्रदान करके, उन्हें कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने में समर्थ बनाकर तथा उनके आवेदनों का प्रक्रमण करके विदेश मंत्रालय के महत्वाकांक्षी प्रवासी भारतीय क्रियाकलाप कार्यक्रम को सुविधा प्रदान करता है। नई प्रारंभ हुई केआईपी योजनाओं जैसे स्व-वित्त-पोषित केआईपी और स्वर्ण जयंती केआईपी के आवेदन के लिए रूपात्मकताओं को शामिल करने के लिए इस साइट को नवीकृत किया गया है।

- **नवीकृत प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) वेबसाइट (http://pbindia.gov.in).** पीबीडी 2017 की मौजूदा वेबसाइट को नवीकृत किया गया था तथा इसमें पीबीडी के नवीनतम संस्करण के लिए प्रयोक्ता रजिस्ट्रीकरण माड्यूल उपलब्ध कराया गयाहै और एक संवर्धित डिजाइन फार्मेट में उसके बारे में अद्यतन जानकारी को शामिल किया गया है।

- **राजनयिक पहचान पत्र रजिस्ट्रीकरण और निर्गम प्रणाली.** इस पोर्टल का आशय विद्यमान पहचान पत्रों में सुरक्षा संबंधी विशेषताओं का सुधार करते हुए और उनके विधिमान्यकरण को आसान बनाते हुए भारत में तैनात विदेशी राजनयिकों को पहचान पत्र जारी

करने की प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाना है। यह परियोजना पूर्ण की जा चुकी है तथा इसे नयाचार प्रभाग द्वारा औपचारिक रूप से प्रारंभ किया जाना प्रतीक्षित है।

इसके अलावा, ईजी एंड आईटी प्रभाग ने अनेक परियोजनाएं संचालित की है जो विदेश मंत्रालय के आंतरिक कार्यकरण में सुधार लाने में सहायता करती हैं। ये परियोजनाएं अवसंरचना प्रबंध साफ्टवेयर, कार्मिक प्रबंध साफ्टवेयर आदि की प्रकृति की हैं। इनमें से कुछ परियाजनाएं हैं - स्थापना प्रभाग के लिए ऑनलाइन इन्वेंट्री प्रबंध प्रणाली, सुरक्षा ब्यूरो के लिए कार्मिक प्रबंध प्रणाली, वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली 2.0 आदि।

ऊपर उल्लेख की गई क्रियान्वित ई-शासन परियोजनाओं के अलावा, एकीकृत मिशन लेखाकरण प्रणाली वर्णन 2.0, प्रवासी भारतीय केन्द्र के लिए संपत्ति प्रबंध वेबसाइट तथा वैश्विक संपदा प्रबंध पोर्टल पर विकास कार्य पूर्ण होने के अंतिम चरण पर चल रहा है।

क्रियान्वित की गई ई-शासन परियोजनाएं विदेश मंत्रालय के अधिकारियों, अन्य सरकारी कर्मचारियों, अनिवासी भारतीयों (एनआरआई)/भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) तथा द्विपक्षीय/त्रिपक्षीय सद्भावना कार्यक्रमों के लाभार्थियों को ई-शासन सेवाओं के लाभ प्रदान कर रही है।

विदेश मंत्रालय ने डिजिटल इंडिया के हितों का लाभ उठाने के लिए सूचना और सूचना प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का इष्टतमीकरण करने के प्रयोजनार्थ एक संकेन्द्रित दृष्टिकोण अपनाया है। इसके परिणामस्वरूप विदेश मंत्रालय में आईटी परिसंपत्तियों का आनुपातिक विकास हुआ है तथा आईटी अनुप्रयोगों पर निरंतर निर्भरता और आश्रिता में भी वृद्धि हुई है। इस दिशा में की गई पहलें इस प्रकार हैं:

- **विदेश मंत्रालय के भवनों में आईटी अवसंरचना का उन्नयन :** विदेश मंत्रालय के पटियाला हाउस और साउथ ब्लॉक भवनों में नेटवर्किंग अवसंरचना का उन्नयन हुआ है। विदेश मंत्रालय के सभी भवनों में सुरक्षा अवसंरचना की समीक्षा की जा रही है तथा इसे निरंतर अद्यतन बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।
- **साइबर क्षमता भवन :** विदेश मंत्रालय में साइबर सुरक्षा के बारे जागरूकता में वृद्धि करने तथा उन्हें साइबर जोखिमों को प्रबंधित करने और उन्हें न्यून बनाने में समर्थ बनाने पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था। साइबर सुरक्षा पर तीसरा ऑनलाइन पाठ्यक्रम चल रहा है तथा अस्सी कर्मचारियों ने पाठ्यक्रम के लिए नामांकन कराया है।
- **'भारत में कृत्रिम आसूचना के क्षमता निर्माण में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर प्रवासी भारतीय दिवस पैनल चर्चा :** यह कार्यक्रम प्रवासी भारतीय केन्द्र, नई दिल्ली में 14 जून, 2018 को आयोजित किया गया जिसमें भारत और विदेश से कृत्रिम आसूचना विशेषज्ञों को कृत्रिम आसूचना की व्याप्ति तथा भारत के लिए उसके प्रभावों पर उनके विचार प्रस्तुत करने और इस क्षेत्र में क्षमता में वृद्धि करने के लिए उपाय सुझाने के लिए आमंत्रित किया गया था।

26

संसद और समन्वय प्रभाग

संसद प्रभाग

संसद प्रभाग संसद के साथ मंत्रालय का संपर्क-सूत्र तथा समस्त संसद संबंधी कार्यों के लिए मंत्रालय को नोडल बिंदु है। इसके द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्यों में शामिल है - संसद प्रश्नों के उत्तरों के संबंध में मंत्रालय के समस्त प्रभागों के साथ संपर्क स्थापित करना, संसदीय आश्वासनों की पूर्ति करना, ध्यानकर्षण नोटिसों और प्रस्तावों पर कार्यवाही करना, अपनी ओर से वक्तव्य जारी करना, विदेश नीति पर वाद-विवाद/अल्कालिक चर्चाएं, विधायी कार्य, संसद में प्रतिवेदनों और दस्तावेजों को रखना आदि। संसद सत्र में प्रारंभ होने से पूर्व, प्रभाग आगामी सत्र के दौरान संसद में उठाए जा सकने वाले महत्वपूर्ण मामलों पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और संसदीय कार्य मंत्रालय के लिए सार-संग्रह भी करता है। प्रभाग विदेशी मामलों संबंधी परामर्शदात्री समिति की बैठकों का समन्वय भी करता है तथा विदेशी मामों संबंधी संसदीय स्थायी समित से संबंधित कार्यों को देखता है और अन्य संसदीय समितियों के साथ मंत्रालय का समन्वयन स्थापित करता है।

परामर्शदात्री समिति की बेठकें

अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 की अवधि के दौरान विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने विदेशी मामलों संबंधी परामर्शदात्री समिति की दो बैठकों की अध्यक्षता की:

(i) परामर्शदात्री समिति की दूसरी बैठक (2018 की) परामर्श सेवाओं के बारे में विदेश मंत्रालय की नई पहलें विषय पर 9 अगस्त, 2018 को आयोजित हुई।

(ii) परामर्शदात्री समिति की तीसरी बैठक (2018 की) राज्यों में पहुंच स्थापित करने के लिए विदेश मंत्रालय की पहलें विषय पर 27 दिसम्बर, 2018 को आयोजित हुई।

परामर्शदात्री समिति की एक बैठक जनवरी से मार्च, 2019 की अवधि के दौरान आयोजित की जानी अपेक्षित है।

विदेशी मामलों संबंधी संसदीय स्थायी समित की बैठकें

अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 की अवधि के दौरान विदेशी मामलों संबंधी संसदीय स्थायी समिति की आठ बैठकें आयोजित की गईं:

(i) 'संभावित उत्प्रवासियों के लिए उपयुक्त विधायी ढांचा और कौशल विकास पहलकदमों सहित उत्प्रवासी कर्मकारों से संबंधित मुद्दे' विषय पर 2 अप्रैल, 2018 को एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई जिसमें 'विवादग्रस्त क्षेत्रों में भारतीय कर्मकारों की सुरक्षा और संरक्षा' पर विशेष बल प्रदान किया गया था।

(ii) 'भारत-श्रीलंका संबंध : मछुआरों के मुद्दों सहित व्यापार और सुरक्षा' विषय पर 4 अप्रैल, 2018 को एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

(iii) 'दक्षेस देशों के साथ भारत का संबंध' विषय पर 14 मई, 2018 को एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

(iv) 'संभावित उत्प्रवासियों के लिए उपयुक्त विधायी ढांचा और कौशल विकास पहलकदमों सहित उत्प्रवासी कर्मकारों से संबंधित मुद्दे' विषय पर 18 जुलाई, 2018 को विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति के समक्ष विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किया गया।

(v) 'संभावित उत्प्रवासियों के लिए उपयुक्त विधायी ढांचा और कौशल विकास पहलकदमों सहित उत्प्रवासी कर्मकारों से संबंधित मुद्दे' विषय पर 2 अगस्त, 2018 को एक मौखिक साक्ष्य बैठक आयोजित की गई।

(vi) 'पाकिस्तान में नई शासन-व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में भारत-पाक संबंध' विषय पर 26 अक्टूबर, 2018 को एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

(vii) 'भारत-श्रीलंका संबंध - मछुआरों के मुद्दों सहित व्यापार और सुरक्षा' विषय पर 14 दिसम्बर को एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

(viii) 'जापान के साथ भारत के सुदृढ़ होते संबंध : भावी संभावनाएं' विषय पर 19 दिसम्बर, 2018 को एक ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।

जनवरी से मार्च, 2019 की अवधि के दौरान स्थायी समिति की बैठक आयोजित किए जाने की संभावना है।

संसद की अन्य समितियों की बैठकें

(i) सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, लोक सभा के समक्ष लंबित आश्वासनों के बारे में 23 अप्रैल, 2018 को विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किया गया।

(ii) अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, लोक सभा के साथ पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अंतर्गत बनाए गए नियमों/विनियमों के बारे में 11 जून, 2018 को विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा मौखिम ब्रीफिंग की।

समन्वयन प्रभाग

समन्वय प्रभाग राज्यपालों, संसद सदस्यों, केन्द्रीय मंत्रियों, राज्य सरकारों के मंत्रियों, राज्य विधानमंडलों, न्यायपालिका के सदस्यों, सरकारी कर्मचारियों आदि के विदेश दौरों के लिए राजनीतिक दृष्टिकोणों से अनापत्ति प्रदान करने के लिए समस्त प्रस्तावों का प्रक्रमण करता है। सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ समय-समय पर विनिर्धारित दिशा-निर्देशों पर विचार करते हुए, विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले दौरों, बैठकों के लिए राजनीतिक और कार्यात्मक औचित्य तथा संबंधित भारतीय मिशनों/पोस्टों की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए राजनीकि संस्वीकृति प्रदान की जाती है। अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 की अवधि के दौरान समन्वय अनुभाग ने ऐसे दौरों के लिए 2,316 राजनीतिक संस्वीकृतियां जारी कीं।

प्रभाग विदेशी गैर-अधिसूचित सैन्य उड़ानों तथा विदेशी नौसेना पोतों द्वारा दौरों के लिए राजनयिक संस्वीकृतियां प्रदान करने से संबंधित कार्य भी देखता है। अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 की अवधि के दौरान, अनुभाग ने विदेशी गैर-अधिसूचित सैन्य उड़ानों के लिए 406 संस्वीकृतियां तथा विदेशी नौसेना पोतों के दौरों के लिए चौतीस संस्वीकृतियां जारी की।

समन्वय प्रभाग ने भारतीय खेल दलों तथा खिलाड़ियों के विदेशो में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता तथा विदेशी खिलाड़ियों/टीमों के भारतीय दौरों के लिए अनुमोदनों का प्रक्रमण किया। अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक ऐसे बयासी मामलो का संस्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रक्रमण किया गया।

प्रभाग अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, संगोष्ठियां कार्यशालाएं आदि आयोजित करने के लिए अनापत्ति प्रदान करने, भारतीय तार अधिनियम (1885) के अंतर्गत गैर-पेशेवर डब्ल्यू/टी लाइसेंस प्रदान करने, नाम पंजीकरण के लिए संस्वीकृतियों तथा विदेशों में स्थित भारत-विदेश मैत्री सांस्कृतिक सोसाइटियों को सहायतानुदान प्रदान करने के लिए अनुरोधों की समीक्षा भी करता है।

अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 तक, प्रभाग ने भारत में 1228 सम्मेलनों/संगोष्ठियों के लिए संस्वीकृतियां जारी कीं। इसके अलावा, विदेशी छात्रों/स्कालरों द्वारा भारत में प्रशिक्षण/शोधकार्य के लिए 120 अनुरोधों का प्रक्रमण किया गया।

प्रभाग पद्म पुरस्कारों, गांधी शांति पुरस्कार, टैगौर पुरस्कार, भारतीय श्रेण्य भाषाओं के विद्वानों को राष्ट्रपति सम्मान प्रशस्ति पुरस्कार आदि से संबंधित कार्य का समन्वय करता है। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रभाग द्वारा भारतीय मिशनों/पोस्टों से प्राप्त किए जाते हैं तथा मंत्रालय की सिफारिशों को नोडल मंत्रालयों को संप्रेषित किया जाता है।

समन्वय प्रभाग मंत्रालय तथा विदेश में स्थित मिशनों/पोस्टों में आतंकवाद-रोधी दिवस (21 मई), सद्भावना दिवस (20 अगस्त), राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) और कौमी एकता सप्ताह (19-25 नवम्बर) भी आयोजित करता है।

समन्वय प्रभाग प्रधानमंत्री के मासिक 'प्रगति' कार्यक्रम, शिकायत निवारण पर वीडियो कांफ्रेस तथा कार्यक्रमों और परियोजनाओं की समीक्षा, में मंत्रालय की भागीदारी का समन्वय भी करता है। यह मंत्रिमंडल सचिवालय के ई-समीक्षा

पोर्टल के लिए मंत्रालय की प्रतिक्रियाओं का समन्वय करता है। समन्वय प्रभाग मंत्रिमंडल टिप्पणियों के मसौदों संसद संबंधी कार्यों, मंत्रिमंडल सुरक्षा समिति (सीसीएफ) के निर्णयों आदि पर मंत्रालय की टिप्पणियों का प्रक्रमण करता है, जहां मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों से टिप्पणियों को संग्रहित किया जाना होता है।

शिक्षा

शिक्षा अनुभाग स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय को आबंटित की गई सीटों पर स्व-वित्त पोषण स्कीम के अतर्गत भारत में विभिन्न केन्द्रीय संस्थाओं/महाविद्यालयों में एमबीबीएस, बीडीएस, बी.ई., बी.टेक, बी. आर्क और बी. फार्मेसी कार्यक्रमों के लिए सत्तावन मित्र पड़ोसी और विकासशील देशों से प्राप्त आवेदनों के संबंध में विदेशी छात्रों के चयन, नामांकन और प्रवेश से संबधित कार्य निष्पादित करता है। भारत में स्थित बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासियों को भी शैक्षणिक वर्ष 2016-17 से इस स्कीम के क्षेत्राधिकार के भीतर शामिल किया गया है।

अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 की अवधि के दौरान नामांकित सीटों पर चयन के लिए छात्र प्रकोष्ठ में विदेशी राष्ट्रिकों से प्राप्त/प्रक्रमण किए गए आवेदनो के विवरण नीचे दिए गए हैं:

(i) आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए पांच स्नातकोत्तर चिकित्सा (एमडी/एमएस) सीटों के संबंध में नामांकन के लिए नेपाल से सात तथा भारत में स्थित बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासियों से दो आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी पांच सीटें नेपाल को आबंटित की गई।

(ii) शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए अड़सठ बी.ई., बी.टेक., बी.आर्क. और बी.फार्मेसी सीटों के संबंध में नामांकन/चयन के लिए भारत में स्थित पाकिस्तान के उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासी के एक आवेदन सहित इकानवे आवेदन प्राप्त हुए थे। पैंतालीस सीटें (जिसमें पाकिस्तान के उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासी के लिए एक सीट भी शामिल थी) आबंटित की गईं।

(iii) शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के लिए तैंतीस एमबीबीएस/बीडीसी सीटों के संबंध में नामांकन/चयन के लिए भारत में स्थित बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासियों से बारह आवेदनों सहित कुल 290 आवेदन प्राप्त हुए थे। छब्बीस सीटें विदेशी राष्ट्रिकों को आबंटित की गई तथा सात सीटें भारत में स्थित बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित धार्मिक अल्पसंख्यक प्रवासियों को आबंटित की गईं।

वैकल्पिक-प्रशिक्षण, प्रेक्षणवृत्ति, अल्प/दीर्घकालिक प्रशिक्षण और शोध परियोजनाओं के लिए विदेशी छात्रों के संबंध में राजनीतिक संस्वीकृति के 359 मामलों का भी प्रक्रमण किया गया जब भारत सरकार के नोडल मंत्रालयों/विभागों द्वारा इसके लिए संपर्क स्थापित किया गया।

अप्रैल, 2018 से दिसम्बर, 2018 की अवधि के दौरान स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाओं में बैठने वाले विदेशी छात्रों/राष्ट्रिकों के संबंध में राजनीतिक संस्वीकृति से संबंधित 1308 मामलों पर शिक्षा अनुभाग द्वारा कार्यवाही की गई। अनुभाग ने शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के दौरान केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा में प्रवेश के लिए विदेशी छात्रों/राष्ट्रिकों के संबंध में 106 राजनीतिक संस्वीकृतियां भी जारी कीं।

27

बाह्य प्रचार और लोक राजनयिकता प्रभाग

एक तेजी से विकसित होते संचार परिवेश में बाह्य प्रचार और लोक राजनयिकता प्रभाग (एक्सपीडी) ने बाहरी विश्व के प्रति हमारी विदेश नीति की प्राथमिकताओं की बेहतर समझ को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखे। यह लक्ष्य मीडिया के साथ हमारे गहन संबंधों के माध्यम से तथा भारत और विदेश, दोनों ही स्थानों पर सार्वजनिक राजनयिकता में वृद्धि करते हुए हासिल किया गया है। इसका मूल-मंत्र 'लोक-केन्द्रित' रहा है, जिसका तात्पर्य है विदेश नीति को निचले स्तर तक लेकर जाना जिसके लिए विद्यमान और नए पहलकदमों की श्रृंखला क्रियान्वित की गई है। हमारे अपेक्षित उद्देश्यों को अधिकतम व्यापकता प्रदान करने के लिए डिजिटल मीडिया और आधुनिक उपकरणों का इष्टतम प्रयोग किया गया है।

प्रभाग ने इस अवधि के दौरान तीन विशेष पहलकदम उठाए हैं। छात्र और एमईए संपर्क कार्यक्रम (एसएएमईईपी) के अंतर्गत, आईएफएस अधिकारी उनके विद्यालयों अथवा विश्वविद्यालयों में जाते हैं तथा विदेश मंत्रालय की भूमिका और भारतीय विदेश नीति पर प्रस्तुतीकरण पेश करते हैं। इसके अलावा, एक्सपीडी प्रभाग ने 'विदेश आया प्रदेश के द्वार (विदेश नीति आपके द्वार पर) भी प्रारंभ किया है जिसके अंतर्गत प्रदेशों के मीडिया के साथ चर्चा करने के लिए राज्यों की राजधानियों में विशेष संपर्क सत्र आयोजित किए गए। विदेश में स्थित जिज्ञासु युवाओं के लिए प्रभाग ने 'भारत एक परिचय' कार्यक्रम प्रारंभ किया है जिसका उद्देश्य विदेशी पुस्तकालयों में एक पृथक भारतीय कार्नर स्थापित करना है, जिसमें भारत के विषय में सतर्कतापूर्वक चुनी गई इक्यावन पुस्तकें रखी जाएंगी।

एक्सपीडी प्रभाग ने भारत और विदेश में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किए गए समारोहों में नोडल भूमिका निभाई है। इसकी एक विशेष उपलब्धि महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो' की वीडियो मेडली को जारी किया जाना थी, जिसके लिए समूचे विश्व

के 140 देशों के गायकों द्वारा योगदान दिया गया था। इस मेडली का विमोचन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर, 2018 को स्वच्छ भारत सम्मेलन में किया गया था। एक अनूठी और महत्वाकांक्षी पहल के तहत, 2 अक्टूबर को समूचे विश्व की राजधानियों में महात्मा गांधी पर एलईडी प्रोजेक्शन प्रदर्शित किया गया।

इस प्रयासों ने मंत्रालय और सरकार की विदेश नीति के अति-सक्रिय और प्रभावी स्वरूप के विषय में जागरूकता का सृजन करने में एक निर्णायक भूमिका निभाई है जिसके फलस्वरूप विश्व में भारत की छवि में वृद्धि होने के साथ-साथ अनेक अन्य सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।

मीडिया के साथ संपर्क

प्रेस कवरेज

एक्सपीडी प्रभाग ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री के विदेश दौरों की मुख्य विशेषताओं का समुचित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए समुचित संभार-तंत्र संबंधी व्यवस्थाएं की हैं जिनमें पूर्णत: सज्जित मीडिया-केन्द्रों की स्थापना और प्रचालन, मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन तथा विदेश के पचास से अधिक दौरों के अवसरों पर इन गणमान्य व्यक्तियों के साथ जाने वाले मीडिया कर्मियों को समुचित सहायता प्रदान करना शामिल है ताकि दौरों की मुख्य विशेषताओं का प्रचार सुनिश्चित किया जा सके। प्रभाग ने विश्व के नेताओं तथा अन्य विदेशी गण्यमान्य अतिथियों की भारत की यात्राओं की व्यापक मीडिया कवरेज सुनिश्चित करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शिखर-सम्मेलन/सम्मेलन तथा संपर्क कवरेज

प्रभाग ने 18 और 19 जुलाई 2018 को आयोजित दिल्ली वार्ता-X तथा 06 सितम्बर 2018 को भारत में आयोजित भारत-यूएस 2+2 वार्ता और साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान आयोजित शिखर-सम्मेलनों की मीडिया कवरेज का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें 17 और 18 अप्रैल 2018 को यूके में राष्ट्रमंडल सरकार प्रमुखों की बैठक (चोगम); 9 और 10 जून 2018 को चीन में आयोजित 18वां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर-सम्मेलन; 01 जून 2018 को सिंगापुर में आयोजित शांग्री-ला वार्ता, 25-27 जुलाई 2018 को दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स 2018; 4-15 नवम्बर 2018 को सिंगापुर में आयोजित पूर्व एशिया शिखर-सम्मेलन तथा 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2018 तक अर्जेंटीना में आयोजित जी-20 शिखर-वार्ता भी शामिल थीं।

विदेश मंत्री की वार्षिक प्रेस कांफ्रेस

एक्सपीडी प्रभाग ने मई 2018 में विदेश मंत्री की वार्षिक प्रेस कांफ्रेस का आयोजन किया जो समस्त भारतीय और विदेशी मीडिया को आमंत्रित किया गया था। अनेक मीडिया हाउसों के 150 पत्रकारों ने इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान, विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने सरकार की उपलब्धियों के चार वर्ष पर 'अभूतपूर्व संपर्क, अतुलनीय परिणाम' नामक काफी-टेबल पुस्तक का विमोचन भी किया। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 14 दिसम्बर 2018 को भारतीय और विदेशी पत्रकारों के लिए वार्षिक मीडिया मध्याह्ण-भोज का आयोजन किया।

'विदेश आया प्रदेश के द्वार' पहल

एक्सपीडी प्रभाग ने क्षेत्रीय मीडिया केन्द्रों के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए एक नई पहल भी प्रारंभ की जिसका उद्देश्य सरकार की विदेश नीति की पहलों के बारे में जागरूकता का व्यापक प्रचार करना था। 'विदेश आया प्रदेश के द्वार' (विदेश नीति आपके द्वार पर) के तीन संस्करण 22 मार्च 2018 को हैदराबाद में, 17 जुलाई 2018 को गुवाहाटी में तथा 28 सितम्बर, 2018 को जालंधर में आयोजित किए गए। इस पहल ने एक्सपीडी प्रभाग को राज्यों में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के साथ कार्य करने में समर्थ भी बनाया जिससे क्षेत्रीय मीडिया के साथ नियमित रूप से संपर्क बनाए रखने के लिए एक तंत्र स्थापित करने में सहायता मिली।

वित्तीय वर्ष 2018-2019 के दौरान जागरूकता दौरे

मित्र देशों के मध्य भारत के बारे में जागरूकता में वृद्धि करने तथा मीडिया आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, एक्सपीडी प्रभाग विदेशी और भारतीय पत्रकारों द्वारा जागरूकता दौरों का आयोजन करता है। इस अवधि के दौरान, पच्चीस देशों से 119 पत्रकारों ने भारत का दौरा किया जिनमें चीन, रूस, श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश, आसियन के नौ देश तथा अफ्रीका के ग्यारह फ्रैंकोफोन देश शामिल हैं। प्रभाग मार्च 2019 तक दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, अफगानिस्तान और मंगोलिया से चार और शिष्टमंडलों की मेजबानी कर रहा है।

डिजिटल पहुंच

विदेश मंत्रालय की वेबसाइट

विदेश मंत्रालय की वेबसाइट विदेश नीति तथा द्विपक्षीय संबंधों पर भारत के पक्ष को वर्णित करती है। वर्तमान पोर्टल उपभोक्ता-हितैषी, प्रयोग-योग्य, लचीला, सतत् तथा मानक विनिर्देशनों के अनुरुप है। प्रचारित की जाने वाली सूचना के इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, वेबसाइट को मुख्यालय तथा विदेश स्थित मिशनों/पोस्टों के लिए एक-समान रूप से डिजाइन किया गया है। विदेश मंत्रालय का पोर्टल उन सभी व्यक्तियों के लिए एक ही स्थान पर समस्त जानकारी उपलब्ध कराने वाले का कार्य करता है जो विदेश मंत्रालय की घोषणाओं; भारतीय विदेश नीति तथा अन्य राष्ट्रों के साथ संबंधों के बारे में जानकारी; विदेश मंत्रालय और इसके सबद्ध संगठनों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं; महत्वपूर्ण भारतीय वेबसाइटों के लिंकों; समस्त मिशनों/पोस्टों तथा उनकी वेबसाइटों के लिंकों के बारे में जानकारी; लोक राजयनिक पहुंच (श्रव्य-वीडियो विषय-वस्तु और अन्य प्रिंट मीडिया प्रकाशन); महत्वपूर्ण आयोजनों पर जानकारी जैसे प्रवासी भारतीय दिवस, कैलाश मानसरोवर यात्रा आदि; राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति/प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री की समस्त विदेशी और घरेलू यात्राओं; भारतीय संधि डाटाबेस आदि के

बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। विदेश मंत्रालय वेब पोर्टल दृष्टि-बाधित तथा बधिर व्यक्तियों के लिए भी सुलभ है। सितम्बर 2012 में इसकी औपचारिक शुरुआत के बाद से, वेब पोर्टल ने अब तक चार करोड़ से अधिक व्यू पंजीकृत कर लिए हैं, तथा यह इसने मंत्रालय की डिजिटल छवि को पूरी तरह से रूपातंरित कर दिया है। वेबसाइट का नेटिव मोबाइल एप्प (एमईएइंडिया) भी एंड्रायड और आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है, जिसके 2,10,000 से अधिक डाउनलोड है **http://mea.gov.in/mea.mobile-app.htm.** विदेश मंत्रालय सोशल मीडिया हैंडलों के आइकन सुलभ एक्सेस के लिए होम पेज की दाईं ओर प्रदर्शित किए गए हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म

समान डिजिटल पहचान अर्जित कर लेने के उपरांत, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर विदेश मंत्रालय की उपस्थिति में निरंतर वृद्धि होती जा रही है।

(क) विदेश मंत्रालय, भारत के **फेसबुक पेज** पर फालोअर्स की संख्या में वृद्धि हुई है और आज यह संख्या दो मिलियन तक पहुंच गई है। विदेश स्थित मिशनों और पोस्टों ने भी ऑनलाइन जगत में प्रवेश कर लिया है तथा वे मेजबान देशों की स्थानीय जनसंख्या और प्रवासी भारतीयों के साथ सीधे संपर्क बनाते हैं। आज लगभग 172 भारतीय मिशनों और पोस्टों की फेसबुक में उपस्थिति है। फेसबुक के साथ कार्य करते हुए, मंत्रालय ने सभी खातों का सत्यापन किया है और उन्हें एक शीर्षक के अंतर्गत मानकीकृत कर दिया है, जैसे 'यूएसए में भारत', 'आयरलैंड में भारत' आदि। इन एकाउंटों का प्रयोग नेमी रूप से दूतावास के क्रियाकलापों, भारत के विषय में सॉफ्ट गाथाओं, निवेश के माध्यमों और प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया में प्रतिभागिता के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।

(ख) **ट्विटर** समाचार प्रसारित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। अधिकारित प्रवक्ता के ट्विटर एकाउंट (@MEA India) और भारतीय राजनयिकता ट्विटर एकाउंट ने फालोअर्स की संख्या में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए उन्हें 32.80 लाख तक पहुंचा दिया है। इस प्लेटफार्म का प्रयोग भारत और भारत की विदेश नीति पर ट्वीट करने के लिए किया जाता है। द्विपक्षीय/बहुपक्षीय क्रियाकलापों के दौरान, ट्विटर को रीयल टाइम आधार पर अद्यतन बनाया जाता है।

(ग) विदेश मंत्रालय के **यू-ट्यूब चैनल** कुल 43,634 सब्सक्राइबर हैं जिन्होंने 10,78,332 व्यू किए हैं तथा व्यू के कुल मिनट 25,25,591 हैं। भारतीय राजनयिक यू-ट्यूब चैनल के आंकड़े हैं : 59,072 सब्सक्राइबर, 21,93,282 व्यू तथा कुल 74,65,945 मिनट के व्यू। पूर्व वर्ष की तुलना में संयुक्त सदस्यता में 48 प्रतिशत की कुल वृद्धि दिखाई देती है।

(घ) **फ्लिकर एकाउंट (http://www.flickr.com/photos/meaindia)** ने मंत्रालय के सभी प्रमुख समारोहों के फोटोग्राफों के उपयोगी और लोकप्रिय ऑनलाइन निक्षेपागार के रूप में कार्य करना जारी रखा।

(ङ.) एमईए ने **इंस्टाग्राम** पर उल्लेखनीय स्थान हासिल कर लिया है जिसमें इसके सक्रिय होने की एक अल्प अवधि के भीतर ही फालोअर्स की संख्या में 155 प्रतिशत वृद्धि हुई तथा यह संख्या 1,54,250 तक पहुंच गई।

(च) विदेश मंत्रालय ने पिछले वर्ष **लिंकेंडइन** में भी प्रवेश किया तथा इस छोटी सी अवधि के भीतर ही इसके 1,645 फालोअर्स बन गए हैं।

सोशल मीडिया में अपनी पहुंच को विस्तारित करने के विदेश मंत्रालय के प्रयासों की लोकप्रियता और सफलता डिजिटल क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज़ करने के पश्चात् इसके फालोअर्स में होने वाली निरंतर वृद्धि से देखी जा सकती है।

(छ) **महात्मा गांधी पर वार्ताएं - सत्य व्रत** : महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर विदेश मंत्रालय ने अपने यू-ट्यूब प्लेटफार्म पर सत्यव्रत होस्ट किया है जिसमें महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रभावित समूचे विश्व के लोगों के भाषणों और उनके साथ चर्चाओं को तथा आधुनिक संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता को दर्शाया गया है।

(ज) **एलईडी प्रोजेक्शन :** 'समसामयिक विश्व में बापू के संदेश की प्रासंगिकता' विषय पर तैयार की गई कथाओं और दृश्यों का प्रदर्शन 100 से अधिक देशों के ऐतिहासिक भवनों में किया गया जैसे अन्य के साथ-साथ लंदन का पिकाडिली सर्कस, बुर्ज खलीफा, वियना में विएन संग्रहालय, बुडापेस्ट में बुडा कैसल, रोम में प्लाजो सेनाटोरियो, इंडोनेशिया में प्रम्बनन टेम्पल, पेरू में म्यूज़िओ डी आर्टे जिसके माध्यम से महात्मा गांधी के संदेश को पूरे विश्व में प्रसारित किया गया।

लोक राजनय और संपर्क

दृश्य संपर्क - फिल्में और वृत्त चित्र

प्रभाग विभिन्न वृत्तचित्रों का निर्माण करता है जिनका उद्देश्य समूचे विश्व में भारत की छवि को सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करना होता है। वृत्तचित्रों की डीवीडी विदेशी टीवी चैनलों पर प्रस्तुतीकरण, प्रदर्शन और प्रसारण के लिए विदेश स्थित भारतीय मिशनों को भेजी जाती हैं। गैर-वाणिज्यिक प्रदर्शन के लिए गैर-वाणिज्यिक प्रदर्शन अधिकारों के साथ फीचर फिल्मों का निर्माण और आपूर्ति करना, फिल्म समारोह आदि आयोजित करना, फोटोग्राफ प्रदर्शनियां आयोजित करना प्रभाग द्वारा संचालित किए जाने वाले अन्य प्रचार-प्रसार संबंधी क्रियाकलाप हैं। प्रस्तुतीकरण के प्रयोजन लिए विदेश स्थित मिशनों/पोस्टो को भेजे जाने के लिए लोकप्रिय भारतीय शास्त्रीय/बॉलीवुड संगीत सीडी के विशेषीकृत सेटों की खरीद की जाती है।

वर्ष के दौरान दो वृत्तचित्र पूर्ण किए गए अर्थात् इस्लाम और द्वैतवाद की भारतीय विरासत तथा विश्व हिन्दी सम्मेलन 2018 के संप्रतीक पर एनिमेटेड फिल्म।

व्हाट एमईए डज, डा. बी.आर. अम्बेडकर, रेस्क्यू आप्रेशंस बाई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, कैलाश मानसरोवर यात्रा, भारत की विदेश नीति, भारत के विकास सहयोग पहलकदम, यूएन शांति-स्थापना में भारत की भूमिका, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती का समारोह नामक वृत्तचित्रों का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया तथा ये निर्माण की विभिन्न अवस्थाओ में हैं।

प्रभाग द्वारा अधिप्राप्त वृत्तचित्रों को भारतीय राजनयिक चैनल में यू-ट्यूब पर अपलोड किया जाता है तथा उन्हें लोक राजनयिकता ट्वीटों और एमईए फेसबुक में भी शामिल किया जाता है ताकि उनका वैश्विक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सके तथा उन्हें मंत्रालय और मिशनों के सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से लोकप्रिय बनाया जाता है।

सुरक्षित और विधिक उत्प्रवास पर एक विज्ञापन अभियान भारत में विभिन्न चैनलों पर चलाया गया तथा इसे विदेश स्थित हमारे मिशनों और पोस्टों द्वारा सोशल चैनलों पर भी चलाया गया। विश्व हिन्दी सम्मेलन 2018 के लिए हिन्दी संप्रतीक पर एक एनिमेटेड फिल्म का विमोचन भी विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा किया गया तथा भारत में विभिन्न मीडिया चैनलों तथा विदेश स्थित हमारे मिशनों/पोस्टों द्वारा सोशल चैनलों में उसका प्रचार-प्रसार किया गया।

एक्सपीडी डिवीजन ने राष्ट्रीय नेताओं जैसे महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार बल्लभभाई पटेल और डा. बी.आर. अम्बेडकर से संबंधित स्मारक समारोहों के आयोजन के लिए सभी मिशनों को सहयोग प्रदान किया गया। यह योगदान फिल्मों, फोटोग्राफों आदि को उपलब्ध कराने के रूप में था।

उपर्युक्त के अलावा, वृत्तचित्रों को देखने और उन तक पहुंच बनाने के लिए मिशनों को सहायता प्रदान करने के लिए वृत्तचित्रों का एक डिजिटल कैटालॉग भी तैयार किया जा रहा है।

विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला

विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला के तत्वावधान में प्रभाग के जनता तक पहुंच बनाने की पहल वर्ष 2010 में इसकी स्थापना के बाद से ही धीरे-धीरे विस्तारित होती जा रही है। आज व्याख्यान श्रृंखला ने अपने क्षेत्राधिकार में 253 शिक्षण संस्थाओं को शामिल कर लिया है। ये व्याख्यान समूचे भारत में दिए जा रहे हैं - कश्मीर से त्रिवेन्द्रम तक, कांगड़ा से त्रिची तक, गांधीनगर से मिजोरम तक और झारखण्ड से नागालैंड तक जिनमें विविधतपूर्ण विषयों को शामिल किया जाता है जैसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (दक्षेस), भारत के बहुपक्षीय संबंध, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक विकास, नि:शस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक और आर्थिक राजनयिकता तथा भारत और संयुक्त राष्ट्र। अब तक 252 व्याख्यान आयोजित किए जा चुके हैं।

समीप-छात्र और विदेश मंत्रालय संपर्क कार्यक्रम

समीप एक्सपीडी प्रभाग की एक संपर्क पहल है जिसका उद्देश्य समूचे भारत के विभिन्न शहरों और नगरों में छात्र समुदाय तक पहुंच बनाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों

और कालेजों के छात्रों को विदेश मंत्रालय की भूमिका और कार्यों, भारत की विदेश नीति के प्रमुख अवयवों तथा विदेश नीति के क्षेत्र में सफलता गाथाओं और उपलब्धियों से अवगत कराना है। इस कार्यक्रम में पूर्णत: स्वैच्छिक आधार पर छुट्टियों के दौरान मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा उनके गृह नगर/राज्यों में स्थित विद्यालयों और कॉलेजों में किए जाने वाले दौरों को शामिल किया गया है जिसके दौरान छात्रों के साथ उनका संपर्क होता है तथा वे विदेश मंत्रालय में कार्य करने के अपने अनुभव भी उनके साथ साझा करते हैं। अब तक ऐसे सत्ताईस कार्यकम पहले ही जालंधर, त्रिची, दिल्ली, सोनीपत, इंफाल, पोर्टब्लेयर, मल्लापुरम, बेंगलूर, बिजनौर, हैदराबाद, विशाखापत्तन, सोलन, नादेड़, बहादुरगढ़, अहमदाबाद, उल्हासनगर, कल्याण, हसन, मालापुरम और कोलकाता में आयोजित किए जा चुके हैं।

महात्मा गांधी के प्रिय भजन का वैश्वीकरण

पन्द्रहवीं शताब्दी के कवि नरसिंह मेहता द्वारा लिखा गुजराती का प्रसिद्ध भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे' महात्मा गांधी के प्रिय भजनों में से एक था जिसे उनके द्वारा अपनी बैठकों से पूर्व नियमित रूप से गाई जाने वाली प्रार्थना के रूप में शामिल किया गया था। 2 अक्टूबर, 2018 से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, मंत्रालय द्वारा इस भजन को समूचे विश्व के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रिकार्ड किए जाने की कवायद शुरु की गई थी। अब तक 155 से अधिक देशों के प्रमुख स्थानीय कलाकारों/समूहों ने महात्मा गांधी के इस प्रसिद्ध भजन को अपनी आवाज दी है। प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर को इसके मेडली संस्करण का विमोचन किया गया जिसमें इकतालीस देश शामिल थे। यूरोप/यूरेशियाई और अफ्रीकी देशों के वीडियो से दो और फ्यूज़न वीडियो तैयार किए गए हैं जिनका प्रदर्शन विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा 9 जनवरी 2018 को 'वैशणव जन तो पर काफी टेबल बुक' के पुस्तक विमोचन समारोह के अवसर पर किया गया। अरब देशों द्वारा एक और फ्यूज़न वीडियो तैयार किया जा रहा है।

पुस्तकें और पत्रिकाएं

(क) पुस्तक समिति

पुस्तक समिति एक लोक राजनयिक पहल है जिसका उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विविधता, उसकी विरासत, उसके लोकाचारों, धर्मों और भूगोल आदि को प्रवर्तित करना है। 40वीं पुस्तक समिति के भाग के रूप में, विभिन्न श्रेणियों जैसे भारतीय शास्त्रीय विषयों, विदेश नीति और और मामले, प्रौद्योगिकी और लोकप्रिय विज्ञान, हिन्दी और संस्कृत, कला और संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिकता, बच्चों की पुस्तकें तथा राजनीति ओर अर्थशास्त्र से 338 शीर्षकों का चयन किया गया। पुस्तकें खरीदी जा रही हैं तथा उन्हें आने वाले समय में संबंधित मिशनों/पोस्टों के साथ साझा किया जाएगा।

(ख) भारत एक परिचय

यह कार्यक्रम विदेश स्थित हमारे मिशनों/पोस्टों तथा शैक्षणिक संस्थाओं के पुस्तकालयों में समर्पित स्थान स्थापित करने के माध्यम से भारत के बारे में जानकारी और समझ का प्रचार-प्रसार करता है जिसमें इकावन पुस्तकों का सेट साझा किया जाएगा जिनमें से बीस पुस्तकें ज्ञान भारतीय शास्त्रीय विषयों पर, इक्कीस पुस्तकें भारतीय राजभाषा में तथा दस पुस्तकें विदेश स्थित प्रत्येक मिशन/पोस्ट द्वारा अनुशंसित विषयों पर रखी जाएंगी। इसके अलावा, पहुंच में वृद्धि करने के लिए भारतीय विषयों पर आधारित सामाग्रियां जैसे उपहार बॉक्स, कोस्टर्स, बुक-मार्क और शो-कार्ड्स भी उपहार और वितरण प्रयोजनों के लिए विदेश भेजे जा रहे हैं।

(ग) भारत संदर्श

मंत्रालय की महत्वाकांक्षी पत्रिका सत्रह भाषाओं में उपलब्ध कराई जा रही है अर्थात् हिन्दी, अरबी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, भाषा इंडोनेशियन, इटैलियन, पश्तो, प्रशियन, पुर्तगाली, रूसी, सिंघली, स्पैनिश, तमिल, चीनी और जापानी। इसे www.indiaperpectives.in पर तथा मंत्रालय की वेबसाइट www.mea.gov.in पर भी ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है।

(घ) बापू @150

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को मनाने के लिए मिशनों/पोस्टों को महात्मा गांधी की जीवनी : दि स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरीमेंट्स विद ट्रूथ - एन ऑटोबायोग्राफी (अंग्रेजी) तथा सत्य के प्रयोग - आत्मकथा (हिंदी) की प्रतियां विदेश स्थित विद्यालयों में आयोजित वार्ता-कार्यक्रमों में वितरण के लिए प्रेषित की गईं।

(ड.) कॉफी-टेबल बुक्स

विदेश मंत्रालय के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक 'अभूतपूर्व पहुंच अतुलनीय परिणाम' शीर्षक पर कॉफी-टेबल बुक का विमोचन विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में किया गया।

28

विदेश सेवा संस्थान

विदेश सेवा संस्थान (एफएसआई) में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विषय-वस्तु तथा क्रियाविधि के संदर्भ में समीक्षा की गई है, उसमें संशोधन किया गया है और उसे नवीकृत बनाया गया है। अब विशेष ध्यान अनिवार्य ज्ञान और अपेक्षित कौशल प्रदान करने के लिए शिक्षण का मामला अध्ययन पद्धति तथा मौके पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिएजाने पर दिया गया है। विभिन्न स्तरों पर अनिवार्य कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) पर भी अत्यधिक बल प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2018 में, विदेशी राजनयिकों के लिए एफएसआई की स्थापना के बाद से सर्वाधिक संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी प्रशिक्षु

2017 बैच के आईएफएस अधिकारी प्रशिक्षुओं (ओटी) ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में अपना फाउंडेशन पाठ्यक्रम समाप्त करने के उपरांत अधिष्ठापन स्तरीय प्रशिक्षण के लिए छह माह लंबे प्रक्षिक्षण हेतु दिसम्बर, 2017 में एफएसआई ज्वाइन किया जो जून, 2018 में समाप्त हुआ।

ओटी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धांतों, विदेश नीति, भारत के पड़ोसी देशों और बड़ी शक्तियों तथा बहुपक्षीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय संबबंधों पर मॉड्यूल शामिल थे। वित्त, लेखा, प्रशासन, स्थापना, परामर्श कार्य, पासपोर्ट और वीजा, अंतर्राष्ट्रीय विधि, नयाचार, आर्थिक और वाणिज्यिक राजनयिकता, रक्षा राजनयिकता, साइबर सुरक्षा, घरेलू नीति, आतिथ्य और मीडिया प्रबंध पर माड्यूलों को भी

शामिल किया गया था। साफ्ट पावर तथा संप्रेषण कौशलों पर भी बल प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण पारस्परिक संपर्क व्याख्यानों, समूह चर्चाओं, पैनल चर्चाओं, मामला अध्ययनों, भूमिका-निर्वहन तथा अनुकरण और समसामयिक विषयों पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संचालित किया गया ताकि सृजनात्मक चिंतन विकसित किया जा सके।

31 मई, 2018 को विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा की गई। इस अवसर पर, 2017 बैच के सर्वश्रेष्ठ ओटी के लिए विदेश मंत्री का स्वर्ण पदक, सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व के लिए राज्य मंत्री का रजत पदक, श्रेष्ठ शोध-प्रबंध के लिए राजदूत विमल सान्याल स्मारक पदक, श्रेष्ठ समिति के लिए ट्रॉफी तथा श्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए ट्रॉफियां सुपात्र ओटी को प्रदान की गईं।

2018 बैच के आईएफएस अधिकारी प्रशिक्षु इस समय एलबीएसएनएए, मसूरी में फाउंडेशन पाठ्यक्रम में भाग ले रहे हैं। उनतालीस अधिकारी प्रशिक्षुओं तथा दो भूटानी राजनयिकों ने 10 दिसम्बर, 2018 से एफएसआई में प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रारंभ कर दिया है।

कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम-I

सोलह उप सचिव (डीएस)/अवर सचिव (यूएस) स्तरीय अधिकारियों के लिए कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम-I निम्नलिखित तालिका के अनुसार 9-27 जुलाई, 2017 तक आयोजित किया गया:

क्रम सं.	अवधि	माड्यूल	संस्थान का नाम
1	9-11 जुलाई, 2018	विदेश नीति	विदेश सेवा संस्थान
2.	12-14 जुलाई, 2018	साइबर सुरक्षा	गुजरात अपराध-विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर
3	16-20 जुलाई, 2018	प्रबंध	भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद
4	23-27 जुलाई, 2018	व्यापार राजनयिकता और घरेलू नीति	विदेश सेवा संस्थान
5	19-20 सितम्बर, 2018	राज्य दौरा	आबंटित राज्य में

कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम-II

वर्ष 2003 और 2004 बैचों के तैंतालीस आईएफएस अधिकारियों के लिए कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम-II निम्नलिखित तालिका के अनुसार 3-28 सितम्बर तक आयोजित किया गया:

क्रम सं.	अवधि	माड्यूल	संस्थान का नाम
1	3-7 सितम्बर, 2018	विदेश नीति	विदेश सेवा संस्थान
2.	10-14 सितम्बर, 2018	प्रबंध	भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद
3	15-17 सितम्बर, 2018	साइबर सुरक्षा	गुजरात अपराध-विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर
4	19-20 सितम्बर, 2018	राज्य दौरा	आबंटित राज्य में
5	22 सितम्बर, 2018	भारतीय प्रवासी व्यक्ति, बहुपक्षीय राजनयिकता और वाल स्ट्रीट से विचार' पर संपर्क सत्र	काउंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया, न्यूयार्क सिटी, यूएसए
6	24-28 सितम्बर, 2018	राजनयिकता	फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी, टफ्टस यूनीवर्सिटी यूएसए

कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम-III

3-20 जुलाई, 2018 तक 1992 और 1993 बैचों के छब्बीस आईएफएस अधिकारियों के लिए कैरियर-मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम-III निम्नलिखित तालिका के अनुसार संचालित किया गया:

क्रम सं.	अवधि	माड्यूल	संस्थान का नाम
1	3-6 जुलाई, 2018	विदेश नीति	विदेश सेवा संस्थान
2.	9-13 जुलाई, 2018	प्रबंध	इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद
3	16-20 जुलाई, 2018	राज्य अटैचमेंट	आबंटित राज्य में

वाणिज्यिक प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

यूरोपीय संघ (ईयू) से आए वाणिज्यिक प्रतिनिधियों (सीआर) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 25-29 जून, 2018 तक आयोजित किया गया। ईयू के बीस सीआर ने एफएसआई में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लिया।

खाड़ी देशों, पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका, यूरेशिया और दक्षिणी एशिया से आए वाणिज्यिक प्रतिनिधियों (सीआर) के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 12-16 नवम्बर, 2018 तक एफएसआई में आयोजित किया गया। क्षेत्र के पन्द्रह सीआर ने एफएसआई में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लिया।

रक्षा अताशे के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

उन्नीस रक्षा अताशे के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 8-12 अक्टूबर, 2018 को एफएसआई में आयोजित किया गया।

भारत-यूएस प्रगत लाइसेंसिंग और प्रवर्तन आदान-प्रदान

राजस्व आसूचना निदेशालय, विदेश व्यापार महानिदेशालय तथा विदेश मंत्रालय के उनासी अधिकारियों के लिए 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर, 2018 तक एफएसआई में भारत-यूएस प्रगत लाइसेसिंग और प्रवर्तन आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आईसीसीआर के कार्यक्रम निदेशकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के चौदह कार्यक्रम निदेशकों के लिए 30 और 31 अक्टूबर, 2018 को एफएसआई में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गैर-सादृशमूलक ग्रेड प्रशिक्षण कार्यक्रम

अनुभाग अधिकारियों/निजी सचिवों/सहायक अनुभाग अधिकारियों/पीए/स्टेनो/ एसएसए/जेएसए के लिए प्रोन्नति संबंधी प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन नियमित आधार पर किया जाता रहा। भारत सरकार के नियमों एवं कार्यालय प्रक्रियाओं, सूचना का अधिकार अधिनियम, (आरटीआई) और विदेश मंत्रालय से संबंधित विषयों जैसे आईएफएस (पीएलसीए) नियम, वित्त, बजट, परामर्श, पासपोर्ट और वीजा आदि पर विद्यमान आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (छह-दिवसीय माड्यूल) के अलावा दो-दिवसीय लेखा प्रशिक्षण, पांच दिवसीय आईएमएएस लेखा प्रशिक्षण, पांच-दिवसीय आईएमएएस (एकीकृत मिशन लेखाकरण प्रणाली) तथा दो-दिवसीय आईवीएफआरटी (प्रवासन, वीजा और विदेशी रजिस्ट्रीकरण और ट्रैकिंग) प्रशिक्षण भी तिमाही आधार पर प्रदान किया जाता है। मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के लिए एक पांच दिवसीय मॉड्यूल भी तिमाही आधार पर संचालित किया जाता है।

वर्ष 2018 में, विदेश मंत्रालय के गैर-सादृशमूलक ग्रेड (एनआरजी) के लिए प्रशिक्षण के भाग के रूप में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

- 13-20 अप्रैल, 2018 तक आधारभूत प्रशिक्षण मॉड्यूल में इक्कीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 26 अप्रैल से 3 मई, 2018 तक एमटीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैंतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 1-4 मई, 2018 तक आईवीएफआरटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अठावन प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 28 और 29 मई, 2018 को लेखा प्रशिक्षण कार्यक्रम में 106 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 30 मई से 5 जून, 2018 तक 69वें आई-एमएएस प्रशिक्षण में अठाइस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- 6-12 जून, 2018 तक 69वें आई-एमएएस प्रशिक्षण में पच्चीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 13-19 जून, 2018 तक 69वें आई-एमएएस प्रशिक्षण में सत्ताइस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 14 और 15 जून, 2018 को अनुभाग अधिकारियों और निजी सचिवों के लिए प्रोन्नति संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम में बारह प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 20-26 जून, 2018 तक 69वें आई-एमएएस प्रशिक्षण में पच्चीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 5 जुलाई, 2018 को एएसओ के लिए टंकण परीक्षा में तेइस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 09 और 10 जुलाई, 2018 को एएसओ, एएसओ (साइफर), पीए, एसएसए, जेएसए और स्टेनों के लिए प्रोन्नति संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोलह प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 18-25 जुलाई, 2018 तक आधारभूत प्रशिक्षण माड्यूल में छब्बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 1-7 अगस्त, 2018 तक आईवीएफआरटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 23 और 24 अगस्त, 2018 को लेखा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनासी प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 27-31 अगस्त, 2018 तक 70वें आईएमएएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अठाइस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 4-10 सितम्बर, 2018 तक 70वें आईएमएएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छब्बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 11-17 सितम्बर, 2018 तक 70वें आईएमएएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 17-24 सितम्बर, 2018 तक एमटीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 26 सितम्बर, 2018 को एएसओ के लिए टंकण परीक्षा में सोलह प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 27 सितम्बर, 2018 को 70वीं आईएमएएस पुन:परीक्षा में बारह प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 8-11 अक्टूबर, 2018 तक आईवीएफआरटी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनहत्तर प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 29 अक्टूबर - 2 नवम्बर, 2018 तक एमटीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाइस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 13 और 14 नवम्बर, 2018 को लेखा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनसठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 15-22 नवम्बर, 2018 को 71वें आईएमएएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अठाईस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 26-30 नवम्बर, 2018 को 71वें आईएमएएस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विदेशी राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

एफएसआई ने 2018 में विदेशी राजनयिकों के लिए निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए:-

- 9 मई से 8 जून, 2018 तक सोमाली राजनयिकों के लिए दूसरा विशेष पाठ्यक्रम जिसमें इकतीस राजनयिकों ने भाग लिया।
- 20 जून - 20 जुलाई, 2018 तक गांबियन राजनयिकों के लिए प्रथम विशेष पाठ्यक्रम जिसमें बीस राजनयिकों ने भाग लिया।
- 20-24 अगस्त, 2018 तक लातिन अमेरिकी देशों से रेजिडेंट ऑफ मिशन (एचओएम) के लिए प्रथम परिचायक कार्यकम जिसमें सत्रह एचओएम ने भाग लिया।
- 30 जुलाई - 10 अगस्त, 2018 तक नाइजीरिया के राजनयिकों के लिए प्रथम विशेष पाठ्यक्रम जिसमें बाइस राजनयिकों ने भाग लिया।
- 12 सितम्बर - 12 अक्टूबर, 2018 तक विदेशी राजनयिकों के लिए 66वां वृत्तिक पाठ्यक्रम (पीसीएफडी) जिसमें इकावन राजनयिकों ने भाग लिया।
- 15-26 अक्टूबर, 2018 तक अफगान राजनयिकों के लिए प्रथम भारत-चीन संयुक्त पाठ्यक्रम जिसमें दस राजनयिकों ने भाग लिया।
- 29 अक्टूबर - 09 नवम्बर, 2018 तक ट्यूनीशिया के राजनयिकों के लिए प्रथम विशेष पाठ्यक्रम जिसमें इकावन राजनयिकों ने भाग लिया।
- 14-20 नवम्बर, 2018 तक एशिया-यूरोप बैठक

(एएसईएम) राजनयिकों के लिए चौथा विशेष पाठ्यक्रम जिसमें तेईस राजनयिकों ने भाग लिया।

- 14-27 नवम्बर, 2018 तक दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के राजनयिकों के लिए बाहरवां विशेष पाठ्यक्रम जिसमें चौदह राजनयिकों ने भाग लिया।
- 14-27 नवम्बर, 2018 तक म्यांमार के राजनयिकों के लिए प्रथम विशेष पाठ्यक्रम जिसमें दस राजनयिकों ने भाग लिया।
- 19 नवम्बर से 02 दिसम्बर, 2018 तक बांग्लादेश के राजनयिकों के लिए तीसरा विशेष पाठ्यक्रम जिसमें पच्चीस राजनयिकों ने भाग लिया।
- 26 नवम्बर से 08 दिसम्बर, 2018 तक ईरानी प्रशिक्षुओं के लिए पहला विशेष पाठ्यक्रम जिसमें चौबीस राजनयिकों ने भाग लिया।

समझौता ज्ञापन

वर्ष 2018 में,एफएसआई ने निम्नलिखित विदेशी संस्थानों के साथ समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:

- 4 अप्रैल, 2018 को अजरबैजान का एडीए विश्वविद्यालय
- 7 मई, 2018 को ग्वाटेमाला की डिप्लोमेटिक एकेडमी
- 9 मई, 2018 को इथियोपिया का विदेश प्रशिक्षण संस्थान
- 10 मई, 2018 को म्यांमार का स्टैटेजिक स्टडीज एंड ट्रेनिंग डिपार्टमेंट
- 23 मई, 2018 को नीदरलैंड्स का विदेश मंत्रालय
- 5 जून, 2018 को सोमालिया का विदेश मंत्रालय
- 18 जून, 2018 को ग्रीस का विदेश मंत्रालय
- 20 जून, 2018 को सूरीनाम का डिप्लोमेटिक इंस्टिट्यूट
- 24 जून, 2018 को शेशेल्स का विदेश विभाग
- 25 जून, 2018 को यूएई की एमिरेट्स डिप्लोमेटिक एकेडमी
- 29 अगस्त, 2018 को कम्बोडिया का नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिप्लोमेसी
- 17 सितम्बर, 2018 को माल्टा की मेडिटेरियन एकेडमी ऑफ डिप्लोमेटिक स्टडीज (एमएटीएस)
- 16 अक्टूबर, 2018 को तंजानिया का विदेशी संबंध केन्द्र विदेशी और पूर्वी अफ्रीकी सहयोग मंत्रालय (एमएफएईएसी)

'भारत को जानें' कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रम

भारतीय अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विदेशी राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा, एफएसआई ने 'भारत को जानें कार्यक्रम (केआईपी)' के प्रतिभागियों, आसियान देशों के छात्रों तथा सिंगापुर राजनयिक अकादमी (एसडीए) से आए प्रतिनिधियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम भी संचालित किए। केआईपी भारतीय प्रवासी युवाओं के लिए है। केआईपी का मुख्य उद्देश्य प्रवासी भारतीय युवाओं को उनके भारतीय मूल, विरासत और संस्कृति से जोड़ना तथा समकालीन भारत के विभिन्न आयामों के बारे में जागरूकता को प्रोत्साहित करना है।

केआईपी प्रतिभागियों तथा आसियान छात्रों के लिए वर्ष 2018 में एफएसआई द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किए गए:

- आसियान देशों से आए छात्रों के लिए 10 मई, 2018 को एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम जिसमें 214 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- सिंगापुर राजनयिक अकादमी से आए शिष्टमंडल के लिए 17 सितम्बर, 2018 को अभिमुखीकरण कार्यक्रम जिसमें अड़तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 28 सितम्बर, 2018 को 47वां भारत को जानें कार्यक्रम जिसमें चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 29 सितम्बर, 2018 को 48वां भारत को जानें कार्यक्रम जिसमें चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 22 नवम्बर, 2018 को 49वां भारत को जानें कार्यक्रम जिसमें चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

29

नालंदा प्रभाग

नालंदा विश्वविद्यालय में 2017 और 2018 में अंतर्राष्ट्रीय पदचिह्न में वृद्धि हुई। वर्तमान में, इसमें लगभग 378 छात्र हैं, जिनमें बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, चीन, ग्रीस, जापान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, नाइजीरिया, पेरू, रोमानिया, रूस, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, वियतनाम और जिम्बाब्वे जैसे विभिन्न देशों के चालीस अंतर्राष्ट्रीय छात्र शामिल हैं। । नालंदा के आदर्श आगामी वर्षों में और अधिक छात्रों को आकर्षित करेंगे ।

विश्वविद्यालय के प्रबंधन ने वर्ष 2018 में नए स्कूल खोले । विश्वविद्यालय में वर्तमान में कुल सात स्कूलों चल रहे हैं और विश्वविद्यालय में वर्तमान में चार स्कूलों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम चल रहे है : पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय अध्ययन ; ऐतिहासिक अध्ययन स्कूल ; बौद्ध अध्ययन , दर्शन और तुलनात्मक धर्म स्कूल ; और भाषा व साहित्य / मानविकी स्कूल।

नालंदा विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के निर्माण का पहला चरण जारी है। आंतरिक सड़कों के निर्माण और जल निकायों के निर्माण के लिए निविदा पैकेज 1 ए पर काम अप्रैल 2018 में पूरा हो गया था। निविदा पैकेज 1 बी (प्रशासनिक और शैक्षणिक भवनों का निर्माण) का काम चल रहा है और 2019 की शुरुआत (पांच इमारतों) में और 2020 की शुरुआत में अन्य के पूरा होने की आशा है। टेंडर पैकेज 1 सी (आवासीय भवनों का निर्माण) पर काम सितंबर 2018 में शुरू किया गया था। सरकार नालंदा विश्वविद्यालय के विकास के लिए पूरी तरह से बौद्धिक, दार्शनिक और ऐतिहासिक अध्ययन और सम्बद्ध मामलों के अध्ययन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संस्था के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ।

30

राजभाषा नीति का कार्यान्वयन और विदेशों में हिंदी का प्रचार

विदेश मंत्रालय में विदेशों में हिंदी के प्रचार और प्रसार के लिए एक सुव्यवस्थित कार्यक्रम है, जिसे विदेशों में इसके मिशन और पोस्ट के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

मॉरीशस सरकार के सहयोग से 18-20 अगस्त 2018 को मॉरीशस में 11 वां विश्व हिंदी सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। सम्मेलन का उद्घाटन मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रवीण कुमार जगन्नाथ ने किया। सम्मेलन में पैंतालीस देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विश्व भर में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मॉरीशस सरकार के साथ एक द्विपक्षीय समझौते के अंतर्गत मॉरीशस में एक विश्व हिंदी सचिवालय की स्थापना की गई है। विश्व हिंदी सचिवालय का बजट दोनों देशों द्वारा समान रूप से साझा किया जाता है। भारत सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित विश्व हिंदी सचिवालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने मार्च 2018 में किया था।

विदेश मंत्रालय अपने मिशनों और पोस्टो, सांस्कृतिक संगठनों और संगठनों की भागीदारी से विदेशों में हिंदी को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें सितंबर में हिंदी पखवाड़ा और हर वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस शामिल है। हिंदी शिक्षण सामग्री, जिनमें हिंदी पाठ्य पुस्तकें और बच्चों की पुस्तके आदि शामिल हैं, विदेशों में शिक्षण संस्थानों में नि: शुल्क आपूर्ति की जाती है। विदेश मंत्रालय विदेशों की शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

अनेक विदेशी देशों में हिंदी भाषा को लोकप्रियता मिल रही है और लोग हिंदी सीखने में रुचि ले रहे हैं। विदेश में अपने मिशनों और पोस्टों के माध्यम से और स्थानीय संगठनों और संस्थानों के सहयोग से विदेश मंत्रालय के निरंतर प्रयासों से

हिंदी को अब स्कूल और विश्वविद्यालय स्तर पर इकहत्तर मिशनों और पोस्टों के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में पढ़ाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से, भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र रेडियो, संयुक्त राष्ट्र सोशल मीडिया और संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइटों सहित कई प्लेटफार्मों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा दिया है।

विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को उच्च प्राथमिकता देना जारी रखा है । विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में विदेश मंत्रालय में एक हिंदी सलाहकार समिति कार्यरत है। विदेश मंत्रालय राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग का जायजा लेने के लिए नियमित रूप से अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करता है।

31

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

अपने शैक्षणिक और बौद्धिक क्रियाकलापों के भाग के रूप में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने अपनी विभिन्न छात्रवृत्ति स्कीमों के अंतर्गत भारत में अध्ययन कर रहे विदेशी राष्ट्रिकों को 3,940 छात्रवृत्ति स्थान प्रदान किए। जनवरी, 2018 में 'एडमीशन टु एलुमनी (ए2ए)' पोर्टल की शुरुआत के साथ आईसीसीआर ने पहली बार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की। अपने कल्याणकारी क्रियाकलापों के भाग के रूप में, आईसीसीआर द्वारा सितम्बर, अक्टूबर और नवम्बर 2018 में दिल्ली तथा बेंगलूरु, मुंबई, पुणे, कोलकाता और गुवाहाटी में भारत में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों में नए प्रवेश दिए गए विदेशी छात्रों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आईसीसीआर ने नई चेयरों की स्थापना के लिए दस समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए तथा भारतीय अध्ययन की सत्तर विद्यमान चेयरों को प्रशासित किया। आईसीसीआर ने विभिन्न हिन्दी चेयरों/भारतीय सांस्कृतिक केन्द्रों में विदेश जाने वाले अपने पैनल पर रखे गए हिन्दी प्रोफेसरों/शिक्षकों के लिए 7 और 8 जून, 2018 को आईसीसीआर आजाद भवन, आईपी एस्टेट, नई दिल्ली में एक दो-दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। आईसीसीआर समूचे विश्व में सैंतीस पूर्णकालिक भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र (आईसीसी) तथा सरकारी-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत दो केन्द्र संचालित करता है।

आईसीसीआर ने चार अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों का आयोजन किया जिसमें 26-28 अप्रैल, 2018 को सेंट पीटर्सबर्ग में भारत-विद्या पर आयोजित तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन; 20 और 21 जून, 2018 को न्यूयार्क सिटी में आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन; मानविकी और सांस्कृतिक अध्ययन संस्थान के सहयोग से प्रशियन और संस्कृत भाषा के बीच भाषायी संबंधों पर संगोष्ठी (संस्कृत व्याकरणविद् पाणिनी के विशेष संदर्भ में) जिसका उद्घाटन 1 और 2 दिसम्बर, 2018 को आईसीसीआर के अध्यक्ष डा. विनय शहस्त्रबुद्धे द्वारा किया गया था; जनवरी और फरवरी 2019 में यूएस, यूके, जर्मनी, यूएई और सिंगापुर में 'लोकतंत्र का क्रियान्वयन' पर संगोष्ठियों की श्रृंखला शामिल



थी। उक्तसंदर्भित कार्यक्रमों के अलावा, आईसीसीआर ने भारत और विदेश में सात सम्मेलनों/संगोष्ठियों के आयोजन को भी सहायता प्रदान की जिसमें भारत की साफ्ट पावर 'वसुधैव कुटुम्बकम' पर सम्मेलन भी शामिल थे। इसने 16-30 सितम्बर, 2018 तक यूके के विभिन्न शहरों में विराट हिन्दी कवि सम्मेलन तथा 17-21 अगस्त, 2018 तक मारीशस में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन भी किया।

आईसीसीआर ने 21 मई, 2018 को विश्व संस्कृति दिवस के उपलक्ष्य पर 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मारक अंतर्राष्ट्रीय भाषण' नामक एक व्याख्यान माला भी प्रारंभ की। इसका पहला उद्बोधन विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा दिया गया।

आईसीसीआर ने आंतरिक प्रदर्शनियों के अंतर्गत दोहा, कतर में एक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया तथा कटारा सांस्कृतिक ग्राम, दोहा के प्रतिष्ठित कलाकार श्री हसन अल मुल्ला के दौरे को सहायता प्रदान की। इसने दि लक्जरी सिंपोजियम 2018 में भाग लेने के लिए फ्रांस के छह प्रतिभागियों को यात्रा अनुदान भी प्रदान किया। बाह्य प्रदर्शनियों के संबंध में, आईसीसीआर ने 2018 में सात प्रदर्शनियों का आयोजन किया।

आईसीसीआर ने 128 कला समूहों के दौरे को प्रायोजित किया जिसमें इकानवे देशों के 778 कलाकार शामिल थे, जिन्होंने समूचे विश्व में 396 प्रदर्शन कार्यक्रम संचालित किए। भारत अक्टूबर, 2018 में मैक्सिको में आयोजित सर्वेटिनों समारोह का मेजबान देश था। आईसीसीआर ने उन्नीस देशों से आए इक्कीस प्रदर्शन कला समूहों द्वारा समूचे भारत में चौवन कार्यक्रमों का आयोजन किया। मई, 2018 में अफ्रीका समारोह, अक्टूबर, 2018 में अंतर्राष्ट्रीय रामायण समारोह तथा अक्टूबर/नवम्बर, 2018 में भारत में 'रूसी संस्कृति के दिवस' इसके मुख्य आकर्षण थे। आईसीसीआर द्वारा भ्रमणकारी विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के सम्मान में उत्कृष्ट भारतीय कलाकारों द्वारा सोलह प्रदर्शन कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। शिक्षाविदों सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की मेजबानी करने की अपनी योजना के अंतर्गत आईसीसीआर ने विभिन्न देशों के तैंतीस आंगतुकों की मेजबानी की। अप्रैल, 2018 में प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्थात् 2016 और 2017 के लिए गिएस्ला बोन

पुरस्कार तथा आईसीसीआर उत्कृष्ट पूर्व-छात्र पुरस्कार 2017 प्रदान किए गए। आईसीसीआर की महत्वाकांक्षी हिन्दी पत्रिका 'गगनांचल' के नियमित द्वि-मासिक अंकों के अलावा, विश्व हिन्दी सम्मेलन 2018 पर एक विशेष अंक प्रकाशित किया गया। मई, 2018 में संसदीय राजभाषा स्थायी समिति की मेजबानी की गई। आईसीसीआर ने सितम्बर, 2018 में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन भी किया गया जिसमें आईसीसीआर के कर्मचारियों ने सक्रियता के साथ भाग लिया। फ्रांस, मैक्सिको, वियतनाम, जर्मनी और फिजी में स्थित पांच भारतीय मिशनों को स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, डा. बी.आर. अम्बेडकर, सरदार पटेल और लाल बहादुर शास्त्री की अर्ध-प्रतिमाएं प्रदान की गई ताकि उन्हें महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थापित किया जा सके। आईसीसीआर ने आईसीसीआर के संस्थापक अध्यक्ष मौलाना आजाद की दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों को शामिल करने वाले गोशा-ए-आजाद संग्रहण के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को जारी रखा जिससे विद्वानों और जन साधारण तक उसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके तथा भावी पीढ़ियों के लिए उन दुर्लभ दस्तावेजों को संरक्षित किया जा सके।

32

भारतीय विश्व मामले परिषद

भारतीय विश्व मामले परिषद (आईसीडब्ल्यूए) ने विषय पर संसूचित विचारों के निकाय का विकास करने के उद्देश्य के साथ भारतीय विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय कार्यों के अध्ययन को प्रवर्तित करने के अपने अधिदेशित उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में अनेक क्रियाकलाप और पहलें संचालित की। इसने एशिया, अफ्रीका, यूरोप, यूनाइटेड स्टेट्स, लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा विकास तथा एक व्यापक भू-रणनीतिक परिवेश पर अपने शोध कार्य को जारी रखा। उन मुद्दों का निवारण करने के लिए प्रयास जारी रखे गए जो विदेश नीति के एजेंडा में प्राथमिकता पर थे तथा उसने अपने शोध परिणामों को नीतिगत रूप से प्रभावी बनाया। संचालित किए गए शोध-कार्य को स्प्रू हाउस पत्रों, इशू ब्रीफों, नीतिगत सारों और दृष्टिकोणों, चर्चा-पत्रों, शोध लेखों के रूप में प्रचारित-प्रसारित किया गया जिसे आईसीडब्ल्यूए की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। इसके अलावा, आईसीडब्ल्यूए ने अपने शैक्षणिक परिणामों को हिन्दी में अनुवाद करने की प्रक्रिया को जारी रखा जिसे नियमित रूप से इसकी वेबसाइट पर रखा जाता है। उपर्युक्त परिणामों के अलावा, परिषद ने दीर्घकालिक परियोजनाओं को भी जारी रखा जिन्हें पुस्तकों और स्प्रू हाउस पत्रों के रूप में प्रकाशित किया गया। परिषद की नवीकृत वेबसाइट शीघ्र ही प्रारंभ की जाने वाली है जिसके अधिक प्रयोक्ता-हितैषी होने की संभावना है। आईसीडब्ल्यू ने आम जनता के लिए भी अपने पुस्तकालय को खोल दिया है तथा सदस्यता के नियमों को सरल बनाया गया है।

अपने अधिदेश के अनुरूप, आईसीडब्ल्यूए ने अनेक संख्या में समारोहों का आयोजन किया जिनमें वार्ताएं, सम्मेलन, संगोष्ठियां, व्याख्यान, संपर्क-सत्र, गोलमेज चर्चाएं तथा पहुंच संबंधी क्रियाकलाप शामिल हैं। उसने चर्चाओं और वाद-विवाद में विभिन्न विषयक मुद्दों को शामिल करने पर प्राथमिकता प्रदान की। समूचे देश की विभिन्न विचारक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से विशेषज्ञों और विद्वानों को इनमें विषय-विशेषज्ञों के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। दिल्ली के बाहर से विषय विशेषज्ञों/विद्वानों को इनमें शामिल करने के विशेष प्रयास किए गए।



शोध

शोध संकाय की वर्तमान संख्या इस प्रकार है:

(क) निदेशक (शोध) - 1
(ख) शोध फेलो - 23
(ग) शोध इंटर्न (आरआई)- 1

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, परिषद के शोध संकाय ने एक नीतिगत सार, सैंतालीस इशू ब्रीफ, अठावन दृष्टिकोण, चार शोध लेख तथा मीडिया और अन्य जर्नलों में अनेक लेख प्रकाशित किए। उन्होंने प्रमुख राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक प्रवृत्तियों तथा विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में घटनाक्रमों के विषयों पर अध्ययन और शोध संचालित किया। भारत के निकटवर्ती और विस्तारित पड़ोस पर अध्ययन पर भी अधिक ध्यान-केन्द्रित किया गया जिसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र शामिल था। चीन, जापान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, म्यांमार, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव्स, अफगानिस्तान, मिश्र, लीबिया, सउदी अरब, ईरान, तुर्की, यूएसए और रूस पर देश-विशिष्ट नीतिगत अध्ययन संचालित किए गए। इसके अलावा, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय संगठनों जैसे एनएटीओ, एपीईसी, जी-20, ब्रिक्स और आईबीएमए पर अध्ययन भी संचालित किए गए। विभिन्न समसामयिक मुद्दों जैसे महासागर अर्थव्यवस्था, आतंकवाद, विकास भागीदारियां, साइबर सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर विशेष अध्ययन संचालित किए गए।

पुस्तक परियोजनाओं के क्षेत्र में, परिषद ने नए और समसामयिक विषयों को शामिल करने के लिए शोध-कार्य के वैविध्यीकरण करने का प्रयास किया जैसे प्रौद्योगिकी और अंतर्राष्ट्रीय संबंध, मीडिया और विदेश नीति, विज्ञान और राजनयिकता, भारत और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि (आईएमएफ), लातिन अमेरिका और दक्षिण गठबंधन। परिषद ने विशेष अध्ययनों और परियोजनाओं का संचालन करते हुए मंत्रालय की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए पहलकदम भी उठाए। विदेश मंत्रालय सहित विभिन्न हितधारकों को सारांश/प्रतिवेदन/चर्चा पत्र प्रस्तुत किए गए।

अधिक से अधिक संख्या में जनता तक पहुंचने के लिए आईसीडब्ल्यूए ने अपने शैक्षणिक लेखों के हिन्दी मे अनुदित संस्करणों को प्रकाशित करना जारी रखा। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सैंतालीस इशू ब्रीफ हिन्दी में अनुदित करा दिए गए हैं। आईसीडब्ल्यू ने विदेश नीति जागरूकता कार्यक्रम (हिन्दी में) की शुरुआत की तथा विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से संगोष्ठियों का प्रायोजन किया जहां परिषद के अधिकारियों तथा एक या अधिक शोध फेलो द्वारा उनमें प्रतिनिधित्व किया गया।

अपने पहुंच क्रियाकलापों के भाग के रूप में तथा युवाओं के मध्य विदेश नीति से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता का सृजन करने के लिए, आईसीडब्ल्यूए ने विद्यालय जाने वाले छात्रों (10-12 कक्षा) और स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए तीन राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की। चार निर्णायकों की समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर दोनों श्रेणियों के चुने गए विजेताओं को स्प्रू आउस में आयोजित किए जाने वाले सम्मान समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

अपनी 'संकाय तक पहुंच' पहल के भाग के रूप में, आईसीडब्ल्यूए अपने शोध संकाय को महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को व्याख्यान देने के लिए समूचे भारत के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तक लेकर जा रहा है ताकि सरकार द्वारा संचालित की गई विदेश नीति संबंधी पहलों को प्रोत्साहित और प्रचारित-प्रसारित किया जा सके। आईसीडब्ल्यूए ने जम्मू विश्वविद्यालय, बंगलौर और इग्नू से अनुरोध प्राप्त किए हैं।

प्रकाशन

अवधि के दौरान निकाले गए आईसीडब्ल्यूए प्रकाशनों का ब्योरा इस प्रकार है:

1. अप्रैल, 2018 - नवम्बर, 2018 की अवधि के दौरान आईसीडब्ल्यूए के महत्वाकांक्षी जर्नल 'इंडिया क्वाटर्ली (एक प्रतिष्ठित सहयोगी-समीक्षित जर्नल) के तीन खंड प्रकाशित किए गए।
2. आईसीडब्ल्यूए ने अप्रैल, 2018 - नवम्बर, 2018 के दौरान तीन पुस्तकें प्रकाशित की जिनके शीर्षक है : सी.वी. रंगनाथन और संजीव कुमार संपा. द्वारा 'चायना एंड यूरेशियन रीजन : ज्योग्राफिक एंड ज्योपालिटिकल इंफ्लूएंसेस' भास्वती मुखर्जी द्वारा 'इंडिया एंड ईयू : एन इंसाइडर्स व्यू' तथा दिलीप सिन्हा द्वारा 'लेजिटिमेसी ऑफ पावर : दि परमानेंस ऑफ फाइव इन दि सिक्यूरिटी काउंसिल।'

स्प्रू हाउस पत्र

क्रम सं	शीर्षक	लेखक
1.	क्लैश ऑफ सिविलाइजेशंस थीसेस : मेगा नेरेटिव्स वर्सेज लोकल नेरेटिव्स एंड करंट अरब टर्मोइल	डा. फजर रहमान सिद्दीकी
2.	स्प्रू हाउस विशेष श्रृंखला खंड-2	राजदूत विजय के. नाम्बियार
3.	स्प्रू हाउस विशेष श्रृंखला खंड-2	राजदूत आजाद सिंह तूर

आईसीडब्ल्यूए सम्मेलन/संगोष्ठियां तथा अन्य क्रियाकलाप

परिषद के अंतर्राष्ट्रीय पारस्परिक संपर्क क्रियाकलापों में शामिल है परिषद में तथा अनेक भागीदार देशों में सम्मेलनों, संगोष्ठियों और व्याख्यानों का आयोजन करना तथा उनमें प्रतिभागिता करना। इसने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय, दोनों स्तरों पर अपने समझौता-ज्ञापन भागीदारों के साथ अपनी वार्ताओं को सुदृढ़ बनाया है। आईसीडब्ल्यूए के संपर्क कार्यक्रमों में अनेक भारतीय विश्वविद्यालयों तथा विचारक संस्थाओं के साथ संयुक्त सम्मेलनों और संगोष्ठियों का आयोजन

करना शामिल है जिसमें परिषद के राष्ट्रीय समझौता-ज्ञापन भागीदार भी सम्मिलित हैं।

1 अप्रैल, 2018 से 30 नवम्बर, 2018 की प्रतिवेदन अवधि के दौरान परिषद ने निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया:

व्याख्यान	-	09
संगोष्ठियां/सम्मेलन	-	08
द्विपक्षीय रणनीतिक वार्ता	-	09
गोलमेज चर्चाएं/संपर्क	-	09
पुस्तक जारी/विमोचन/चर्चा कार्यक्रम	-	02
कुल		**37**

व्याख्यान

क्रम सं	तारीख	समारोह
1.	22 अप्रैल, 2018	श्री वी. श्रीनिवास, आईएएस, अध्यक्ष, राजस्थान राजस्व बोर्ड एवं अध्यक्ष राजस्व कर बोर्ड द्वारा 'दि रोल ऑफ चाइना इन दि इंटरनेशनल मॉनीटरी सिस्टम' पर वार्ता **अध्यक्षता :** राजदूत नलित सूरी, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
2.	3 मई, 2018	सर्बिया गणराज्य के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री श्री इविका डैसिक द्वारा सर्बिया इन दि रीजन, यूरोप एंड दि वर्ल्ड' पर 29वां सप्रू हाउस व्याख्यान **अध्यक्षता :** राजदूत नलित सूरी, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
3.	26 जून, 2018	यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) के विदेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायेद अल नहयान द्वारा 'रीजनल अफेयर्स' पर 30वां सप्रू हाउस व्याख्यान। **अध्यक्षता :** राजदूत नलित सूरी, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
4.	28 जून, 2018	संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियान अवर महासचिव श्री जीन-पिएरे लैक्रोइक्स द्वारा 'दि करंट स्टेट ऑफ यूएन पीस कीपिंग एंड दि वे फार्वर्ड' पर वार्ता। **अध्यक्षता :** राजदूत नलित सूरी, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
5.	16 जुलाई, 2018	सीएआरआई, अर्जेंटीना के प्रोफेसर और शोध स्कालर डा. लिया रॉड्रिक्स द्वारा 'दि चेंजिंग पॉलिटिकल एनवायर्नमेंट इन लैटिन अमेरिका' पर वार्ता। **अध्यक्षता :** श्री अजनीश कुमार, उप महानिदेशक, आईसीडब्लयूए
6.	7 सितम्बर, 2018	नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं नेपाल साम्यवादी दल के सह-अध्यक्ष श्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' द्वारा 'रीसेंट डेवलपमेंट्स इन पेपाल एंड एडवांसिंग इंडिया - नेपाल पार्टनरशिप फॉर शेयर्ड प्रोस्पेरिटी' पर 31वां सप्रू हाउस व्याख्यान **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्लयूए, स्थान : सप्रू हाउस सभागार

7.	25 सितम्बर, 2018	सोफिया विश्वविद्यालय, जापान के प्रो. अत्सुको कानेहारा द्वारा 'इंटरनेशनल मैरीटाइम लॉ एंड मैरीटाइम सिक्यूरिटी' पर वार्ता **अध्यक्षता :** श्री नरिन्द्र सिंह, पूर्व विधि सलाहकार, विदेश मंत्रालय तथा अध्यख, यूएन अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग
8.	16 अक्टूबर, 2018	तंजानिया, संयुक्त गणराज्य के विदेश मंत्री डा. ऑगस्टीन पी. महीगा द्वारा 'इंडिया-अफ्रीका रिलेशंस : दि तंजानियन पर्सपेक्टिव' पर व्याख्यान। **अध्यक्षता :** राजदूत राजीव के. भाटिया
9.	30 नवम्बर, 2018	मोजाम्बिक गणराज्य के विदेश और सहयोग मंत्री श्री जोस कोंडुगुआ एंटोनियो पछेको द्वारा 'प्रोस्पेक्टस ऑफ मोजाम्बिक इंडिया कोओपेरेशन' पर व्याख्यान **अध्यक्षता :** राजदूत पिनाक रंजन चक्रवर्ती, अध्यक्ष भारतीय राजनयिक संघ एवं पूर्व सचिव, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार

संगोष्ठियां/सम्मेलन

क्रम सं	तारीख	कार्यक्रम
1.	6 और 7 अप्रैल, 2018	'भारतीय लोकतंत्र के 70 वर्ष : भावी चुनौतियां' पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी राजनीति विज्ञान विभाग, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, चक्रधरपुर, झारखंड द्वारा आयोजित स्थान : झारखंड
2.	13 और 14 अप्रैल, 2018	जीडीसी स्मारक कॉलेज, भिवानी में हिन्दी में विदेश नीति जागरूकता कार्यक्रम 'वर्तमान भारतीय सुरक्षा व विदेश नीति' पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी स्थान : भिवानी, हरियाणा
3.	18 मई, 2018	'इंडिया एंड लैटिन अमेरिका एंड दि कैरिबियन : स्ट्रैंथनिक दि पार्टनरशिप' विषय पर द्वितीय आईसीडब्ल्यूए-एलएसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्थान : ब्राजील
4.	15 और 16 सितम्बर, 2018	'आईडेंटिटी एंड दि पॉलिटिक्स ऑफ सिक्यूरिटी, सोवर्निटी एंड दि चैलेंजेज़ ऑफ वर्ल्ड पॉलीटिक्स' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्थान : गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात
5.	13 और 14 अक्टूबर, 2018	'इंडियाज़ सिक्यूरिटी चैलेंजेज एंड आप्शंस : फ्रॉम इंटरनल टु ग्लोबल' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी स्थान : फैजाबाद - 224123

6.	23 और 24 अक्टूबर, 2018	'करंट डेवलपमेंट एंड इट्स इंफैक्ट ऑन वर्ल्ड पॉलिटीज : विद रेफेरेंस टु ब्रिक्स, एससीओ एंड इंडो - पैसेफिक' स्थान : नैनीताल, उत्तराखंड
7.	15 और 16 नवम्बर, 2018	'एक्ट ईस्ट थ्रू नार्थ ईस्ट : इंडियाज़ वे टु ए न्यू एरा ऑफ डिप्लोमेसी' पर संगोष्ठी स्थान : ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश
8.	29 नवम्बर, 2018	'फिलिस्तीन लोगों के साथ एकजुटता अंतर्राष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर समारोह आधार व्याख्यान : राजदूत संजय सिंह

द्विपक्षीय और रणनीतिक वार्ताएं

क्रम सं	तारीख	कार्यक्रम
1.	21 अप्रैल, 2018	भारत और न्यूजीलैंड के बीच तृतीय ट्रैक II वार्ता [भारतीय विश्व मामले परिषद (आईसीडब्ल्यूए), न्यूजीलैंड इंडिया रिसर्च इंस्टिट्यूट (एनजैडआईआरआई) एशिया न्यूजीलैंड फाउंडेशन (एएनजैडएफ)]
2.	4 और 5 मई, 2018	13वां शंघाई सहायोग संघ (एससीओ) फोरम बैठक स्थान : अस्ताना, कजाखस्तान
3.	16 और 17 मई, 2018	दि एलेक्जेंडर डी गुस्मासो फाउंडेशन (एफयूएनएजी), ब्राजील के साथ 'ब्राजील भारत: राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष' पर प्रथम द्विपक्षीय संगोष्ठी स्थान : ब्राजील
4.	28 मई, 2018	आईसीडब्ल्यूए - आईएफएएनएस द्विपक्षीय ट्रैक 1.5 वार्ता स्थान : सियोल, कोरिया
5.	13 और 14 सितम्बर, 2018	आईसीडब्ल्यूए और सेंटर फॉर इंटरनेशनल रिलेशंस स्टडीज़ (सीआईआरएस), उज्बेकिस्तान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पांचवीं 'भारत-मध्य एशिया वार्ता' स्थान : समरकंद, उजबेकिस्तान
6.	25 सितम्बर, 2018	चाइनीज़ पीपल्स इंस्टिट्यूट ऑफ फारेन अफेयर्स (सीपीआईएफए) के साथ पांचवीं आईसीडब्ल्यूए द्विपक्षीय वार्ता स्थान : चीन
7.	28 सितम्बर, 2018	उज्बेकिस्तान गणराज्य के राष्ट्रपति की अध्यक्षता में भारतीय विश्व मामले परिषद (आईसीडब्ल्यूए) तथा इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रेटैजिक एंड रीजनल स्टडीज (आईएसआरएस) के बीच संपर्क तथा सहयोग पर समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर

8.	14 और 15 नवम्बर, 2018	द्वितीय आईसीडब्ल्यूए - रशिया इंटरनेशनल अफेयर्स काउंसिल (आरआईएसी) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन तथा आईसीडब्ल्यूए और आरआईएसी के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर
9.	28 नवम्बर, 2018	'मोरक्को-भारत संबंध : रणनीतिक भागीदारी की स्थापना के लिए क्या अपेक्षित है?' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी [रॉयल इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रेटैजिक स्टडीज (आईआरईएस), रबात, मोरक्को के साथ सहयोग में]

गोलमेज चर्चाएं और संपर्क

क्रम सं	तारीख	कार्यक्रम
1.	10 अप्रैल, 2018	नीति और अनुसंधान केन्द्र, विदेश मंत्रालय, इजराइल के दौरे पर आए विशेषज्ञों के साथ गोलमेज चर्चा
2.	30 मई, 2018	दि ब्रेंट थ्रस्ट फाउंडेशन, दक्षिण अफ्रीका के निदेशक डा. ग्रेग मिल्स तथा आईसीडब्ल्यूए के शोध संकाय के बीच पारस्परिक वार्ता **अध्यक्षता :** श्री अजनीश कुमार, उपमहानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
3.	28 अगस्त, 2018	ट्सिंघुआ यूनीवर्सिटी, चीन के प्रो. यान जेयूटोंग द्वारा 'एमर्जिंग बायलेटेरिज्म इन ग्लोब्लाइजेशन' पर व्याख्यान **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
4.	4 सितम्बर, 2018	मोरक्कन सेंटर फॉर स्ट्रेटैजिक स्टडीज (सीएमईएस) के अध्यक्ष श्री मोहम्मद बेनहामो तथा सीएमईएस परियोजना और कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री अस्मा सेब्बर के साथ संपर्क वार्ता **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
5.	6 सितम्बर, 2018	सेंटर फॉर इंटरनेशनल रिसर्च एंड एजुकेशन के प्रमुख तथा इंस्टिट्यूट फॉर पॉलिटिकल एंड इंटरनेशनल स्टडीज (आईपीआईएस) के अध्यक्ष डा. सैयद मोहम्मद काजेम सज्जदपोर के साथ "इंडिया-ईरान इन ए ट्रासीशनल वर्ल्ड" पर गोलमेज चर्चा **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
6.	6 सितम्बर, 2018	यूनिवर्सिटी ऑफ हैफा, इजराइल में नेशनल सिक्यूरिटी स्टडीज सेंटर के निदेशक डा. डैन शुफ्तान के साथ' चेंजिंग डायनैमिक्स ऑफ दि मिडल ईस्ट एंड इंटरनेशनल रिलेशंस' पर संपर्क वार्ता **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
7.	18 सितम्बर, 2018	"पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक विवाद : वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए विवक्षाएं" विषय पर गोलमेज चर्चा **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए

8.	22 नवम्बर, 2018	इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी, दक्षिण कोरिया के निदेशक श्री किम मिंसेओक के साथ संपर्क चर्चा **अध्यक्षता :** डा. टी.सी.ए. राघवन, महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए
9.	5 सतिम्बर, 2018	सप्रू हाउस नई दिल्ली में इंस्टिट्यूट फॉर नेशनल सिक्यूरिटी स्ट्रेटैजी (आईएनएसएस) दक्षिण कोरिया से आए शिष्टमंडल के साथ संपर्क-चर्चा

पुस्तक जारी/विमोचन/चर्चा कार्यक्रम

क्रम सं	तारीख	कार्यक्रम
1.	9 अक्टूबर, 2018	“इंडिया एंड ईयू : एन इंसाइडर्स व्यू” शीर्षक पर आईसीडब्ल्यूए प्रकाशन का विमोचन [लेखक राजदेत भास्वती मुखर्जी] अध्यक्षता : राजदूत राजीव डोगरा
2.	16 नवम्बर, 2018	भारत-पेरू राजनयिक संबंधों पर “55 यीअर्स ऑफ डिप्लोमैटिक रिलेशंस पेरू-इंडिया क्रोनोलॉजी - मेन ईवेंट्स 26 मार्च, 1963 - 26 मार्च, 2018)

एशिया-प्रशांत सुरक्षा सहयोग परिषद

आईसीडब्ल्यूए वर्ष 2001 से एशिया-प्रशांत सुरक्षा सहयोग परिषद (सीएससीएपी) - भारत समिति की मेजबानी कर रहा है।

1 अप्रैल, 2018 से 30 नवम्बर, 2018 की अवधि के दौरान, परिषद ने निम्नलिखित क्रियाकलापों में प्रतिभागिता की:

1. 3-5 अप्रैल, 2018 तक सियोल, दक्षिण कोरिया में आयोजित गैर-प्रचुरोद्भवन और नि:शस्त्रीकरण संबंधी सीएससीपी अध्ययन ग्रुप की 5वीं बैठक।
2. 7-9 मई, 2018 तक कुअलालम्पुर, मलेशिया में आयोजित 32वीं एशिया-प्रशांत गोलमेज बैठक।
3. 9 और 10 मई, 2018 को कुअला लम्पुर, मलेशिया में आयोजित 49वीं संचालन समिति बैठक।
4. 5-14 नवम्बर, 2018 तक सियोल, दक्षिण कोरिया में ‘भावी एशिया-प्रशांत नेता के लिए वैश्विक कोरिया कार्यशाला’ पर सीएससीएपी बैठक।
5. 29 और 30 नवम्बर, 2018 को पर्थ, आस्ट्रेलिया में आयोजित 50वीं संचालन समिति बैठक।

आईसीडब्ल्यूए पुस्तकालय

1955 में अपनी स्थापना के बाद से ही सप्रू हाउस पुस्तकालय भारतीय और विदेशी स्कॉलरों के लिए एक अग्रणी संसाधन केन्द्र के रूप में उभरकर सामने आया है। वतमान में, इसके पास 1,55,553 पुस्तकें, जर्नल, मानचित्र तथा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एवं यूरोपीय संघ (ईयू) दस्तावेज हैं। यह अनुमान है कि 31 मार्च, 2018 तक लगभग 620 और पुस्तकें पुस्तकालय के संग्रह में जोड़ दी जाएंगी। संपूर्ण संग्रह डिजिटल अनुक्रमणिका के माध्यम से पहुंच-योग्य है तथाइ से ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटालॉग के माध्यम से सर्च किया जा सकता है। सप्रू हाउस पुस्तकालय का एक बड़ा भाग तथा साथ ही आईसीडब्ल्यूए जर्नल इंडिया क्वार्टरली का संपूर्ण संग्रहण डिजिटल फार्मेट में शोध स्कालरों के लिए सुलभ है। प्रमुख ऑनलाइन संसाधनों जैसे प्रोजेक्ट म्युज़, जेएसटीओआर और ओपीएसी के साथ सज्जित यह पुस्तकालय सदस्यों तथा आगंतुकों के समस्त प्रमुख शोध और शैक्षणिक क्रियाकलापों के लिए एक व्यापक मंच उपलब्ध कराता है।

पुस्तकालय का लक्ष्य दक्षिण एशिया पर विशेष ध्यान-केन्द्रित करते हुए भारतीय विदेश नीति के प्रमुख क्षेत्रों में उपलब्ध शोध सामग्री और दस्तावेजों का एक व्यापक भण्डार स्थापित करने का है। यह अपनी विषय-सूची और

सुविधाओं का निरंतर उन्नयन करने के माध्यम से हमारी शोध परियोजनाओं के निरंतर विस्तारित होते क्षेत्र की मांगों की पूर्ति करने के लिए कड़े प्रयास कर रही है।

प्रचार-प्रसार

आईसीडब्ल्यूए ने अपने शोध-परिणामों तथा क्रियाकलापों को यथासंभव विशाल संख्या में वैश्विक जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रीय और वैश्विक क्षेत्र में भारतीय चिंताओं और आकांक्षाओं के बारे में जागरूकता का सृजन करने के लिए उनके व्यापक प्रचार-प्रसार की नीति प्रारंभ की है। प्रकाशनों के बारे में सूचना परिचालित करने की प्रणाली, वेबसाइट www.icwa.in का नवीनीकरण, सोशल मीडिया के उपकरणों का प्रयोग तथा महत्वपूर्ण आयोजनों की वेबकास्टिंग आईसीडब्ल्यूए के अधिदेश की प्राप्ति में सहायक सिद्ध हुए हैं।

33

आरआईएस

दिल्ली वार्ता एक्स: भारत- आसियान समुद्री सहयोग को मजबूत करना।

विकासशील देशों हेतु अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस), दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान)-आरआईएस में भारत केन्द्र (एआईसी), राष्ट्रीय समुद्री प्रतिष्ठान (एनएमएफ), नई दिल्ली; आसियान सचिवालय, जकार्ता; आसियान और पूर्वी एशिया (ईआरआईए) हेतु आर्थिक अनुसंधान संस्थान, जकार्ता की साझेदारी में विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नई दिल्ली में 19 और 20 जुलाई, 2018 को दिल्ली वार्ता के दसवें संस्करण का आयोजन किया। इस दसवें दिल्ली वार्ता का विषय ''भारत-आसियान समुद्री सहयोग को मजबूत करना'' था। विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने इस मंत्रालयी सत्र का मुख्या संबोधन किया; विदेश राज्य मंत्री जेनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त), पूर्व विदेश राज्य मंत्री श्री एम. जे. अकबर और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सातों राज्यों के मुख्या मंत्रियों ने इस मंत्रालयी और विशेष पूर्णकालिक सत्रों में क्रमश: मुख्या भाषण दिया। आसियान के सदस्य राष्ट्रों के कई वरिष्ठ मंत्रियों सहित लगभग 300 शिष्टमंडलों और वरिष्ठ स्तरीय अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों, प्रसिद्ध विद्वानों, प्रैक्टिशनरों, कूटनीतिज्ञों, शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं, कारोबारियों, कारोबारी संघों आदि ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

इस उद्घाटन सत्र में आसियान- भारत साझेदारी के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं अर्थात् कनेक्टिविटी, वाणिज्य और संस्कृति के 3सी सहित प्रमुख विषय शामिल किए गए थे। संपूर्ण सत्र में शामिल प्रमुख विषयों में आसियान के साथ एक्ट ईस्ट पॉलिसी में पूर्वोत्तर की भूमिका, सामाजिक - सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती, भारत-आसियान साझेदारी और उभरती विश्व व्यवस्था, समुद्री सहयोग: भारत-आसियान साझेदारी के लिए एक नयी रूपरेखा, निवेश और प्रौद्योगिकी, विकास सहयोग, लघु-मध्यम उद्यम और क्षेत्रीय विकास, पर्यटन सहयोग तथा स्मार्ट शहरों का निर्माण थे।

विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज नई दिल्ली में दिल्ली वार्ता X के दौरान आसियान प्रतिनिधि मंडल प्रमुखों के साथ (19-20 जुलाई, 2018)

विदाई भाषण में भारत में थाईलैंड के राजदूत श्री चुतिनटोर्न गोंगसाक्डी तथा आवासन और शहरी मामले के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा भाषण दिया गया।

एआईआईबी नेतृत्व वाला कार्यक्रम और मेजबान देश सेमीनार

एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) की वार्षिक बैठक के संबंध में आरआईएस कार्यक्रम के अंत में निम्नलिखित विषयों पर देश में सात विभिन्न स्थानों पर सात शीर्ष कार्यक्रम आयोजित किए गए यथा - पत्तन और तटीय अवसंरचना में बढ़ोतरी: मुख्य क्षेत्रों के संबंध में प्रवेशिका (विशाखापत्तनम में 3 और 4 अप्रैल, 2018); शहरी विकास: तकनीकी समाधान और शासन संबंधी चुनौतियां (अहमदाबाद में 19 और 20 अप्रैल, 2018); भावी, नमनीय और डिजिटल अवसंरचना (बंगलुरू में 3 और 4 मई, 2018); क्षेत्रीय विकास के लिए वास्तविक और सामाजिक अवसंरचना (14 और 15 मई, 2018, गुवाहाटी); स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा (भोपाल में 21 मई, 2018); जल और स्वच्छता (पुर्ण में 31 मई और 1 जून, 2018); और निजी क्षेत्र भागीदारी एवं संसाधन जुटाने में नवोन्मेष (मुम्बई में 11 जून, 2018)। प्रमुख कार्यक्रमों के संबंधित विषयों के संबंध में गहन पृष्ठभूमि शोधपत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने बहुत योगदान दिया।

एआईआईबी की तीसरी वार्षिक बैठक के दौरान दिनांक 25 जून, 2018 को मुम्बई में वित्त मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा 'अवसंरचना हेतु वित्तीय संग्रह के लिए नई खोज' नामक रिपोर्ट रखी गयी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़नवीस; उत्तराखंड के मुख्य मंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत; बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी; वित्त राज्य मंत्री श्री पी. राधाकृष्णन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस रिपोर्ट में कई नीतिगत सिफारिशें थीं जो सभी हितधारकों के लिए उपयोगी होंगी।

तीसरी एआईआईबी की वार्षिक बैठक में आरआईएस अनुबंध

भारत सरकार ने 25 और 26 जून, 2018 को मुम्बई में एआईआईबी की तीसरी वार्षिक बैठक का आयोजन किया। आरआईएस ने भारत के शीर्ष औद्योगिक संघ - भारतीय चैम्बर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री परिसंघ (फिक्की), भारतीय औद्योगिक संघ (सीआईआई) और एसोसिएटेड चैम्बर्स आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री आफ इंडिया (एसोचेम) की साझेदारी के साथ ज्ञान साझेदार के रूप में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) के साथ मिलकर कार्य किया है। एआईआईबी की तीसरी वार्षिक बैठक के रनअप में आरआईएस ने सामूहिक रूप से संसाधन जुटाने और संस्थागत चुनौतियों से निपटने तथा कनेक्टिविटी और अवसंरचना विकास से लाभ संवृद्धि करने के लिए राज्य सरकारों और नागरिक समाज संगठन के साथ सहयोग किया । वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली और एआईआईबी के अध्यक्ष श्री जिनलिक्विन ने नई दिल्ली में 27 फरवरी, 2018 को एआईआईबी की तीसरी वार्षिक बैठक का उद्घाटन किया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन जयराम गड़करी तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने नीति निर्धारकों, कूटनीतिज्ञों, बैंकरों, बहुपक्षीय संस्थाओं, उद्योग एवं अन्य पणधारकों के बड़े संघ के साथ अपनी अनुबोधक दृष्टिकोण को साझा किया।

विषय तथा शीर्ष सम्मेलनों के शहर निम्न प्रकार थे: कोलकाता में मास रैपिड परिवहन व्यवस्था; विशाखापतनम में पत्तन और तटीय अवसंरचना; अहमदाबाद में शहरी विकास; बंगलोर में भावी, नमनीय और डिजिटल अवसंरचना; गुवाहाटी में क्षेत्रीय विकास; भोपाल में साफ और नवीकरणीय ऊर्जा; पुणे में जल और स्वच्छता; और मुम्बई में निजी क्षेत्र भागीदारी और संसाधन संग्रहण में नवोन्मेष।

इन लीड-अप घटनाओं के आधार पर आरआईएस ने 'अवसंरचना हेतु निधि योजन की नई खोज' नामक रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

दिल्ली प्रक्रिया IV के माध्यम से ब्युनेस आयर्स प्लान ऑफ एक्शन (बीएपीए) +40 तक का मार्ग।

आरआईएस ने संयुक्त रूप से विदेश मंत्रालय, दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओएसएससी), नेटवर्क आफ सदर्न थिंक टैंक (एनईएसटी) और ''दक्षिण-दक्षिण सहयोग एवं बीएपीए+40- सैद्धांतिक परिदृश्य एवं

अनुभव जन्य वास्तविकताओं' के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय विकास सहयोग हेतु फोरम (एफआईडीसी) का आयोजन 13 और 14 अगस्त, 2018 को नई दिल्ली में किया। इस सम्मेलन का फोकस दक्षिण-दक्षिण सहयोग (एसएससी) तथा विकास सहयोग की वैश्विक समझ का विस्तार- इसकी सैद्धांतिक रूपरेखा तथा संगत अनुभवजन्य मान्यीकरण के सैद्धांतिक भेदों को मजबूत करना था। सैद्धांतिक निर्माण जिसे इस वर्ष दिल्ली की प्रक्रिया में विचार हेतु लिया गया था, का फोकस किसी अवसंरचना को सृजित करने एवं एसएससी के कतिपय गैर-परक्राम्य सिद्धांतों पर सहमति एवं एसएससी में शामिल तौर तरीकों के सैद्धांतिक मॉडलिंग के रूप में विकास कॉम्पेक्ट के आविर्भाव पर था।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73वें सत्र का अध्यक्ष-चुनाव सुश्री मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा गार्सेज ने उद्‌घाटन भाषण दिया तथा प्रो. अमिताभ आचार्य, प्रसिद्ध प्रोफेसर, अमेरिकी विश्वविद्यालय, वाशिंगटन डीसी ने मुख्य भाषण दिया। राजदूत मोहन कुमार, अध्यक्ष, आरआईएस ने इस उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता की और प्रो. सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस ने स्वागत भाषण दिया। श्री जॉर्ज चेडिक, निदेशक, यूएनओएसएससी; भारत में अर्जेंटीना के राजदूत डेनियल चुबुरू; और सचिव (आर्थिक संबंध) श्री टी. एस. त्रिमूर्ति, विदेश मंत्रालय ने विशेष भाषण के जरिए इस सम्मेलन का मान बढ़ाया।

इस सम्मेलन में सामूहिक रूप से न केवल उनके अपने विकास वर्णन का स्वामित्व लेने हेतु देशों के लिए हीं नहीं बल्कि उत्तर-दक्षिण, दक्षिण-दक्षिण तथा त्रिकोणीय सहयोग से लाभ लेने के लिए एसएससी के स्तंभ के रूप में घरेलु क्षमता के महत्व को रेखांकित किया।

एसडीजी संबंधी दक्षिण एशियाई मंच

आरआईएस ने सितम्बर, 2015 में उनके विकास और अंगीकरण की प्रक्रिया से ही सक्रिय रूप से धारणीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) में लगा रहा है। घरेलु और अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया विशेषकर एसडीजी के स्थानीयकरण के संबंध में भारतीय विचार बिंदू से एसडीजी की कार्यसूची के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एसडीजी के प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आरआईएस ने कार्य किया। आरआईएस ज्ञान साझेदारी को मजबूत करने के लिए एसडीजी संबंधी विशिष्ट मुद्दों पर भारत में मुख्य प्रबुद्ध वर्ग और संगठनों के साथ सहयोग भी कर रहा है। नीति आयोग, भारत सरकार, भारत में एसडीजी के कार्यान्वयन में सहयोग और दिशा देने के लिए नोडल एजेंसी है। नीति आयोग, आरआईएस और यूएन भारत द्‌वारा कई राष्ट्रीय एसजीडी परामर्शों का आयोजन किया गया; इसमें विभिन्न राज्य/ संघ शासित सरकारों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।

आरआईएस ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र हेतु संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) और नीति आयोग के सहयोग से नई दिल्ली में 4-6 अक्टूबर, 2016 को धारणीय विकास संबंधी एशिया-प्रशांत फोरम (एपीएफएसडी) के लिए धारणीय विकास लक्ष्य- उप क्षेत्रीय प्रारंभिक बैठक संबंधी दक्षिण एशियाई मंच का आयोजन किया।

यह बैठक 2019 की शुरूआत में बैंकाक में होने वाली धारणीय विकास संबंधी एशिया-प्रशांत मंच (एपीएफएसडी) की छठी बैठक के उप क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य और इनपुटों के साथ हुई। 2030 की कार्यसूची और धारणीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) के कार्यान्वयन की अनुवर्ती कार्रवाई और समीक्षा के लिए मुख्य प्लेटफार्म के रूप में एपीएफएसडी संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद् और महासभा दोनों के संदर्भ में उच्च स्तरीय राजनीतिक धारणीय विकास (एचएलपीएफ) के लिए तैयारी का समर्थन करता है।

डॉ. नागेश कुमार, निदेशक और प्रमुख, यूएनईएससीएपी दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय (यूएनईएससीएपी-एसएसडब्लूए) के शुरूआती भाषण दिया; श्री यूरी अफानासिव, संयुक्त राष्ट्र निवासी समन्वयक, भारत और अफगानिस्तान के उप आर्थिक मंत्री डॉ. ईस्माइल राहिमी, डॉ. पुष्पराज काडेल, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय योजना आयोग, नेपाल ने मुख्य भाषण दिया। डॉ. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष, नीति आयोग, भारत ने उद्‌घाटन भाषण दिया।

बैठक में निम्नलिखित सत्र हुए: दक्षिण एशिया में 2030 कार्यसूची के कार्यान्वयन में प्रगति और उपलब्धियों की समीक्षा; दक्षिण एशिया में एचएलपीएफ 2019 के लिए चयनित लक्ष्यों की समीक्षा; दक्षिण एशिया में एचएलपीए के लिए चयनित लक्ष्यों की समीक्षा; कार्यसमूह द्‌वारा रिपोर्टिंग और आगे के रास्ता; ''लोगों का सशक्तिकरण और समावेशी व समानता को सुनिश्चित करना'' विषय पर 2019 के एपीएफएसडी और एचएलपीएफ विषय पर उप क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य;

दक्षिण एशिया में एसडीजी के कार्यान्वयन का माध्यम; वित्त, प्रौद्योगिकी और क्षमता संवर्धन (एसडीजी 17) में मुख्य अंतर की पहचान करना; दक्षिण एशिया में एसडीजी के कार्यान्वयन का माध्यम; संकेतकों, आंकड़ों, सांख्यिकी और अनुवर्ती और समीक्षा (एसडीजी 17); एसडीजी की प्राप्ति में तेजी लाने के लिए क्षेत्रीय सहयोग; समापन सत्र; आगे का मार्ग। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और भारत के विशेषज्ञों ने इस विचार-विमर्श में हिस्सा लिया।

एसडीजी की प्राप्ति के लिए दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता जानने के लिए नीतिगत वार्ता

आरआईएस ने यूएनईएससीएपी और नीतिगत अध्ययन हेतु दक्षिण एशिया केन्द्र की साझेदारी से नई दिल्ली में 6 अक्टूबर, 2018 को धारणीय विकास लक्ष्य:आगे का रास्ता के लिए दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता की पहचान करने के लिए एक नीतिगत वार्ता का आयोजन किया।

डॉ. नागेश कुमार, प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र ईएससीएपी दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया कार्यालय (यूएनईएससीएपी-एसएसडब्लूए); राजदूत (डॉ.) मोहन कुमार, अध्यक्ष, विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस); प्रो. दीपक नैयर, उपाध्यक्ष, नीतिगत अध्ययन हेतु दक्षिण एशिया केन्द्र (एसएसीईपीएस) ने शुरूआती भाषण दिया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री रजनीश ने विशेष भाषण भाषण दिया और राष्ट्रीय योजना आयोग, नेपाल के उपाध्यक्ष डॉ. पुष्प राज कडल द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया।

इस वार्ता के सत्रों में शामिल थे: उभरती वैश्विक प्रवृत्ति के पृष्ठभूमि में दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग के लिए क्षमता और चुनौतियां; परिवहन और ऊर्जा कनेक्टिविटी की क्षमता और चुनौतियां; कृषि, खाद्य सुरक्षा और पोषण में क्षेत्रीय सहयोग; दक्षिण एशिया में एसडीजी की प्राप्ति के लिए प्रबुद्ध वर्ग सहयोग संबंधी गोलमेज वार्ता; और समापन सत्र। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और भारत के प्रतिनिधियों ने इन विचार-विमर्श में हिस्सा लिया।

सभी-एसडीजी 2 रोडमैप रूपरेखा के लिए स्वस्थ्य भोजन को सुनिश्चित करने के लिए धारणीय कृषि और किसानों की आय को दोगुना करना।

8 मई, 2018 को नई दिल्ली में 'सभी -एसडीजी 2 रोडमैप रूपरेखा के लिए स्वस्थ्य भोजन सुनिश्चित करने के लिए धारणीय कृषि और किसानों की आय को दोगुना करना' के संबंध में पणधारकों की कार्यशाला आयोजित की गयी। शिक्षा जगत के सदस्यगण, विशेषज्ञों, नागरिक समाज संगठनों, केन्द्रीय/ राज्य / संघ शासित प्रदेश (यूटी) सरकारों, यूएन संगठनों/ निकायों ने भारतीय संदर्भ में एसडीजी 2 की प्राप्ति में अपनी आकांक्षाओं और प्रतिबद्धताओं को साझा किया। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) के सहयोग से आरआईएस द्वारा 'एसडीजी 2 रोडमैप फ्रेमवर्क' नाम से एक रिपोर्ट को भी इस सत्र में रखा गया।

इस कार्यक्रम की शुरूआत नीति आयोग के सलाहकार डॉ. अशोक कुमार जैन द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई। प्रो. सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस, ने इस संदर्भ का निर्धारण किया। डॉ. हमीद नूरू, डब्लूएफपी के प्रतिनिधि और राष्ट्र निदेशक ने शुरूआती भाषण दिया। श्री यूरी अफानेसिव, संयुक्त राष्ट्र निवासी समन्वयक और भारत में यूएनडीपी निवासी प्रतिनिधि ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। डॉ. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष, नीति आयोग, भारत सरकार ने मुख्य भाषण दिया। डॉ. पी. के. आनंद, अतिथि फेलो, आरआईएस ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

सीएसआर और फ्लैगशिप कार्यक्रम के साथ एसडीजी और इस स्तर तक जाना।

आरआईएस ने तीसरी एआईआईबी वार्षिक बैठक के इतर मुम्बई में 25 जून, 2018 को भारतीय विकास सहयोग (एफआईडीसी) के लिए रिच स्केल और फोरम के साथ परस्पर बातचीत के सत्र का आयोजन किया।

प्रो. सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस की टिप्पणियों के साथ सीएसआर और फ्लैगशिप कार्यक्रम के साथ एसडीजी और मूविंग अप द स्केल के सत्र की शुरूआत हुई। रीच स्केल के संस्थापक और सीईओ श्री डेविड विल्कोस ने शुरूआती भाषण दिया। आवासन और शहरी मामले मंत्रालय में राज्यमंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने विशेष भाषण दिया। सुश्री मेगन फेलोन, सीईओ, बेयरफुड कॉलेज इंटरनेशनल; प्रो. अमिताभ कुंडू, अतिविशिष्ट फेला, आरआईएस; और श्री रविचंद्रन नटराजन, प्रमुख साझेदार और सहयोग संबंध, टाटा ट्रस्ट, मुम्बई ने भी इस अवसर पर भाषण दिया। खुली चर्चा के साथ इस सत्र की समाप्ति हुई।

विकास सहयोग के लोकतांत्रीकरण के संबंध में गोलमेज वार्ता

एफआईडीसी और आरआईएस ने आरआईएस में 9 अगस्त, 2018 को बहु पणधारक साझेदारी के माध्यम से विकास सहयोग के लोकतांत्रीकरण' के संबंध में एक गोलमेज वार्ता का आयोजन किया।

पीआरआईए के अध्यक्ष डॉ. राजेश टंडन ने इस सत्र की अध्यक्षता की। प्रो. गुलशन सचदेव, प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्याय; कार्ल गर्समन, अध्यक्ष, नेशनल इंडोमेंट फॉर डेमोक्रेसी, यूएसए, और प्रो. मैको ईचीहारा, एसोसिएट प्रोफेसर, हितोत्सुबासी यूनिवर्सिटी, जापान मुख्य वक्ता थे।

प्रो. सेयूंजू ली, प्रो. चुंग आंग विश्वविद्यालय, दक्षिण कोरिया, और प्रो. मिलिंदो चक्रवर्ती, अतिथि फेलो, आरआईएस मुख्य चर्चा करने वाले थे। वैश्विक शासन संस्थाओं के लोकतांत्रीकरण संबंधी सत्र की अध्यक्षता आरआईएस के अतिविशिष्ट फेलो श्री अमर सिन्हा द्वारा की गयी।

उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच, 2018

आरआईएस शिष्टमंडल जिसमें महानिदेशक प्रो. सचिन चतुर्वेदी और डॉ. सब्यसांची, सहायक प्रोफेसर शामिल थे, ने इस उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ), 2018 में 10-13 जुलाई, 2018 के दौरान न्यूयार्क में यूएन मुख्यालय में भाग लिया। आरआईएस शिष्टमंडल ने आवासन और शहरी मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी तथा यूएन भारत से शिष्टमंडल की अध्यक्षता में भारत सरकार के शिष्टमंडल के साथ संयुक्त रूप से एचएलपीएफ के इन बैठकों में भाग लिया। इस यात्रा के भाग के रूप में भारत और वैश्विक रूप में, विशेषकर दक्षिणी देशों में एसडीजी के कार्यान्वयन के लिए और साझेदारी करने के लिए आरआईएस शिष्टमंडल ने यूएन और यूएन एजेंसियों के लिए भारत के स्थायी मिशन में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

आरआईएस ने "एसडीजी कार्यान्वयन की समीक्षा: एसडीजी 11- शहरों और मानव पर्यावासों को समावेशी, सुरक्षित, नमनीय और धारणीय बनाना" और "एसडीजी कार्यान्वयन की समीक्षा: एसडीजी 17- धारणीय विकास के लिए वैश्विक साझेदारी के कार्यान्वयन और पुनरूद्धार करने के माध्यमों को सुदृढ़ बनाना" संबंधी मुख्य एचएलपीएफ समीक्षा बैठकों में भी भाग लिया। आरआईएस टीम ने "विकास हेतु वित्तपोषण: प्रगति और प्रत्याशा 2018" के संबंध में अलग से कार्यक्रम में भी भाग लिया। अंत में, आरआईएस के महानिदेशक ने 13 जुलाई, 2018 को दक्षिण-दक्षिण सहयोग के संबंध में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में "एसडीजी युग में दक्षिण-दक्षिण सहयोग के प्रभाव को आकर्षित करना" पर अलग से कार्यक्रम में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया।

बिम्सटेक पूर्व शिखर उच्च स्तरीय परामर्शदात्री बैठक

आरआईएस ने नीतिगत एवं सामाजिक -आर्थिक अनुसंधान (आईएसएसआर) और पैवेलियन ग्रुप संस्थान के साथ 2 और 3 अगस्त, 2018 को काठमांडू में बहु क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) शिखर उच्च स्तरीय परामर्श बैठक के लिए पूर्व-बंगाल की खाड़ी पहल का आयोजन किया। प्रो. डॉ. गोविंद नेपाल, कार्यकारी अध्यक्ष, आईएसएसआर नेपाल ने इस बैठक की अध्यक्षता की। नेपाली विदेश मंत्री श्री प्रदीप कुमार गयावाली मुख्य अतिथि थे और उन्होंने उद्घाटन भाषण दिया। बाद में इस समूह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

बांग्लादेश के राजदूत सुश्री मसफीबिंटे शाम; नेपाल में भारत के राजदूत श्री मंजीब सिंह पुरी; श्रीलंका की राजदूत सुश्री डब्लू. स्वर्णलता परेरा; म्यामार के राजदूत श्री यू. टुन ने लिन; प्रो. (डॉ.) विश्वम्भर प्याकुरयाल, श्रीलंका और मालदीव के राजदूत तथा संयुक्त सचिव (बिम्सटेक और सार्क) एमईए श्री पीयूष श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस परामर्शदात्री बैठक की मुख्य सिफारिशों को 26 अगस्त, 2018 को नेपाल के प्रधानमंत्री श्री खाडगा प्रसाद शर्मा ओली के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

वैश्विक व्यापार प्रणाली की सुरक्षा और बहुपार्श्ववाद की भूमिका।

आरआईएस जापान के साथ भारत के व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए व्यापक अनुसंधान कार्य को करता रहा है। आरआईएस ने एशिया अफ्रीका विकास कोरिडोर (एएजीसी) पर व्यापक कार्य किया, जो 2017 में अफ्रीकी विकास बैंक (एफडीबी) वार्षिक बैठक के दौरान अहमदाबाद में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अभिस्वीकृत एक पहल थी। आरआईएस ने एएजीसी के सिद्धांत को वास्तविक रूप देने के लिए आठ चर्चा पत्र लेकर आया है। जापानी संस्थाओं के साथ संबंधों को विकसित करने के लिए आरआईएस ने जापान आर्थिक प्रतिष्ठान (जेईएफ) की साझेदारी में नई दिल्ली में 22 और 23 नवम्बर, 2018 को दिल्ली में एशिया -प्रशांत मंच की सह मेजबानी की।

एपीएफ 2018 का मुख्य कार्यक्रम 22 नवम्बर, 2018 को 'वैश्विक व्यापार प्रणाली की सुरक्षा तथा बहुपार्श्ववाद की भूमिका' विषय के तहत उनकी अपनी सार्वजनिक विचारगोष्ठी थी जिसमें तीन पैनल सत्र था जिनका फोकस व्यापार और नयी प्रौद्योगिकी; क्षेत्रीय समाकलन के लिए अपरिहार्यता: सेवा क्षेत्र की बढ़ती भूमिका; और भारत-प्रशांत क्षेत्र में एसडीजी का महत्व और इसकी भूमिका: एसडीजी की प्राप्ति की नीतियां शामिल थीं। इस सार्वजनिक विचारगोष्ठी में एशिया प्रशांत क्षेत्र से प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा संबोधित किया गया तथा इसमें भारतीय विशेषज्ञ शामिल हुए। इस सार्वजनिक विचारगोष्ठी में विषय संबंधी विशेषज्ञों, शिक्षा विद, प्रबुद्ध वर्ग, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठन, निवासी कूटनीतिज्ञ, सेवारत और पूर्व उच्च पदस्थ अधिकारियों की भागीदारी हुई। इस सार्वजनिक विचारगोष्ठी में मुख्य भाषण एमईए की पूर्व सचिव (पूर्व) सुश्री प्रीति सरण द्वारा दिया गया। इस सार्वजनिक विचारगोष्ठी के बाद दिनांक 23 नवम्बर, 2018 को आरआईएस के महानिदेशक तथा जेईएफ के अध्यक्ष के नेतृत्व में एपीएफ सदस्यों के साथ परामर्श कार्य किया गया।

ब्लू इकोनोमी के संबंध में द्वितीय आसियान-भारत कार्यशाला।

विदेश मंत्रालय ने संयुक्त रूप में वियतनाम के विदेश मंत्रालय; आसियान सचिवालय, जकार्ता; आसियान और पूर्वी एशिया के लिए आर्थिक अनुसंधान संस्थान (ईआरआईए), जकार्ता; राष्ट्रीय समुद्री प्रतिष्ठान (एनएमएफ), नई दिल्ली और नई दिल्ली में आरआरईएस में आसियान - भारत केन्द्र (एआईसी) ने नई दिल्ली में 18 जुलाई, 2018 को ब्लू इकोनोमी पर द्वितीय आसियान-भारत कार्यशाला का आयोजन किया। ईआरआईए के अध्यक्ष प्रो. हाइडेतोषी निशीमुरा तथा भारत में वियतनाम के राजदूत श्री टोन सिंन थान्ह ने शुरूआती भाषण दिया। मुख्य भाषण राजदूत प्रीति सरण, सचिव (पूर्व), विदेश मंत्री द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में प्रत्येक आसियान सदस्य राष्ट्र, वरिष्ठ अधिकारियों और आसियान

व भारत के विशेषज्ञों के शिष्टमंडल प्रमुखों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य नहा तरंग, वियतनाम में 24 और 25 नवम्बर, 2017 को ब्लू इकोनोमी संबंधी प्रथम आसियान-भारत कार्यशाला में चर्चा करना और आसियान-भारत नीतिगत साझेदारी के मुख्य पहलू के रूप में समुद्री क्षेत्र में आसियान-भारत सहयोग में प्रगति में नेताओं के दृष्टिकोण की प्राप्ति के लिए प्रयासों में बल देना था। विशिष्ट गतिविधियों और क्षेत्रों जहां आसियान और भारत साथ मिलकर कार्य कर सकते हैं, की पहचान इस कार्यशाला के अंत में की गयी जो इस प्रतिष्ठान के रूप में कार्य करेगा जिन पर आसियान और भारत इस सहयोग में आगे की प्रगति के लिए कार्ययोजना बना सकते हैं। इस कार्यशाला का परिणाम दिल्ली वार्ता X में मंत्रालयी सत्र में दर्ज की गयी जिसका आयोजन नई दिल्ली में 19 और 20 जुलाई, 2018 को किया गया था। इस कार्यशाला को उन विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान करने के लिए गहनता से चर्च करने को सुकर बनाने के लिए चार भागों में बांटा गया था जहां आसियान और भारत मिलकर सहयोग और कार्य कर सकते हैं। ये चार सत्र थे -ब्लू इकोनोती और समुद्री कनेक्टिविटी, ब्लू इकोनोमी की सहायता में प्रौद्योगिकी; ब्लू इकोनोमी और समुद्री सुरक्षा व कूटनीति तथा ब्लू इकोनोमी में विकास शामिल थे।

अंत में विदाई सत्र में भारत में वियतनाम के राजदूत श्री टोन सिन थान्ह ने समापन भाषण दिया। संयुक्त सचिव (आसियान बहुपक्षीय), एमईए श्री अनुराग भूषण ने यह विदाई भाषण दिया जबकि डॉ. प्रबीर डे, एआईसी समन्वयक ने इस कार्यशाला के बारे में संक्षेप में बताया और धन्यवाद भाषण दिया।

गांधी-मंडेला विरासत- आगे का रास्ता

महात्मा गांधी की 150 वीं जन्मशती और नेल्सन मंडेला की 100वीं जन्मशती को मनाने के लिए अग्रदूती के रूप में आरआईएस ने संयुक्त रूप से दक्षिण अफ्रीका उच्चायोग, नई दिल्ली, गांधी शांति प्रतिष्ठान और नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय के साथ संयुक्त रूप से ''गांधी-मंडेला विरासत: आगे का रास्ता'' नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 26 सितम्बर, 2018 को नई दिल्ली में किया। यह कार्यक्रम नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय (एनएमएमएल) के निदेशक श्री शक्ति सिन्हा और आरआईएस के अतिविशिष्ट फेलो श्री अमर सिन्हा द्वारा उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ। ये टिप्पणियां उच्चायोग नामोद्दिष्ट, दक्षिण अफ्रीकी उच्चायोग, नई दिल्ली डॉ. एच. एन. मंजिनी द्वारा दिए गए भाषण ने इस अवसर पर विशेष टिप्पणी दी। श्री राम माधव, सभापति, भारतीय प्रतिष्ठान ने मुख्य भाषण दिया। श्री कुमार प्रशांत, अध्यक्ष, गांधी शांति प्रतिष्ठान, जिन्होंने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की, ने गांधी -मंडेला विरासत पर भी बोला।

समुद्री सुरक्षा और सहयोग पर तीसरा ईएएस सम्मेलन।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमपी एवं एनजी); एनएमएफ; और आरआईएस में आसियान-भारत केन्द्र (एआईसी) की साझेदारी में विदेश मंत्रालय ने भुवनेश्वर, ओडिशा में 8 और 9 जून, 2018 को समुद्री सुरक्षा और सहयोग पर तीसरा पूर्वी एशिया शिखर (ईएएस) सम्मेलन का आयोजन किया। डॉ. प्रबीर डे, समन्वयक, एआईसी, आरआईएस द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उप एडमिरल प्रदीप कुमार चौहान, निदेशक, एनएमएफ द्वारा उद्घाटन भाषण दिया जबकि संयुक्त सचिव (आसियान -एमएल) श्री अनुराग भूषण द्वारा विशेष भाषण दिया गया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेन्द्र पधान ने उद्घाटन भाषण दिया।

ईएएस सदस्य देशों ने अपने संबंधित देशों से अधिकारियों और विशेषज्ञों को नामित किया। लगभग पचपन प्रतिभागियों ने इस दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन को पांच सत्रों में विभाजित किया गया ताकि समुद्री सुरक्षा, समुद्री संरक्षा, समुद्र में व्यवस्था बने रहने, नीली अर्थव्यवस्था और आगे के पैनल चर्चा पर गहन विचार विमर्श हो सके। अंत में, संयुक्त सचिव (आसियान-एमएल) श्री अनुराग भूषण ने समापण भाषण दिया और डॉ. प्रबीर डे ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। शिष्टमंडल ने 8 जून, 2018 को सांस्कृतिक

कार्यक्रम का आनंद उठाया और साथ हीं ओडिशा राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक्पोजर प्राप्त करने के उद्देश्य से 9 जून, 2018 को धौली और कोणार्क का क्षेत्र दौरा भी किया।

विज्ञान कूटनीतिक कार्यक्रम को शुरू करना।

हाल के दशकों में विज्ञान कूटनीति विदेश नीति में एक मुख्या औजार बनकर उभरा है। इसका इस्तेमाल वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए किया गया है जहां विज्ञान और प्रौद्योगिकी समस्या की पहचान करने तथा समाधान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। विज्ञान कूटनीति विकास सहयोग के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अन्य देशों और समूहों के साथ गहरे सहयोग को सुकर बना रही है। आरआईएस ने राष्ट्रीय उच्च स्तरीय अध्ययन संस्थान (बंगलुरू) के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के सहयोग से विज्ञान कूटनीति संबंधी संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम को शुरू किया है। इस कार्यक्रम को नई दिल्ली में 7 मई, 2018 को शुरू किया गया था।

राजदूत डॉ. मोहन कुमार, अध्यक्ष, आरआईएस ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। प्रो. सचिन चतुर्वेदी, महानिदेशक, आरआईएस ने इस परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। एमईए के सचिव (आर्थिक संबंध) श्री टी. एस. त्रिमूर्ति ने मुख्य भाषण दिया। प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उद्घाटन भाषण दिया। प्रो. डी. सुबा चन्द्रन, अंतरराष्ट्रीय नीति और सुरक्षा अध्ययन, राष्ट्रीय उच्चस्तरीय अध्ययन संस्थान (एनआईएएस), बंगलुरू ने धन्यवाद प्रस्ताव किया।

प्रारूप नए नैदानिक परीक्षण नियम, 2018 के संबंध में पणधारक परामर्श

आरआईएस नीति अनुसंधान में इसका पता लगाया जाता है कि कैसे उभरता भारत अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, उत्पादन श्रृंखला को आगे ले जाने तथा अपने अंतरराष्ट्रीय छाप में बढ़ोतरी करने के लिए वैश्विक मंच पर अपने लिए तुलनात्मक लाभ प्राप्त कर सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में आरआईएस ने पूर्व के संशोधनों को ध्यान में रखते हुए तथा देश में नैदानिक परीक्षणों के संबंध में इन बदलावों के प्रभावों के लिए इन नियमों की जांच करने, मूल्यांकन करने और चर्चा करने के लिए प्रारूप नियमों के संबंध में पणधारकों के विचारों को स्पष्ट करने के लिए 7 अप्रैल, 2018 को प्रारूप नए नैदानिक परीक्षण नियम, 2018 के संबंध में पूर्ण दिवसीय विशेषज्ञ परामर्श का आयोजन किया।

इस परामर्श में शिक्षा क्षेत्र, उद्योग जगत, निजी और सरकारी संविदा अनुसंधान संगठनों, आचार समितियों, मीडिया के विविध पणधारकों और सरकार को एक मंच पर ला दिया। इससे इस चर्चा में उपस्थित विभिन्न प्रतिभागियों से विभिन्न परिप्रेक्ष्यों की साझेदारी और आदान-प्रदान हुआ। इस संपूर्ण दिवसीय परामर्श सत्र को चार तकनीकी सत्रों में बांटा गया था जिनमें प्रारूप नियम, 2018 के मूलभूत पहलु शामिल थे। इसमें आंकड़ा संग्रहण, आंकड़ों की उपलब्धता और पारदर्शिता, सामंजस्य संबंधी मुद्दों, क्षमता निर्माण, शिक्षा क्षेत्र और औद्योगिक अनुसंधान इंटरफेस, बेहतर नैदानिक और प्रयोगशाला प्रचलन, प्रौद्योगिकी व बौद्धिक संपदा के विविध विषय शामिल थे।

उद्घाटन संबोधन वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक प्रो. समीर ब्रह्मचारी ने दिया। प्रो. डी. प्रभाकरन, उपाध्यक्ष, भारतीय लोक स्वास्थ्य प्रतिष्ठान (पीएचएफआई) और डॉ. नंदिनी कुमार, पूर्व उप महानिदेशक (वरिष्ठ ग्रेड) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) द्वारा विशेष संबोधन किया गया। प्रो. टी. सी. जेम्स, अतिथि फेलो, आरआईएस ने इस परामर्श में विचारण हेतु इन मुद्दों को प्रस्तुत किया। अन्य वक्ताओं में राजदूत सुधीर टी. देवारे, अध्यक्ष, अनुसंधान परामर्श परिषद्, आरआईएस; डॉ. जाकिर थॉमस, पूर्व निदेशक (मुक्त स्रोत औषधि खोज), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर); प्रो. वैद्य के. एस. धिमान, महानिदेशक, केन्द्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय; डॉ. सरादीनदु भदुरी, अध्यक्ष, केन्द्रीय विज्ञान

नीति अध्ययन (सीएसएसपी), जेएनयू; डॉ. चिराग त्रिवेदी, अध्यक्ष, भारतीय नैदानिक अनुसंधान सोसाइटी; और श्री अशोक मदन, भारतीय औषधि विनिर्माण संघ (आईडीएमए) शामिल थे। इस परामर्श के आधार पर आरआईएस ने प्रारूप नियमों के संबंध में खंड-वार टिप्पणियां तैयार की और इन्हें उचित विचारण के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंप दिया।

आईओआरए और ब्रिक्स की दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता: शिखर सम्मेलन में मुद्दे

आरआईएस और पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान और सांस्कृतिक संगठन (युनेस्को), मदनजीत सिंह दक्षिण एशियाई सांस्कृतिक सहयोग संस्थान, पांडिचेरी विश्वविद्यालय में 4 अप्रैल, 2018 को संयुक्त रूप से हिंद महासागर क्षेत्रीय सहयोग (आईओआरए) और ब्रिक्स की दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता: शिखर सम्मेलन में मुद्द' के संयुक्त पैनल चर्चा का आयोजन किया।

प्रो. गुरमीत सिंह, उप कुलपति, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम को आरआईएस के प्रोफेसर डॉ. एस. के. मोहंती के शुरूआती भाषण के साथ आगे बढ़ाया गया। डॉ. अनिल सूकलाल, उप महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग विभाग, दक्षिण अफ्रीका, ने विशेष भाषण दिया। इसके बाद भारत में दक्षिण अफ्रीका के उच्चायोग के उच्चायुक्त डॉ. एन. मंजिनी तथा विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (एमईआर), श्री आलोक ए. दिमरी का संबोधन हुआ तथा उसके पश्चात आपसी विचार-विमर्श हुआ। डॉ. ए. सुब्रमणियम राजू, प्रमुख, दक्षिण एशियाई अध्ययन और समन्वयक केन्द्र, यूजीसी समुद्री अध्ययन केन्द्र, पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

भारत का शहरी पुनर्जागरण

आरआईएस और राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए) ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में 2 जून, 2018 को 'भारत का शहरी पुनर्जागरण' के संबंध में परस्पर बातचीत सत्र का आयोजन किया। राजदूत अमर सिन्हा, अतिविशिष्ट फेलो, आरआईएस ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम की शुरूआत आरआईएस के महानिदेशक प्रो. सचिन चतुर्वेदी के स्वागत भाषण के साथ हुई। प्रो. जगन शाह, निदेशक ने इस प्रस्तुतिकरण को नेतृत्व प्रदान दिया। आवासन और शहरी मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्य भाषण दिया। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों द्वारा मुक्त चर्चा के साथ इसका समापन हुआ।

आसियान एचओएम के साथ दिल्ली वार्ता X के संबंध में परामर्श बैठक

वैश्विक व्यवस्था में भारत की भूमिका

आरआईएस ने नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय (एनएमएमएल); सभ्यता अनुसंधान संस्थान वार्ता (डीओसी), बर्लिन; और दैनिक भास्कर के साथ संयुक्त रूप से 3 जुलाई, 2018 को नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली में ''विश्व व्यवस्था में भारत की भूमिका' के संबंध में गोइज़ुवेटा बिजनेस स्कूल आफ इमोरी यूनिवर्सिट, अटलांटा, अमेरिका में डॉ. जगदीश सेठ, चार्ल्स एच. केलस्टेडट, प्रोफेसर, मार्केटिंग द्वारा एक सार्वजनिक व्याख्यान आयोजित किया ।

डॉ. जगदीश सेठ भू राजनैतिक विश्लेषण में अपने विद्वतापूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। उन्हें सदर्न कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोआइस, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, एमआईटी और एमोरी विश्वविद्यालय में अध्यापन और अनुसंधान का पचास वर्ष से अधिक का साझा अनुभव है।

डॉ. विनय प्रभाकर सहस्रबुद्धि, अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (आईसीसीआर), ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसकी शुरूआत आरआईएस के महानिदेशक प्रो. सचिन

चतुर्वेदी के स्वागत भाषण से हुआ तथा श्री शक्ति सिन्हा, निदेशक, एनएमएमएल, श्री पुरण चंद्र पांडेय, परियोजना प्रबंधन निदेशक, सभ्यता अनुसंधान संस्थान की वार्ता, ने शुरूआती भाषण दिया। श्री दीपक द्विवेदी, अध्यक्ष, बोर्ड एवं प्रधान संपादक, दैनिक भास्कर ने विशेष संबोधन किया।

इस अवसर पर आरआईएस और डीओसी अनुसंधान संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से रखी गयी 'वैश्विक संदर्भ में भारत- रूस संबंध'' संबंधी रिपोर्ट भी जारी की गयी।

भारतीय औषधि प्रणाली के वैश्विक संवर्धन के संबंध में औद्योगिक परामर्श।

आयुष मंत्रालय और आरआईएस के सहयोग से भारतीय परंपरागत औषधि मंच (एफआईटीएम) ने 18 मई, 2018 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में भारतीय औषधि प्रणाली के वैश्विक संवर्धन संबंधी एक औद्योगिक परामर्श का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य नीतिगत कार्य सिफारिशों को तैयार करने के लिए औद्योगिक-सरकारी वार्ता को सुकर बनाना था। पैनालिस्टों में उद्योगों, शिक्षा जगत और भारत सरकार के मंत्रालयों के प्रतिनिधिगण शामिल थे। इस परामर्श में चर्चा का आधार प्रतिभागियों का व्यवहारिक ज्ञान था।

इस परामर्श में चार प्रमुख पैनल चर्चा था जिनमें भारतीय औषधि प्रणाली के वैश्विक उन्नयन के लिए चुनौतियों और समाधान की पहचान करना था। इनमें निर्यात संवर्धन संबंधी घरेलु नीति और विनियामक तैयारी की समीक्षा; अधिक वैज्ञानिक मान्यीकरण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय निर्माण मानक और गुणवत्ता आश्वासन के लिए उपाय करना तथा फार्माकोपियल मानकों के लिए अभिदत्त; औषधीय पौधों के संग्रहण और उपज सहित कच्चे मालों की आपूर्ति के साथ संबद्ध चुनौतियां; तथा भारत और विदेश में प्रैक्टिशनरों के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य उद्योग संबंधी विनियामक एवं आईएसएम क्षेत्र के संबंध में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संधियों और समझौतों के प्रभाव शामिल थे।

भारतीय औषधि प्रणाली के लिए दृष्टिकोण की समीक्षा को पूर्व वाणिज्य सचिव और आरआईएस के अतिविशिष्ट फेलो श्री राजीव खेर द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा डॉ. आकाश तनेजा, संयुक्त महानिदेशक, विदेशी व्यापार, विदेशी व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मुख्य भाषण दिया। डॉ. मनोज नेसारी, सलाहकार, आयुष मंत्रालय ने इस परामर्श का उद्घाटन किया। श्री वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय तथा श्री प्रमोद कुमार पाठक, अपर सचिव, आयुष मंत्रालय ने भी इस परामर्श में शामिल हुए।

औद्योगिक प्रतिनिधित्व वाली भारतीय औषधि प्रणाली के वैश्विक संवर्धन के लिए चुनौतियों और समाधान की पहचान के लिए चार पैनल चर्चा हुई। इनमें निर्यात संवर्धन संबंधी घरेलु नीति और विनियामक तैयारी की समीक्षा; अधिक वैज्ञानिक मान्यीकरण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय निर्माण मानक और गुणवत्ता आश्वासन के लिए उपाय करना तथा फार्माकोपियल मानकों के लिए अभिदत्त; औषधीय पौधों के संग्रहण और उपज सहित कच्चे मालों की आपूर्ति के साथ संबद्ध चुनौतियां; तथा भारत और विदेश में प्रैक्टिशनरों के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य उद्योग संबंधी विनियामक एवं आईएसएम क्षेत्र के संबंध में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संधियों और समझौतों के प्रभाव शामिल थे। इन परामर्शों के आधार पर सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए आयुष मंत्रालय को सौंपी गयी।

आसियान-भारत गैर प्रशुल्क उपायों (एनटीएम) पर एक सेमीनार

आरआईएस में आसियान-भारत केन्द्र (एआईसी) ने नई दिल्ली, भारत में 20 अप्रैल, 2018 को आसियान-भारत गैर प्रशुल्क उपाय (एनटीएम) पर एक सेमीनार आयोजित किया। यह सेमीनार आसियान और भारत के बीच एनटीएम संबंधी एआईसी द्वारा आयोजित अनुसंधान अध्ययन का परिणाम था। आरआईएस में एआईसी के समन्वयक तथा आरआईएस के प्रोफेसर डॉ; प्रबीर डे द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। विदेश मंत्रालय, आसियान-एमएल के संयुक्त सचिव श्री अनुराग भूषण द्वारा शुरूआती भाषण दिया गया था। डॉ. प्रबीर डे और डॉ. दुरईराजकुमार स्वामी द्वारा इस अध्ययन संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। इन प्रस्तुतिकरण पर श्री प्रणव कुमार, प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और नीति प्रभाग, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और डॉ. अनिल जौहरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), राष्ट्रीय प्रमाणपत्र निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी), नई दिल्ली से टिप्पणियां प्राप्त हुई। अंत में, डॉ. प्रबीर डे ने इस अध्ययन का सार दिया और धन्यवाद भाषण दिया। इस सेमीनार में सरकारी अधिकारियों, निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों, औद्योगिक विशेषज्ञों, अनुसंधान विद्वानों आदि ने भाग लिया।

क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय व्यापार सिद्धांत और प्रचलन संबंधी आरआईएस-एक्जिम बैंक समर स्कूल।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में कार्यरत विद्वानों के क्षमता वर्धन के योगदान के लिए आरआईएस ने भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विशेषज्ञता हासिल कर रहे है एमफिल और पीएचडी छात्रों के लिए 11-16 जून, 2018 के दौरान नई दिल्ली में समर स्कूल कार्यक्रम के तीसरे संस्करण का आयोजन किया।

व्यापार और धारणीयता

आरआईएस ने 9-20 जुलाई, 2018 को नई दिल्ली में 'व्यापार और धारणीयता' के संबंध में प्रथम आईटीईसी पाठ्यक्रम का आयोजन किया। विभिन्न विकासशील देशों के मध्य स्तरीय सरकारी अधिकारियों, नीति निर्धारकों और शिक्षाविदों सहित पच्चीस से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में व्यापक रूप में कई विषय शामिल किए गए यथा उत्पादन और व्यापार, विनियामक रूपरेखा, जैव प्रौद्योगिकी आदि। आरआईएस संकाय-सदस्यों, प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने इन विषयों पर व्यापक परिप्रेक्ष्य पर इनपुट दिया। इस कार्यक्रम का समन्वयन आरआईएस के प्रो. एस. के. मोहंती द्वारा किया गया।

धारणीय विकास लक्ष्य

आरआईएस ने 6-17 अगस्त, 2018 में नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'धारणीय विकास लक्ष्य' पर आईटीईसी क्षमता- संवर्धन पाठ्यक्रम का प्रथम संस्करण आयोजित किया।

चौबीस देशों के मध्य स्तरीय सरकारी अधिकारियों/ कूटनीतिज्ञों, नीति निर्धारकों और शिक्षाविदों सहित बत्तीस से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषी नीति (एसटीआईपी) मंच व्याख्यान श्रृंखला

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था तैयार करने में नवोन्मेषी।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी व नवोन्मेषी नीति (एसटीआईपी) मंच व्याख्यान श्रृंखला के भाग के रूप में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के सृजन में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष संबंधी नौवीं एसटीआईपी श्रृंखला में 19 जून, 2018 को नई दिल्ली में भारत सरकार के मुख्या वैज्ञानिक सलाहकार तथा मंत्रिमंडल (एसएएसी-सी) के लिए वैज्ञानिक सहलाकार परिषद् के अध्यक्ष प्रो. के. विजय राघवन द्वारा व्याख्यान दिया गया। राजदूत भास्कर बालाकृष्णन, पूर्व भारतीय कूटनीतिज्ञ और आरआईएस के वैज्ञानिक कूटनीति अध्येतावृत्ति ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो. के. विजय राघवन 28 जनवरी, 2013 से 2 फरवरी, 2018 तक भारत सरकार में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के सचिव थे। वे भारतीय विज्ञान अकादमी, रॉयल सोसाइटी, एकेडमी आफ मेडिकल साइंस (यूके) के एक फेलो हैं तथा यूएस नेशनल एकेडेमी आफ साइंस के विदेशी एसोसिएट हैं। उन्हें वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री का पुरस्कार प्रदान किया गया था।

प्रोटीन संबंधी कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए दलहन क्रांति

7 अगस्त, 2018 को 'प्रोटीन संबंधी कुपोषण हेतु दलहन क्रांति' पर ग्यारहवें एसटीआईपी मंच पर डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग तथा महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) द्वारा व्याख्यान दिया गया और इसकी अध्यक्षता आईसीएआर के पूर्व डीजी तथा कृषि विज्ञान उन्नयन न्याय (टीएएएस) के अध्यक्ष द्वारा की गयी थी। वर्तमान स्थिति के पूर्व डॉ. महापात्रा प्रतिष्ठित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,

नई दिल्ली के निदेशक-सह-उप कुलपति के पद पर थे। और इसके पूर्व उन्होंने राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (पूर्व में सीआरआरआई), कटक के निदेशक के रूप में कार्य किया।

स्वास्थ्य देखभाल के लिए मितव्ययी नवोन्मेष

10 सितम्बर, 2018 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव तथा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के डीजी प्रो. बलराम भार्गव द्वारा 'स्वास्थ्य देखभाल के लिए मितव्ययी नवोन्मेष' विषय पर बारहवें एसटीआईपी मंच पर व्याख्याान दिया गया। इसकी अध्यक्षता नीति आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार द्वारा की गयी, प्रो. भार्गव अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के कार्डियोलोजी के प्रोफेसर हैं और स्टेनफोर्ड इंडिया बायोडिजाइन केन्द्र, स्कूल आफ अंतरराष्ट्रीय बायोडिजाइन (एसआईबी) के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य करते हैं।

34

पुस्तकालय और अभिलेखागार

विदेश मंत्रालय पुस्तकालय, पुस्तकालय के कर्तव्यों का निर्वहन करता है और विदेश में भारतीय मिशनों और पोस्टों के साथ-साथ मुख्यालय में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के उपयोग के लिए एक संसाधन और सूचना केंद्र के रूप में भी कार्य करता है। पुस्तकालय वर्तमान में पटियाला हाउस और जवाहरलाल नेहरू भवन (जेएनबी) में कार्यरत है। पटियाला हाउस में पुस्तकालयमें आठ कक्ष के साथ वर्चुअल पठान कक्ष है और यह उपयोगकर्ताओं / अनुसंधान विद्वानों के लिए कंप्यूटर और इंटरनेट सुविधा से सुसज्जित है।

पुस्तकालय में एक लाख से अधिक पुस्तकें, समृद्ध संसाधन सामग्री और नक्शे, माइक्रोफिल्म और आधिकारिक दस्तावेजों का एक बड़ा संग्रह है। यह नीति नियोजन और अनुसंधान का समर्थन करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। पुस्तकालय 300 से अधिक पत्रिकाओं और समाचार पत्र (ऑनलाइन पत्रिकाओं और डेटाबेस सहित) की सदस्यता है और उनका रखरखाव करता है।

पुस्तकालय समिति पुस्तकों की खरीद और पत्रिकाओं और डेटाबेस की सदस्यता सहित गतिविधियों का प्रबंधन करती है। विदेश सचिव, पुस्तकालय समिति का गठन / पुन: गठन करते है। पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष की प्रत्यायोजित प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों से ऊपर रुपये 2,50,000 / - से अधिक व्यय वाले प्रस्तावों पर विदेश सचिव की मंजूरी ली जाती है। वर्तमान समिति में अतिरिक्त सचिव (नीति नियोजन एवं अनुसंधान), अध्यक्ष के रूप में, 3-4 क्षेत्रीय प्रभागों से निदेशक / उप सचिव सदस्य के रूप में और निदेशक (पुस्तकालय और सूचना) सदस्य-सदस्य के रूप में शामिल हैं। विक्रेताओं द्वारा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत पुस्तकों को सर्वप्रथम समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाती है जिनकी पुस्तकालय अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है। पुस्तकालय के लिए पुस्तकों के चयन के लिए प्रति वर्ष नियमित अंतराल पर तीन से चार समिति की बैठकें की जाती हैं। अनुरोधित / अनुशंसित पुस्तकें दिन-प्रतिदिन के आधार पर खरीदी जाती हैं। अंतर-पुस्तकालय ऋण के माध्यम से भी पुस्तकों की खरीद की जाती है और अधिकारियों को आपूर्ति की जाती है। पुस्तकालय ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर ई-पुस्तकों का एक संग्रह भी खरीदा है और ये ई-पुस्तकें मंत्रालय के मुख्यालय के सभी अधिकारियों और विदेशों में मिशनों के लिए उपलब्ध हैं।

मंत्रालय के अधिकारियों और मुख्यालय में तैनात कर्मचारियों और विदेशों में मिशनों को नियमित रूप से पुस्तकालय सेवाएं प्रदान की जाती हैं। पुस्तकालय सेवाएं प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति कार्यालय, भारतीय विश्व मामलों की परिषद (आईसीडब्ल्यूए), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस), राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के साथ-साथ उनके मंत्रालयों और विभागों को भी समय-समय पर प्रदान की जाती हैं। पुस्तकालय, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और संबद्ध विषय क्षेत्रों पर अपने समृद्ध और विशेष संग्रहों के माध्यम से अध्ययन और अनुसंधान के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के अनुसंधान विद्वानों का स्वागत भी करता है।

